


इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, पौष्टिक गुणों से भरपूर अमरूद व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

माघ शुक्ल पक्ष, नवमी विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -178, पृष्ठ 16+4, मूल्यः - 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



आज का मौसम | 26.0° अधिकतम तापमान | 14.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में बादल, बारिश की संभावना, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 44 | सूर्यास्त 18 : 02

कानपुर, रविवार, 18 फरवरी 2024


घरवाली बाहरवाली-3 में नजर आएंगे शुभी-यश......2

## गुलजार और रामभद्राचार्य को मिलेगा ज्ञानपीठ पुरस्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

- चयन समिति ने किया 58वें पुरस्कार की घोषणा



रामभद्राचार्य



गुलजार

प्रसिद्ध उर्दू कवि गुलजार और संस्कृत विद्वान जगद्गुरु रामभद्राचार्य को 58वें ज्ञानपीठ पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। ज्ञानपीठ चयन समिति ने शनिवार को यह घोषणा की। गुलजार हिंदी सिनेमा में अपने कार्य के लिए पहचाने जाते हैं और वर्तमान समय के बेहतरीन उर्दू कवियों में शुमार हैं। उन्हें उर्दू में कार्य के लिए 2002 में साहित्य अकादमी पुरस्कार, 2013 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार, 2004 में पद्म भूषण और कम से कम पांच राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिल चुके हैं। चित्रकूट में तुलसी पीठ के संस्थापक और प्रमुख रामभद्राचार्य एक प्रसिद्ध हिंदू आध्यात्मिक गुरु, शिक्षक और 100 से अधिक पुस्तकों के लेखक हैं। 2023 के लिए दो भाषाओं के प्रतिष्ठित लेखकों को देने का निर्णय लिया गया है

## ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 : कल 14 हजार परियोजनाएं उतरेंगी जमीन पर

### 34 लाख रोजगार की नींव होगी पक्की

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी लखनऊ देश-दुनिया के दिग्गज निवेशकों, नामी-गिरामी हस्तियों का स्वागत करने को पलक-पांवड़े बिछा चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देशी-विदेशी आगंतुकों की मेहमाननवाजी का एक और भव्य उदाहरण इतिहास में दर्ज होने को है। 19-21 फरवरी के बीच इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 (जीबीसी-4) के विविध आयोजन होने हैं। इसमें दुनिया भर के तीन हजार से अधिक प्रतिभागी 10 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश के साक्षी बनेंगे। अकेले बरेली से 99 निवेशकों को न्योता दिया गया है।

### 10 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश के साक्षी बनेंगे दुनियाभर के तीन हजार प्रतिभागी



इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री।

- प्रधानमंत्री के साथ शामिल होंगे जाने-माने उद्योगपति, 500 कंपनियां, बरेली से 99 निवेशक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आगुवाई में तमाम वीआईपी यहां मौजूद होंगे। इनमें जाने-माने उद्योगपति, देशी-विदेशी 500 कंपनियों के प्रतिनिधि, विदेशी निवेशक भागीदार ही नहीं राजदूत, उच्चायुक्त और अन्य प्रतिष्ठित अतिथि शामिल रहेंगे। इस आयोजन से 34 लाख रोजगार के अवसरों के लिए नींव मजबूत की जाएगी। साथ ही 14,000 से अधिक परियोजनाएं जमीन पर उतरेंगी। इनमें अयोध्या समेत पूर्वांचल, पश्चिमांचल और बुंदेलखंड की तमाम परियोजनाएं होंगी। दरअसल, पिछले साल 10 से 12 फरवरी के बीच यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का भव्य आयोजन हुआ था। इसके मात्र एक साल के अंदर राज्य सरकार 10 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा निवेश को धरातल पर उतारने जा रही है।

### मुख्यमंत्री योगी ने परखीं कार्यक्रम की तैयारियां

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को जीबीसी-4 को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत शनिवार को इंदिर गांधी प्रतिष्ठान पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से आयोजन को लेकर हो रही तैयारियों के बाबत जानकारी ली और उन्हें आवश्यक निर्देश दिए। खासतौर पर प्रधानमंत्री समेत अन्य विशिष्ट मेहमानों और निवेशकों के आवागमन, बैठने और अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मुख्य हाल और वहां बने मंच का निरीक्षण भी किया।

### उप्र. इंटरनेशनल फिल्म सिटी की पहली झलक दिखेगी

**लखनऊ।** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के आयोजन में प्रदेशवासी पहली बार जेवर में बनने जा रही उप्र. की पहली इंटरनेशनल फिल्म सिटी की झलक देख सकेंगे। भविष्य में फिल्ममेकर्स को एक ही छत के नीचे फिल्म निर्माण का बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराया जाना है। यहां एकसाथ 30 से अधिक फिल्मों की शूटिंग संभव हो सकेगी। फिल्म सिटी की बिड प्राप्त करने वाली बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स और भूटानी ग्रुप ही इस स्टॉल पर फिल्म सिटी की रेप्लिका को डिजाइन कर रही है। पहली झलक में अयोध्या में निर्मित भव्य राम मंदिर से लेकर केदारनाथ और लंदन से लेकर कनाडा की प्राइम लोकेशंस तक के सेट को प्रदर्शित किया जाएगा।

## पुलिस भर्ती में 25 जिलों से सेंधमारी 122 सॉल्वर और जालसाज गिरफ्तार

### गुरुवार से शनिवार तक कार्रवाई में मुखबिर और बायोमैट्रिक फिंगर प्रिंट से मिली मदद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश की अब तक की सबसे बड़ी परीक्षा, पुलिस भर्ती को बेदाग संपन्न कराने में एसटीएफ और पुलिस महकमा कई दिनों से सक्रिय है। वहीं दूसरी और सॉल्वर गैंग और फर्जी प्रश्न-पत्र बेचने वाले जालसाज भी अपने स्तर से सेंधमारी में लगे हैं। शह-मात के इस खेल में फिलहाल एसटीएफ और जिला पुलिस कामयाब हैं।

शनिवार और रविवार को होने वाली सीधी भर्ती की इस परीक्षा में 15 से 17 फरवरी को शाम साढ़े चार बजे तक 24 जिलों में कुल 122 सॉल्वर और जालसाज गिरफ्तार किए गए हैं। तकरीबन डेढ़ सौ से अधिक एडमिट कार्ड भी बरामद होने की खबर है। पहले दिन डीजीपी प्रशांत कुमार ने खुद लखनऊ में इंतजाम का जायजा लिया।

एसटीएफ और जिला पुलिस की तीन दिन की इस कार्रवाई में एक तरफ जहां मुखबिरों ने मदद की, वहीं दूसरी ओर शनिवार को परीक्षा केंद्र के भीतर जाने के दौरान फेस रिकग्निशन और बायोमैट्रिक फ्रिंगर प्रिंट ने सॉल्वरों को बेनकाब किया। गोरखपुर में प्रथम पाली की परीक्षा में इस्लामिया कालेज ऑफ कामर्स बख्शीपुर केंद्र पर दूसरे की जगह परीक्षा दे रहे अंजनी कुमार को पकड़ा गया। नेवादा बिहार का रहने वाला यह सॉल्वर रेलवे में स्टेशन मास्टर है। वह चिलुआताल निवासी दुर्गेश यादव की जगह पर परीक्षा दे रहा था।

### 10 लाख रुपये में लिया परीक्षा पास कराने का ठेका, बरेली से चार गिरफ्तार

10 लाख रुपये में पुलिस भर्ती परीक्षा पास कराने का ठेका लेने वाले साल्वर गिरोह के सरगना समेत चार लोगों को एसटीएफ ने बरेली के भमोरा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आगरा में पुलिस ने पहली पाली की परीक्षा के बाद 11 सॉल्वर पकड़े। इनमें दो पुलिसकर्मी हैं। इनकी बायोमेट्रिक मैच नहीं हुई। हाथरस में पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में पेपर लीक कर परीक्षार्थियों को पढ़वाने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। तीनों के पास से पुलिस भर्ती के 46 और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के 36 प्रवेश पत्र बरामद किए गए।

- एसटीएफ और जिला पुलिस की कार्रवाई में डेढ़ सौ से अधिक एडमिट कार्ड भी बरामद

प्रयागराज के झूंसी क्षेत्र में शनिवार को सॉल्वर गिरोह के पांच सदस्यों समेत नौ पकड़े गए, जबकि एसटीएफ ने पेपर लीक करने में कैंट से छह को गिरफ्तार किया है। आरोपियो के पास से ब्लूटूथ डिवाइस के साथ सिमकार्ड रीडर भी मिला। कौशांबी जिले में तीन पकड़े गए हैं। उनके पास से नौ लाख रुपये, लैपटाप, आईकार्ड और फर्जी प्रवेश पत्र बरामद किया गया है। कानपुर में एसटीएफ और कल्याणपुर पुलिस ने पेपर लीक करने व वास्तविक अभ्यर्थी के स्थान पर सॉल्वर को बैठाने वाले गिरोह के चार लोगों को अजय अतिरेक कटियार, वीरपाल सिंह, अनिल कुमार कटियार और नीरज कुमार को पकड़ा। लखनऊ के इंदिरानगर से कुलदीप वर्मा को धरा गया है। सिद्धार्थनगर से भी 9 सॉल्वर पकड़े गए हैं। इसमें ज्यादातर बिहार के रहने वाले हैं।

इसी तरह नूरपुर रोड स्थित रूट्स इंटरनेशन कॉलेज परीक्षा केंद्र में शनिवार सुबह प्रथम पाली में परीक्षार्थी के स्थान पर परीक्षा देने आया सॉल्वर अभिनव उर्फ आलोक को पकड़ा गया। आरोपी बिहार का रहने वाला है। वह शिवाला कलां क्षेत्र के रहने वाले आशीष के स्थान पर परीक्षा देने आया था। गाजियाबाद में परीक्षा में ब्लूटूथ का प्रयोग कर नकल कराने वाले गिरोह के चार लोगों को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया।

## गंगा बैराज मार्ग पर हुआ हादसा ▶ स्टंट कर रहे कार सवार नाबालिग ने दवा कारोबारी को कुचला, मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- नाबालिग व उसके दोस्त को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ा
- दवा कारोबारी साइकिल से जा रहे थे बिठूर स्थित साईं मंदिर

**अमृत विचार :** नवाबगंज थानाक्षेत्र में शनिवार सुबह बिठूर मार्ग पर दोस्त के साथ स्टंट कर रहे नाबालिग कार सवार ने साइकिलिंग कर रहे दवा कारोबारी को कुचल दिया जिससे कारोबारी की मौके पर ही मौत हो गई। बेकाबू कार गंगा बैराज मार्ग के किनारे बनी दीवार से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। भाग रहे नाबालिग और उसके दोस्त को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। पुलिस दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस मामले में पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइंस में ग्रीन पार्क के पीछे गुजरात अपार्टमेंट में रहने वाले निकेश तलाटी (63) का बिरहाना रोड दवा मार्केट में तलाटी ब्रदर्स के नाम से दवाओं का होलसेल कारोबार है। छोटे भाई आशीष तलाटी ने बताया कि निकेश रोज की तरह शनिवार सुबह सात बजे दो दोस्तों अमरदीप और रवि शास्त्री के साथ स्पोर्ट्स साइकिल से साइकिलिंग करते हुए गंगा बैराज मार्ग होते हुए बिठूर स्थित साईं मंदिर जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार स्टंट करते हुए चली आ रही थी। अचानक अनियंत्रित हुई कार दवा कारोबारी को रौंदते हुए दीवार से जाकर टकरा गई। कारोबारी गंभीर रूप से लहूलुहान होकर अचेत हो गए। कारोबारी के पीछे साइकिलिंग करते आ दोस्त रवि शास्त्री ने उधर से गुजर रहे एक कार सवार को रुकवाया और कारोबारी को सर्वोदय नगर के निजी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे नवाबगंज इंस्पेक्टर दीनानाथ मिश्रा ने बताया कि कार चला रहे इफ्तिखाराबाद अनवरगंज निवासी नाबालिग 11वीं के छात्र और हाईस्कूल पास सूटरगंज, ग्वालटोली निवासी उसके दोस्त को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## 'दंगल' की बाल कलाकार सुहानी भटनागर का निधन



**फरीदाबाद/नई दिल्ली।** अभिनेता आमिर खान अभिनीत प्रख्यात हिंदी फिल्म 'दंगल' में पहलवान बबीता फोगाट के बचपन की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री सुहानी भटनागर का 19 साल की उम्र में निधन हो गया। सुहानी के एक संबंधी ने उनके निधन की पुष्टि करते हुए शनिवार को बताया कि उन्होंने शुक्रवार शाम को दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में अंतिम सांस ली। परिवार के करीबियों ने उनकी मौत को लेकर विस्तृत जानकारी नहीं दी, लेकिन मीडिया में आई खबरों के अनुसार पैर में फ्रैक्चर के बाद उत्पन्न चिकित्सकीय जटिलताओं के कारण उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के एक सूत्र ने बताया कि सुहानी को सात फरवरी को एम्स में भर्ती कराया गया और 16 फरवरी को उन्होंने दम तोड़ दिया। फरीदाबाद में जन्मी सुहानी, 2016 में एक पहलवान के जीवन पर बनी फिल्म 'दंगल' का प्रमुख चेहरा थीं जो अपनी दोनों बेटियों को कुश्ती में दक्ष बनाता है।

## इनसैट-3डीएस कक्षा में स्थापित

श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश), एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से मौसम उपग्रह इनसैट- 3डीएस का शनिवार को प्रक्षेपण किया। 19 मिनट की उड़ान के बाद उपग्रह सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित हो गया। इसरो ने बताया कि 27.5 घंटे की उलटी गिनती के बाद, 420 टन वजनी और 51.7 मीटर लंबे जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (जीएसएलवी)-एफ14 रॉकेट ने इनसैट-3डीएस को लेकर शाम 5:35 बजे दूसरे लॉन्च पैड से उड़ान भरी।

- मौसम और प्राकृतिक आपदा की चेतावनी देने में सक्षम

इनसेट-3डीएस मौसम का अवलोकन करने, भविष्यवाणी और आपदा चेतावनी के लिए भूमि और महासागर सतहों की निगरानी करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस उपग्रह से वर्तमान में संचालित इनसैट-3डी और इनसैट-3डीआर उपग्रहों के साथ मौसम संबंधी सेवाओं में वृद्धि होगी। जीएसएलवी रॉकेट से यह 16वां मिशन है।

### न्यूमेरिक्स

**19 मिनट** की उड़ान के बाद कक्षा में पहुंचा

**27.5 घंटे** की उलटी गिनती के बाद प्रक्षेपण

**51.7 मी.** लंबे जीएसएलवी का 16वां मिशन



## किसान बोले एमएसपी पर अध्यादेश लाए सरकार

चंडीगढ़, एजेंसी



पटियाला जिले की शंभू सीमा पर दिल्ली कूच के लिए डटे किसान।

- दिल्ली कूच को शंभू सीमा पर डटे हरियाणा में निकाला ट्रैक्टर मार्च
- पंजाब में भाजपा नेताओं के घर पर धरना, टोल वसूली का किया विरोध

किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने केन्द्र सरकार से शनिवार को मांग की कि वह न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी गारंटी देने के लिए अध्यादेश लाए। किसान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पंजाब और हरियाणा की सीमा पर शंभू तथा खनौरी में डटे हुए हैं और एमएसपी की कानूनी गारंटी दिया जाना उनकी मुख्य मांग है। किसान नेता पंधेर का यह बयान ऐसे वक्त आया है जब किसान नेता और केन्द्रीय मंत्रियों के बीच कल रविवार को चौथे दौर की वार्ता होनी है। पंधेर ने कहा कि केन्द्र के पास राजनीतिक निर्णय लेने का अधिकार है। उन्होंने सीमा पर संवाददाताओं से कहा कि अगर केन्द्र सरकार चाहे तो वह रातोंरात अध्यादेश ला सकती है। अगर सरकार किसानों के आंदोलन का कोई समाधान चाहती है तो उसे यह अध्यादेश लाना चाहिए कि वह एमएसपी पर कानून लागू करेगी, तब बातचीत आगे बढ़ सकती है। दूसरी ओर अपनी मांगों को लेकर किसानों ने पंजाब के कई जिलों में धरना-प्रदर्शन किया और टोल नहीं दिया। भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) के सदस्यों ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के आवास पर धरना दिया। हरियाणा में किसानों ने एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए जींद सहित कई जिलों में ट्रैक्टर मार्च निकाला और केंद्र सरकार से अपनी मांगों को पूरा करने की गुहार लगाई पंधेर ने कहा कि जहां तक तौर तरीकों की बात है तो कोई भी अध्यादेश छह माह तक वैध होता है।




## खेल डायरी

### भारतीय पुरुष टीम ने पहले मैच में चिली को रौंदा

**विश्व टेटे टीम चैंपियनशिप**

**बुसान (कोरिया), एजेंसी।** भारतीय पुरुष टीम ने शनिवार को चिली को आसानी से 3-0 से हराकर विश्व टेबल टेनिस टीम चैम्पियनशिप में अपना अभियान जीत से शुरू किया। स्टार भारतीय पैडलर (टेबल टेनिस खिलाड़ी) शरत कमल (95 रैंकिंग) ने दुनिया के 53वें नंबर के निकोलस बुरगोस पर जीत हासिल की। फिर भारत के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी और मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन हरमीत देसाई ने इसी लय को जारी रखते हुए गुस्तावो गोमेज को हरा दिया। जी साथियान को ओलिवारेस फेलिप के खिलाफ पहले गेम में थोड़ी चुनौती मिली लेकिन उन्होंने जीत हासिल की। इस जीत से भारत दो अंक लेकर ग्रुप तीन में दक्षिण कोरिया (चार अंक) और चिली (तीन अंक) से पीछे तीसरे स्थान पर पहुंच गया। अब भारतीय टीम रविवार को पोलैंड से भिड़ेगी, जिसके बाद उसका सामना सोमवार को दक्षिण कोरिया और मंगलवार को न्यूजीलैंड से होगा। भारतीय महिला टीम रविवार को हंगरी के सामने होगी।

### अलकराज अर्जेंटीना ओपन के सेमीफाइनल में

**ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।** स्पेन के शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अलकराज ने इतालवी क्वालीफायर एंड्रिया वावसोरी पर जीत के साथ अर्जेंटीना ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी ने ब्यूनस आयर्स लॉन टेनिस क्लब की आउटडोर क्ले पर एक घंटे 40 मिनट के खेल में जीत हासिल करने के लिए 27 रिटर्न पॉइंट जीते। दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन अलकराज ने अपने 153वीं रैंक के प्रतिद्वंद्वी के बारे में कहा कि मुझे लगता है कि पहले सेट में वह इतने ऊंचे स्तर पर खेले। उनकी सर्विस वापस करना और हवा के साथ चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में वापसी करना वास्तव में कठिन था। मुझे लगता है कि मैंने दूसरे सेट में बेहतर खेला। उसका स्तर थोड़ा नीचे चला गया, साथ ही उसकी सर्विस खराब हो गई। फाइनल में जगह बनाने के लिए अलकराज का शनिवार को चिली के निकोलस जैरी या अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एचेवेरी से मुकाबला होगा।

### ऑस्ट्रेलिया ने द.अफ्रीका को 284 रन से दी मात

**पर्थ, एजेंसी।** द. अफ्रीका की दूसरी पारी में डेल्मी टकर और क्लो ट्राईटन की जुझारू पारियों के बावजूद ऑस्ट्रेलियाई महिलाओं ने एक पारी और 284 रनों के अंतर से बड़ी जीत हासिल की। यह ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी जीत थी, जिसने 2001 में इंग्लैंड के खिलाफ अपनी सर्वश्रेष्ठ पारी और 140 रनों को पीछे छोड़ दिया था। यह पारी के अंतर से और रनों के अंतर से दूसरी सबसे बड़ी जीत भी थी। वाका में एलिसा हीली ने टॉस जीता और क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। डार्सी ब्राउन ने प्रोटियाज के पांच बल्लेबाजों को आउट कर उन्हे मात्र 76 रन पर रोक दिया। यह टेस्ट क्रिकेट में द .अफ्रीका की महिलाओं का अब तक का सबसे कम स्कोर था। ऑस्ट्रेलिया ने बेथ मूनी (78) और एलिसा हीली (99) के अर्द्धशतकों के साथ अपनी बल्लेबाजी पारी पर नियंत्रण कर लिया जबकि एनाबेल सदरलैंड के शानदार दोहरे शतक ने मेजबान टीम को आगे बढ़ने में मदद की।

### एफआईएच प्रो लीग: भारत ने आयरलैंड को 1-0 से हराया



**भुवनेश्वर, एजेंसी।** गुरजंत सिंह के आखिरी क्षणों में किए गए गोल की बदौलत भारत ने शुक्रवार रात कलिंगा हॉकी स्टेडियम में आयरलैंड पर 1-0 की जीत के साथ एफआईएच हॉकी प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण का समापन किया। गुरजंत सिंह 60वें मिनट में भारत की ओर से एकमात्र गोल करने वाले खिलाड़ी थे। भारत ने मैच में आक्रमण शुरुआत की। उन्हें मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर तीसरे मिनट में मिला, लेकिन हरमनप्रीत की ड्रैग-फ्लिक को आयरिश डिफेंडर ने पोस्ट के पास बचा लिया। आयरलैंड ने हमला किया, हालांकि 11वें मिनट में मैथ्यू नेल्सन का शॉट गोलपोस्ट से बाहर चला गया। दोनों टीमों ने एक-दूसरे की रक्षापंक्ति को भेदने की कोशिश की मगर असफल रहे। उन्होंने संभावित गोल करने के मौके बनाए और क्रमश: 20वें और 24वें मिनट में दो पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए, लेकिन आयरिश रक्षा ने गोल से रोक दिया। भारत ने गुरजंत के फील्ड गोल के जरिए गतिरोध तोड़ दिया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम अब लीग के अपने रिटर्न मैच खेलने के लिए राउरकेला जाएगी। भारत राउरकेला चरण के अपने पहले मैच में 19 फरवरी को स्पेन से भिड़ेगा।

# जायसवाल का शतक, भारत ने इंग्लैंड पर कसा शिकंजा

## तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन यशस्वी के 104 और शुभमन के नाबाद 65 रन से भारत को 322 रन की बढ़त

**भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला**

**राजकोट, एजेंसी**





भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (104 रन रिटायर्ड हर्ट) के तीसरे टेस्ट शतक और शुभमन गिल के नाबाद 65 रन से इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे दिन स्टंप तक दूसरी पारी में दो विकेट पर 196 रन बनाकर मैच में शिकंजा कस दिया। जायसवाल (133 गेंद, 9 चौके, 5 छक्के) ने मैदान के चारों ओर शॉट लगाए और श्रृंखला में दूसरा शतक जड़कर 400 से ज्यादा रन बना चुके हैं। इससे भारत की कुल बढ़त 322 रन की हो गई है।

दिन का खेल समाप्त होने तक गिल (120 गेंद, 6 चौके, 2 छक्के) के साथ दूसरे छोर पर रात्रि प्रहरी कुलदीप यादव 3 रन बनाकर खेल रहे हैं। जायसवाल के रिटायर्ड हर्ट होने के बाद रजत पाटीदार क्रीज पर उतरे लेकिन वह खाता भी नहीं खोल सके और रेहान अहमद का शिकार हो गए। जायसवाल ने आक्रामक बल्लेबाजी की शुरूआत जेम्स एंडरसन के ओवर में 2 चौके और 1 छक्का लगाकर 19 रन बनाकर की। अगले ओवर में टॉम हार्टले पर 2 छक्के जड़ दिए। इंग्लैंड ने गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में बदलाव किया लेकिन जायसवाल की आक्रामकता बनी रही। इस बल्लेबाज ने फिर अहमद पर दो रिवर्स स्वीप शॉट लगाए। मार्क वुड की गेंदबाजी पर जायसवाल थोड़े शांत हुए लेकिन तब वह 90 रन के करीब पहुंचे तो एक एक रन लिए। वुड पर चौका लगाकर उन्होंने तीसरा शतक पूरा किया। लेकिन बाएं हाथ के बल्लेबाज को पीठ में खिंचाव से रिटायर होना पड़ा। इंग्लैंड को पहली पारी में 319 रन पर समेटने के बाद खेलने उतरी भारतीय टीम ने दूसरे सत्र में कप्तान रोहित शर्मा (19) का विकेट जल्दी गंवा दिया। रोहित जो रूट की गेंद पर स्लॉग स्वीप शॉट लगाने की कोशिश में पगबाधा आउट हुए। वहीं गिल ने पांचवां अर्धशतक जड़ा। भारत की कोशिश विकेट बचाते हुए बढ़त में इजाफा की थी क्योंकि अभी काफी समय बचा है। रविवार को टीम इस बढ़त को 400 से आगे बढ़ाना चाहेगी। रोहित के जल्दी आउट होने के बाद भारत की चिंता बढ़ सकती थी क्योंकि बढ़त इतनी ज्यादा नहीं थी लेकिन जायसवाल और गिल ने दूसरे विकेट के लिए नाबाद 155 रन की भागीदारी निभाई। दोपहर के सत्र में मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव ने रविचंद्रन अश्विन की अनुपस्थिति में अच्छी गेंदबाजी करते हुए भारत को पहली पारी में 126 रन की महत्वपूर्ण बढ़त दिलाई। इंग्लैंड ने लंच तक 5 विकेट पर 290 रन बना लिए थे लेकिन इसके बाद पूरी टीम 71.1 ओवर में 319 रन पर सिमट गई। इसमें सिराज ने 84 रन देकर 4 विकेट झटके जबकि कुलदीप ने 2 विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा ने क्रमशः 1 और 2 विकेट लिए। अश्विन ने शुक्रवार देर रात परिवार में चिकित्सीय आपात स्थिति के कारण टेस्ट से हटना पड़ा। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स (41) ने जडेजा (51 रन देकर 2 विकेट) पर हावी होने का प्रयास किया लेकिन उनकी टाइमिंग सही नहीं थी और बुमराह ने डीप मिडविकेट पर कैच लेकर लंच के बाद बड़ा विकेट दिया। अगली गेंद पर बेन फोक्स (13) सिराज की गेंद पर आउट हो गए और उनका कैच रोहित ने मिड ऑन पर लपका। सिराज ने फिर रेहान अहमद और जेम्स एंडरसन के विकेट झटके। वहीं जडेजा ने टॉम हार्टले का विकेट लिया। सुबह बुमराह (54 रन देकर 1 विकेट) और कुलदीप (77 रन देकर 2 विकेट) ने भारत को दबदबा बनाने में मदद की। सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने रात की 133 रन की पारी को 153 रन में तब्दील किया। उनकी 151 गेंद की पारी में 23 चौके और 2 छक्के जड़े थे। वह कुलदीप का शिकार हुए। इंग्लैंड ने सुबह 2 विकेट पर 207 रन से खेलना शुरू किया। इंग्लैंड ने जो रूट (18) का विकेट गंवा दिया जो रात के स्कोर में 9 रन ही जोड़ सके। वह जसप्रीत बुमराह की गेंद पर रिवर्स शॉट खेलकर दूसरी स्लिप में खड़े यशस्वी जायसवाल को कैच दे बैठे। यह 21 पारियों में नौवीं दफा है जब बुमराह ने इंग्लैंड के इस बल्लेबाज का विकेट लिया।

### भारतीय टीम ने पूर्व कप्तान की याद में बांह पर बांधी पट्टी

भारतीय खिलाड़ियों ने इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे टेस्ट के तीसरे दिन पूर्व कप्तान दत्ताजीराव गायकवाड़ की याद में बांह में काली पट्टी बांधी। भारत के लिए 1951 से 1962 के बीच 11 टेस्ट खेलने वाले दत्ताजीराव का 13 फरवरी को निधन हो गया था। दत्ताजीराव पूर्व बल्लेबाज और कोच अंशुमन गायकवाड़ के पिता थे। बीसीसीआई ने कहा कि टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और सबसे उम्रदराज टेस्ट क्रिकेटर की याद में बांह पर काली पट्टी पहनेगी।

### स्कोर बोर्ड

**भारत (पहली पारी-445) — दूसरी पारी 196/2 (51 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल रिटायर्ड हर्ट | 104 | 133 | 9/5 |
| रोहित शर्मा पगबाधा बो रूट | 19 | 28 | 3/0 |
| शुभमन गिल खेल रहे हैं | 65 | 120 | 6/2 |
| रजत पाटीदार का अहमद बो हार्टले | 00 | 10 | 0/0 |
| कुलदीप यादव खेल रहे हैं | 03 | 16 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 05, **विकेट पतन:** 1-30, 2-191, **गेंदबाजी:** एंडरसन 6-1-32-0, रूट 14-2-48-1, हार्टले 15-2-42-1, वुड 8-0-38-0, अहमद 8-0-31-0

**इंग्लैंड (पहली पारी) — 319/10 (71.1 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जैक क्राउली का पाटीदार बो अश्विन | 15 | 28 | 2/0 |
| बेन डकेट का गिल बो कुलदीप | 153 | 151 | 23/2 |
| ओली पोप पगबधा बो सिराज | 39 | 55 | 5/1 |
| जो रूट का जायसवाल बो बुमराह | 18 | 31 | 2/0 |
| जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो कुलदीप | 00 | 04 | 0/0 |
| बेन स्टोक्स का बुमराह बो जडेजा | 41 | 89 | 6/0 |
| बेन फोक्स का रोहित बो सिराज | 13 | 37 | 2/0 |
| रेहान अहमद बो सिराज | 06 | 13 | 1/0 |
| टॉम हार्टले स्ट जुरेल बो जडेजा | 09 | 17 | 2/0 |
| मार्क वुड नाबाद | 04 | 03 | 1/0 |
| जेम्स एंडरसन बो सिराज | 01 | 03 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 20, **विकेट पतन:** 1-89, 2-182, 3-224, 4-225, 5-260, 6-299, 7-299, 8-314, 9-314, 10-319, **गेंदबाजी:** बुमराह 15-1-54-1, सिराज 21.1-2-84-4, कुलदीप 18-2-77-2, अश्विन 7-0-37-1, जडेजा 10-0-51-2

### अश्विन ने राजकोट टेस्ट से नाम लिया वापस



**राजकोट, एजेंसी।** रविचंद्रन अश्विन ने पारिवारिक कारणों के चलते इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच से नाम वापस ले लिया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार देर रात इसकी पुष्टि करते हुए बयान जारी किया कि अश्विन पारिवारिक चिकित्सा आपातकाल के कारण इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे तीसरे टेस्ट से हट गए हैं। इस चुनौतीपूर्ण समय में बीसीसीआई और टीम अश्विन का पूरा समर्थन करती है। बीसीसीआई चैंपियन क्रिकेटर और उनके परिवार को अपना हार्दिक समर्थन देता है। खिलाड़ियों और उनके प्रियजनों का स्वास्थ्य और भलाई अत्यंत महत्वपूर्ण है। बोर्ड अश्विन और उनके परिवार की गोपनीयता का सम्मान करने का अनुरोध करता है। बयान में कहा गया कि बोर्ड और टीम अश्विन को हर आवश्यक सहायता प्रदान करना जारी रखेगी और आवश्यकतानुसार समर्थन देने के लिए संचार के रास्ते खुले रखेगी। टीम इंडिया इस संवेदनशील अवधि के दौरान प्रशंसकों और मीडिया की समझ और सहानुभूति की सराहना करती है। अश्विन ने दूसरे दिन जैक क्रॉली का विकेट लेकर टेस्ट क्रिकेट में अपना 500वां विकेट मनाया। वह टेस्ट इतिहास में 500 विकेट का आंकड़ा पार करने वाले नौवें गेंदबाज बन गए और अनिल कुंबले के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं।

# महिला टीम पहली बार पहुंची चैंपियनशिप के फाइनल में

## सेमीफाइनल में पूर्व चैंपियन जापान को 3-2 से हराया, स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीद

**बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप**

**शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी**



भारतीय महिला टीम ने शनिवार को रोमांचक सेमीफाइनल में दो बार की पूर्व चैम्पियन जापान को 3-2 से हराकर पहली बार बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया, जिससे पहला स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीदें जीवंत हैं। तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद की दुनिया की 23वें नंबर की जोड़ी ने पहला युगल, दुनिया की 53वें नंबर की खिलाड़ी अस्मिता चालिहा ने दूसरा एकल और 17 वर्षीय अनमोल खरब ने निर्णायक एकल जीतकर भारत को खिताबी भिड़ंत तक पहुंचाया। भारतीय महिला टीम रविवार को फाइनल में थाईलैंड के सामने होगी।

भारत ने 2016 और 2020 के चरण में पुरुष टीम स्पर्धा में दो कांस्य पदक जीते थे। जापान की टीम हालांकि अकाने यामागुची, युकी फुकुशिमा और सयाका हिरोटा तथा मायु मातसुमोटो और वाकाना नागाहारा के बिना खेल रही थी। उसने भारत के सामने कड़ी चुनौती पेश की। पीवी सिंधू पहले एकल में अया ओहोरी के खिलाफ जीत दर्ज नहीं कर सकी। तृषा और गायत्री ने पहले युगल ने नामी मातसुयामा और चिहारू शिडा की जोड़ी को हराकर भारत को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। अस्मिता ने फिर नोजोमी ओकुहारा के खिलाफ आक्रामक खेल दिखाया और क्रास शॉट और स्मैश से उलटफेर भरी जीत से भारत को 2-1 से आगे कर दिया। तनीषा क्रास्टो को चोट लगी है, जिससे सिंधू ने अश्विनी पोनप्पा के साथ जोड़ी बनाई लेकिन वे रेना मियायूरा और अयाको साकुरामोटो की जोड़ी की बाधा पार नहीं कर सकी और हार गई। अब दोनों टीमें 2-2 की बराबरी पर थीं। अनमोल ने नातसुकी निडायरा को हराकर भारत को पहली बार फाइनल में पहुंचाया।

### अनमोल शीर्ष खिलाड़ियों को हरा सकती है : गोपीचंद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप में अनमोल खरब के शानदार प्रदर्शन के बाद मुख्य राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद ने कहा कि वह निर्भीक और समझदार खिलाड़ी है जो शीर्ष खिलाड़ियों को हरा सकती है। फरीदाबाद की 17 वर्षीय खिलाड़ी अनमोल ने जापान के खिलाफ निर्णायक मैच में दुनिया की 29वें नंबर की खिलाड़ी नातसुकी निडायरा को हराकर भारत को पहली बार इस फाइनल में पहुंचाया। अनमोल दिसंबर 2023 में सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियन बनी थीं। उन्होंने बुधवार को अपने ग्रुप मैच में चीन की वु लुओ यु पर तीन गेम में रोमांचक जीत हासिल की थी। यह उनका पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट है।

# दोहरा शतक जड़ संजीत ने रचा इतिहास

**रणजी ट्रॉफी**

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**



**अमृत विचार:** छत्तीसगढ़ के बल्लेबाज संजीत देसाई ने इकाना स्टेडियम में हो रहे रणजी मैच के दूसरे दिन शनिवार को इतिहास रच दिया। उन्होंने 15वें प्रथम श्रेणी मैच में पहला शतक जड़ा और उन्होंने दोहरे का सफर तय किया। उत्तर प्रदेश के खिलाफ संजीत ने 202 तो कप्तान अमनदीप खरे ने 114 रनों की पारी खेली। इससे छत्तीसगढ़ ने पहली पारी में 414 रनों का स्कोर खड़ा किया। उत्तर प्रदेश की टीम पहली पारी के लिए मैदान में पहुंची। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक मेजबान उत्तर प्रदेश ने 3 विकेट पर 110 रन बना लिए हैं। छत्तीसगढ़ से उत्तर प्रदेश 304 रन पीछे है। सौरभ कुमार 55 और कप्तान नितीश राणा 38 रन बनाकर विकेट पर मौजूद हैं।

संजीत ने 113 और अमनदीप 70 रन की पारी को आज आगे बढ़ाया। पांचवें विकेट के लिए दोनों बल्लेबाजों में 332 गेंदों पर 212 रन की साझेदारी की। अमनदीप ने 151 गेंद पर 114 रन (15 चौके और 1 छक्का) बनाए। टीम का स्कोर जब 212 रन था, तब अमनदीप को आकिब खान ने नितीश राणा के हाथों कैच कराया। दूसरे छोर पर टिके संजीत आठवें विकेट के रूप में आउट हुए। उन्हें अटल बिहारी ने शोएब के हाथों कैच कराया। संजीत ने 356 गेंदों पर 23 चौकों और 4 छक्कों की सहायता से 202 रन बनाए।

### सौरभ कुमार के 300 विकेट

उत्तर प्रदेश के सौरभ कुमार सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 55 रन देकर 5 विकेट चटकाए। सौरभ प्रथम श्रेणी मैचों में 300 विकेट लेने का आंकड़ा पार कर गए। उन्होंने 70वें मैच तक अपने विकेटों की संख्या 302 पहुंचा दी है। आकिब खान ने 3, अटल बिहारी और यश दयाल ने 1-1 विकेट लिए।

### सौरभ और नितीश ने संभाला मोर्चा

उतरी उत्तर प्रदेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 40 रन के योग पर अभिषेक गोस्वामी (4), प्रियम गर्ग (6), कर्ण शर्मा (6) पवेलियन लौट गए। सौरभ कुमार और कप्तान नितीश राणा ने मोर्चा संभाला। दोनों स्कोर 110 रन तक ले गए। खेल खत्म होने तक सौरभ 55 और नितीश 38 रन बनाकर विकेट पर मौजूद हैं। छत्तीसगढ़ के रवि किरन ने 2, आशीष चौहान ने 1 विकेट लिया।

## बॉलीवुड हलचल

### कबीर के साथ फिर काम करेंगे सलमान



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान एक बार फिर से कबीर खान की फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। सलमान खान ने निर्देशक कबीर खान के साथ सुपरहिट फिल्म एक था टाइगर में काम किया। इसके बाद सलमान खान और कबीर खान की जोड़ी बजरंगी भाईजान में साथ नजर आयी। लंबे समय के बाद यह जोड़ी एक बार फिर से नजर आ सकती है। कबीर खान इन दिनों साजिद नाडियाडवाला की फिल्म 'चंदू चैंपियन' की शूटिंग में व्यस्त है। सलमान खान दोबारा कबीर खान के साथ काम करने पर विचार कर रहे हैं। सलमान खान ए आर मुरुगदास की फिल्म के बाद कबीर सिंह की फिल्म कर सकते हैं।

### वेबसीरीज शोटाइम में सुपरस्टार के किरदार में हैं राजीव



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता राजीव खंडेलवाल वेबसीरीज शो टाइम में सुपरस्टार के किरदार में नजर आएंगे। राजीव इन दिनों वेबसीरीज शो टाइम को लेकर चर्चा में है। करण जौहर के धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के बैनर तले बनी शो टाइम पर्दे के पीछे के कई दिलचस्प किस्सों को लेकर बनाई गई है। राजीव ने शो टाइम में सुपरस्टार अरमान सिंह का किरदार निभाया है। राजीव ने बताया, शो टाइम में मेरा किरदार कई सुपरस्टार्स से प्रेरित है। इस सीरीज में कई कलाकार की कहानी को दिखाया जाएगा। मैं उनका नाम नहीं लूंगा, लेकिन मुझे यकीन है कि सीरीज देखकर आपको उनमें से कुछ की याद जरूर आएगी। राजीव ने कहा, शो टाइम में वह कहानियां हैं जो हमने सुपरस्टार्स के बारे में सुनी हैं। मुझे नहीं पता कि यह सच है या नहीं। शुरू में शो टाइम करने से मैंने ना कह दिया था। मुझे लगा कि यह कुछ बहुत अलग है। मैं कभी भी अरमान के किरदार से खुद को जोड़ नहीं पाया हूं।

### घरवाली बाहरवाली-3 में नजर आएंगे शुभी-यश



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री शुभी शर्मा एवं अभिनेता यश कुमार की आने वाली फिल्म घरवाली बाहरवाली-3 की शूटिंग शुरू हो गई है। इसके निर्माता और निर्देशक अजय श्रीवास्तव हैं। अजय श्रीवास्तव एवं यश कुमार ने कहा कि घरवाली बाहरवाली फिल्म को लोगों ने खूब सराहा था। उसी वक्त हमने इसके सीक्वल का फैसला किया था और हम इसकी शूटिंग शुरू कर चुके हैं। हमारी इस फिल्म की कहानी फैमिली प्रो है और इसमें लोगों को संस्कार, व्यवहार और इमोशन के साथ एक हेल्दी मनोरंजन मिलने वाला है। फिल्म की कहानी पर ज्यादा अभी बात नहीं की जा सकती लेकिन इसके हाइलाइट्स ऐसे होने वाले हैं जो आपको फिल्म के प्रति आकर्षित करेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह फिल्म भी पहली फिल्म की अपेक्षा लोगों में ज्यादा पसंद की जाएगी। शुभी शर्मा ने कहा कि यह फिल्म मेरे लिए कई मायनों में खास है। सबसे पहले की इस फिल्म में मेरा किरदार बेहद दमदार है और मैं अपने किरदार को लेकर बेहद उत्साहित हूं। दूसरी बात यह भी है कि इन दोनों भोजपुरी में कई अच्छी फिल्में बन रही हैं उनमें से जो स्क्रिप्ट मुझे पसंद आती है मैं उसे हां करने में देर नहीं लगती। घरवाली बाहरवाली-3 लोगों को अपनेपन का फील देगी और मैं समझती हूं कि यह फिल्म हर कोई अपने घर परिवार में या फिर दोस्तों के साथ मिलकर देख सकेंगे। गीत संगीत और संवाद बेहद सुग्राही है। मैं अपील करुंगी कि जब यह फिल्म रिलीज हो तो आप सभी जरूर इसे देखें और अपना प्यार एवं आशीर्वाद दें। उल्लेखनीय है कि अजय श्रीवास्तव निर्मित और निर्देशित फिल्म घरवाली बाहरवाली-3 के लेखक संजय राय हैं, जबकि फिल्म में यश कुमार और शुभी शर्मा के साथ गरिमा दीक्षित, नीलम पांडेय, जयप्रकाश सिंह, धनंजय सिंह और रविकांत यादव भी प्रमुख भूमिका में दिखेंगे।

### शुभी शर्मा और देव सिंह की फिल्म 'सास हैं कि डायन' बनकर तैयार



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी अभिनेत्री शुभी शर्मा और अभिनेता देव सिंह की आने वाली फिल्म सास हैं कि डायन की शूटिंग पूरी हो गई है। निर्माता अंशुमान सिंह और निर्देशक राजकुमार प्रसाद राजू फिल्म सास हैं कि डायन लेकर आ रहे हैं। फिल्म को लेकर देव सिंह ने बताया कि इसमें मेरा किरदार कुछ अलग है, जिसे करके खूब मजा आया उम्मीद करता हूं कि यह दर्शकों को भी पसंद आएगा। मुझे अभिनेता के तौर पर हर तरह के किरदार को निभाने की ललक रही है और जब भी मुझे यह मौका मिलता है तो मैं उसे करता हूं। इस फिल्म में एक से एक दिग्गज कलाकार हैं। उनके साथ काम करके एक अलग ही अनुभूति हुई। वहीं, शुभी शर्मा ने कहा कि यह फिल्म सीधा-सीधा परिवार के सेंटीमेंट पर आधारित है। जब मुझे इसका ऑफर आया था। तब मैं भी टाइटल सुनकर चौंक गई थी, लेकिन कहानी ने मुझे इस फिल्म से जोड़ लिया और आज यह फिल्म तैयार है। जास मोशन पिक्चर के बैनर से बनी फिल्म के कार्यकारी निर्माता सुभाष चव्हाण हैं। फिल्म के लेखक सुरेंद्र मिश्रा और विवेक मिश्रा हैं। डीओपी हरीश सावंत और संगीत अमन श्लोक का है। फिल्म में देव सिंह और शुभी शर्मा, ऋचा दिक्षित, रितेश उपाध्याय, रामसूजन सिंह, जे नीलम, सोनिया मिश्रा, विद्या सिंह, रोहित सिंह मटरू, जाफरी, सहिस्ता रॉय और रागिनी दुबे हैं।

### कुछ रीत जगत में हेमराज का किरदार चुनौतीपूर्ण : धर्मेश



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता धर्मेश व्यास का कहना है सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के आने वाले शो कुछ रीत जगत की ऐसी है में 'हेमराज' का किरदार निभाना उनके लिए चुनौतीपूर्ण रहा है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन सीरियल 'कुछ रेत जगत की ऐसी है' लेकर आ रहा है। गुजरात के परिवेश पर आधारित इस शो में दहेज प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई गई है। मीरा देओस्थले (नंदिनी) और जान खान (नरेन रतनशी) मुख्य भूमिका में हैं। धर्मेश व्यास और ख़ुशी राजपूत ने नंदिनी के सास-ससुर हेमराज रतनशी और चंचल रतनशी की भूमिका निभाई हैं। धर्मेश व्यास ने बताया, कुछ किरदार यह बताने के लिए बनाए जाते हैं कि समाज में क्या नहीं किया जाना चाहिए। ऐसा ही हेमराज का किरदार है। हालांकि मैं इसके खिलाफ हूं जो परंपरा के नाम पर छिपा हुआ है, इसलिए हेमराज का किरदार निभाना एक चुनौती है और साथ ही मेरे लिए ऐसी प्रथाओं के खिलाफ जागरूकता पैदा करने और बातचीत शुरू करने का एक मौका भी है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### तीन बीईओ के कार्य क्षेत्र में किया गया बदलाव

**कानपुर देहात।** डीएम आलोक सिंह के निर्देश पर तीन खंड शिक्षा अधिकारियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया गया है। बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि खंड शिक्षाधिकारी संजय कुमार गुप्ता को मुख्यालय से हटाकर राजपुर विकासखंड की जिम्मेदारी दी है। इसी तरह मलासा विकासखंड में कार्यरत प्रियंका बी चौधरी को मुख्यालय की कमान सौंपी गई है। वहीं मैथा विकासखंड में तैनात खंड शिक्षाधिकारी आनंद भूषण को मलासा ब्लॉक में स्थानांतरित किया गया है। नवीन तैनाती में आए खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण प्रेमी को मैथा विकासखंड की जिम्मेदारी दी गई है। सभी बीईओ को कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

### वाहन की टक्कर से हाईवे पार कर रहे दिव्यांग की मौत

**रनियां।** थाना रनियां के समीप शुक्रवार की देर रात नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन ने दिव्यांग को टक्कर मार दी, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मध्य प्रदेश के जिला रीवा के पंचामा सुहागी निवासी दिव्यांग संदीप कुमार कोल (24) पुत्र कन्हैया लाल कोल रनियां में कई वर्षों से रह रहा था। शुक्रवार की रात हाईवे पार करते समय अकबरपुर से कानपुर की ओर जा रहे तेज रफ्तार वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दिव्यांग गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल अकबरपुर भिजवाया। जहां ईएमओ ने दिव्यांग को मृत घोषित कर दिया। एसओ महेंद्र पटेल ने बताया कि शव पीएम के लिए भेजा गया है।

# जिंदगी से मोह भंग, तीन ने चुनी मौत

जिले के रसूलाबाद और रनियां थाना क्षेत्रों में जिंदगी से मोह भंग होने पर तीन लोगों ने आत्महत्या कर ली। रसूलाबाद के विकास नगर में एक अधेड़ का शव फंदे पर लटका मिला। वह घर में अकेला रहता था, जबकि रसूलाबाद के ही ककराही गांव में शराब पीने को लेकर पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फांसी लगा ली। उधर, रनियां क्षेत्र के आर्यनगर द्वितीय में एक राजमिस्त्री ने सुसाइड कर लिया। पुलिस तीनों मामलों की जांच में जुट गई है।

**रसूलाबाद और रनियां क्षेत्र में हुईं घटनाएं, आत्महत्या की वजह अभी स्पष्ट नहीं**

## घर में लटका मिला अधेड़ का शव

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचार।** कस्बे के विकास नगर में एक अधेड़ का संदिग्ध हालात में शव घर के अंदर फंदे पर लटका मिला। अधेड़ घर में अकेला रहता था। दो दिन से घर का गेट नहीं खुलने पर पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस पहुंची तो शव फंदे पर लटका था। अधेड़ की आत्महत्या पर परिजनों में कोहराम मच गया।


रमाकांत बाजपेई।


मौत पर रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

- रसूलाबाद के विकास नगर में अकेला रहता था अधेड़
- दो दिन गेट नहीं खुलने पर पुलिस को दी गई जानकारी

कस्बे के विकास नगर निवासी रमाकांत बाजपेयी (55) का संदिग्ध हालात में शनिवार को घर के अंदर फंदे पर शव लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर फॉरेंसिक टीम को जानकारी दी। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक यूनिट ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलित किए। रमाकांत की पत्नी रानी ने बताया कि वह अपनी बहू के शास्त्री नगर स्थित अपने दूसरे मकान में थीं। उनका बेटा रामजी और उसकी पत्नी अंजली दिल्ली में नौकरी करते हैं।

पति रमाकांत बाजपेयी विकास नगर स्थित पुराने मकान में अकेले थे। दो दिन तक घर का गेट नहीं खुलने पर उन्हें शंका हुई तो शनिवार की सुबह पुलिस को सूचना दी। जब गेट तोड़कर अंदर जाकर देखा तो पति का शव फंदे पर लटकता मिला।

परिजनों ने बताया कि रमाकांत ने करीब एक हफ्ते पूर्व अपने भतीजे दीपक के साथ चाय की दुकान खोली थी। छोटे बेटे श्यामजी की कुछ वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। आत्महत्या पर पत्नी रानी, बेटा रामजी, बहू अंजली, पूजा समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## रनियां में राजमिस्त्री ने फांसी लगा दे दी जान

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचार:** फत्तेपुर रोशनाई के मजरा आर्यनगर द्वितीय में देर रात राजमिस्त्री ने छत के कुंडे के सहारे फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवा कर कार्रवाई की।


सोमल कोरी।

रनियां क्षेत्र के फत्तेपुर रोशनाई के आर्यनगर द्वितीय निवासी प्रेमचंद्र कमल का पुत्र सोमल कोरी (22) राजमिस्त्री का काम करता था। वह शुक्रवार शाम काम करने के बाद घर पहुंचा। इसके बाद खाना पीना करके कमरे में सोने चला गया। रात में छत के कुंडे के सहारे मच्छरदानी से उसने फंदा लगाकर जान दे दी। पिता प्रेमचंद्र ने उसे देखा तो बिलखने लगे। रोने की आवाज सुनकर परिवार के लोग कमरे में पहुंचे। घटना की सूचना पुलिस को दी। सोमल की मौत की सूचना पर बहन शालिनी, कोमल, मां शशी, पत्नी कीर्ति आदि का रो रोकर बुरा हाल है। पिता ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी 8 जुलाई 2022 को हुई थी। एसओ महेंद्र सिंह ने कहा कि तहरीर पर कार्रवाई होगी।

### पत्नी से विवाद के बाद युवक ने कर ली आत्महत्या

**रसूलाबाद।** असालतगंज के मजरा ककराही गांव निवासी शिवसिंह संखवार ने (40) घर के अंदर रस्सी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बताते हैं कि गुरुवार को शराब पीने को लेकर पत्नी रोशनी से झगड़ा हुआ था। इसके बाद उसने कमरे में जाकर फंदा लगा लिया। जानकारी पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव कब्जे में लिया और छानबीन की। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई होगी।

## सीधे खाते में भेजा जाएगा प्रशिक्षण संबंधी भुगतान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- डायट स्तर पर दो सौ व ब्लॉक स्तर पर मिलेंगे 170 रुपये

**अमृत विचार:** इसी माह शुरू हो रहे बुनियादी भाषा एवं संख्या ज्ञान गणितीय दक्षताओं के विकास के लिए प्रशिक्षण यानी एफएलएन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें स्कूल शिक्षा महानिदेशक ने बड़ा बदलाव किया गया है। डायट व बीआरसी में प्रशिक्षण हासिल करने वाले संदर्भदाताओं व शिक्षकों को भोजन व नाश्ते की बजाए उसके लिए नियत की गई धनराशि पीएफएमएस पोर्टल के माध्यम से उनके खातों में भेजी जाएगी।

डीजी कंचन वर्मा ने प्रशिक्षण के बारे में विस्तृत गाइडलाइन जारी कर दी है। डायट एवं विभिन्न बीआरसी केंद्रों में शिक्षकों को प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। इस प्रशिक्षण में प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षामित्र समेत सभी शिक्षक प्रतिभाग करेंगे। कंपोजिट विद्यालयों में शामिल प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक भी इसमें प्रतिभाग करेंगे। डायट स्तर पर संदर्भदाता प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने वाले एआरपी, केआरपी एवं शिक्षकों को जलपान व लंच के लिए 200 रुपये प्रतिदिन तथा ब्लॉक स्तर पर शिक्षक, शिक्षामित्र एवं सदर्भदाताओं को जलपान व लंच के लिए 170 रुपये प्रतिदिन के अनुसार उनके खातों में भेजी जाएगी।

## जिले में शांति से निपटी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** शनिवार को उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा जिलेभर के परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इस दौरान एडीजी, एसपी समेत अन्य अधिकारी घूम-घूमकर परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते रहे।

शनिवार को आरपीएस इंटर कालेज रसूलाबाद में उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा आयोजित हुई। जहां स्टेटिक मजिस्ट्रेट अजब सिंह, सेक्टर मजिस्ट्रेट सुभाष चंद्र यादव व परीक्षा व्यवस्थापक डीपी यादव ने शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न कराई गई। इस दौरान 473 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। सुरक्षा व्यवस्था में परीक्षा केंद्र पर पुलिस बल तैनात रहा। परीक्षा देकर आए अभ्यर्थियों के चेहरे पर खुशी की लहर दिखाई दी।


केंद्र में सीसीटीवी से परीक्षा का जायजा लेते एडीजी कानपुर आलोक सिंह व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति। अमृत विचार

भर्ती परीक्षा का जायजा लेने के लिए एडीजी कानपुर जोन कानपुर आलोक सिंह, एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निरीक्षण किया गया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में तैनात पुलिस कर्मियों को भर्ती बोर्ड द्वारा जारी गाइड्लाइन से अवगत कराते हुए सतर्कता से ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की गई जान

**पुखरायां:** पुखरायां जाने के लिए घर से निकले युवक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। पुलिस ने घटनास्थल से बरामद हुए टूटे मोबाइल से सिम निकालकर दूसरे फोन में डाला और परिजनों को सूचना दी। इसके बाद उसकी शिनाख्त हो सकी।

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के गदाईखेड़ा गांव के समीप शुक्रवार को एक युवक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई थी। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कराने का काफी प्रयास किया, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस को उसके पास से एक मोबाइल फोन मिला था, जो पूरी तरह टूट चुका था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

## ट्रक की टक्कर से अधेड़ घायल

**सिकंदरा।** कानपुर-औरैया नेशनल हाईवे के मूढ़ादेव गांव के समीप एक साइकिल सवार अधेड़ ट्रक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिकंदरा थाना क्षेत्र के निन्हौरा गांव निवासी श्याम मनोहर साइकिल पर सवार होकर रसधान किसी काम से जा रहे थे। जैसे ही वह नेशनल हाईवे पर मूढ़ादेव गांव के पास पहुंचे। तभी अचानक ट्रक की चपेट में आकर घायल हो गए। दुर्घटना के बाद तक चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए एंबुलेंस से सीएचसी भिजवाया। जहां चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## बाइक लगा रोकी कार और फिर किया फायर

संवाददाता, शिवली

- पुलिस ने तीन नामजद व पांच-छह अज्ञात पर दर्ज किया केस

**अमृत विचार:** किसी काम से कार से जा रहे एक युवक पर पांडव नदी के पास बाइक आगे लगा कर आठ-दस लोगों ने घेर लिया और जान से मारने के नियत से फायर कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद व पांच-छह अज्ञात के विरूद्ध जान के मारने की प्रयास में रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू की है।

जनपद कानपुर नगर के कल्यानपुर निवासी सुखवीर चौहान गुरुवार को किसी काम सें चौबेपुर थाना क्षेत्र के दिलावरपुर टुसवा गांव गए थे। वहां से वापस आते समय शिवली कोतवाली क्षेत्र के बाघपुर पांडव नदी के पास पहले से घात लगाए बैठे दिलावर गांव के श्रीराम, अजय यादव, सौरभ यादव ने पांच-छह अज्ञात लोगों के साथ मिलकर कार के सामने बाइक लगाकर सुखवीर को नीचे उतार लिया। इसके बाद हमलावर लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। विरोध करने पर सौरभ ने जान से मारने के नियत से फायर कर दिया। हालाकि सुखवीर बच गए। आरोपी भाग गए। कोतवाल देवेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## लोडर लूटकांड में पुलिस को मिले क्लू

फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- दो दिन पहले अकबरपुर क्षेत्र में लूटा गया था गुटखा लदा लोडर

**अमृत विचार:** अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के परनामिनपुरवा के पास से 50 झाल पान-मसाला (गुटखा) लदा लोडर लूटे जाने के मामले में अभी तक लुटेरों का कोई पता नहीं चल सका है। हालांकि जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस को इस मामले में कुछ अहम सुराग मिले हैं, जिनके आधार पर पुलिस लुटेरों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

कानपुर से 50 झाल पान-मसाला और 10 बोरी जर्दा लोडर पर लाद कर बर्रा कानपुर निवासी चालक नूरआलम पिछले बुधवार की रात झांसी के लिए रवाना हुआ था। उसके साथ में पनकी कानपुर निवासी एजेंट रामकुमार भी था। अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के बारा टोल प्लाजा पर जीएसटी की चेकिंग से बचने के लिए चालक हाईवे से सीधे जाने के बजाय परनामिनपुरवा-बारा मार्ग से निकल रहा था, तभी पीछे से दो बाइकों पर आए बदमाशों ने ओवरटेक कर लोडर रोकने के बाद ईंट मारकर शीशा तोड़ दिया था और दोनों को नीचे उतारकर करीब सात लाख कीमत के पान मसाला लदा लोडर लूट लिया था।

बदमाशों के वहां से भागने के बाद चालक व उसके साथी ने हाईवे पर आकर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद सक्रिय हुई पुलिस ने बदमाशों की तलाश की, लेकिन बदमाशों का पता नहीं चल सका था। गुरुवार को डीआईजी जोगेंद्र कुमार ने एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति व एएसपी राजेश पांडेय के साथ मौके पर पहुंचकर छानबीन करने के साथ घटना का जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए थे। पुलिस ने ग्रीन वर्क इंटर प्राइजेज कानपुर के डायरेक्टर अविनाश मोदी की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश व छानबीन शुरू की थी। घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपियों को नहीं पकड़ सकी है। अकबरपुर कोतवाल सतीश सिह ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए लगातार टीमें दबिश दे रही हैं। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

तैयारी | पुलिस महानिदेशक कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं ने माती जेल का किया निरीक्षण

## जिला जेल में डिस्प्ले बोर्ड से मिलेगी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार:** पुलिस महानिदेशक कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं एसएन साबत ने शनिवार को माती जिला जेल का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांचीं। उन्होंने जेल में निरुद्ध बंदियों से दिक्कतों के बारे में जानकारी ली और महिला बंदियों के साथ निरुद्ध दस बच्चों को फल व उपहार भेंट किए।


महिला बंदियों के बच्चों को फल व उपहार देते महानिदेशक। अमृत विचार

शनिवार को पुलिस महानिदेशक कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं एसएन साबत ने गार्ड ऑफ ऑनर लेने के बाद माती जिला जेल के बाहर बंदियों के परिजनों से मुलाकात के लिए प्रतीक्षालय भवन की साफ-सफाई, पंखों एवं शौचालय आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रतीक्षालय भवन के बाहर मुलाकात से संबंधित अद्यतन स्थिति की बंदियों के परिजनों को जानकारी देने के लिए डिस्पले बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। इसके बाद महानिदेशक ने कंट्रोल रूम व बंदियों से संबंधित डाटा फीडिंग के लिए ई-प्रिजन का निरीक्षण किया। उसके बाद महिला बंदियों के रहन-सहन व साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

उन्होंने महिला बंदियों द्वारा कौशल विकास मिशन अंतर्गत निर्मित किए गए एयर बैग, ब्लैंकेट कवर, सेविंग किट बैग व कैरी बैग की सराहना की। महानिदेशक ने उक्त सामान कारागार के बाहर मेला, प्रदर्शनी व स्थानीय बाजार में बिक्री किए जाने के निर्देश दिए। इसके बाद पाकशाला में भोजन, सफाई व्यवस्था को जांचकर सराहना की। उन्होंने पाकशाला के अहाते में छाया के लिए टीनशेड लगाने को कहा। किशोर बैरक का निरीक्षण कर किशोर बंदियों को कौशल विकास व शिक्षित करने के निर्देश दिए। महानिदेशक ने अन्य बैरकों का निरीक्षण कर निरुद्ध बंदियों से जानकारी ली। बंदियों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं की सूची बनाकर न्यायालयों को भेजने के निर्देश दिए। डीएम आलोक सिंह, एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति, कारागार अधीक्षक भी रहे।

## किसान अन्ना मवेशियों से परेशान, मांगी निजात

संवाददाता, सिकंदरा

- परेशान किसानों ने तहसीलदार से लगाई गुहार

**अमृत विचवार:** आवारा मवेशियों के आतंक से किसानों को निजात नहीं मिल पा रही है। संदलपुर ब्लॉक के जरौली अमौली गांव के सैकड़ों किसानों ने तहसीलदार को प्रार्थना पत्र देकर तत्काल प्रभाव से आवारा मवेशियों की समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

संदलपुर विकासखंड क्षेत्र के गांवों में आवारा मवेशी शाम ढलते ही खेतों में खड़ी गेहूं की फसल मौका पाते ही चट कर जाते हैं। जिसके कारण पैदावार में भारी गिरावट की आशंका है। किसानों का कहना है कि यही सिलसिला रहा तो उनके परिवार भुखमरी की कगार पर पहुंच जाएंगे। जबकि सिकंदरा तहसील प्रशासन आवारा पशुओं को रोकथाम करने में अक्षम दिखाई पड़ रहा है। ऐसे में सवाल यह है कि रात भर सर्दी की सीजन में किसान अपनी फसल की रखवाली करने को मजबूर हो रहे हैं, लेकिन जरा सी चूक होते ही थोड़े समय में ही आवारा पशु फसल सफाचट कर जाते हैं। गांव के गयाप्रसाद प्रजापति समेत अन्य किसानों आरोप लगाते हुए कहा कि सैकड़ो बार ज्ञापन देने के बाद भी तहसील प्रशासन आवारा पशुओं से निजात नहीं दिला सका। कड़ाके की सर्दी में भी किसान अपनी फसल रखवाली खेतों पर करते रहे। अब गेहूं तैयार है।

## सार-संक्षेप



दादा-दादी एवं नाना-नानी दिवस पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

### बच्चों का हुनर देख चहके दादा-दादी और नाना-नानी

**कानपुर देहात:** अकबरपुर क्षेत्र के नागिन जसी स्थित पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में शनिवार को दादा-दादी एवं नाना-नानी दिवस मनाया गया, जिसमें बच्चों के दादा-दादी व नाना-नानी ने भाग लिया। इस मौके पर बच्चों का हनर देखकर दादा-दादी और नाना-नानी चहक उठे। शनिवार को कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य एएच अंसारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम में विभिन्न नृत्य व गीत प्रस्तुत किए, जो समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को परिलक्षित कर रहे थे। दादा-दादी एवं नाना-नानी के लिए खेल-प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें प्रमुख रूप से म्यूजिकल चेयर खेल आयोजित किया गया। दादा-दादी एवं नाना-नानी ने खूब आनंद लिया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम में दादा-दादी एवं नाना-नानी ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए संस्कृति एवं संस्कार पर जोर दिया। इस मौके पर शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।



अधिकारियों के साथ चयन पत्र लिए अभ्यर्थी।

### रोजगार मेले में 113 युवाओं को मिली नौकरी

**कानपुर देहात।** मिशन निदेशक के निर्देश पर कौशल विकास मिशन, आईटीआई व सेवायोजन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड स्तरीय वृहद रोजगार मेला राजपुर ब्लाक कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें 113 अभ्यर्थी चयनित किए गए। शनिवार को रोजगार मेले में कौशल विकास मिशन, आईटीआई उत्तीर्ण व गैर तकनीकी प्रशिक्षार्थियों/अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। मेले में आरएम मैन पावर, पुखराज हेल्थ केयर प्रालि, सकन स्टील समेत कुल सात कंपनियों ने प्रतिभाग किया। विकासखंड स्तरीय रोजगार मेले में कुल 276 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें से 113 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। बीडीओ हरि मोहन गुप्ता, एडीओ अजय कुमार गुप्ता ने दस अभ्यर्थियों को चयन पत्र वितरित किए। इस मौके पर कौशल विकास मिशन से जिला कार्यकम प्रबंधक आशुतोष कुमार पाल, आईटीआई अनुदेशक भोगनीपुर राजेश कुरील, दिनेश कुमार यादव, जिला सेवायोजन कार्यालय से विवेक समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। अगला रोजगार मेला विकासखंड संदलपुर कानपुर देहात में 22 फरवरी को आयोजित किया जाएगा।


गंधर्व इंटर कॉलेज में प्रबंधक ने छात्राओं को राधा-कृष्ण का चित्र भेंट किया।

### फेयरवेल पार्टी में इंटर के छात्रों को दी गई विदाई

**रसूलाबाद।** क्षेत्र के नैला कटरा स्थित यूपी बोर्ड से मान्यता प्राप्त गंधर्व इंटर कॉलेज में कक्षा 12 के बच्चों का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें छात्र आशीष यादव, ऋषभ यादव, रवि यादव, आशीष यादव, राहुल राजपूत, रिंकू राजपूत, रिया, दिशा यादव, फ़िज़ा बानो, रश्मि, पारुल आदि छात्र-छात्राओं को फूलमाला पहनाकर विदाई दी गई। प्रबंधक पुष्पेंद्र सिंह यादव ने विद्यार्थियों को आने वाली यूपी बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन व उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विदाई कभी नहीं होती है। यह तो एक अनौपचारिक कार्यक्रम होता है। विद्यार्थी जब कामयाब होता है। तब भी वह अपने विद्यालय में आकर गुरु जनों से मिलता है। उसका लगाव विद्यालय के प्रति हमेशा बना रहता है। कार्यक्रम में ज़िला पंचायत सदस्य अंकित यादव भी पहुंचे और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बोर्ड परीक्षा में अच्छे प्रदर्शन के लिए बच्चों को प्रेरित किया। इस मौके पर शिक्षक रज्जन सिंह यादव, बदन सिंह, अजब सिंह, संतराम वर्मा, राजकुमार, रवि कुमार, किशन कुमार आदि मौजूद रहे।

### शिवली में 16 स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे

**शिवली।** कस्बे में नगर पंचायत प्रशासन ने प्रत्येक रोड व चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। इनकी मदद से आपराधिक घटनाओं को ट्रेस करने में पुलिस को भी मदद मिलेगी। नगर पंचायत शिवली के अध्यक्ष अवधेश शुक्ला ने अपराध की रोकथाम के लिए नगर पंचायत निधि से कस्बे के प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं। जोकि पुलिस के लिए मददगार साबित होंगे। अभी तक निजी प्रतिष्ठानों को छोड़कर सार्वजनिक स्थान पर सीसीटीवी कैमरे जैसी सुविधा उपलब्ध नहीं थी। ऐसे में आपराधिक घटनाओं के बाद पुलिस अपराधियों की पहचान के लिए फौरी तौर पर किसी निष्कर्ष पर नहीं आ पाती थी। अब सीसीटीवी कैमरे जगह-जगह लगाए गए हैं। इससे पुलिस को बहुत मदद मिलेगी। कोतवाल देवेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कस्बे में कुल 16 स्थानों पर कैमरे लगे हैं। जिसका कंट्रोल रूम कोतवाली में बनाया गया है। कैमरों की निगरानी के लिए एक सिपाही की डयूटी लगाई जाएगी।

### बेटी के हत्यारे पिता को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कानपुर देहात।** रूरा थाना क्षेत्र में करीब सवा चार माह पूर्व पुत्री की हत्या के मामले में पुलिस ने पिता को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया है। आरोपी ने पुत्री का चाल-चलन ठीक न होने पर मारपीट के बाद गला घोंटकर हत्या कर दी थी। रूरा में पिछले साल 6 नवंबर को हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शनिवार को जिनई चौराहा रूरा से साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त अरुण कुमार दोहरे निवासी ग्राम रसवल रावतगांव थाना रसूलाबाद को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अभियुक्त अरुण कुमार दोहरे ने पुलिस को बताया कि उसकी पुत्री रूचि का चाल-चलन ठीक नहीं था। कई बार उसने अपनी पुत्री को समझाया था, लेकिन वह नहीं मानी तो उसने 9 अक्तूबर 2022 की रात को उसने अपनी पुत्री के साथ मारपीट की थी और गला घोटकर हत्या कर दी। रूरा थाना प्रभारी अजय पाठक ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा जाएगा।

**जर्जर भवन नीलामी विज्ञप्ति**

प्राथमिक विद्यालय भारामऊ
रसूलाबाद, कानपुर देहात

पंत्राक : 03/839-2023-2024 दिनांक 17-02-2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कानपुर देहात के पंत्राक एस.एस.ए./ध्वस्तीकरण 1402/2023-24 दिनांक 02-02-2024 एवं एस.एस.ए./ध्वस्तीकरण/1188/2023-24 दिनांक 16-12-2023 एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी कानपुर देहात के पत्रांक संख्या - जर्जर भवन/ ध्वस्तीकरण/ 952/2023-24 दिनांक 09-02-2024 के क्रम में संविलयन विद्यालय/ प्राथमिक विद्यालय भारामऊ के प्रांगण मे अवस्थित प्राथमिक विद्यालय के जार्जर भवन की नीलामी दिनांक 19-02-2024 को खुली बैठक कराकर किया जायेगा। नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

**नोट** - नीलामी प्रक्रिया को बिना बताये किसी भी स्तर पर रोकने का सर्वाधिकार विद्यालय प्रबन्ध समिति का होगा।

**विशाल कुमार (प्र0अ0)**
प्रा0वि0भारामऊ
रसूलाबाद कानपुर देहात

# टीबी का बैक्टीरिया खोजकर सही इलाज बताएगी लैब

एक्सक्लूसिव

विकास कुमार, कानपुर

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में ही अब टीबी रोग का एडवांस लिक्विड कल्चर टेस्ट होगा। इसके सैंपल अन्य संस्थानों में भेजने की जरूरत नहीं होगी और न ही रिपोर्ट के लिए मरीजों को तीन माह का लंबा इंतजार करना पड़ेगा। सैंपल परीक्षण की स्पष्ट रिपोर्ट 35 से 40 दिन में मरीज को मिल जाएगी। इससे मरीज का इलाज जल्द शुरू हो सकेगा। इसके लिए 64 लाख रुपये से एडवांस लिक्विड कल्चर टेस्ट के लिए लैब स्थापित की गई है।

प्रदेश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के लिए सरकार तेजी से काम कर रही है। टीबी मरीजों का पता लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमें गांव-गांव जाकर जानकारी जुटा रही हैं। इसके साथ ही अस्पतालों में विभिन्न बीमारियों के भर्ती मरीजों का भी टीबी से संबंधित डाटा लिया जा रहा है, ताकि टीबी रोगियों का पता चलने पर उनका इलाज शुरू किया जा सके। क्योंकि टीबी का एक मरीज अपने आसपास के करीब एक दर्जन लोगों को टीबी की बीमारी दे सकता है। अभी तक प्रदेश में सॉलिड कल्चर के जरिए टीबी के सैंपलों का परीक्षण किया जाता है। लेकिन अब जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज समेत प्रदेश के वाराणसी, आगरा, इटावा, लखनऊ व प्रयागराज मेडिकल कॉलेजों में भी एडवांस लिक्विड कल्चर टेस्ट के लिए लैब स्थापित की गई हैं।


जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में स्थापित टीबी की कल्चर ड्रग सेंसिटिव लैब।

- जीएसवीएम कॉलेज में स्थापित की गई 64 लाख से कल्चर ड्रग सेंसटिव लैब
- मरीजों को तीन माह तक नहीं करना होगा इंतजार, 40 दिन में मिलेगी रिपोर्ट

"टीबी की कल्चर ड्रग सेंसिटिव लैब में टीबी के एडवांस लिक्विड कल्चर टेस्ट होंगे। लैब का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। लैब के संचालन के लिए सीएमओ कार्यालय से चार लैब टेक्नीशियन मिले हैं, जिनको आगरा में प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद टेक्नीशियनों से लैब में काम लिया जाएगा।

–प्रो.संजय काला, प्राचार्य, जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज।

कॉलेजों में लैब निर्माण कार्य अंतिम रूप ले चुका है। टेक्नीशियनों के प्रशिक्षण के बाद इन लैबों का संचालन जल्द शुरू हो सकता है।

### कौन सी दवाएं दी जाएं, टेस्ट से तय होगा

टीबी संक्रमित गंभीर मरीज, जिन पर टीबी के इलाज से जुड़ी अधिकतर दवाइयां बेअसर साबित होती हैं। उन मरीजों को एक्सडीआर यानी एक्सट्रा ड्रग रेजिस्टेंस टीबी कहा जाता है। लैब में मरीजों के टेस्ट से यह पता लग जाएगा कि कौन सी दवाएं टीबी मरीज के सही होंगी। इसके लिए मरीजों के बलगम से जीवित बैक्टीरिया निकालकर उन्हें लैब में 42 दिन तक बढ़ाया जाता है। इसके बाद उन बैक्टीरिया पर दवाइयों की सेंसटिविटी देखी जाती है। जिस दवा से बैक्टीरिया मर जाता है, उस दवाई को मरीज के लिए कारगर माना जाता है। अभी तक लक्षण और एक्सरे देखकर डॉक्टर दवाएं देते हैं लेकिन लैब में मरीज का कल्चर एंड ड्रग सेंसिटिवी टेस्ट होने के बाद दवाएं दी जाएंगी।

### कई बार सैंपल की नहीं होगी जरूरत

टीबी के एडवांस स्टेज के लिए भेजे गए सैंपल कई बार परीक्षण में अनिर्णायक निकलते थे। ऐसे में विभाग को दोबारा सैंपल लेने पड़ते थे। इसमें काफी समय बर्बाद होता था। लेकिन बीएसएल-3 लैब में ऐसा नहीं होगा।

### इस तरह बीमारी का पता लगता

माइक्रोबायोलॉजी विभाग में टीबी सीडीएसटी व एलपीए लैब की नोडल ऑफिसर एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मधु यादव ने बताया कि कई बार टीबी की बीमारी का पता नहीं लग पाता है। लिक्विड कल्चर जांच में बीमारी का पता लगाने के लिए बलगम के सैंपल में बैक्टीरिया को छोड़ा जाता है। इसमें टीबी के छोटे से छोटे बैक्टीरिया अगर बलगम में पाए जाते हैं तो उनका आसानी से पता चल जाता है।

# नेपाल के 500 युवा करेंगे सीएसजेएमयू में पढ़ाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नेपाल में उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन

**अमृत विचार।** नेपाल में हुए उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन में शनिवार को 500 से अधिक युवाओं ने सीएसजेएमयू में प्रवेश को लेकर रुचि दिखाई। इसके लिए उन्होंने यहां से गए प्रतिनिधि मंडल से तमाम जानकारियां हासिल कीं। दोनो देशों के बीच शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ाने पर चर्चा की गई।

शिखर सम्मेलन के अंतिम दिन भविष्य की शिक्षा प्रणाली पर रोडमैप प्रस्तुत किया गया। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल के डॉ प्रभात कुमार द्विवेदी व डॉ राजीव मिश्रा की ओर से उच्च शिक्षा में सीएसजेएमयू कानपुर तथा नेपाल के अन्य विश्वविद्यालयों के साथ किस प्रकार से अन्तर्राष्ट्रीयकरण में सहयोग किया जाए इस पर चर्चा हुई। सीएसजेएमयू के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने नेपाल के काठमांडू विश्वविद्यालय व अन्य अनेक विश्वविद्यालयों के साथ उच्च शिक्षा के गुणवत्ता व आधुनिक शिक्षा में सहयोग पर बल दिया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स, डाटा साइंस के माध्यम से इक्कीसवीं सदी के लिए युवाओं को तैयार करने पर बल दिया। सम्मेलन में नेपाल के सुदूर इलाकों से आए युवाओं को कुलसचिव डॉ अनिल कुमार यादव ने सीएसजेएमयू में आकर प्रवेश लेने के लिए आमंत्रित किया। उन्हें उच्च शिक्षा पूरी करने के लिये सभी प्रकार का सहयोग तथा स्कालरशिप प्रदान किए जाने का भरोसा दिलाया।

# युवाओं को उद्यमी बनाने के लिए नवाचार संस्कृति से जोड़ा जाएगा

## विकसित भारत के लिए सीएसजेएमयू के छात्र-छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल

कार्यालय संवाददाता,कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू के विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए जल्द ही नई सुविधा मिलेगी। युवाओं को एक ही क्लिक में उद्योग लगाए जाने से संबंधित सभी जानकारियां मिलेंगी। इससे युवाओं को इधर-उधर दौड़भाग नहीं करनी पड़ेगी। यह सुविधा विश्वविद्यालय के पोर्टल पर 'स्टूडेंट इनोवेशन काउंसिल' के जरिए 15 दिन में उपलब्ध करा दी जाएगी।

सीएसजेएम विश्वविद्यालय में शनिवार को आयोजित हुए उद्यम अभिमुखीकरण कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने खासी रुचि दिखाई। उत्तर प्रदेश भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण, लखनऊ 'यूपीरेरा' के अध्यक्ष संजय आर. भूसरेड्डी ने युवाओं को उद्यमिता की ओर आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि वे विश्वविद्यालय प्रशासन से अनुरोध करेंगे कि जल्द ही पोर्टल पर सुविधा की शुरुआत की जाए ताकि युवाओं को उद्यम लगाने में आसानी हो सके। पोर्टल पर शुरू होने वाली नई विंडो में सरकार की ओर से शुरू की गईं उद्यमिता व स्टार्टअप की सभी योजनाएं युवाओं को एक ही जगह पर दिखेंगी। वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में प्रति कुलपति प्रो सुधीर कुमार अवस्थी, विशेष सचिव, हथकरधा एवं वस्त्रोद्योग विभाग शेष मणि पाण्डेय ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सुधीर कुमार, डीन, एडमिनिस्ट्रेशन प्रो सुधांशु पाण्डिया व निदेशक, महाविद्यालय विकास परिषद के प्रो. राजेश कुमार द्विवेदी की मौजूदगी में युवाओं को एक्सप्रेस वे, पर्यटन, ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के तहत जमीन पर उतरने वाली योजनाएं, फ्रेड कॉरिडोर और हवाई कनेक्टिविटी के बढ़ने से उपजने वाली औद्योगिक संभावनाओं के बारे में भी समझाया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की डीन इनोवेशन डॉ शिल्पा देशपांडे कायस्थ ने इनोवेशन एवं उद्यम संबंधी गतिविधियों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में प्रदेश में हुए विकास व उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से किये गये कार्यों को एक फिल्म के माध्यम से समझाया गया। इस दौरान तीन ऐसे लोगों के उदाहरण भी दिए गए जो अपने नवीन विचारों से आज उद्योग में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। इस दौरान विशेषज्ञों से युवाओं ने प्रश्न भी पूछे। कार्यक्रम में कुलानुशासक डॉ. प्रवीन कटियार, प्रो संदीप कुमार सिंह. डॉ प्रवीन भाई पटेल, डॉ विशाल शर्मा, डॉ संदेश गुप्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।


कार्यक्रम को संबोधित करते यूपी रेरा के अध्यक्ष। अमृत विचार

- स्टूडेंट इनोवेशन काउंसिल के तहत उद्यमिता व स्टार्टअप की योजनाएं पोर्टल पर होंगी

# भारतीय संस्कृति दर्शन ने झुमाया

**कानपुर।** महाराष्ट्र मंडल के शताब्दी वर्ष पर शनिवार को भारतीय संस्कृति दर्शन, नाट्य मंचन, राजस्थानी नृत्य ने सभी को उत्साहित किया। कलाकारों ने लोकनृत्य से सभी का मनमोहा। स्कूली बच्चों की प्रस्तुति पर जमकर तालियां बजीं।

खलासी लाइन स्थित महाराष्ट्र भवन में तीन दिवसीय शताब्दी वर्ष पर पहले दिन बिहार के राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर ने समारोह का शुभारंभ किया। कहा कि महाराष्ट्र के लोग शहर में रहकर यहां के विकास में अहम योगदान दे रहे हैं। ये बहुत ही अच्छी बात है मैं यहां दोबारा फिर आना चाहूंगा। आप लोग जरूर बुलाएं।

इस मौके पर कार्यक्रमों के तहत बाल मंदिर महाराष्ट्र मंडल बालिका हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र/छात्राओं ने भारतीय संस्कृति दर्शन कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्वागत व अंबे कृपा नृत्य प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। शिवाजी नाटक का मंचन और राजस्थानी नृत्य पर दर्शक झूम उठे। इसके बाद राम आएंगे नृत्य पर सभागार में मौजूद लोग भावविभोर हो गए।

# पुलिस को सीपीआर ट्रेनिंग देगा आईएमए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कानपुर शाखा के पदाधिकारियों ने शनिवार को पुलिस आयुक्त अखिल कुमार से मुलाकात की। उन्होंने आईएमए के साथ मिलकर पुलिसकर्मियों और ट्रैफिक पुलिस को सीपीआर प्रशिक्षण देने के लिए 52 थानों में कार्यशालाएं करने की प्रतिबद्धता जताई, क्योंकि किसी भी दुर्घटना या आघात स्थल पर पुलिस कर्मी सबसे पहले पहुंचते हैं। ऐसे में सीपीआर की मदद से वह हादसे में घायल लोगों की जान बचा सकते हैं।

आईएमए की जिलाध्यक्ष डॉ.नंदनी रस्तोगी, चेयरपर्सन डॉ. देवेंद्र लालचंदानी व सचिव डॉ. कुणाल सहाय ने पुलिस आयुक्त अखिल कुमार को ज्ञापन देकर कहा कि आईएमए की मांग है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पारित मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट को लागू किया जाए और नगर के चिकित्सकों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार पर कठोर कार्रवाई की जाए। मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट सभी थानों में भेजकर प्रमुखता से इसे लागू करने की व्यवस्था की जाए। ताकि चिकित्सकीय प्रतिष्ठानों पर होने वाली तोड़फोड़ से बचा जा सके। इसपर पुलिस आयुक्त ने अश्वासन दिया कि वह पुलिस कर्मियों के साथ बैठक कर मेडिकल सुरक्षा अधिनियम के बारे में जागरूक करेंगे। वहीं, उन्होंने डाक्टर के किसी भी दुर्घटना की स्थिति में मदद के लिए विशेष रूप से जोनल (थानावार) समन्वय के लिए समर्थन दिखाया और जरूरत पड़ने पर हर संभव मदद की पेशकश की। कहा कि कानपुर स्मार्ट सिटी और त्रिनेत्र परियोजना के तहत अपने परिसर के बाहर सीसीटीवी कैमरा स्थापित कर शहर को सुरक्षित बनाने में डॉक्टरों से भी भागीदारी व समर्थन का अनुरोध किया। पुलिस कमिश्नर ने डॉक्टरों और प्रशासन के बीच एक क्रिकेट मैच की भी पेशकश की। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष डॉ. बृजेन्द्र शुक्ला, पूर्व सचिव डॉ.अमित सिंह गौड़, डॉ.देबराय मौजूद रहे।


पुलिस आयुक्त के साथ आईएमए अध्यक्ष, चेयरपर्सन, सचिव, पूर्व अध्यक्ष व पूर्व सचिव समेत अन्य। अमृत विचार

- मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने, चिकित्सकों से दुर्व्यवहार पर कठोर कार्रवाई की मांग

## जाम से कराह उठा शहर...


शहर में जाम की समस्या नासूर बनती जा रही है। इसके समाधान के लिए कोई ठोस उपाय नहीं किया जा रहा है। घंटाघर से परेड के रास्ते स्टॉक एक्सचेंज तक, मूलगंज से बड़ा चौराहा होते हुए चेतना चौराहा तक एलिवेटेड रोड बनाने की योजना भी परवान नहीं चढ़ी। परिणाम स्वरूप घंटाघर से परेड तक हर दिन जाम लग रहा है। शनिवार को तो जाम की समस्या बड़ी गंभीर हो गई। घंटों लोग यहां जाम में जूझते रहे। पुलिसकर्मियों ने भी जाम खुलवाने में कोई रुचि नहीं दिखाई। अमृत विचार

# राम नाम ही सुख-शांति का मार्ग

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचारः** संदलपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत जसापुर में शिव मंदिर सेंगुर नदी तट पर पचासवें वार्षिक महोत्सव पर श्री रामोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत ककरापुर से आए कथावाचक राम कुमार त्रिपाठी महाराज ने तीसरे दिन श्री राम नाम महिमा का व्याख्यान किया।

उन्होंने कहा कि राम नाम की महिमा बड़ी अद्भुत है। व्यक्ति के शोक, दुख, दरिद्रता, संताप, सब समाप्त हो सकती हैं। जब वह राम नाम को जीवन का आधार बना लेता है राम शब्द लिखने में जितना सुंदर है। राम नाम की महिमा अपरंपार है। उन्होंने बताया कि कलियुग में राम नाम ही सुख शांति का मार्ग है और इस जीवन रूपी सागर से पार उतार सकता है। क्योंकि सांस कब पूर्ण हो जाए, यह कोई नहीं जानता। इसलिए प्रत्येक मनुष्य को मन, वचन और कर्म से श्री राम नाम जप करते रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि इंसान नीचे बैठा दौलत गिनता है, कल इतने थे और आज इतने बढ़ गए, लेकिन ऊपर वाला सांसे गिनता है, कल इतनी थी आज इतनी कम हो गई। अतः हमें सांसों का मूल्य समझना चाहिए और हर सांस प्रभू के लिए समर्पित होनी चाहिए। भगवान श्रीराम की कथा का रसपान कर पंडाल में उपस्थित भक्तगण भाव विभोर होकर भगवान श्रीराम के जयकारे लगाने लगे। कथा में परीक्षित की भूमिका में राजन सिंह राठौर रहे।

श्री राम कथा विश्राम के साथ आरती में ग्राम पंचायत जसापुर सहित अन्य गांवों से आए लोग शामिल हुए। सभी को प्रसाद वितरित किया गया। धार्मिक अनुष्ठान में सहायक कथावाचक अनूप कुमार त्रिपाठी ने भी भगवान श्रीराम का गुणगान कर भक्तों का मन मोह लिया।


श्रीराम कथा सुनाते कथावाचक।

- संदलपुर के जसापुर में 50वें वार्षिक महोत्सव पर श्रीरामोत्सव कार्यक्रम

# कथा सुनने से खुलता मोक्ष के द्वार का ताला

**कानपुर देहातः** श्रीमद्भागवत पुराण को भगवान श्रीकृष्ण का साहित्यिक अवतार माना जाता है। यह बात सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने शनिवार को भटौली गांव में बृजेंद्र सिंह गौर उर्फ वीरू गौर द्वारा आयोजित भागवत कथा के समापन अवसर पर कही।

उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने से आध्यात्मिक विकास और भगवान के प्रति भक्ति गहरी होती है। अमृत से मीठा कुछ है तो वह भगवान का नाम है। श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करना संसार का सर्वश्रेष्ठ सत्कर्म है। यह भगवान का वांग्मय स्वरूप है, जो जन्म जन्मांतर के पुण्य उदय होने पर प्राप्त होता है। कहा कि कलियुग में श्रीमद्भागवत कथा श्रवण को मोक्ष के द्वार का रास्ता माना है। कलियुग में आयु कम है। राजा परीक्षित को कथा श्रवण के सात दिन बाद मोक्ष मिला था। पूर्व प्रधान दीपू मिश्रा ने कहा कि हर मनुष्य को समाज में अच्छा काम करना चाहिए। जो अच्छा कर्म करता है, उसे अच्छा व बुरे कर्म करने वाले को बुरा फल मिलता है।


आरती करते वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान।

किया आगाह | सीएसए विश्वविद्यालय में बौद्धिक संपदा अधिकार पर कार्यशाला

# जागरुकता से रुकेगी बौद्धिक संपदा की चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बौद्धिक संपदा चोरी के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है। इससे बचाव के लिए जागरुकता सबसे बड़ा हथियार है। इसलिए बौद्धिक संपदा की चोरी और हनन को रोकने के लिए विशेष तौर पर जागरुकता अभियान चलाए जाने की जरूरत है।

यह बात शनिवार को चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर हुई कार्यशाला में कही गई। डीन फैकल्टी सभागार में हुई कार्यशाला में विश्वविद्यालय के निदेशक शोध डॉ. पीके सिंह ने कहा कि बौद्धिक संपदा के अधिकारों की जानकारी हर व्यक्ति को होनी चाहिए। इससे इसके बढ़ते दुरुपयोग को रोका जा सकेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बौद्धिक संपदा की चोरी और हनन के मामले काफी देखने को मिल रहे हैं। ऐसे में लोगों को बौद्धिक संपदा अधिकार के प्रति जागरूक करके व इस दिशा में कड़े नियम लागू करके बौद्धिक संपदा का सरंक्षण किया जा सकता है। मुख्य वक्ता भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद कृषि भवन नई दिल्ली की प्रधान वैज्ञानिक डॉ रेनू ने कहा कि दुनिया के अधिकांश देश सदियों से अनेक प्रकार के कानून बनाकर बौद्धिक संपदा के अधिकार का संरक्षण करने का प्रयास करते रहे हैं। बौद्धिक संपदा की चोरी के अनेक उपाय भी लोगों ने विकसित किए हैं। तकनीकी का भी गलत प्रयोग इस दिशा में चिंतनीय है। उन्होंने देश में लागू अनेक प्रकार के बौद्धिक संपदा अधिकार अधिनियम की भी चर्चा की। इस संबंध में ट्रेडमार्क, पेटेंट, फार्मर्स राइट, कॉपीराइट्स सहित अन्य ट्रेड सीक्रेट संपदा कानून के विविध पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यशाला में आईसीएआर नई दिल्ली के डॉ यूके दुबे, आईआईटी कानपुर के रवि पांडे, सीएसजेएमयू से डॉ दिव्यांशु शुक्ला, एचबीटीयू के डॉ बृजेश सिंह ने भी विचार रखे। संचालन डॉ कौशल कुमार ने किया।



स्मृति चिन्ह प्रदान करते प्रोफेसर। अमृत विचार

- पेटेंट, कॉपीराइट्स, ट्रेड सीक्रेट सहित संपदा कानूनों की दी जानकारी

# कस्तूरीपुरवा में सड़कों पर बहता गंदा पानी

संवाददाता, रूरा

- कस्तूरीपुरवा में चोक नालियां सफाई की खोल रही पोल
- ग्रामीणों ने सफाई कर्मी पर नहीं आने का लगाया आरोप

**अमृत विचारः** झींझक ब्लाक के बचीतपुरवा के मजरा कस्तूरीपुरवा में अधूरी नलियां व कई माह से सफाई कर्मचारी के न आने के कारण गंदगी व जलभराव की समस्या बनी हुई है, जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

ग्रामीण क्षेत्रों में गंदगी व जलभराव से फैलने वाली बीमारियों को रोकने के लिए सरकार द्वारा स्वच्छता व संचारी रोग नियंत्रण अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं। कस्तूरीपुरवा गांव गांव का मुख्य रास्ता निगोहिया, बड़े पुरवा सहित आधा दर्जन गांवों को जोड़ता है। इसके बावजूद इस मार्ग की नालियों की सफाई नहीं होती है। जिससे इनमें गंदा पानी भरा हुआ है। जो बह कर रास्ते में भरता है।

गांव के अमर सिंह यादव, अखिलेश यादव, राहुल, सरमन आदि लोगों ने बताया कि लगभग सात माह से नालियों के कीचड़ की समुचित सफाई न होने के कारण अधिकांश गलियों में समस्या बनी हुई है और लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। गांव में तैनात सफाई कर्मी नालियों की सफाई करने नहीं आता है। ग्राम विकास अधिकारी अनुराग त्रिवेदी ने बताया कि रोस्टर लगाकर गांव की गंदगी व नालियों की सफाई की समस्या का निस्तारण कराया जाएगा। अधूरी पड़ी नाली बनेगी।


कीचड़ के बीच आवागमन करते कस्तूरीपुरवा के लोग। अमृत विचार


## सार्वजनिक सूचना

आधार हाउसिंग फाइनेन्स लि0 स्थित ब्रान्च ऑफिस जरौली कानपुर नगर की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राम बिहारी जो कि एक किता प्लाट स्थित जुज भाग आराजी नम्बर 478 ग्राम घाटमपुर शहरी क्षेत्र मोहल्ला जवाहर नगर वेस्ट कस्बा तहसील घाटमपुर कानपुर नगर रकबा 540 वर्गफिट को मो0 सफी से आधार हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड से ऋण लेकर क्रय कर रहे है तथा उक्त आराजी के अन्य सह स्वामियो को उपरोक्त प्लाट के विक्रय से कोई आपत्ति नहीं है, तथा उक्त सम्पत्ति की चतुर्दिक सीमाये निम्नवत हैः– **पूरब : शेष भाग आराजी, पश्चिम : शेष भाग आराजी, उत्तर : मोहन कुशवाहा का मकान, दक्षिण : 15 फिट रोड,** यदि उक्त सम्पत्ति के बन्धक रखे जाने में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो नीचे लिखे पते पर सूचना प्रकाशन से 07 दिनो के अन्दर आपत्ति करने का कष्ट करे। उपरोक्त समयावधि के बाद किसी प्रकार का कोई दावा विचार योग्य नही होगा।

**भारत भटनागर – एडवोकेट**
**कार्यालय– कमरा नम्बर 14 द्वितीयतल**
**मुदगल अधिवक्ता भवन सिविल कोर्ट कम्पाउण्ड**
**कानपुर नगर, मो0नं0 : 9839034426**

# गेहूं खरीद के लिए शुरू कर दी गई किसानों के पंजीकरण की कवायद

## इस बार मार्च में ही शुरू होगी खरीद, प्रशासनिक अफसर पूरी तरह से तैयारी में जुटे

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिले में पिछले साल सरकारी क्रय केंद्रों से किसानों के दूरी बनाने से खरीद नहीं हो पाने के कारण इस बार अभी से कवायद शुरू हो गई है। इस साल आगामी 15 मार्च से क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद की जाएगी। इसके लिए किसानों से सपर्क कर गेहूं क्रय केंद्रों में बेंचने व ऑनलाइन पंजीकरण कराने की कवायद तेज हो गई है।

जिले में पिछले साल मूल्य समर्थन योजना के तहत 2125 रुपये प्रति क्विंटल की दर से कई एजेंसियों को गेहूं खरीद की जिम्मेदारी दी गई थी। इन एजेंसियों के 57 क्रय केंद्रों पर अफसरों की कवायद के बावजूद लक्ष्य के सापेक्ष कम ही गेहूं की ही खरीद हो पाई थी। इस बार शासन ने 15 मार्च से 15 जून तक गेहूं की खरीद करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही गत वर्ष के समर्थन मूल्य में 150 रुपए की बढ़ोत्तरी कर 2275 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं की खरीद का फैसला किया गया है। इसके साथ ही क्रय केंद्रों पर गेहूं की बिक्री करने के लिए किसानों को प्रेरित करने व उनका पंजीकरण कराने की कवायद युद्ध स्तर पर शुरू हुई है। इसके तहत किसानों को कृषि विभाग के माध्यम से पंजीकरण कराने के लिए मैसेज भिजवाए गए। साथ ही अन्य माध्यम से भी किसानों को केंद्रों पर गेहूं बेंचने व इसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण के लिए प्रेरित करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। डिप्टी आरएमओ संजय श्रीवास्तव ने क्रय केन्द्रों की तैयारियों का निरीक्षण करने के बाद वहां आए किसानों को पंजीकरण कराने व सरकारी क्रय केंद्र में ही गेहूं बेंचने के लिए कहा। साथ ही किसानों को बैंक से संपर्क कर एनपीसीआई के मैपर पर खाता अपडेट कराने के लिए जागरूक करने का प्रयास शुरू किया गया है।

### क्रय केन्द्रों से भी कराएं रजिस्ट्रेशन

संजय कुमार श्रीवास्तव जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि आगामी रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत जनपद में संचालित सरकारी क्रय केन्द्रों पर गेहूं विक्रय के लिए किसान पंजीकरण की प्रक्रिया प्रारम्भ है। किसान स्वयं अथवा किसी इंटरनेट कैफे, जनसुविधा, लोकवाणी केन्द्र आदि से खाद्य विभाग के पोर्टल के अतिरिक्त अपने निकटतम संचालित किसी भी धान क्रय केन्द्र पर जाकर गेहूं विक्रय के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं। धान क्रय केन्द्रों पर पंजीकरण नि:शुल्क है।

### प्रमुख बिंदुओं पर एक नजर

- गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य रुपये 2275 प्रति क्विंटल निर्धारित है।
- विक्रय किये गये गेहूं का 48 घण्टे में भुगतान प्रक्रिया।
- 'किसान मित्र' एप्प के माध्यम से भी पंजीकरण।
- बटाईदार के माध्यम से गेहूं खरीद की व्यवस्था।
- निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य में गतवर्ष के सापेक्ष रुपये 150 प्रति क्विंटल वृद्धि।

# धूप खिल कर निकली तल्ख होने लगा मौसम

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- शनिवार को तापमान में हुआ इजाफा, सरसों की कटाई एवं आलू की खुदाई शुरू

**अमृत विचार।** अब लोगों को सर्दी से राहत मिलती दिख रही है। फरवरी माह में जिले में मौसम ने मिजाज बदलना शुरू कर दिया है। तापमान में इजाफा होने से दिन में तल्ख धूप के साथ हल्की गर्मी महसूस होने लगी है। जबकि मौसम परिवर्तन के साथ सरसों की कटाई व आलू की खुदाई का काम शुरू होने से खेतों में चहल पहल दिखने लगी है।

जिले में तपमान में उतार चढ़ाव का सिलसिला जारी है। गुरुवार रात में बदली के साथ ही पारा सामान्य से करीब एक डिग्री ऊपर पहुंच गया। वहीं हवा की रफ्तार भी धीमी रही। शनिवार को ठंडी हवा के साथ दिन शुरू हुआ। आसमान साफ होने व धूप निकलते ही मौसम तल्ख होने लगा। दोपहर में धूप के साथ ही पारा सामान्य से चार डिग्री ऊपर रहने से हल्की गर्मी का अहसास हुआ। जबकि डेढ किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से उत्तर पश्चिमी हवा चलती रही। मौसम में आए बदलाव के साथ पककर तैयार सरसों की फसल के साथ लाही की कटाई व आलू की खुदाई का काम शुरू होने से खेतों में चहल पहल बढ़ गई। किसानों का कहना है कि वैसे तो मार्च में ही सरसों की कटाई का काम शुरू होता था, लेकिन तापमान में इजाफा होने से इस बार फसल जल्दी तैयार हो गई है। जबकि मौसम के बदलते तेवर से तैयार फसल को सुरक्षित करने में किसान जुट गए हैं। शनिवार को अधिकतम तापमान 28.0 डिग्री व न्यूनतम 10 डिग्री रहा। अभी हल्के मध्यम बादल रहने तथा 20 व 21 फरवरी को गरज चमक के साथ बारिश व ओले गिरने की भी संभावना है।

## सार-संक्षेप

### कल लगेगा रोजगार मेला, कराएं पंजीकरण

**फतेहपुर।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि हर हाथ, हर परिवार को रोजगार उपलब्ध कराते हुए उसे आत्मनिर्भर बनाने के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा 19 फरवरी को प्रात: 11:00 बजे ठा. युवराज सिंह प्राइवेट आईटीआई शान्तिनगर में रोजगार मेला व करियर काउन्सिलिंग कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश स्तर की कंपनियों द्वारा प्रतिभाग कर योग्य अभ्यर्थियों को वेतनमान 8500 से 18500 के लिए चयनित कर सेवायोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए अभ्यर्थी का सेवायोजन पोर्टल पर पंजीयन साथ ही रोजगार मेले के लिए आनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है। कोई भी अभ्यर्थी जो इंटर, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा उर्तीण, आयु 18 से 35 वर्ष तक हो उक्त तिथि को अपने पंजीयन प्रपत्र व समस्त प्रमाण पत्रों सहित आयोजन स्थल पर प्रात: 10 बजे तक अवश्य उपस्थित हो। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए विभाग के पोर्टल पर अथवा किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय में उपस्थित होकर व कार्यालय के दूरभाष संख्या 05180-298602 पर भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### रोटावेटर में फंस कर किशोर की मौत

**फतेहपुर।** सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के ग्राम इजूरा बुजुर्ग में शनिवार की दोपहर खेत की जुताई करते समय रोटावेटर में फंसकर 16 वर्षीय किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। थाना क्षेत्र के देवारा गांव निवासी राकेश यादव का पुत्र गोरेलाल उर्फ अरूण शनिवार को दोपहर इजूरा बुजुर्ग गांव निवासी पलटू पुत्र इजराइल के खेत की रोटावेटर की जुताई कर रहे थे। इसी दौरान किशोर उसमें फंस गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

### अलग-अलग सड़क हादसों में दो घायल

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोमवार की दोपहर आरक्षी पुलिस भर्ती की परीक्षा देकर बाइक से घर आ रहे 26 वर्षीय एक युवक को ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। इसी प्रकार मलवां थाना क्षेत्र के सौंरा के समीप बाइक की चपेट में आ जाने से 35 वर्षीय युवक बुरी तरह घायल हो गया। दोनों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। राधानगर थाना क्षेत्र के मलाका गांव निवासी ओमकार का पुत्र सोहित आरक्षी पुलिस भर्ती की परीक्षा देने कल्यानपुर थाना क्षेत्र के सर्वोदय इंटर कालेज गोपालगंज गया था। परीक्षा समाप्त होने के बाद वह बाइक से जैसे ही कुछ दूर एनएच-2 पर पहुंचा तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। उधर गाजीपुर थाना क्षेत्र के सतखरा गांव निवासी रामनजर दुबे का 26 वर्षीय पुत्र अजय मलवां थाना स्थित प्लाइवुड फैक्ट्री में नौकरी करता है। सुबह सड़क पार कर रहा था इसी दौरान बाइक ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

### युवती ने खाया जहर, हालत गंभीर

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम जगन्नाथपुर में शनिवार की दोपहर मां की डांट से क्षुब्ध 18 वर्षीय युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया जहां उसकी हालत गंभीर देख कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जगन्नाथपुर गांव निवासी सूरजबली की पुत्री चेतना को शनिवार दोपहर उसकी मां ने किसी बात को लेकर डांट-डपट दिया। इसी बात से क्षुब्ध होकर उसने जहर खा लिया। जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया।

### छत्रपति शिवाजी की शोभायात्रा की बनी रणनीति

**धाता फतेहपुर।** छत्रपति शिवाजी की शोभा यात्रा के आयोजन को लेकर शुक्रवार को नगर में एक बैठक संपन्न हुई। जिसमें संगठनों के पदाधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से तय किया गया कि नगर में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती को धूमधाम एवं भाईचारे के साथ मनाया जाएगा। जिसकी विचार-विमर्श के बाद रूपरेखा तय की गई। मनोज सिंह ने कहा कि 19 फरवरी दिन सोमवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की शोभा यात्रा का आयोजन किया जायेगा। यात्रा अहमदपुर कुसुंम्भा से शुरू होकर नगर पंचायत धाता में विभिन्न रास्तों से निकलेगी। वहीं सर्वेश सिंह ने कहा उनकी जयंती 19 फरवरी को सभी धर्मों के लोगों के साथ मनाना है। मनोज सिंह, राज, सर्वेश सिंह, प्रवीण सिंह, पिंटू सिंह, मुकेश सिंह, अजय सिंह चंद्रौल, नीतीन सिंह, ओपी, सोनू सिंह, अजीत सिंह, अजीत चांसलर, विवेक सिंह आदि मौजूद रहे।

# नौकरी लगवाने को रकम ली फिर गढ़ दी लूट की कहानी

संवाददाता, किशनपुर फतेहपुर

- यदु कोचिंग के नाम से खागा में चलता है आरोपी का कोचिंग संस्थान

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के रायपुर भसरौल के ठाकुरन डेरा से बीती रात बाइक में रखे पचास हजार रुपए और बाइक चुरा ले जाने की सूचना पुलिस को दी गई। बताया गया चोर चार पहिया वाहन से आए थे। मामले में जब पुलिस ने छानबीन की तो पैसे के लेन देन का मामला निकला।

खागा के यदु कोचिंग संस्थान में हिमांशु केसरवानी निवासी थरियाव में कोचिंग करता था। यदु कोचिंग में ही इलाहाबाद का रहने वाला हेमंत कुमार विज्ञान पढ़ाता था। वहीं पर एक साल पहले नौकरी दिलाने के नाम पर हिमांशु से 65 हजार रुपए लिए गए थे। जिसमें कोचिंग के संचालक लक्ष्मण यादव निवासी बम्हरौली थाना धाता ने ली थी। एक साल तक जब पैसे वापस नहीं हुए तो हिमांशु केसरवानी ने थाना थरियांव में कोचिंग संचालक लक्ष्मण यादव के खिलाफ तहरीर दी। दोनों पक्षों में 15000 रुपए हर माह किस्त देने पर मामला निपट गया। 15 तारीख को समझौते के हिसाब से किस्त का पैसा देना था। तो लक्ष्मण यादव ने रायपुर भसरौल में संचालित अपने स्कूल में इन लोगों को बुलाया। लेकिन बाइक खड़ी कर के कहीं चला गया तो हिमांशु, उसके दोस्त प्रतीक और कमल लोधी ने स्कूल के बाहर खड़ी बाइक ले के चले आए। बाइक स्कूल में पढ़ाने वाले अरविंद कुमार यादव की थी। जिसने जरिए फोन बाइक और पैसा चुरा ले जाने की बात थाना पुलिस को बताई थी। दोनो पक्षों ने समझौता कर लिया।

# मौसम के बदलते मिजाज से बढ़ने लगे मरीज

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- जिला अस्पताल की ओपीडी में रोजाना लग रही भीड़
- सर्दी जुकाम समेत बुखार एवं पेट सम्बंधी मरीज आ रहे

**अमृत विचार।** फरवरी माह में बार-बार मौसम का रुख तेजी से बदल रहा है। ऐसे में मरीजों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। सर्दी, जुकाम, बुखार के साथ अब लोग दस्त की भी चपेट में आ रहे हैं। जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीज एवं तीमारदारों की भीड़ जुट रही है।

मौसम सुर्ख होने से अचानक बढ़ी मरीजों की संख्या से जिला अस्पताल में भी खासी भीड़ बढ़ रही है। शनिवार को अस्पताल में पर्चा काउंटर पर भीड़ से अफरा तफरी देखने को मिली। कतार में खड़े लोगों का हंगामा देखकर सुरक्षा कर्मियों ने व्यवस्था संभाली। पिछले दो दिनों से अस्पताल में सर्दी, जुकाम, बुखार के साथ दस्त के भी मरीज आ रहे हैं। मरीजों की संख्या में इजाफा होने के बाद भी डॉक्टर अभी तक अपनी मनमानी कर रहे हैं। अस्पताल में उच्चाधिकारियों का निरीक्षण होने के बाद भी यहां पर मरीजों को जो सुविधायें मिलनी चाहिए वह नहीं मिल पा रही हैं। शनिवार को भी डॉक्टर यहां पर लेट लतीफ बैठे। जबकि मरीज सुबह जल्दी ही पहुंच गये थे। चेस्ट फिजीशियन, पैथोलाजिस्ट, बाल रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ और सर्जन ने मरीजों को देखा। सर्वाधिक मरीज हड्डी रोग विशेषज्ञ, सर्जन और चेस्ट फिजीशियन के पास पहुंचे। लंबी लाइन लगने से दूर दराज से आए मरीजों को असुविधा का सामना करना पड़ा। पर्चा काउंटर पर 1021 पर्चे बने थे। काउंटर पर बने पर्चों में खासा इजाफा हुआ है। अभी तक औसत 750 के आस पास चल रहा था। मौसम का रुख तेजी से बदल रहा है। मौसम के उतार चढ़ाव से लोग विभिन्न रोग की चपेट में आ रहे हैं।



जिला अस्पताल में जुटी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

### कमजोर हो रहा सर्दी का असर पर बढ़ रही बीमारी

बदल रहे मौसम से जहां सर्दी का असर कमजोर हो रहा है, लेकिन जुखाम बुखार, खासीं, बदन दर्द, सिरदर्द, आंखों में जलन, पेट दर्द आदि बीमारियों का प्रकोप बढ़ने लगा है। इनमें भी विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए ज्यादा समस्या हो रही है। दिन में धूप निकलने पर लोग गर्म कपड़े पहनने के साथ ही खानपान में लापरवाही बरतने लगे हैं। जिससे वह बीमारियों की चपेट में पहुंच रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि दिन में धूप निकलने व सुबह व शाम मौसम सर्द रहने में लोग लापरवाही शुरू कर देते हैं। दिन में धूप से आने के बाद फ्रिज का पानी नुकसानदेह हो सकता है।

# परिषदीय प्रधानाध्यापकों का सम्मान

संवाददाता, खागा फतेहपुर

**अमृत विचार।** बालिका शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत एजुकेट गर्ल संस्था के स्थापना दिवस पर शनिवार को विकास खंड के आधा सैकड़ा से अधिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं इंचार्ज प्रधानाध्यापकों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

ग्रामीण भारत में बालिकाओं के शिक्षा के लिए काम कर रही गैर लाभकारी संस्था एजुकेटेड गर्ल अपना 16वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्या है तो मुमकिन है, बिटिया पढ़ेगी तो आगे बढ़ेगी, की थीम पर आयोजित एजुकेट गर्ल्स संस्था की स्थापना दिवस समारोह में टीम बालिकाओं स्वयंसेवक, संस्था के कर्मचारी सरकारी अधिकारियों ने हिस्सा लिया। समारोह में बालिका शिक्षा के लिए श्रेष्ठ योगदान देने एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले टीम संस्था द्वारा शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

एजुकेट गर्ल संस्था के जिला ऑपरेशन लीड अर्जुन कुमार ने कहा कि हम पिछले 16 सालों से शिक्षा रूपी अंधकार को मिटाने के लिए प्रयासरत हैं। हम शिक्षकों के प्रतिद्वंद्वी नहीं हैं। हमारे 18 हजार से ज्यादा स्वयंसेवक दिन रात अशिक्षा रूपी बीमारी को पूरी तरह खत्म करने के प्रयास में जुटे हैं। हमारा यह प्रयास देश के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ने तक जारी रहेगा। हम सरकार के साथ मिलकर बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कम से कदम मिलाकर चल रहे हैं।


स्थापना दिवस पर सम्मानित करते खंड शिक्षा अधिकारी- राम पूजन पटेल।

# वकील के खिलाफ बार काउंसिल से शिकायत

**फतेहपुर।** बिंदकी तहसील के एक अधिवक्ता के खिलाफ बिंदकी अधिवक्ता संघ कार्यालय से दस्तावेज उठा ले जाने और पैरलर एल्डर कमेटी का गठन करने की शिकायत आदर्श अधिवक्ता संघ बिंदकी ने बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश को पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग की है।

सचिव बार काउंसिल को दिए शिकायती पत्र में आदर्श अधिवक्ता संघ बिंदकी के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया है कि बिंदकी तहसील में अधिवक्ता जय नारायण सिंह उर्फ गोली सिंह ने दबंगई करते हुए बिना अनुमति के अधिवक्ता भवन में मीटिंग कर रजिस्टर और हिसाब के कागज उठा ले गए और अवैधानिक तरीके से पैरलर एल्डर्स कमेटी का गठन कर लिया।

# दूसरी खरीद कर लाया, पहली पत्नी को भगाया

संवाददाता, औंग फतेहपुर

- पीड़ित महिला ने थाने में तहरीर देकर लगाई गुहार
- दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं पीड़िता

**अमृत विचार।** थाना कल्यानपुर के ग्राम भाऊपुर निवासी धर्मेन्द्र पुत्र बाबूराम पासवान ने तेरह वर्ष पूर्व हिंदू रीति रिवाज से ब्याह कर लाई अपनी पहली पत्नी शिमला देवी को उस समय लात घूंसो से मारकर घर से भगा दिया, जब इसने खरीद कर लाई दूसरी औरत को घर में ही साथ रहते देख लिया।

पीड़ित महिला शिमला देवी ने 11 फरवरी को थाने में लिखित तहरीर दिया है। जिसमें आरोप लगाया है कि अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर उसका पति माह जुलाई में एक अज्ञात औरत को लेकर घर में रहने लगा था। जिसका विरोध हुआ और पुलिस चौकी चौडगरा में शिकायत करने पर आरोपी को बुलाकर पुलिस ने पूछताछ की तो उसने दूसरी औरत लाने की बात से साफ इंकार किया। शिकायत कर्ता महिला अपने मायके थाना औंग के ग्राम परसदेपुर चली आई और उधर इसका पति फिर दूसरी औरत के साथ घर में आराम से रहने लगा। जब महिला वापस ससुराल आई तो पति धर्मेन्द्र ने उसे मारा पीटा और कथित दूसरी पत्नी लेकर चला गया।

**पीड़ित महिला के पास ससुराल में कोई रहने की जगह नहीं** :ुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार घर में रहने के लिए पीड़ित महिला के पास ससुराल में कोई सुरक्षित कमरा या जगह नहीं है। बल्कि जो सरकारी आवास महिला के नाम बना है उसमें ताला लगा दिया गया है। पति के अलावा उसके सास ससुर, देवर आदि भी पीड़ित महिला को घर से बाहर जाने के लिए पीड़ित व प्रेरित करते रहते हैं। अभी 9 फरवरी को महिला की अजिया सास का देहान्त हो गया तो उसका पति आया तो सरकारी आवास का ताला खोलने को लेकर पति ने फिर उसके साथ मारपीट की तो पीड़ित महिला के द्वारा 112 नम्बर डायल कर दिया गया।

जिसकी पुलिस आई और चाभी देने की बात कही तो पति ने कहा कि चाभी खो गई है। यहां पर भी 112 नम्बर की पुलिस का कोई जोर नहीं चला। अंततः उक्त पुलिस ने महिला को सलाह दी की अभी अपने पिता के घर जाओ अगले दिन थानाध्यक्ष को अपनी पूरी बात बताइए।

### एक सप्ताह बाद भी कोई कार्रवाई नहीं

पीड़ित महिला बार-बार थाने जा रही है लेकिन न तो उसकी एफआईआर लिखी गई और न ही उसके साथ न्याय हुआ। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने आरोपी धर्मेन्द्र तथा उसकी कथित दूसरी पत्नी को थाने बुलाकर पूछतांछ किया। जिसमें ज्ञात हुआ कि कथित पत्नी का नाम संजना है और यह खरीद कर लाई गई है। बस इसके बाद दोनों को छोड़ दिया गया। सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि पीड़ित महिला ने शुक्रवार को एसपी को भी एक लिखित तहरीर देकर एफआईआर की मांग की है। पुलिस ने बताया है कि तहरीर प्राप्त हुई है, जिसकी जांच चल रही है।

**डीएम साहब! जरा ध्यान दीजिए** — देश की आजादी से लेकर अभी तक नहीं बनी है सड़क, गांव तक नहीं पहुंचते कोई वाहन, बारिश के दिनों में नर्क जैसा हो जाता हाल

# बीमार लोगों के लिए 'बैलगाड़ी एंबुलेंस' ही जान बचाने का सहारा

नरसिंह मौर्य, असोथर फतेहपुर

**अमृत विचार।** हाईटेक व्यवस्थाओं के बीच यदि किसी मरीज को बैलगाड़ी से अस्पताल तक पहुंचाना पड़े तो सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि गांवों की हालत क्या हो सकती है। एक ओर जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार बेहतर करने के दावे किए जा रहे हैं तो वहीं इलाज तो दूर एंबुलेंस की सेवा भी मरीजों तक नहीं पहुंच रही है। एक ऐसा ही नजारा असोथर के सीर गांव में देखने को मिला। बीमार चल रहे पुत्र को परिजन गांव के रास्ते बदहाल होने के कारण एंबुलेंस नहीं पहुंचने पर बैलगाड़ी का सहारा लेकर अस्पताल पहुंचना पड़ा।

आजादी के इतने सालों बाद भी दोआबा में कई गांव ऐसे हैं, जो बुनियादी सुविधाओं से महरूम हैं। सड़क न होने की वजह से ग्रामीणों को तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बीमार व्यक्ति को अस्पताल तक ले जाने के लिए खाट या बैलगाड़ी और कांवड़ ही सहारा बनता है। ये तस्वीरें जिले स्थित यमुना कटरी क्षेत्र के नगर पंचायत असोथर के एक गांव की है। सीर गांव निवासी रामआसरे का 25 वर्षीय पुत्र सुनील एक साल पहले छत से गिरने से रीढ़ की हड्डी टूट गई थी। जिसका इलाज सरकारी अस्पतालों समेत प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है। तभी से वह बिस्तर पर ही है। अस्पताल तक ले जाने के लिए गांव तक एंबुलेंस नहीं पहुंच सकती है। क्योंकि यहां तक सड़क ही नहीं बनी है। ऐसे में उसे परिजन बैलगाड़ी एंबुलेंस से अस्पताल तक पहुंचाया।


बीमार युवक को बैलगाड़ी से अस्पताल ले जाते परिजन।


बारिश के दिनों में कुछ ऐसे रास्तों से गुजर कर स्कूल जाते बच्चे। फाइल फोटो

### सांसत में रहती हैं ग्रामीणों की जान

सदर तहसील क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत असोथर के सीर गांव के ग्रामीणों की जान सांसत में आ जाती है। गांव की दुर्दशा देख ग्रामीण भगवान से यहीं कामना करते हैं की बीमार न पड़ें। ग्रामीण गांव से किसी बीमार मरीज को खटिया पर टांग कर अस्पताल तक ले जाते हैं। एक मरीज को शहर ले जाने के लिए 4 आदमी की जरूरत पड़ती है। नेताओं और अफसरों तक ग्रामीणों ने सड़क को लेकर कई बार शिकायत की, लेकिन निदान नहीं हुआ है।

### विकास के दावों को झूठला रही है तस्वीर

फतेहपुर लोकसभा व अयाह शाह विधानसभा में विकास और सड़क को लेकर हर रोज नए-नए दावे किए जा रहे हैं। ऐसे में सीर गांव की ये तस्वीर सरकारी दावों की कलई खोल रही है। बरसात में गांव की हालत ऐसी हो जाती है कि गाड़ी तो दूर, यहां से पैदल निकलना भी मुश्किल है। ये हालत सिर्फ सीर गांव की ही नहीं जिले के यमुना कटरी क्षेत्र के अधिकांश गांवों की स्थिति कुछ ऐसी ही है।

#### बदहाल रास्ते बीमारों के लिए जानलेवा

इस गांव तक पहुंचने के लिए सड़क नहीं है। गांव के बीमार को परिवार के लोग बैलगाड़ी पर लेकर अस्पताल जाते हैं। ऊबड़ खाबड़ रास्ते पर परिवार के लोगों को डर बना रहता है कि देर होने पर कभी अपने घर के परिजनों को न खो दें। बारिश में खाट या कांवड़ पर लेकर जाते समय पैर फिसलने पर खुद भी गिर सकते हैं।

#### मेन रोड तक मरीजों को ऐसे ही ले जाते

ग्रामीणों का कहना है कि यह सिर्फ एक दिन की स्थिति नहीं है। गांव के लोग बीमार लोगों को मेन रोड तक ले जाने के लिए आए दिन ऐसी ही परिस्थितियों का सामना करते हैं। बारिश के दिनों में गांव की सड़क दलदल में तब्दील हो जाता है।गांव के गोविंद, मुन्ना, सुखराम, अनिल, सतेंद्र बताते हैं कि आजादी से लेकर अब तक इस गांव में कोई सड़क नहीं बनी है। बच्चे हल्की बारिश में गिरते पड़ते स्कूल जाते हैं। ज्यादा बारिश में जलभराव होने के कारण बच्चों का स्कूल जाना भी बंद हो जाता है।

#### रात में बढ़ जाती हैं मुश्किलें

ग्रामीण कहते हैं कि यदि किसी की तबीयत रात में बिगड़ गई तो मुश्किल और बढ़ जाती है। रात के समय में लोग सोते रहते हैं। गांव से खाट, कांवड़ या बैलगाड़ी पर लाद कर बाहर ले जाने के लिए लोगों की जरूरत पड़ती है। ऐसे में लोगों को मरीज को अस्पताल ले जाने के लिए पहले लोगों को इकट्ठा करना पड़ता है।

# किशनपुर-असहट सड़क बनाने के नाम पर खानापूर्ति

संवाददाता, किशनपुर फतेहपुर

- सड़क मरम्मत के नाम पर हो रहा सरकारी धन का बंदरबाट
- दांदों यमुना ब्रिज के निर्माण से सड़क की उपयोगिता नहीं

**अमृत विचार।** कस्बे से महावतपुर असहट को जाने वाली सड़क के बीच से दादों यमुना ओवरब्रिज का निर्माण होने के बाद से यह सड़क अनुपयोगी हो गई है। लेकिन लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क मरम्मतीकरण के नाम पर लाखों रुपये खर्च कर खानापूर्ति की जा रही है।

किशनपुर थाना समीप से महावतपुर असहट गांव के लिए लगभग 200 मीटर की सड़क का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा दशकों पहले कराया गया था। जिसके बीच से बीते साल किशनपुर दादों यमुना ओवरब्रिज का निर्माण हो गया है। जिससे सड़क अनुपयोगी हो गई है। इसके बावजूद जिम्मेदारों ने बिना सत्यापन किए सड़क के मरम्मतीकरण का बजट जारी कर बाकायदा टेंडर कर दिया। अब 100 मीटर सड़क ही किशनपुर की तरफ दिख रही है। जिस पर ठेकेदार खानापूर्ति कर मरम्मत की जा रही है और धन का बंदरबांट कर रहे हैं। जब गांव क्षेत्र के लोगों ने उपयोगी सड़कों को छोड़ निष्प्रयोजित सड़क को बनाने का कारण पूछा तो कोई जिम्मेदार जवाब नहीं दे सके। यहां तक संबंधित जेई सड़क में खर्च होने की धनराशि नहीं बता सके। जेई अरविंद कुमार ने बताया कि सड़क का निर्माण मानक के अनुसार हो रहा है। ओवरब्रिज निर्माण के पहले सड़क मरम्मत का बजट जारी हो गया था।

# बिंदकी: हर चौराहे पर वाहन स्टैंड

## अतिक्रमण के गुनहगार: शासन से रोक लगाने के बाद भी संचालित हो रहे अवैध स्टैंड

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार के अवैध वाहन स्टैंड पर रोक लगाये जाने के बावजूद संचालित हो रहे हैं और खाकी खामोश है। बिंदकी चौराहे पर खड़े होने वाले आड़े-तिरछे वाहन जाम की समस्या पैदा करते हैं। नगर में हर घंटे जाम की स्थिति से लोगों को गुजरना पड़ता है। बिंदकी कस्बे में संचालित अवैध टैक्सी स्टैंड मामले में पुलिस प्रशासन व नगर पालिका प्रशासन भी गुनहगार हैं क्योंकि यहां हर चौराहे पर अवैध स्टैंड सड़कों पर बने हुए हैं। इस कारण न सिर्फ वाहनों की रफ्तार रुकती है, बल्कि हादसे के कारण बन रहे हैं। बताते चले कि नगर के गांधी चौराहे, ललौली चौराहे, कुंवरपुर रोड, ललौली रोड, बिंदकी से जहानाबाद आदि मार्ग में स्टैंड संचालित होते हैं।

**पालिका नहीं तलाश सका स्टैंड के लिए भूमि:** नगर पालिका प्रशासन बिंदकी ने पिछले सालों स्टैंड के लिए भूमि की तलाश शुरू की थी लेकिन फिर अभियान सुस्त पड़ गया। बताया जाता है कि नगर के बाहर स्टैंड संचालित करने की तैयारी थी लेकिन स्टैंड संचालकों के आगे प्रशासन भी सुस्त पड़ गया।



कुछ इस तरीके से चौराहों में खड़े रहते वाहन।

- हर घंटे जाम की स्थिति से गुजरते हैं नगरवासी, निजात नहीं

### सफेदपोशों के संरक्षण में चल रहे स्टैंड

पुलिस की तमाम कोशिशों के बाद भी व्यवस्था पटरी पा नहीं आ सकी है। हालांकि स्टैंड से नजराने की वसूली की चर्चायें भी हो रही हैं। सूत्र बताते हैं कि ऐसे लोगों को सफेदपोशों का संरक्षण भी मिला है। गांधी चौराहा स्टैंड से रोजाना हजारों की वसूली की जाती है। इसके चलते पुलिस प्रशासनिक अधिकारी इन पर सख्ती नहीं करते।

### जहां लगती पिकेट वहीं से संचालित होता टैंपो स्टैंड

बिंदकी के ललौली चौराहे पर पिकेट पुलिस तैनात रहती है। कुछ कदम की दूरी पर ही टैंपो स्टैंड है। तिपहिया वाहनों को सात सवारियों का परमिट मिला है लेकिन क्षमता से अधिक सवारी भरी जाती हैं। यहां तक गाड़ी के बाहर सवारियां लटका ली जाती हैं और जिम्मेदार खामोश बनकर देखते रहते हैं। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता कि अवैध कामों में कितनी रोक लगाई जाती है।

### एक भी स्थान स्टैंड के लिए चिह्नित नहीं

बिंदकी नगर में कईयों स्थानों पर अवैध स्टैंड बने हुए हैं। डग्गामार वाहन चालक कहीं पर अपने वाहन को खड़ा कर उसमें सवारी बैठाने लगते हैं, जिससे हादसे बढते हैं और जाम भी लगता है। अधिकारी देखकर भी अनदेखा कर देते हैं। इस कारण जाम लगता है और हादसे भी होते हैं। नगर पालिका प्रशासन की ओर से स्टैंड अधिकृत नहीं है।

### प्रशासन को चाहिए सख्त रुख अख्तियार करे

नगरवासियों सहित आसपास के लोगों का कहना है कि लगने वाले वाहनों के जाम की समस्या को देखते हुए सख्त रूख अपनाना चाहिए। जिससे जाम के साथ होने वाले हादसे से निजात मिल सके। पिछले सालों में थाने स्तर पर बैठक भी आयोजित हुईं लेकिन कार्यवाही के नाम पर बदलाव नहीं दिखा। जिसके कारण स्थिति जस की तस बनी हुई है।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान कारण पता नहीं

**किशनपुर फतेहपुर।** थाना क्षेत्र के चदनापुर मजरे गाजीपुर गांव में देर रात विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। कुछ देर बाद परिजनों ने महिला का शव फांसी पर लटका देखा तो परिजनों में कोहराम मच गया। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई पुलिस ने शव को उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना क्षेत्र के जालंधरपुर गांव निवासी देवराज की 30 वर्षीय पुत्री प्रेमकली का विवाह करीब 13 साल पहले चदनापुर गांव निवासी लल्लू निषाद के बेटे विजयपाल के साथ हुआ था। तब से दोनों साथ-साथ रहते थे। इस दौरान प्रेमकली ने चार बच्चों को जन्म भी दिया। अभी हाल ही में उसका पति विजयपाल प्रदेश में रहकर मजदूरी करने चला गया। बीते शुक्रवार की देर रात प्रेमकली ने बरामदे में पंखे में फांसी लगाकर जान दे दी। कुछ देर बाद परिजनों ने प्रेमकली का शव फांसी पर लटका देखा। जिसके बाद परिजनों में चीख-पुकार शुरू हो गई।

# पिटाई के बाद मुंह दबा पत्नी की ली थी जान

अमृत विचार फॉलोअप

- दो दिन पहले संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता का कमरे में मिला था शव
- मां की तहरीर पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज, पति सहित ससुरालीजन फरार

संवाददाता, असोथर फतेहपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र में नवविवाहिता बेटी का फोन नहीं उठाने पर मां को कुछ शक होने पर परिवार के साथ पुलिस को लेकर बेटी के ससुराल पहुंची और जब पुलिस ने दरवाजा खोलकर अंदर देखा तो चरपाई पर शव पड़ा था। मां ने दहेज के लिए बेटी की हत्या करने की तहरीर दी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

असोथर थाना क्षेत्र के कंधिया गांव के रहने वाले मोनू सिंह उर्फ रावेंद्र सिंह की 24 वर्षीय पत्नी पारुल उर्फ कौशिकी की बीती रात घर के अंदर चरपाई पर संदिग्ध परिस्थितियों में शव पड़ा था। मायके पक्ष के सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतका की मां रेनू सिंह पत्नी वीर सिंह निवासी थवई थाना ललौली ने पुलिस को तहरीर दिया था कि बीते दिन 14 फरवरी दिन बुधवार की रात में बेटी को कई बार फोन करने पर जब नहीं उठा तो परिवार के साथ पुलिस को लेकर बेटी के ससुराल पहुंची, तो पुलिस ने दरवाजा खोलकर अंदर जाकर देखा तो चरपाई पर बेटी का शव पड़ा था।

मृतका की मां ने तहरीर में लिखकर दिया था कि बेटी की शादी 11 मार्च 2023 को मोनू सिंह उर्फ रावेंद्र सिंह के साथ बड़े ही धूमधाम से किया था। शादी के कुछ माह बाद दामाद दहेज की मांग को लेकर बेटी को प्रताड़ित करने लगा था। यह बात बेटी ने कई बार फोन पर बताया था। अभी कुछ दिन पहले बेटी के साथ मारपीट करने पर बेटी ने महिला थाना में शिकायत किया था। जहां पर दामाद ने समझौता करने के बाद बेटी को घर ले गया था। उसके बाद रोज बेटी को प्रताड़ित करता था। बीती रात 14 फरवरी के दिन बेटी की हत्या कर दिया।

मृतका का पति मोनू सिंह उर्फ रावेंद्र सिंह घर पर परचून की दुकान चलाता था। मायका पक्ष की मानें तो गांजा और शराब की बिक्री भी करता था। पति शराब पीने का लती और अपराधी किस्म का था। थाना प्रभारी विनोद कुमार मौर्य ने बताया कि हत्यारोपी पति की तलाश में दबिश दी जा रही है।

### मृतका के शरीर में मिलीं 13 चोटें

थाना क्षेत्र के कंधिया गांव में कौशिकी उर्फ पारुल की हत्या पति ने मुंह और गला दबाकर की थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दम घुटने से मौत आई है। इस दौरान गला भी दबाया गया। गले के अलावा शरीर पर चोट के 13 निशान मिले हैं। हत्या से पहले कौशिकी सिंह की बेरहमी से पिटाई की गई थी।



पारुल।

# वर्दी के लिए रैन बसेरों में पढ़ाई कर काटी रात, सुबह दी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई पहले दिन की पुलिस भर्ती परीक्षा
- जिले में 21 केन्द्रों में दो पालियों में हुई परीक्षा

**अमृत विचार।** पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर शनिवार को पहले दिन ही युवकों की खासी भीड़ रही। इसके लिए जिले में 21 केन्द्र बनाए गए हैं। जिनमें 10 हजार 896 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे। दो पालियों में अपने निर्धारित समय पर परीक्षा का आयोजन किया गया। इसके लिए पुलिस, प्रशासन तथा शिक्षा विभाग की ओर से सभी तैयारियां पहले ही पूरी कर ली गई थी।

सुबह की पाली में गहन तलाशी के बाद केन्द्रों में परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। दो घंटे पहले ही केन्द्र के अंदर प्रवेश हुए परीक्षार्थियों ने सारी औपचारिकता पूरी करते परीक्षा में शामिल हुए। इस दौरान कोई प्रपत्र के लिए तो कोई समय पर अपने केन्द्र पहुंचने के लिए इधर उधर दौड़ लगाते रहे। परीक्षा केन्द्रों में सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षा सम्पन्न कराई गई। शुचिता के लिए डीएम सी. इंदुमती, पुलिस कप्तान समेत सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट भी लगातार परीक्षा पर नजर रखने के लिए निरीक्षण करते रहे। परीक्षा में मोबाइल और डिवाइस ले जाने पर कड़ा प्रतिबंध रहा। इसी तरह से द्वितीय पाली में भी परीक्षार्थियों को गहल तलाशी के बाद ही केन्द्रों में प्रवेश दिया गया। दोनों पालियों में शांतिपूर्वक परीक्षाएं सम्पन्न हो गईं।

परीक्षा को नकलविहीन सम्पन्न कराने के लिए शनिवार की परीक्षा में जिलाधिकारी सी.इंदुमती, पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने संयुक्त रूप से सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कालेज वीआईपी रोड, अभय प्रताप सिंह महाविद्यालय बिंदकी एवं मां शारदा महाविद्यालय बिंदकी का औचक निरीक्षण किया। अफसरों ने सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया।



परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर दिशा निर्देश देती डीएम-एसपी। अमृत विचार



परीक्षा केन्द्रों के गेट में गहन तालाशी के बाद दिया गया प्रवेश। अमृत विचार

### खुफिया निगाहें भी पूरी तरह रहीं सक्रिय

पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों तथा उनके अभिभावकों के शहर में आने और प्रश्नपत्र लीक होने जैसी आशंकाओं से बचने के लिए खुफिया तंत्र भी एलर्ट मोड पर रहा। हर ओर खुफिया निगाहें रही।

### परीक्षा केन्द्रों पर लगाए गए जैमर

पुलिस परीक्षा को लेकर प्रशासन और पुलिस बेहद सतर्क हैं। पर्चा लीक होने या नकल की आशंका को देखते हुए सभी इंतजाम किए गए हैं। सभी 21 परीक्षा केन्द्रों पर जैमर लगा दिए गए हैं। इसके चलते नेटवर्क काम नहीं किया।

### शहर की सड़कों में रही जाम की स्थिति

पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल होने आए हजारों परीक्षार्थियों के कारण शहर की सड़कों में जाम रहा। साउथ सिटी में भी कई परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं और वहां पहुंचने का रास्ता ओवरब्रिज से होकर जाता है ऐसे में यहां जाम लगता रहा।

### रैन बसेरों ने दी परीक्षार्थियों को राहत

पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए बाहर से आने वाले अभ्यर्थी और उनके अभिभावकों के लिए प्रशासन ने रैन बसेरों की व्यवस्था दुरुस्त कराई। रेलवे स्टेशन एवं रोडवेज बस स्टाप पर बने रैन बसेरों में एक दिन पूर्व पहुंचे तमाम परीक्षार्थियों ने रात गुजारी।

### घायल होने के बाद भी युवक ने दी पुलिस भर्ती परीक्षा

**बिंदकी फतेहपुर।** मन में कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो कोई भी व्यवधान आड़े नहीं आता है। ऐसा ही कुछ शनिवार को देखने को मिला। सिपाही भर्ती की परीक्षा देने आया युवक तेज रफ्तार टाटा मैजिक गाड़ी की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे पुलिस ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। गंभीर घायल अवस्था में होने के बावजूद थोड़ा आराम मिलने पर युवक परीक्षा देने केंद्र में गया और पूरे समय परीक्षा देने के बाद वापस बाहर निकला। जितेंद्र उम्र 21 वर्ष पुत्र कैलाश निवासी ग्राम सलेमपुर थाना धाता शनिवार की सुबह बिंदकी कस्बे के मोहल्ला कुंवरपुर रोड स्थित अभय प्रताप डिग्री कॉलेज में सिपाही भर्ती की परीक्षा देने आया था। वह सुबह लगभग 5:00 बजे प्राइवेट साधन से आया था। ठंड के कारण थोड़ी देर अलाव तापता रहा।

## सार-संक्षेप

### नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की...

**फतेहपुर।** लक्ष्मणपुर सामियाना के मध्य अवधेश सिंह चौहान के फार्म हाउस में चल रही श्रीमदभागवत कथा के चौथे दिन शनिवार को भागवताचार्य स्वामी मुक्तानन्द महराज ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा अपनी अमृतमयी वाणी से विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि माता देवकी सूक्ष्म बुद्धि व भगवान के पिता वासुदेव विशुद्ध हृदय है, जब बुद्धि सूक्ष्म व हृदय विशुद्ध हो जाता है, तब भगवान की प्राप्ति अवश्य होती है। उन्होंने आगे कथा का महात्म्य समझाया कि श्रीकृष्ण भगवान मथुरा से गोकुल पहुंचे। गोकुल इन्द्रियों का समूह है और नन्दराय भगवत अनुरागी हैं। जहां भगवान ने अनेकों प्रकार की लीलाएं की। इसलिए गोकुल उत्सव की भूमि है। उन्होंने संगीतमयी संकीर्तन द्वारा नन्द के आनन्द भयो.. का रसास्वादन बड़े भाव से कराया। मार्ग दर्शक स्वामी अजून शब्दानन्द पुरी जी महाराज, स्वामी सेवानन्द जी, साध्वी चेतना, अभिषेक सिंह, अवधेश सिंह चौहान, राजा सिंह कछवाह, धर्मेन्द्र सिंह भदौरिया, चन्दू, दीपू सिंह, रोहित सिंह, अरविन्द तिवारी, राजाराम तिवारी, सीताराम आदि मौजूद रहे।



कथावाचक स्वामी मुक्तानन्द महराज।

### बिजली चोरी पकड़ने गई टीम को दबंग ने दी धमकी

**किशनपुर।** बिजली बकाया वसूली एवं बिजली चोरी रोकथाम के लिए शनिवार किशनपुर विद्युत केंद्र की टीम क्षेत्र के मंगरियापुर मजरे सेलरहा गांव गई थी। जहां एक दबंग ने टीम को गाली गलौज कर दुबारा गांव आने पर गोली मारने की धमकी दी है। जिस पर लाइनमैन की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित विरुद्ध केस दर्ज किया। किशनपुर विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता अमित कुमार के निर्देशन में लाइनमैन दिनेश चंद्र, राजकरन व दीपक निषाद टीम के साथ क्षेत्र के मोगरिहापुर मजरे सेलरहा गांव में बिजली बकाया वसूलने और बिजली चोरी रोकथाम के लिए गए थे। जहां पर दबंग प्रवृत्ति का संतोष तिवारी पुत्र रामबली तिवारी गांव के एक विद्युत पोल में लगी स्ट्रीट लाइट को खोलकर देने को कहा। लाइनमैन ने मना कर दिया तो संतोष तिवारी नाराज होकर सभी विद्युत कर्मचारियों को गालियां देते हुए दोबारा गांव में आने पर गोली मारने की धमकी दिया। तथा लाइनमैन को बताया तेरे ही गांव के एक व्यक्ति को मैंने कुछ साल पहले जान से मारा था। अगर दोबारा तुम लोग फिर इस गांव में दिखाई दिए तो गोली मार दूंगा। गाली गलौज करते हुए गांव से भगा दिया। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि वीडियो की पुष्टि हम नहीं करते हैं। वहीं पूरे मामले में जेई अमित कुमार ने लाइनमैन दिनेश चंद्र से खागा कोतवाली में तहरीर दिलवाई है जिस पर कार्रवाई की मांग की गई है।

### नव निर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

**जाफरगंज।** विकास खंड खजुहा की ग्राम पंचायत सुल्तानगढ़ गांव स्थित किसान सेवा सहकारी समिति में नव निर्वाचित पदाधिकारियों को सचिव मुकेश कुमार तिवारी अध्यक्ष नवल किशोर पटेल, उपाध्यक्ष अवधेश उमराव सहित सदस्यों को शपथ दिलाई। ग्रामीणों ने निर्वाचित पदाधिकारियों को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। सहायक विकास अधिकारी सहकारिता प्रकाश चंद श्रीवास्तव, मिथुन, अजय कुमार अवस्थी, श्रीकांत दीक्षित, रंगपाल पटेल, राम अवतार, पूर्व प्रधान रामसेवक सिंह रहे।

### ब्लास्ट से गरीब मिस्त्री की मौत पर सभी को सदमा

**फतेहपुर।** फतेहाबाद से रोटी की तलाश में बकेवर आये मुन्नन की बीते दिन शुक्रवार को बस डीजल टंकी में वेल्डिंग करते समय ब्लास्ट से हुई मौत को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। पिछले काफी दिनों से बकेवर बाजार में चल रही वेल्डिंग की दुकान पर पुलिस और अग्नि शमन विभाग की नजर क्यों नहीं पड़ी। सवाल यह है कि वेल्डिंग जैसे संवेदनशील काम के लिए रखे गए श्रमिक का श्रम विभाग द्वारा पंजीकरण क्यों नहीं कराया गया। नायब तहसीलदार बिंदकी अमरेश सिंह घटना की जांच करने पहुंचे और मृतक परिजनों को तीस हजार रुपये की सरकारी सहायता राशि देने की घोषणा की है। नायब तहसीलदार ने बताया कि फिलहाल अहेतुक राशि दी जाएगी।

### कूड़ा ही कूड़ा



**गाजीपुर।** एक ओर पूरे देश में स्वच्छ भारत अभियान का डंका पीटा जा रहा है। वहीं कई स्थानों में अभियान की हवा निकलती दिख ही जाती है। अब इस तस्वीर को ही देखिए, गाजीपुर कस्बे के बहुआ रोड के किनारे बड़े-बड़े कूड़े के ढेरों पर आपकी नजर सहज ही पड़ जाएगी। ऐसा नहीं है कि यह मात्र एक या दो दिन की स्थिति हो। यह हालात यहां पर हमेशा देखने को मिलते हैं। जिसके चलते स्थानीय लोगों को जहां संक्रामक रोगों का भय सताता रहता है वहीं इन्ही में मच्छरों की फौज तैयार होती है, जो विभिन्न जानलेवा रोगों के जनक होते हैं। बावजूद इसके जिम्मेदारों की नजर इस गम्भीर समस्या पर नहीं पड़ती है।

# परीक्षा डयूटी पर जा रहे दो सिपाही घायल

संवाददाता, थरियांव फतेहपुर

**अमृत विचार।** पुलिस भर्ती परीक्षा में डयूटी करने जा रहे बाइक सवार दो सिपाहियों को चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दो पुलिस कर्मी गम्भीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पुलिस अधिकारी घायलों को देखने पहुंचे।

थरियांव थाना क्षेत्र स्थित बिलंदा मोड़ नेशनल हाईवे के पास पीछे से चार पहिया की टक्कर लगने से खागा कोतवाली में तैनात बंटी (26) और सुबोध (25) गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायल बंटी ने बताया कि मेरी ड्यूटी एएस इंटर कालेज पुलिस परीक्षा में ड्यूटी लगी थी। वहीं दूसरे साथी सुबोध की ड्यूटी जीआईसी में लगी थी। दोनों लोग एक साथ एक बाइक में शहर मुख्यालय जा रहे थे। तभी पीछे आ रही एक चार पहिया गाड़ी ने टक्कर मार दिया।

सूचना मिलते ही हसवां चौकी पुलिस पहुंची और दोनों घायल पुलिस कर्मियों को सरकारी एंबुलेंस बुला कर जिला अस्पताल भेज दिया। हसवां चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार शुक्ला ने बताया कि दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। टक्कर मारने वाली गाड़ी की तलाश की जा रही है।



जिला अस्पताल में घायलों को देखने पहुंचे पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

हाय महंगाई — सभी तरह की सब्जियों में एकदम से बढ़ी महंगाई के कारण रसोई का बजट गड़बड़ाया

# एक माह में हो गए दोगुने लहसुन के भाव

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- इस समय फुटकर बाजार में चार सौ रुपये प्रति किलो का चल रहा भाव
- दुकानदारों ने कहा बारिश से पैदावार भी कम होने से यह दिक्कत आई

**अमृत विचार।** महंगाई की मार से लोगों को छुटकारा नहीं मिल पा रहा है। लहसुन के दामों में तेजी से उछाल आया है, जिससे रसोई का बजट गड़बड़ा गया है। एक माह में लहुसन की कीमत दोगुनी हो गई है। बारिश के दौरान यहां पैदावार भी कम होने से यह दिक्कत आ रही है। तराई इलाकों में लहसुन की पैदावार होती है।

बीते वर्ष अधिक बारिश होने की बजह से लहसुन की फसल में रोग लग गया था। इस कारण पैदावार कम होने से यहां लहुसन के दाम आसमाम छू रहे हैं। पिछले माह थोक में भी लहुसन 200 रुपए प्रति किलो बिका था लेकिन एक माह के अंतराल में ही सब्जियों में लहुसन खाने के शौकीन लोगो को अब लहसुन के लिए काफी सोचना पड़ रहा है। वर्तमान में करीब 400 रुपये प्रतिकिग्रा रेट चल रहा है।

सब्जी और दालों का स्वाद बढ़ाने के लिए लहसुन का प्रयोग हर घर में किया जाता है। सर्दी के मौसम लहसुन फायदेमंद है। यह पेट संबंधी समस्याओं को भी दूर करता है। वही सर्दी से बचाव करता है लेकिन लहसुन की पैदावार कम होने से यहां बाहर राज्य से मंडी में लहसुन आ रहा है। जिससे लहसुन के दामों में तेजी से इजाफा हो रहा है।



शहर में लगी सब्जी की दुकान। अमृत विचार

| फरवरी में सब्जियों के दाम | |
|---|---|
| लहसुन | 400 |
| शिमला मिर्च | 80 |
| करेला | 80 |
| कटहल | 40 |
| मटर | 40 |

| दिसंबर में सब्जियों के दाम | |
|---|---|
| लहसुन | 200 |
| शिमला मिर्च | 30 |
| करेला | 40 |
| कटहल | 15 |
| मटर | 20 |

## किसान दिवस का आयोजन 21 को

**फतेहपुर।** उप कृषि निदेशक राममिलन सिंह परिहार ने बताया कि किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिये डीएम सी.इंदुमती की अध्यक्षता में माह फरवरी का किसान दिवस 21 फरवरी को मध्यान्ह 12:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक विकास भवन सभागार में आयोजित किया जा रहा है। किसान दिवस के साथ कृषक उत्पादक संगठनों की जनपद स्तरीय मानिटरिंग समिति की बैठक भी आयोजित की जायेगी। जिसमें जनपद के समस्त कृषक उत्पादक संगठनों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्रबन्ध निदेशक, निदेशकों के द्वारा अनिवार्य रूप से प्रतिभाग किया जायेगा। किसान दिवस में किसानों की समस्याओं के निदान के लिए बैठक में उपस्थित अधिकारियों, विशेषज्ञों द्वारा अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं, कार्यक्रमों की जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी।

# बिना जांच किए ही टीम ने मरीजों को बताया अर्थराइटिस की बीमारी

संवाददाता, जाफरगंज फतेहपुर

**अमृत विचार।** विकास खंड खजुहा की ग्राम पंचायत ककोरा के मजरे खदरी गांव के ग्रामीण पैरों की हड्डियां एवं कमर दर्द से परेशान हैं। गांव में ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। जिसको लेकर शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर मरीजों की जांच करते हुए दवाएं वितरित किया। हालांकि ग्रामीणों का आरोप रहा कि बिना जांच के ही टीम के सदस्य ग्रामीणों में अर्थराइटिस की बीमारी होना बता दिया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खजुहा प्रभारी डॉक्टर अनिल कुमार वर्मा, डॉक्टर नीलम कमल, फार्मासिस्ट बच्छराज, सुनील कुमार, राकेश सिंह, आशा बहू सुदामा ने पहुंचकर मरीजों का हाल जानकर दवाएं बितरित किया। ज्यादातर मरीजों को कमर दर्द घुटने के दर्द की समस्या पाई गई। जिन्हे दर्द निवारक दवाएं बितरित की गई। लक्ष्मी, शिवपति, रामकुमारी, फूलकली, राम खेलावन, गोलाईदी, देवराज, मिट्ठी, सुखनंदन, भीखूराम, सुखरानी, प्रेमा देवी सहित लगभग आधा सैकड़ा लोग शिविर में पहुंच कर अपना इलाज कराया। वहीं टीम के सदस्यों ने बताया कि ज्यादातर कमर दर्द एवं घुटने दर्द के रोगी पाए गए हैं। डॉक्टर अनिल वर्मा ने बताया कि आर्थरायटिस के मरीज पाए गए। यूरेकिट्स लेबल कम हो जाने के कारण जोड़ों में दर्द अंगुलियों में टेडापन आ जाता है। दवा के नियमित सेवन से ठीक हो जाता है। वहीं ग्रामीणों का आरोप रहा कि बिना खून की जांच किए बिना ही डॉक्टर गठिया रोग बता रहे हैं।



गांव में मरीजों का परीक्षण करती स्वास्थ्य विभाग की टीम। अमृत विचार

# भूख-प्यास से मरे मवेशी तो अफसर देंगे जवाब

## पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव ने कलेक्ट्रेट में की गोशालाओं के संबंध में समीक्षा बैठक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



कलक्ट्रेट सभागार में जाते अपर मुख्य सचिव डॉ. रजनीश दुबे व डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल।

**अमृत विचार।** गोशालाओं में यदि कोई गोवंश भूख-प्यास से मरा तो इसमें अफसरों की जवाबदेही तय की जाएगी। खेत-खलिहान में घूम रहे निराश्रित गोवंशों को संरक्षित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा तथा दुधारू पशुओं को लिखित रूप में किसानों और पशुपालकों को सुपुर्दगी में दिया जाए। शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में गोशालाओं को लेकर हुई समीक्षा बैठक में यह निर्देश अपर मुख्य सचिव (पशुपालन) डॉ. रजनीश दुबे ने दिए।

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि सरकार की मंशा है कि सभी निराश्रित पशुओं को गो-आश्रय स्थल में रखकर उनकी बेहतर देखभाल की जाए। कोई भी निराश्रित पशु सड़कों, गांव, खेत-खलिहान में न दिखाई दे। उन्होंने मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत सुपुर्दगी में दिए गए जाने के लिए कहा।


उन्होंने नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह जमीनों को चिन्हित कर नंदी गोशाला का निर्माण कराएं। इसके अलावा ग्राम प्रधानों को गोआश्रय स्थल व संरक्षण केंद्र बनवाने के लिए प्रेरित करें। सभी ग्राम पंचायतों व सरकारी दफ्तरों में टोल फ्री नंबर 1962 को वाल पेंटिंग के माध्यम से लोगों को बताया जाए। उन्होंने जिला कमांड सेंटर का भी निरीक्षण किया और निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण कर आम जनता से फीडबैक भी लिया जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आंनद, मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, अपर निदेशक, पशुपालन कानपुर मंडल डॉ. अवनीश भट्ट, उपनिदेशक पशुपालन डॉ. ज्ञानेन्द्र सिह उपस्थित थे।

### जल्द शुरू होगा काऊ मिल्क प्लांट

**तिर्वा, कन्नौज।** अपर मुख्य सचिव ने काऊ मिल्क प्लांट उमर्दा के सीआईपी सेक्शन, यूएचआई पैकजिंग का निरीक्षण किया। प्लांट में लगी मशीनों की वारंटी पीरियड की जानकारी करने के साथ ही प्लांट का शीघ्र संचालन के निर्देश दिये। अपर मुख्य सचिव ने काऊ मिल्क प्लांट की सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी ली तथा निदेशक को अधिक सुरक्षा कर्मी तैनात करने के निर्देश दिए।



काऊ मिल्क प्लांट का निरीक्षण करते अपर मुख्य सचिव डॉ. रजनीश दुबे।



गोशाला में मौजूद गाय व केयरटेकर। अमृत विचार

### बजट के अभाव में गोवंश 'भूखे', अफसर मौन

**तिसौली-कन्नौज।** सरकार ने गोवंशों के संरक्षण के खजाना खोल दिया है, फिर भी बजट का रोना रोया जा रहा है। स्थिति यह है कि बजट के अभाव में गोवंश 'भूखे' हैं और अनदेखी का शिकार हो रहे हैं। जिम्मेदार अफसर मौन साधे हुए हैं। ब्लाक तालग्राम के ग्राम रोहली में गोवंशों की देखरेख के लिए गोशाला का संचालन हो रहा है। यहां 66 गायों का पंजीकरण है जबकि 68 गाय हैं। प्रधान मनमोहन सिंह ने बताया कि गायों को खिलाने के लिए एक महीने में चार क्विंटल चारा के लिए रुपया आता हैं। उसी में दाना और अन्य सामग्री की खरीद करनी होती है। मौजा के अभिलेख जले और भूमि भी नहीं है। इससे नैपियर घास भी नहीं उगाई जा रही है। गोवंशों को दिन में दो बार चारा दिया जाता है। दाना नहीं खिलाया जा रहा है। प्रधान का कहना है कि दिसंबर से खाते में रुपये नहीं आए है। उधार लेकर गोशाला संचालन किया जा रहा है। केयर टेकर देवेंद्र व सनोज कुमार का कहना है कि गोशाला में स्वच्छता व गोवंशों के रख-रखाव का ध्यान रखा जाता है। जो चारा मिलता है वहीं खिलाया जा रहा है।

- **बजट के अभाव में नहीं मिल पा रहा चारा : प्रधान**
- **भूमि के अभाव में नहीं हो रही नैपियर घास की खेती**

## बस दुर्घटनाग्रस्त सवारियां बचीं

**सौरिख, कन्नौज।** जनपद अंबेडकर नगर के थाना जैतपुर के गांव बेरंगा निवासी अवधेश कुमार पुत्र विक्रम सिंह अपने साथी सूर्यनाथ पुत्र लालचंद निवासी वराह खुर्द थाना कटका अंबेडकर नगर के साथ आजमगढ़ से दिल्ली बस लेकर जा रहा था। बस में लगभग 42 सवारी मौजूद थीं। शनिवार को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर किलोमीटर 158 पर पहुंचने पर बस का अगला टायर फट गया। इससे अनियंत्रित होकर बस डिवाइडर पर चढ़ गई और क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि घटना में कोई भी सवारी हताहत नहीं हुई। सूचना पर सहायक सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र प्रसाद कनौजिया एवं सुरक्षा अधिकारी मनोहर सिंह बचाव टीम के साथ पहुंच गए और सवारियों को सुरक्षित निकलते हुए क्रेन की मदद से बस को पीली पट्टी पर खड़ा कर दिया गया। इसके बाद दूसरी बस से सवारियों को रवाना किया गया।

## प्रेरक व्यक्तित्व के स्वामी थे कर्पूरी ठाकुर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100वीं पुण्य तिथि मनाते पूर्व ब्लाक प्रमुख व अन्य।

- **100वीं पुण्य तिथि पर वक्ताओं ने डाला जननायक के जीवन पर प्रकाश**

**अमृत विचार।** चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय परिसर में भारत रत्न से सम्मानित जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर वक्ताओं ने उन्हें प्रेरक व्यक्तित्व का स्वामी बताया।

पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर नवाब ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने जीवन पर्यन्त गरीब पिछड़े शोषित के लिए जीवन भर संघर्ष किया। एक बार चौधरी चरण सिंह उनके घर गए उनका सर घर में घुसते समय चौखट में लग गया। उन्होंने घर बनवाने के लिए कहा तो जननायक ने कहा जब तक हमारे प्रदेश के एक-एक गरीब किसान शोषितो का घर नहीं बन जाता तब तक मेरा घर ऐसा ही रहेगा। वे प्रदेश के दो बार मुख्यमंत्री और सांसद भी रहे। उनके पास चुनाव लड़ने के लिए पैसे नहीं होते थे ।

उस समय आम जनता चंदा करके उनको चुनाव लड़वाती और जितवाती थी। जब उनकी मृत्यु हुई तब हेमवती नंदन बहुगुणा उनके घर गए तो उनके घर को देखकर रो पड़े। ऐसे ईमानदार व्यक्ति से हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर रमेश यादव, विश्वनाथ कुशवाहा, अमित मिश्रा, धर्मवीर पाल, हरिपाल राजपूत, इंतजार अहमद, नंद कुमार कुशवाहा, सौरभ शर्मा, दीपक, रानू सक्सेना, विमलेन्द्र यादव, संकल्प दुबे, सुरजीत यादव, अखिलेश यादव, हर्ष कनौजिया, ज्ञानेन्द्र, भूरा यादव, प्रदीप कुमार मौजूद रहे।

## कार से टकराकर ऑटो पलटा, दो लोग घायल

**जलालाबाद, कन्नौज।** जेल रोड पर जा रहा तेज रफ्तार ऑटो कार से टकराकर अनियंत्रित होकर पलट गया। इससे ऑटो सवार चालक सहित दो घायल हो गए।

शनिवार की दोपहर जेल रोड पर तेज गति से जा रहा ऑटो पास की सड़क से निकली कार से टकरा कर जेल चौराहे पर सड़क किनारे पलट गया। इससे सदर कोतवाली के ग्राम रूदौली निवासी ऑटो चालक कुलदीप पुत्र राजेंद्र सिंह व पप्पू पुत्र पूरन घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। दुर्घटना सीसीटीवी में कैद हो गया और उसका फुटेज सोशल मीडिया पर लोगों ने वायरल कर दिया।

## सांसद के गाली देने का एक और ऑडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- **सड़क हादसे के बाद भाजपा के दो गुटों में चल रही तनातनी**
- **फर्जी है, एआई तकनीक से बनाई गई आवाज : सांसद**

**अमृत विचार।** भाजपा सांसद का एक और गाली देने वाला ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह एक भाजपा नेता व कार्यकर्ता के लिए अपशब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। हालांकि अमृत विचार इस वायरल ऑडियो की पुष्टि नहीं करता है। इस ऑडियो से जिले की सियासत में कई तरह की चर्चाओं के के साथ पार्टी की गुटबाजी का भी खुलासा हो गया है। वहीं, सांसद का कहना है कि यह फर्जी ऑडियो है, जिसमें एआई तकनीक का प्रयोग कर उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है।

शहर के तिर्वा रोड पर भाजपा के कार्यकर्ताओं की कारें आपस में टकरा गईं थीं, जिसमें एक कार पर सांसद सुब्रत पाठक के समर्थक थे, जबकि दूसरी में भाजपा नेता आलोक दीक्षित कन्हैया के समर्थक सवार थे। वाहनों का यह टकराव बाद में व्यक्तिगत में बदल गया। आलोक दीक्षित ने कोतवाली में जाकर सांसद समर्थक कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दिलवाई। यहीं से दोनों पक्षों में तनातनी हो गई। हालांकि पार्टी के कुछ नेताओं ने मध्यस्थता कर मामले को सुलझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक सोशल मीडिया पर एक ऑडियो वायरल हो गया। इसमें सांसद कन्हैया के लिए अपशब्दों का प्रयोग करते सुनाई दे रहे हैं। कार्यकर्ताओं का कहना है कि दुर्घटना के बाद जब सांसद से फोन पर बात की तो उन्होंने इस तरह की भाषाशैली का प्रयोग किया था। कार्यकर्ता ने कॉल रिकॉर्ड कर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पहले पुलिस से मारपीट के मामले में भी सांसद का ऑडियो वायरल हुआ था।



'कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होते हैं, उनके लिए अपशब्दों का प्रयोग करना गलत है। मैं पार्टी में साधारण कार्यकर्ता हूं। सांसद को भी सोचना चाहिए कि लोकसभा चुनाव आने वाले हैं और जनता में इसका क्या संदेश जाएगा। जनप्रतिनिधि का रवैया इस तरह आक्रामक नहीं होना चाहिए।

–आलोक दीक्षित 'कन्हैया', भाजपा नेता



लोकसभा चुनाव आने वाले हैं, जिस पर विरोधी सक्रिय हो गए हैं। सोशल मीडिया पर फेक ऑडियो वायरल किया गया है, जिसमें एआई तकनीक से मेरी आवाज को बनाया गया है। मेरी छवि व लोकप्रियता को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है।'

–सुब्रत पाठक, सांसद



जीव विज्ञान की परीक्षा देते परीक्षार्थी। अमृत विचार

## संस्कृत के परीक्षार्थियों ने दी जीव विज्ञान की परीक्षा

**गुरसहायगंज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद लखनऊ की परीक्षा चल रही है। इसमें पूर्व मध्यमा तृतीया (कक्षा 10), उत्तर मध्यमा प्रथम (कक्षा 11) तथा उत्तर मध्यमा द्वितीय (कक्षा 12) की परीक्षाएं परीक्षा केंद्रों पर संपन्न कराई जा रही हैं। शनिवार को नगर के राधा देवी आदर्श संस्कृत उच्चतम माध्यमिक विद्यालय में उत्तर मध्यमा जीव विज्ञान की परीक्षा हुई।

पंजीकृत 68 परीक्षार्थियों में से 52 ने परीक्षा दी। केंद्र व्यवस्थापक बलराम त्रिपाठी, सह केंद्र व्यवस्थापक नरेंद्र सिंह, पर्यवेक्षक अर्चना यादव ने भ्रमण कर परीक्षा का निरीक्षण किया।

## शिवलिंग प्रतिष्ठा का आयोजन

**गुरसहायगंज।** ब्लाक गुगरापुर के ग्राम रामपुर भुढ़िया स्थित श्री गीता विज्ञान साधना कुटीर में विश्व कल्याणार्थ दिव्य रुद्र महायज्ञ, शिवलिंग प्रतिष्ठा व शिवतत्व पर दिव्य प्रवचन का आयोजन 18 से 22 फरवरी तक किया जाएगा। जिसमें प्रकांड विद्वानों द्वारा हवन पूजन कर प्रतिदिन दिव्य प्रवचन दिए जाएंगे। इसके बाद 22 फरवरी की सुबह पूर्ण आहुति एवं मूर्ति प्रतिष्ठा के बाद आरती वंदना होगी। दिव्य प्रवचन 11 से 12 बजे तक एवं भंडारा का आयोजन दोपहर 12.30 बजे होगा।

## शोहदों से त्रस्त किशोरी ने फांसी लगा जान दी

**सौरिख, कन्नौज।** शोहदों से परेशान नाबालिग छात्रा ने घर के अंदर कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शव लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया।

थाना क्षेत्र के ग्राम निवासी व्यक्ति की 16 वर्षीय पुत्री ने बंद घर के अंदर कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। पिता ने तहरीर देते हुए बताया कि गांव के ही युवक उसकी पुत्री को आए दिन परेशान करते थे। शुक्रवार सुबह वह पत्नी व अन्य परिजनों के साथ कानपुर अस्पताल में बीमार भाई को देखने के लिए गए थे। घर पर पुत्री व इसकी दादी मौजूद थी। शुक्रवार की शाम पांच बजे शौच के लिए वह खेतों पर गयी थी। वहीं गांव के ही रहने वाले मनीष जाटव पुत्र सर्वेश जाटव, आनंद पुत्र अवधेश जाटव, खड़नी निवासी रमन शाक्य पुत्र रवि शाक्य ने मिलकर पुत्री को परेशान किया। उसने घर आकर घटना की जानकारी अपनी दादी की दी तो वह परिजनों को बताने के लिए पुराने घर पर चली गई। इस दौरान परेशान बेटी ने कमरे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के साथ वापस आने पर शव लटका देखा।

## सेल्समैन को बंधक बना कर शराब, नकदी लूटी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- **देवा पट्टी देशी शराब ठेके पर रात हुई घटना**
- **पुलिस ने सेल्समैन समेत तीन को लिया हिरासत में**
- **शराब ठेके के सेल्समैन की साजिश जांच में सामने आई**



**अमृत विचार।** देसी शराब ठेके के सेल्समैन को बंधक बना कर बदमाशों ने नकदी व शराब की पेटी लूट ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। पुलिस ने सेल्समैन समेत तीन लोगों को हिरासत में लेकप पूछ ताछ की है। सेल्स मैन खुद साजिस में सामिल होना बताया जा रहा है।

सरायमीरा निवासी दिलीप जायसवाल की तिर्व कोतवाली क्षेत्रके गांव खुरदइया रोड पर देवा पट्टी के नाम से देसी शराब ठेका है। इस पर सेल्समैन के तौर पर कायमगंज फर्रुखाबाद निवासी पंकज पाल रहता है। बताया जाता है कि शुक्रवार की रात वह शराब ठेके में ही सो रहा था। रात दो बजे के करीव वह ठेके का गेट खोल कर बाहर पेशाव करने निकला। इसी बीच आठ से 10 बदमाशों ने उसे तमंचा लगा कर दबोच लिया। इसके बाद बदमाश उसे जान से मादेने की धमकी देते हुए ठेके के अंदर ले गये। जहां गोलक में रखी हजारों रुपये की नकदी व शराब की कई पेटी लूट ले गये। बदमाशों के चले जाने के बाद सेल्समैन ने फोन कर मालिकों व पुलिस को जानकारी दी। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। इस दौरान पुलिस ने जांच की तो संदेह होने पर पुलिस ने सेल्समैन के अलावा ठेके के निकट कैंटीन का संचालन करने वाले पिता-पुत्र को हिरासत में लेकर पूछ-ताछ की है। देसी शराब ठेके में लूट की घटना के संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया जांच में सेल्समैन की साजिस सामने आ रही है। जांच जारी है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर दिया जायेगा।

## दहेज के लिए महिला को पीट घर से निकाला

**कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दीदारगंज निवासी शकीना वेगम पुत्री कमरुद्दीन ने एसपी के आदेश पर सदर कोतवाली में हरदोई जनपद के थाना मल्लावां गांव सराय सुल्तानगंज निवासी पति इरशाद, ससुर सज्जाक, जेठ बब्लू, फैयाज, सास हसीना, ननद खुशबू, चचिया ससुर फरियाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कहा है कि उसकी शादी करीब तीन वर्ष पहले हुई थी। माता-पिता ने पांच लाख रुपये खर्च किये थे। उसका 10 माह का पुत्र है। शादी के बाद से पति अतिरिक्त दहेज में दो लाख रुपये की मांग करने लगा। रुपये न देने पर उससे मारपीट की जाने लगी। दो वर्ष तक उसके साथ मारपीट कर भूखा, प्यासा रखा जाता रहा। इसके बाद उसने अपने पिता को इस संबंध में जानकारी दी तो उन्होंने ब्याज पर 50 हजार रुपये लेकर पति को दिये। इसके बाद भी ससुरालीजन लगातार 15 दिन से मारपीट करते रहे। 14 फरवरी के ससुरालियों ने उसे पहने हुए कपड़ों में निकाल दिया। यही नहीं सादे कागज पर हस्ताक्षर करा लिये। प्रभारी निरीक्षक को शिकायती पत्र दिया, पर कार्रवाई नहीं की गई। एसपी के आदेश पर सदर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

## सार-संक्षेप

### दंपति व पुत्र को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पहली पत्नी को मायके से बुलाने गए युवक व उसकी पत्नी, बेटे को ससुरालियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। कस्बा समधन के मोहल्ला महल आजाद नगर निवासी गुड्डू उर्फ जसीम पुत्र शमीम का कहना है कि वह शनिवार की दोपहर अपनी पहली पत्नी को मोहल्ला रामगंज से बुलाने गया था। जहां ससुरालियों ने उसके साथ गालीगलौज की। मना करने पर उसे, उसकी दूसरी पत्नी व पुत्र को लाठी डंडों से मारपीट घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



संकिसा में भ्रमण करने पहुंचे दिव्यांग छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### बच्चों ने बौद्ध तीर्थ संकिसा व बाबा नीबकरोरी धाम घूमा

**कन्नौज।** जनपद के परिषदीय विद्यालयों के दिव्यांग छात्र-छात्राओं को बौद्ध तीर्थ संकिसा के दर्शन कराए गए। इसके अलावा बाबा नीबकरोरी धाम भी घुमाया गया। डीसी विश्वनाथ शर्मा ने बताया कि राज्य परियोजना कार्यालय के पहल पर छात्र-छात्राओं को एक्सपोजर विजिट कराया गया। इसमें विकास खंड छिबरामऊ, सौरिख, तालग्राम और जलालाबाद क्षेत्र के 50 दिव्यांग बच्चे शामिल रहे।



घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

### संदिग्ध अवस्था में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**तिर्वा, कन्नौज।** गांव के बाहर पेड़ पर युवक का शव फंदे पर लटकते देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। थाना इंदरगढ़ के कुण्वापुर गांव निवासी रामनरेश (40) किसी बात से नाराज होकर घर से निकल आया। शनिवार सुबह ग्रामीण खेतों की ओर गए तो उन्होंने पेड़ पर उसका शव फंदे से लटका देखा। शव फांसी पर लटका देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोसट्मार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष किशनपाल ने बताया कि परिजनों ने तहरीर दी।

### प्रभु को प्रिय है तुलसी, शालिग्राम और शंख

**गुरसहायगंज-कन्नौज।** नगर के तिर्वा रोड पर चल रही श्री राम कथा के तीसरे दिन कथावाचक मानस मंजरी रत्नीश द्विवेदी ने कहा कि संसार में ऐसे मनुष्य बहुत हैं जो प्रेम के बदले प्रेम करते हैं। ऐसे कम हैं जो बदले की इच्छा किए बिना ही प्रेम करते हैं। आगे कहा कि जो प्रेम के बदले प्रेम तो व्यापार होता है। निस्वार्थ प्रेम करे वह असल प्रेम है। भगवान को तुलसी, शालिग्राम और शंख बहुत प्रिय है। जिस घर में यह तीनों होते हैं, वहां भगवान का वास होता है। शंख और तुलसी को अलग रखने वाला व्यक्ति रोगी होता है। इस दौरान समाजसेवी अशोक कुमार गुप्ता, पालिकाध्यक्ष मुन्नी देवी गुप्ता, मयंक गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, दीपक गुप्ता, अमन कठेरिया, निशा गुप्ता, सोनी यादव, अनीता गुप्ता, राधा चैहान, राधा गुप्ता, पूजा गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### सीएचसी पर निःशुल्क डिजिटल एक्स-रे की सुविधा शुरू

**जलालाबाद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्साधीक्षक डॉ. मनोज कुमार, वरिष्ठ चिकित्साधिकारी बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेंद्र चैधरी ने नवीन डिजिटल एक्स-रे मशीन की शुरुआत पूजा अर्चना कर व फीता काटकर किया। डॉ. मनोज ने बताया कि अब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद में ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले रोगियों को डिजिटल एक्स-रे की सुविधा भी मिल सकेगी। टेक्नीशियन अमन यादव की तैनाती कर दी गई है। इस दौरान खंड समुदाय प्रक्रिया प्रबंधक हुकुम सिंह आदि रहे।

## पुलिस ने बैंकों में तलाशे संदिग्ध

**गुरसहायगंज।** शनिवार को कोतवाल जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में कस्बा प्रभारी रॉबिन सिंह ने नगर के बैंकों में संदिग्धों की तलाश की। बैंक के भीतर व बाहर मौजूद लोगों से पूछताछ कर मौजूदगी का कारण जाना। बताया कि बैंक खाते से जुड़ी जानकारी किसी भी अंजान व्यक्ति को न दें। मोबाइल पर आने वाले ओटीपी सहित पासवर्ड आदि को गुप्त रखें।

पुलिस ने नगर के तिर्वा रोड स्थित एसबीआई, आर्यावर्त ग्रामीण बैंक, जीटी रोड पर स्थित बीओई, सब्जी मंडी में स्थित पीएनबी, रामगंज स्थित बीओबी में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कांस्टेबल अमन कुमार, राघवेंद्र कुमार, विनय कुमार, दीपांशु गंगवार, कौशल आदि मौजूद रहे।

सुलह-समझौता | जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मध्यस्थता केंद्र में किया गया निपटारा

# छह साल पुराना वैवाहिक विवाद छह मिनट में खत्म

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



अपर जिला जज लवली जायसवाल के समक्ष गुलदस्ता लिए खड़े दंपती। अमृत विचार

- **आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे कैदियों की रिहाई की राह हुई आसान**

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मध्यस्थता केंद्र में छह साल पुराने वैवाहिक विवाद को छह मिनट में खत्म कर दिया गया और दंपती एक-दूसरे के साथ रहने को राजी हुए। प्राधिकरण की सचिव एवं अपर जिला जज के सामने पति-पत्नी ने एक-दूसरे को गुलदस्ता भेंट किया। सचिव ने लीगल एड डिफेंस काउंसिल को आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे कैदियों की रिहाई के संबंध में भी चर्चा की।

शनिवार को जनपद एवं सत्र न्यायालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मध्यस्थता केंद्र में ऐसे दंपतियों को बुलाया गया, जिनके मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं। मध्यस्थता केंद्र के अधिवक्ता प्रेमचंद्र शर्मा ने बताया कि छह साल पहले छिबरामऊ कोतवाली में दहेज उत्पीड़न अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित करने के बाद दोनों पक्षों को केंद्र पर बुलाया गया। सिविल जज जूनियर डिवीजन व अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने इस मामले को मध्यस्थता केंद्र के लिए प्रेषित किया था। दोनों पक्षकारों की सहमति से विवाद में जटिलताओं का निस्तारण कर पटाक्षेप कर दिया गया। उन्होंने लीगल एड डिफेंस काउंसिल मोहम्मद सैफ को निर्देश दिए कि उच्च न्यायालय से पारित आदेश के अनुपालन में ऐसे दोष सिद्ध कैदी जिनकी रिहाई की संस्तुति जेल अधीक्षक द्वारा की जा चुकी है, उनके बारे में अभी तक कोई आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। ऐसे कैदियों के जमानत आवेदन प्रस्तुत करने की कार्रवाई दो दिन में प्रेषित की जाए।

### बंदियों को दी जाए कानूनी सहायता

**जलालाबाद, कन्नौज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं अपर जिला जज लवली जायसवाल ने जिला कारागार अनौगी का निरीक्षण किया। दो बंदियों ने बताया कि उनकी जमानत मंजूर हो चुकी है, लेकिन जमानतदार न मिलने के कारण वह रिहा नहीं हो पा रहे हैं। इस पर एडीजे ने लीगल एड क्लीनिक में कार्यरत पराविधिक स्वयंसेवक को बंदियों को विधिक सहायता दिए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जेलर, डिप्टी जेलर सहित कई कर्मचारी उपस्थित थे।



राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश त्रिपाठी के साथ पदाधिकारी। अमृत विचार

# भाकियू अवधेश ने किया संगठन का विस्तार

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** शहर के एक गेस्ट हाउस में हुई किसान पंचायत में भारतीय किसान यूनियन अवधेश के संगठन का विस्तार किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि विनोद यादव को राष्ट्रीय संरक्षक और संगठन का सलाहकार, वेद प्रकाश राठौर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ, अशोक यादव को राष्ट्रीय महा मंत्री व्यापार प्रकोष्ठ, आशीष सक्सेना को मंडल उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, विनीत कुमार (टिंकू) को युवा जिला उपाध्यक्ष, गोपाल जी गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष युवा, राजेश कुमार शाक्य को जिला मंत्री, राम जी शुक्ला व आनंद को जिला उपाध्यक्ष युवा, टिंकू बाथम को जिला संगठन मंत्री युवा, सूरज दुबे को जिला उपाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ, सुनील कुमार को जिला उपाध्यक्ष मैनपुरी, राम बरन प्रजापति को जिला सचिव, शीलेन्द्र सिंह को जिला सचिव, अमित गुप्ता अंशू को तहसील उपाध्यक्ष छिबरामऊ, रितिक को नगर उपाध्यक्ष छिबरामऊ, श्याम जी वर्मा को नगर मंत्री, रितिक वर्मा नगर उपाध्यक्ष छिबरामऊ, वीरेंद्र सिंह राठौर को नगर उपाध्यक्ष कसावा मनोनीत किया गया।

## विधानसभा में उठाया जल संकट का मुद्दा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर पंचायत सिकंदरपुर में पेयजल संकट का मुद्दा विधानसभा में विधायक अर्चना पांडेय ने उठाया है। नगर पंचायत अध्यक्ष हरिहर सिंह ने विधायक से कस्बे में पानी की समस्या के बारे में अवगत कराया था। पेयजल समस्या का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए विधायक ने लोगों को आश्वासन दिया था कि जल्दी कस्बे में पानी की समस्या से लोगों को जूझना नहीं पड़ेगा। विधानसभा सत्र में उन्होंने सिकंदरपुर में पानी की टंकी निर्माण के मुद्दे को उठाया है, इससे कस्बे के लोगों में उम्मीद जागी है। लोगों का कहना है कि टंकी का निर्माण होने से पेयजल संकट दूर होगा।

# परीक्षा केंद्रों पर उतरवाए क्लेचर प्रतिबंधित कागज फिंकवाए गए

### पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा में नियमों से अनजान अभ्यर्थियों को लगाई प्रवेश द्वार पर फटकार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले के 10 केंद्रों पर यूपी पुलिस आरक्षी भर्ती की लिखित परीक्षा हुई। पहले दिन ही काफी सख्ती रही। नियमों से अनजान अभ्यर्थियों की लताड़ लगाई गई। लड़कियों के बालों में लगे क्लेचर उतरवा दिए गए। प्रतिबंधित या अतिरिक्त कागज लेकर पहुंचे परीक्षार्थियों से वह वस्तुएं फिंकवा दी गईं।

शहर के दो और तिर्वा इलाके के आठ विद्यालयों में दो पालियों में पुलिस भर्ती की परीक्षा हुई। अधिकारियों का दावा है कि परीक्षा शांतिपूर्वक व पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 से 12 बजे और दूसरी पाली की दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक चली। जनपद के अलावा बाहर के भी जिलों के अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होने आए थे। केंद्रों को जोड़ने वाली सड़कों व गलियों में भारी भीड़ देखी गई। परीक्षा छूटने के बाद वाहनों में बैठने को लेकर मारामारी रही।

कुछ केंद्रों पर पुलिसकर्मी परीक्षार्थियों को डांटते नजर आए। उन्होंने कहा कि क्या उन्हें नहीं पता है कि केंद्र पर क्या-क्या वस्तुएं लेकर पहुंचना है। शहर के सोनी पारिया इंटर कॉलेज व कन्हैयालाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में अभ्यर्थियों की लंबी-लंबी कतारें देखी गईं। प्रवेश द्वार पर प्रवेश पत्र समेत जरूरी प्रपत्र देखे गए, उसके बाद केंद्र में जाने दिया गया। इसके लिए महिला व पुरुष पुलिसकर्मी अलग-अलग लाइनों की चेकिंग कर रहे थे। 18 फरवरी को भी सभी 10 केंद्रों पर परीक्षा होगी।



शहर के सोनी पारिया परीक्षा केंद्र पर प्रवेश के लिए लाइन में लगे परीक्षार्थी। अमृत विचार

### अफसरों ने लिया जायजा

परीक्षा केंद्रों का डीएम शुभ्रान्त शुक्ल व एसपी अमित कुमार आनंद के अलावा कानपुर से आए आईजी जोगेंदर कुमार ने भी जायजा लिया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों से जुड़े स्क्रीन की भी हकीकत परखी। सुरक्षा व्यवस्था को भी देखा। यातायात व्यवस्था बाधित न हो, उसको लेकर भी जरूरी निर्देश दिए।

### पहले दिन 270 परीक्षार्थी रहे गैरहाजिर

**कन्नौज।** पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा के लिए दो दिनों में कुल चार पालियों में परीक्षा होनी है। एक-एक पाली में 4,872 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। इस हिसाब से कुल 19,488 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। पहले दिन दोनों पालियों में सभी 10 केंद्रों पर कुल 9,744 परीक्षार्थियों को शामिल होना था। हालांकि सभी उपस्थित नहीं हुए। पहली पाली में 122 व दूसरी पाली में 148 गैरहाजिर रहे।



सादी वर्दी में परीक्षार्थी की तलाशी लेता पुलिसकर्मी। अमृत विचार

# सनी लियोनी की फोटो-नाम वाला प्रवेश पत्र हुआ वायरल

संवाददाता, तिर्वा/कन्नौज

- प्रवेश पत्र में तिर्वा के सोनेश्री स्मारक महाविधालय परीक्षा केंद्र का नाम
- परीक्षा के दौरान संबंधित रोल नंबर का परीक्षार्थी रहा गैरहाजिर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ की ओर से दो दिवसीय लिखित परीक्षा के पहले दिन सुबह की पाली में फिल्म अभिनेत्री सनी लियोनी के नाम व दो फोटो लगा प्रवेश पत्र प्रसारित (वायरल) हो गया। परीक्षा के दौरान वह गैरहाजिर रहीं। हालांकि प्रवेश पत्र में जेंडर वाले कॉलम में पुरुष दर्ज किया गया है। इसको लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। अमृत विचार समाचार पत्र इस वायरल प्रवेश पत्र की पुष्टि नहीं करता है।

शनिवार को कस्बे के पुलिस आरक्षी भर्ती की लिखित परीक्षा के लिए बने केंद्र सोनेश्री स्मारक बालिका महाविद्यालय तिर्वा के नाम से प्रवेश पत्र वायरल हुआ है। प्रवेश पत्र में फिल्म अभिनेत्री का न सिर्फ नाम है बल्कि दो रंगीन फोटो भी लगीं हैं। पहली पासपोर्ट साइज की है तो दूसरी फोटो में वह लेटी हुई दिख रहीं हैं। सनी लियोनी की फोटो व नाम लिखा प्रवेश पत्र वायरल होने के बाद लोगों के बीच काफी चर्चा बना रहा। इस बारे में जब प्राचार्य केसी यादव से बात हुई तो उन्होंने बयान देने से मना कर दिया। कहा, अधिकारियों से ही बात करें।



वायरल हुआ प्रवेश पत्र। अमृत विचार

### बॉलीवुड अभिनेत्री के नाम वाले प्रवेश पत्र की खासियतें

- रोल नंबर- 1575771
- पंजीकरण नंबर- 12258574
- परीक्षा केंद्र का कोड- 51010
- केंद्र का नाम- सोनेश्री स्मारक बालिका महाविद्यालय तिर्वा
- परीक्षा का समय- 10 से 12.05 बजे तक
- गृह जनपद- कन्नौज
- पत्राचार का जिला- कासगंज
- शहर व कस्बे में मुंबई लिखा है।
- राज्य- उत्तर प्रदेश लिखा
- वर्ष 2014 में हाईस्कूल पास बताया
- वर्ष 2016 में इंटरमीडिएट उत्तीर्ण
- ईमेल आईडी में

# मिल में श्रमिक की मौत, हत्या का आरोप

संवाददाता, शिवराजपुर (कानपुर)

- परिवार वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए मिल में किया हंगामा
- पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर दिया कार्रवाई का भरोसा

**अमृत विचार :** शिवराजपुर थाना क्षेत्र के दासा निवादा गांव स्थित दुर्गा राइस मिल में संदिग्ध परिस्थितियों में एक श्रमिक का लहूलुहान शव मिलने से सनसनी फैल गई। राइस मिल पहुंचे परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा काटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का भरोसा दिया है।

शिवराजपुर क्षेत्र के राधन रोड दासा निवादा गांव के पास दुर्गा राइस मिल है, जहां कन्नौज सदर कोतवाली क्षेत्र के चांदापुर गांव का रहने वाला कृपाशंकर अग्निहोत्री (45) पुत्र रामशरण अग्निहोत्री काम करता था। वह उत्तरीपुरा में रहकर राइस मिल ड्यूटी करता था। शनिवार की सुबह लहूलुहान हालत में उसका शव राइस मिल के अंदर पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना पूरे इलाके में फैल गई।

सूचना पर पहुंचे कृपाशंकर के बेटे वशिष्ठ अग्निहोत्री ने बताया कि उनके पिता और राइस मिल मालिक के बीच एक महीने पूर्व विवाद हुआ था, फिर भी पिता राइस मिल में काम करने आते थे। उसी विवाद का बदला लेने के लिए राइस मिल मालिक ने यह कदम उठाया है। बेटे ने राइस मिल मालिक पर आरोप लगाया कि पिता की हत्या की गई है।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक जांच-पड़ताल कर शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



राइस मिल के बाहर मौजूद पुलिस। अमृत विचार

### मशीन में अंगौछा फंसने से हुई मौतः एसीपी

एसीपी अजय त्रिवेदी ने बताया मौके पर प्रारंभिक जांच-पड़ताल की गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रारंभिक छानबीन में राइस मिल में मशीन पर काम करते समय गर्दन का अंगौछा फंसने से गिरकर मौत होने की बात सामने आई है। फिर भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। अन्य बिंदुओं पर भी जांच की जा रही है।

# आईजी ने तिर्वा कोतवाली का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** आईजी ने तिर्वा कोतवाली का नरीक्षण किया। इस दौरान मिली खामियों को दूपर करने के निर्देश दिये।

आईजी जोगेन्दर कुमार व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने सीअओ तिर्वा डॉ. प्रियंका वाजपेईके साथ कोतवाली तिर्वा का निरीक्षण किया। इस दौरान महिला हेल्प डेस्क, थाना कार्यालय, मालखाना, कम्प्यूटर कार्यालय, मेस, आरक्षी बैरक के साथ-साथ पूरे थाना परिसर का निरीक्षण किया गया। थाना कार्यालय के अभिलेखों का निरीक्षण कर बेहतर रख-रखाव व उनको वेहतर रखने के लिये सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। लंबित विवेचनाओं के अतिशीघ्र निस्तारण करने को कहा गया।

आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के दिशा निर्देश दिये गये। उन्होंने कर्मचारियों को निष्ठा, मेहनत, लगन व समर्पण की भावना से अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। अपराध एवं कानून व्यवस्था के लिये चलाये जा रहे अभियान की भी समीक्षा की गयी।

## ट्रैक्टर से टकराकर बाइक सवार घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सौरिख थाना क्षेत्र के ग्राम तरींद निवासी 22 वर्षीय अभिषेक पुत्र वीरपाल शनिवार को गांव के ही निवासी राकेश चंद्र की 19 वर्षीय पुत्री प्रियंका को साथ लेकर बाइक से छिबरामऊ आ रहे थे। सौरिख रोड पर ग्राम जरारा के पास बाइक ट्रैक्टर से टकरा गई, जिससे दोनों लोग घायल हो गए। घायलों को सौ शैया अस्पताल में पहुंचाया गया। अभिषेक की हालत गंभीर होने पर तिर्वा मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया।

# पीएमश्री विद्यालयों में बनाए जाएंगे बाल वाटिका, कक्ष और शौचालय

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिले के आठों स्कूलों के लिए पहले चरण में आया 28 लाख का बजट
- 25 फीसदी धनराशि खर्च होने के बाद मिलेगा 75 फीसदी रुपया

**अमृत विचार।** जनपद में आठ पीएमश्री के तहत चयनित विद्यालयों के लिए बजट जारी हो गया है। पहले चरण में दिव्यांग सुलभ शौचालय, बाल वाटिका व अतिरिक्त कक्षा-कक्ष बनेगा। फिलहाल 25 फीसदी ही धनराशि भेजी गई है। काम होने के बाद 75 फीसदी रुपया बाद में आएगा।

बीएसए उपासना रानी वर्मा ने बताया कि सभी विद्यालयों में पारदर्शी व मानक के तहत कार्य कराया जाएगा। समय पर पूरा बजट खर्च के निर्देश भी सभी प्रधानाध्यापकों को दिए गए हैं। बीएसए कार्यालय में आठों विद्यालयों से शिक्षक भी बुलाए गए और उनको जरूरी निर्देश दिए गए। डीसी निर्माण पीयूष श्रीवास्तव ने बताया कि अनुमोदित बजट के सापेक्ष पहले चरण में 25 फीसदी बजट की किस्त भेजी गई है। काम पूरा होने के बाद 75 फीसदी बजट मिलेगा। उन्होंने बताया कि पीएमश्री के दो विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष बनेंगे। सात दिव्यांग सुलभ शौचालय और छह बाल वाटिका बनेंगी। करीब एक करोड़ 12 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है। उसके सापेक्ष 28 लाख रुपये आया है। सभी प्रधानाध्यापकों से कहा गया है कि बकाया न रहे। खर्च करने के बाद ही बजट की मांग की जाए। बेंडर बनाकर ही खर्च किया जाए। बैठक में रेनू कमल व शीला मौजूद रहीं।




### किस मद के लिए कितना स्वीकृत व प्राप्त बजट

| मद | स्वीकृत बजट |
|---|---|
| दिव्यांग शौचालय के लिए | 1.547 लाख |
| बाल वाटिका | 14.39 लाख |
| अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 9.00 लाख |

### इन विद्यालयों को मिलेगा लाभ

प्राथमिक विद्यालय भुगैतापुर, जसपुरापुर सरैया, शरीफपुर, मिघौली, जूनियर हाईस्कूल गुगरापुर, कंपोजिट उच्च प्राथमिक स्कूल कनौली, जूनिहयर हाईस्कूल नरमऊ व कांकरकुई को पीएमश्री के तहत चयनित किया गया है। इनको ही बजट जारी किया गया है।

## अब तक पकड़े गए 1010 मवेशी

**कन्नौज।** विशेष गोसंरक्षण अभियान के तहत 10वें दिन कुल 56 निराश्रित गोवंशों को पकड़कर गोशालाओं में संरक्षित किया गया। अब तक 1010 निराश्रित गोवंशों को पकड़ने की बात कही गई है। विकास खंड कन्नौज, सौरिख व उमर्दा क्षेत्र में 12-12 गोवंश, छिबरामऊ व हसेरन क्षेत्र में चार-चार, तालग्राम व गुगरापुर में पांच-पांच, जलालाबाद में दो मवेशी पकड़े गए।

# विभाग के रहमोकरम पर जाम लगा रहे अवैध ई-रिक्शा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले के कस्बों में धड़ल्ले से चल रहे ई रिक्शा आए दिन जाम का कारण बन रहे हैं। इनके खिलाफ कार्रवाई करने से परिवहन विभाग कतराता रहता है। ऐसे में चालक न तो ई रिक्शा का रजिस्ट्रेशन कराते हैं न ही ड्राइविंग लाइसेंस लेते हैं।

जिले में अवैध ई रिक्शों की भरमार हैं। कस्बा हो या फिर गांव हर जगह यह सुगमता से लोग खरीद कर लाते और उसे अवैध रूप से चला रहे हैं। इनका एआरटीओ के यहां से रजिस्ट्रेशन भी नहीं कराया जाता है। लगभग 600 अवैध ई रिक्शा जिले में संचालित हैं जब कि एआरटीओ कार्यालय में करीब 400 ई रिक्शों का रजिस्ट्रेशन है। वहीं यदि कन्नौज शहर की ही बात करें तो करीब 600 ई रिक्शे चल रहे हैं। गुरसहायगंज, छिबरामऊ, तिर्वा, सौरिख समेत अन्य कस्बों में भी ईरिक्शा की भरमार है। अवैध रूप से चल रहे इन ई रिक्शों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे वह मनमाना किराया लेने के साथ ही ओवरलोडिंग कर रहे हैं। जिम्मेदार इस तरफ से बेखबर नजर आ रहे हैं वहीं बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे यह ई रिक्शा सरकार को चूना लगा रहे हैं। खास बात तो यह है कि यह मुख्य मार्गों पर दौड़ रहे हैं जबकि इनका रजिस्ट्रेशन कर कस्बों में संचालन का परमिट दिया जाता है। जिले में चल रहे ईरिक्शों के हैंडिल ज्यादातर नाबालिगों के हाथ में नजर आते हैं। यही नहीं ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं होता है। इस संबंध में एआरटीओ इज्या तिवारी के सीयूजी फोन नंबर पर बात करने का प्रयास किया गया तो फोन बंद मिला।



सरायमीरा में चलते बिना नंबर के ईरिक्शा। अमृत विचार

सेमिनार | राजकीय मेडिकल कॉलेज में एक दिवसीय उद्यमिता संवाद सेमिनार का किया गया आयोजन

# नौकरी मांगें नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बनें : मंडलायुक्त

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज/तिर्वा

- फर्रुखाबाद व कन्नौज के 800 इंजीनियरिंग व मेडिकल छात्र-छात्राओं का संवाद
- समर्थकों ने फूलमालाओं से किया स्वागत, संगठन को मजबूत करने पर देंगे जोर

**अमृत विचार।** जिला उद्योग केंद्र के तत्वावधान में राजकीय मेडिकल कॉलेज के ऑडीटोरियम में एक दिवसीय उद्यमिता संवाद सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें इंजीनियरिंग, मेडिकल तथा पॉलीटेक्निक के छात्र-छात्राओं को बिजनेस स्टार्टअप के बारे में बताया गया और उनकी शंका का समाधान भी किया गया। साथ ही सरकार की विभिन्न रोजगारपरक योजनाओं के बारे में बताया गया।

शनिवार को पूंजी निवेश एवं रोजगार सृजन के बारे में हुए उद्यमिता संवाद में कानपुर के मंडलायुक्त अमित गुप्ता ने छात्रों को बताया कि तकनीकी व मेडिकल प्रशिक्षण प्राप्त कर सरकार से नौकरी मांगें नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बनें। कम पूंजी में बिजनेस स्टार्टअप से कम समय में सफलता को हासिल किया जा सकता है। व्यापार में तरक्की की संभावनाएं अधिक हैं और प्रशिक्षित व्यक्ति व्यापार में नवाचारों के माध्यम से पूंजी का सदुपयोग कर सकता है। छोटा व्यापार हो या बड़ा, प्रत्येक कार्य लगन से करना चाहिए। संयुक्त आयुक्त (उद्योग) सुनील कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार ने बिजनेस स्टार्टअप के लिए 10 लाख करोड़ की व्यवस्था की है। इससे प्रशिक्षित युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा और नए रोजगार सृजन होंगे। नौकरी करने से अच्छा है कि व्यापार में आगे बढ़कर देश को आर्थिक रूप से समृद्ध करें और स्वयं आत्मनिर्भर बनें। आईआईटी कानपुर के प्रो. जतिन मिश्रा ने बताया कि सरकार की स्टार्टअप नीति से कई युवा विदेशों में लाखों के पैकेज पर नौकरी छोड़कर देश में बिजनेस हब बना रहे हैं। उपायुक्त (उद्योग) धनंजय सिंह ने स्टार्टअप नीति के बारे में बताया तो सुरस एवं सुगंध विकास केंद्र (एफएफडीसी) के विलास गेडाम ने भी उद्यमिता के बारे में जानकारी दी।

सेमीनार में छात्र-छात्राओं ने सवाल भी पूछे, जिसके विशेषज्ञों ने जवाब दिए। सेमीनार में फर्रुखाबाद व कन्नौज के लगभग 800 छात्र-छात्राएं शामिल हुए।



छात्र-छात्राओं को जानकारी देते कानपुर के मंडलायुक्त अमित गुप्ता। अमृत विचार

## ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का होगा टेलीकास्ट

**छिबरामऊ।** नगर पालिका कार्यालय में हुई व्यापारियों की बैठक में एसडीएम उमाकांत तिवारी ने 19 फरवरी सोमवार को औद्योगिक विकास परियोजनाओं के शुभारंभ पर ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का लाइव टेलीकास्ट देखने के लिए सभी को तहसील के सभागार में आमंत्रित किया। उन्होंने यहां के व्यापारियों को भी उद्योग में निवेश के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा जब आप उद्योग लगाएंगे तभी आपकी पहचान बनेगी। प्रदेश सरकार भी उद्योग लगाने के लिए कई सहूलियत दे रही है। इस दौरान पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे, अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, नरेश गुप्ता गोल्डी, सुशांत गुप्ता आदि रहे।

## सार-संक्षेप




छात्रा सुहानी को पुरस्कृत करते नीलेश शाक्य। अमृत विचार

### प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** तथागत गौतम बुद्ध विहार जन कल्याण सेवा समिति के तत्वावधान में भगवान गौतम बुद्ध के जीवन व शिक्षाओं पर आधारित निबंध एवं वाद विवाद प्रतियोगिताओं में सेंट मारिया स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई। इस प्रतियोगिता मे 150 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिसमें निबंध प्रतियोगिता की विजेता शिवी ने निबंध में बाजी मारी। वाद-विवाद प्रतियोगिता में सुहानी शाक्य ने स्थान प्राप्त किया। समिति के सचिव रामेंद्र कुमार ने कहा जीवन में शांति व समृद्धि बुद्ध के विचारों को जानकर व पढ़कर ही संभव है। इस दौरान समिति के सदस्यों सहित कई अन्य लोग भी मौजूद रहे।

### गमादेवी मंदिर में भीमाष्टमी पर बांटा गया प्रसाद

**छिबरामऊ, कन्नौज।** शक्तिपीठ गमादेवी मंदिर के पुजारी बनारसी दास शास्त्री ने गुप्त नवरात्रि के भीमाष्टमी पर शनिवार को माता जी को भोग लगाकर नगर के श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया, जिसमें नगर के श्रद्धालुओं की भीड़ उमड पड़ी। उन्होंने कहा कि माघ का महीना बहुत ही पुनीत महीना है। इसमें मनुष्य को बड़ी श्रद्धा भक्ति के साथ गंगा स्नान एवं दान पुण्य करना चाहिए। रवि तिवारी, सत्यनारायण वर्मा, निखिल सिंह राठौर, सोनू गुप्ता, विपिन बाथम, धर्मेंद्र सिंह भदौरिया, जितेंद्र वर्मा समेत नगर के कई श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में सहयोग किया।

### कल राजपुर में रोजगार मेला लगेगा

**कन्नौज।** कौशल विकास मिशन के तहत 19 फरवरी पार्थ सारथी प्राइवेट आईटीआई राजपुर हसेरन में रोजगार मेला लगेगा। इसमें छह कंपनियों की ओर से 625 युवाओं को नौकरी देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह जानकारी बेहरिन कन्नौज आईटीआई प्रधानाचार्य परवेज ने दी।

### 19 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे

**कन्नौज।** जिले के दो केंद्रों पर चल रहीं संस्कृत शिक्षा परिषद की परीक्षाओं में कुल 19 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। परीक्षा कंट्रोल रूम प्रभारी आशीष शुक्ल ने बताया कि उत्तर मध्यमा द्वितीय में पंजीकृत 41 परीक्षार्थियों में से 38 उपस्थित रहे और तीन गैरहाजिर। इसी तरह उत्तर मध्यमा प्रथम में पंजीकृत 69 परीक्षार्थियों में 53 ने परीक्षा दी और 17 अनुपस्थित रहे। डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया।

# पांचाल से निकाला ब्रह्म सत्संग का मंत्र

## पांचाल शोध एवं विकास समिति के सम्मेलन में सेवानिवृत आईजी शैलेंद्र प्रताप सिंह का संबोधन

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



सम्मेलन के मंच पर उपस्थित अतिथिगण। अमृत विचार



सम्मेलन में बोलते मुख्य अतिथि पूर्व आईजी शैलेन्द्र प्रताप सिंह। अमृत विचार

- सभी धर्मों की आस्था के केंद्र फर्रुखाबाद का नाम भीष्म पितामाह नगर नाम का प्रस्ताव

**अमृत विचार।** पांचाल प्रभा हरण ने ब्रह्म सत्संग का मंत्र इसी पांचाल से निकाला था। आज इसकी ब्रांडिंग किए जाने की आवश्यकता है। यह बात मेला राम नगरिया में आयोजित पांचाल शोध एवं विकास समिति के सम्मेलन में पूर्व पुलिस महानिरीक्षक इतिहासविद शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कही।

पूर्व आईजी ने कहा कि जितना वैभवशाली इतिहास फर्रुखाबाद का है, उतना किसी अन्य जनपद का नहीं सुना। इतिहास शोध और सीखने का विषय है। सीखकर आगे बढ़ने का माध्यम है। दुनिया के साथ चलने के लिए अपनी सोच को वैज्ञानिक करना पड़ेगा। कैंची धाम के बाबा नीब करौरी का मुख्य स्थान फर्रुखाबाद है। सबसे मृदु भाषा से बोलना ही पर्यटन का आधार है। उन्होंने मुगल आक्रांताओं का इतिहास भी दोहराया। संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए संयुक्त सचिव भूपेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्राचीन गौरव को स्थापित करने के लिए संस्था निरंतर कार्यरत है।

सम्मेलन में संस्था प्रमुख सुरेंद्र सिंह सोमवंशी ने कहा कि फर्रुखाबाद सभी धर्म के अनुयायियों की आस्था का केंद्र हैं। उन्होंने कपिल मुनि महाभारत और रामायण काल के अनेक स्थानों की विस्तृत जानकारी दी। श्वेता दुबे ने सामाजिक कार्यों में महिलाओं की सहभागिता पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि होटल प्रबंधन पर्यटन संस्थान बीआर विश्वविद्यालय, आगरा के निदेशक डॉ. लव कुश मिश्रा ने कहा कि हमें अपने इतिहास पर गर्व करते हुए सरकार के सामने तथ्यपूर्ण ढंग से मांगे रखनी हैं। जनपद का नाम बदलने से हम अपनी संस्कृति और मूल्यों से जुड़ सकेंगे। आज हमें कोई भी कार्य अर्थव्यवस्था से जोड़कर करना होगा, जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण अयोध्या है। वहां छोटे-छोटे लोग अच्छी कमाई कर रहे हैं। भारत आज धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन का बड़ा केंद्र बन रहा है। इसे और अधिक बढ़ाना है। उन्होंने फर्रुखाबाद का नाम भीष्म पितामाह नगर करने का प्रस्ताव रखा। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे चंद्रभूषण सिंह मुन्नू बाबू ने कहा कि फर्रुखाबाद अगर आज भी विकास से अछूता है। इसके लिए जनप्रतिनिधि जिम्मेदार हैं। ब्रह्मदत्त द्विवेदी की कमी आज खल रही है। वीरेंद्र सिंह राठौर ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जिले का नाम बदलवाने के लिए जिला पंचायत के माध्यम से प्रस्ताव भेजने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में कै. डीएस राठौर, प्रो. मुकेश राठौर, प्रो. जीत बहादुर सिंह, जितेंद्र सिंह राजावत, निहारिका पटेल, पंकज वर्मा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### अब तक तीन पुस्तकें लिख चुके शैलेन्द्र प्रताप सिंह

पांचाल सम्मेलन में आये पूर्व आईजी शैलेन्द्र प्रताप सिंह की यादें मंच पर पहुंचते ही ताजा हो गईं। उन्होंने कहा कि उनके पूर्वज हर्ष वर्धन कन्नौज के रहने वाले थे। वह देश विदेश में घूम घूम कर शोध कर रहे हैं। वह अब तक तीन पुस्तकें बैस जाति पर लिख चुके हैं। कम्पिल नगरी का गौरवशाली इतिहास रहा है। द्रोपदी का जन्म कम्पिल नगरी में ही हुआ था। महावीर स्वामी का पहला प्रवचन कम्पिल में हुआ। जैन धर्म के 13वें तीर्थंकर स्वामी विमल नाथ का जन्म कम्पिल में ही हुआ था।

### मुन्नू बाबू ने जन प्रतिनिधियों पर कसा तंज, ब्रह्मदत्त की तारीफ

**फर्रुखाबाद।** पांचाल सम्मेलन में पूर्व सांसद चंद्र भूषण सिंह मुन्नू बाबूने जहां जन प्रतिनिधियों पर करारे प्रहार किए। उन्होंने पूर्व ऊर्जा मंत्री स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी की मुक्त कंठ से सराहना की। पूर्व सांसद ने कहा कि जिले के विकास के लिए किसी जन प्रतिनिधि ने काम नही किया। जिनमे वह खुद शामिल हैं। उन्होंने मंच से ऐलान किया कि यदि आज ब्रह्मदत्त द्विवेदी जीवित होते तो जिले का समग्र विकास हो गया होता। उन्होंने सम्मेलन में ऐलान किया ऐसे प्रतिनिधि को चुने जो जिले का विकास करे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन

संवाददाता फर्रुखाबाद



कार्यक्रम पेश कर रहे बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु,विद्या मंदिर इंटर कॉलेज श्यामनगर में बड़े धूमधाम से वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मनाया गया।

वार्षिकोत्सव का प्रारंभ सरस्वती वंदना से कक्षा पांच की बहनों ने किया। कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य रामकृष्ण बाजपेई ने कराया। विद्यालय के व्यवस्थापक गौरव अग्रवाल एवं अध्यक्ष उदयपाल सिंह ने आये हुए अतिथियों को अंगवस्त्र व पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया। विद्यालय के भैया बहिनों के द्वारा धनुष यज्ञ, बसंत गीत ,होली गीत पिरामिड आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा आयें हुए अतिथियों अभिभावकों का मन मोह लिया । कार्यक्रम की विशिष्ट अध्यक्षा मिथिलेश अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान समय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा मार्गदर्शित विद्यालय समाज में ऐसे बच्चों का निर्माण करते हैं जो संस्कार युक्त शिक्षा के माध्यम से समाज निर्माण राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं । हमें भी अपने बच्चों को ऐसे स्थान पर भेजने चाहिए। कार्यक्रम में विद्या भारती कानपुर प्रान्त के प्रदेश निरीक्षक आत्मानंद सिंह द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर, विद्या मंदिर के इतिहास पर प्रकाश डाला और कहा कि 1952 में गोरखपुर से प्रथम विद्यालय संचालित हुआ ।आज देश में भर में लगभग 25हजार विद्यालय जो शिक्षा के साथ साथ संस्कार देने का काम करते हैं और शैक्षणिक प्रतियोगिता बोर्ड परीक्षाओं में स्थान प्राप्त करते हैं ।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की बहन अंशी मिश्रा व सलोनी शाक्य ने किया । अंत मे विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीनारायण मिश्रा ने आये हुए अतिथियों अभिभावकों का आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में चंदनलाल मिश्रा, संतोष पाठक धर्मेंद्र द्विवेदी मीडिया प्रभारी रामानुज अग्निहोत्री आलोक दीक्षित नीलम सोमवंशी, मनु आकाश श्रीवास्तव आदि सभी ने सहयोग किया ।कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन मुख्य अतिथि राम हरी पाठक यज्ञाचार्य, प्रदेश निरीक्षक आत्मानंद सिंह विद्या भारती कानपुर प्रांत, मिथिलेश अग्रवाल राज्य महिला आयोग सदस्य, संभाग निरीक्षक , अजय कुमार दुबे, जिला प्रचारक प्रवीण कुमार, विद्यालय के अध्यक्ष उदय पाल सिंह, प्रबंधक गौरव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष गुरविंदर सिंह आदि अतिथियों ने किया।

# मिनी लोडर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, कोहराम

संवाददाता, कायमगंज/कंपिल

- सवितापुर गांव के पास की घटना, रिश्तेदार को लेने जा रहा था कंपिल

**अमृत विचार।** सिवारा से रिश्तेदार को बुलाने जा रहे युवक की सवितापुर गांव के पास मिनी लोडर की टक्कर से मौत हो गई। मौत पर परिवार में कोहराम मच गया।

शुक्रवार रात कंपिल क्षेत्र के गांव सिवारा खास निवासी मुन्नालाल का बीस वर्षीय पुत्र गबणेश कुमार बाइक से किसी रिश्तेदार को लेने कंपिल जा रहा था। जब वह कंपिल सिवारा मार्ग स्थित सवितापुर गांव मार्ग पर पहुंचा तो पुलिया के पास मिनी लोडर के चालक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें वह बाइक समेत दूर जा गिरा। आसपास के ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। 108 एंबुलेंस से सीएचसी भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर हालत में उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। परिजन उसे निजी चिकित्सक के यहां ले गए। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत पर परिवार में कोहराम मच गया।

मृतक गबणेश तीन भाईयों में सबसे बड़ा है। भाई मंगली, हरिश्चंद्र, मां मार्गश्री का रो-रो कर बुरा हाल है। इधर पुलिस बाइक व मिनी लोडर को थाने ले आई। शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# पुलिस भर्ती परीक्षा में कड़ी सुरक्षा, सघन तलाशी के बाद ही मिला प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



लाइन में लगे अभ्यर्थी। अमृत विचार



निरीक्षण कर रहे एसपी विकास कुमार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड की ओर से शनिवार को जनपद के 35 केंद्रों पर पुलिस भर्ती परीक्षा 2024 पुलिस और प्रशासन के कड़े इंतजामों के बीच शुरू हुई। परीक्षा केंद्रों पर परिंदे तक को पर मारने की इजाजत नहीं थी। मुख्यगेट पर सघन तलाशी के बाद ही अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक परीक्षा पर पैनी नजर रखे रहे।

सुबह से ही परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों का पहुंचना शुरू हो गया। रोल नंबर देखने के लिए अभ्यर्थियों की भीड़ उमड़ी। प्रवेश को लेकर उमड़ी भीड़ देख पुलिस ने लाइन लगवाई। सभी परीक्षा केंद्रों पर रिपोर्टिंग टाइम साढ़े नौ बजे का रहा और इसके बाद अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश रोक दिया गया। जो छात्र परीक्षा केंद्रों में भीतर पहुंचे उनकी त्रिस्तरीय चेकिंग सुनिश्चित की गई। सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में केवल पेन, आधार कार्ड और एडमिट कार्ड ही भीतर ले जाने की अनुमति थी।

पुलिसकर्मी विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर पूरी मुस्तैदी से जुटे रहे। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने जीजीआईसी और जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह ने जीआईसी फतेहगढ़ का निरीक्षण किया। उन्होंने ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्र के मुख्यगेट के बाहर भीड़ न लगनी दी जाए। परीक्षा देकर निकले झारखंड के अंकुर नोनिया ने बताया कि प्रश्नपत्र ज्यादा कठिन नहीं था। रीजनिंग ने जरूर उलझाया। बिहार से आए अभिषेक और नुपूर बोले कि सामान्य ज्ञान के सवाल यूपी से संबंधित थे, इसलिए कुछ दिक्कतें आईं। गौरतलब है कि पुलिस भर्ती परीक्षा में जनपद में 17,640 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि अनुपस्थित परीक्षार्थियों की जानकारी पुलिस लाइन से मिलेगी।

# बैंक ऑफ इंडिया में कैश खत्म

कंपिल फर्रुखाबाद

- बैंक के बाहर कैश न होने की जानकारी बोर्ड पर लिखी

**अमृत विचार।** बैंक ऑफ इंडिया में कैश खत्म हो गया। इससे ग्राहकों ने हंगामा काटा और कहा 6 दिन से रुपए के लिए बैंक के चक्कर लगा रहे है लेकिन उन्हे भुगतान नहीं किया जा रहा है। बैंक के शाखा प्रबंधक ने कैश न होने की जानकारी बाहर बोर्ड पर लिख दी है।

रोज की भांति शनिवार को भी बैंक ऑफ इंडिया कंपिल शाखा में दोपहर बाद तक काउंटर कर्मचारी विहीन रहे। सुबह से लाइन में लगे बैंक उपभोक्ताओं को जब दोपहर बाद भी भुगतान नहीं मिला तो उनका गुस्सा फूट पड़ा और हंगामा शुरू कर दिया। उपभोक्ताओं ने बैंक के बड़े अफसरों से भी शिकायत की लेकिन नतीजा सिफर रहा। आखिर में मायूस उपभोक्ता अपने घर लौट गए। बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में बीते छः दिन से कैश न होने के कारण दूर-दूर से आए उपभोक्ता बैरंग लौट रहे है। इनमें से ऐसे भी लोग हैं, जिन्हें कैश की सख्त जरूरत ह। कैश न होने की सूचना बैंक के बाहर चस्पा कर दी गई है। कुछ उपभोक्ताओं ने बैंक प्रशासन पर आरोप लगाया कि अपनी बात कहने पर उन्हें पुलिस की धमकी दी जाती है। दिनभर यहां पर भारी भीड़ जमा रहने से कैश निकालने को लेकर लोगों में अफरातफरी रही। बैंक के ग्राहक राकेश, अफजल, घनश्याम, विवेक सिंह, लौंगश्री, मेवाराम, नरेश कुमार, विमल, ममता रानी, सविता रानी का कहना है कि उनके घर में सब्जी के लिए रुपए नहीं है। आटा भी दुकानदार से उधार में खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। शाखा प्रबंधक अमित कुमार यादव से कैश के बारे में पूछा तो उन्होंने अपना मोबाइल बैंक के कर्मचारी अजीत को फोन दे दिया।

# सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल हुए

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** अलग अलग मार्ग दुर्घटना में जनपद एटा के अलीगंज के गांव पंचपुरा निवासी आरती देवी व शाहजहांपुर जलालाबाद के गांव जिगनेरा निवासी अरुण कुमार घायल हो गए। लोगो ने दोनो को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां गंभीर हालत में अरुण कुमार को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।



सीएच सी में भर्ती घायल।

# तमंचा से फायर करने के दो आरोपी कोर्ट में तलब

**फर्रुखाबाद।** मामूली बात पर हमलावरों ने भाइयों को मारपीट कर तमंचा से फायर कर दिया। न्यायालय ने आरोपितों को 14 मार्च को तलब किया है।

गांव देवरामपुर निवासी महेश चंद्र ने मोहल्ला गंगानगर निवासी अनुपम मिश्रा व भाई पवन मिश्रा के खिलाफ न्यायालय में 19 नवंबर को प्रार्थना पत्र दिया। इसमें कहा कि 12 अक्तूबर 2014 को महेशचंद्र ठंडी संड़क क्रासिंग पर चाय की दुकान में बैठे थे। अनुपम व पवन मिश्रा आए और गालीगलौज कर मारपीट की। तमंचा से फायर कर दिया, जिससे महेशचंद्र घायल हो गए थे। शोर सुनकर पत्नी व भाई सहित अन्य लोग मौके पर पहुंचे। तब तक दोनों भाई वहां से भाग गए। कोतवाली में तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। इन लोगों से मकान खाली कराने को लेकर विवाद चल रहा था ।मेडिकल रिपोर्ट में डॉक्टर ने गोली लगने की पुष्टि की। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने छानबीन के बाद मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगा दी।

## सार-संक्षेप

### चित्र, मित्र और चरित्र मनुष्य को बनाते पवित्र

**फर्रुखाबाद।** मेला श्रीरामनगरिया में चल रहे वैदिक क्षेत्र में चरित्र निर्माण शिविर में म शनिवार प्रात :काल यज्ञ किया गया। यज्ञोपरान्त यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री जी ने कहा कि चित्र, मित्र और चरित्र ये मानव जीवन के असली इत्र हैं जो मनुष्य को पवित्र बनाते हैं। जिन घरों में महापुरुषों के चित्र हों और जिसके मित्र अच्छे हों उनका चरित्र महान बनता है। हमारे घरों में महापुरुषों के चित्र होने चाहिए। चित्र को देखकर चरित्र बनता है। जीवन उन्नति के लिए अच्छे मित्र का होना आवश्यक है। मित्र की परिभाषा करते हुए नीतिकार कहते हैं कि पापों से बचाने वाला, गुणों का प्रकाश करने वाला,आपत्तिकाल में साथ निभाने वाला सच्चा मित्र होता है। चरित्र की रक्षा हमें सदैव करनी चाहिए। कहावत है कि धन गया तो कुछ नहीं गया, स्वास्थ्य गया तो कुछ गया किन्तु यदि चरित्र चला गया तो सब कुछ चला गया। आचार्य योगेश ने कहा कि महर्षि दयानन्द सरस्वती ने जीवन निर्माण की पद्धति संस्कार विधि के रूप में दी है। जिसके मूल में संस्कार होते हैं उनका जीवन मूल्यवान बनता है। आचार्य विवेक जी ने यज्ञ की महत्ता पर प्रकाश डाला। कु. उदिता आर्या ने प्रभुभक्ति गीत गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पण्डित हरिओम शास्त्री, शिवनारायण आर्य, आदि ने भी विचार रखे। सभा में उत्कर्ष आर्य, उदयराज आर्य, हरिओम शास्त्री, आचार्य महावीर शास्त्री, शिशुपाल आर्य, संजीत आर्य, रत्नेश द्विवेदी, उपासना कटियार,आदि उपस्थित रहे।




प्रवचन करते आचार्य। अमृत विचार

### वैदिक क्षेत्र कवि सम्मेलन आज

**फर्रुखाबाद।** वैदिक क्षेत्र चरित्र निर्माण शिविर में कल 18 फरबरी को दोपहर 2 बजे से कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मेंप्रख्यात वक्ता हिंदूवादी सन्त यति नरसिंहानंद होंगे।

### सपाइयों ने सुनीं समस्याएं, राशन व पेंशन की उठी मांग

**फर्रुखाबाद।** शहर के मोहल्ला अस्तबल तराई में सपाइयों ने कैंप लगाकर आमजनमानस की समस्याएं सुनीं। किसी ने राशन तो किसी ने पेयजल और वृद्धावस्था पेंशन की मांग की। सपाइयों ने समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिया। शनिवार को मोहल्ला अस्तबल तराई में सपा महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा के नेतृत्व में जनसुनवाई शिविर लगाया गया। मोहल्लवासियों ने कहा की पेयजल की समस्या है। सड़कें भी टूटी हैं। कुछ लोगों ने कहा कि वृद्धावस्था पेंशन को आवेदन कर चुके हैं, लेकिन अभी तक पेंशन नहीं बंधी है। अमरीना और नाजरीन ने कहा कि राशनकार्ड के लिए दो बार आवेदन कर चुकी हैं, लेकिन अभी तक राशनकार्ड नहीं बना है। महानगर अध्यक्ष ने संबंधित अफसरों से वार्ता कर मोहल्लेवासियों की समस्याओं से अवगत कराया। इसके साथ ही समस्याओं के निस्तारण की बात कही। इस अवसर पर सचिव उरूज खान, महासचिव रजत क्रांतिकारी, उपाध्यक्ष खुर्शीद खान, अमन भारद्वाज, सत्यम अवस्थी, कमल हसन, परवेज, फैज खां, सन्नू खान, मोहम्मद शकील, गोविंद, नासिर, हसमुद्दीन, निशा खान, मुमताज, ऋषभ शुक्ला, नफीश, नन्हे खां व सुहेब आदि मौजूद रहे।

### मधुमक्खियो के हमले से एक घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** क्षेत्र के गांव शिवरईमठ निवासी नंदराम के ऊपर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। उसके चीखने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उसे मधुमक्खियो से बचाया। उसके बाद उसे सीएचसी में भर्ती कराया।

**एक शाम रईस अहमद के नाम** | मुशायरा व कवि सम्मेलन में देश के नामचीन शायरों की शायरी के दीवाने हुए लोग

# वह दिया भी शामिल था मेरा घर जलाने में...

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद




मुशायरे में कलाम पढ़ते शायर व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** वह दिया भी शामिल था मेरा घर जलाने में, मेरे हाथ जल गए जिसको बचाने में जब यह शेर हाशिम फिरोजाबादी ने सुनाया तो मुशायरे की महफिल तालियों की गड़गड़ाहत से गूंज गई। मोहल्ला शमशेर खानी ग्राउंड पर मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ।

एक शाम रईस अहमद के नाम से शहर में मुशायरा व कवि सम्मेलन हुआ। देश के नामचीन शायर व कवियों ने पहुंचकर समां बांधा। श्रम विभाग के नोडल अधिकारी सैय्यद रिजवान अली, सपा नेता अहमद अंसारी ने मुशायरे व कवि सम्मेलन की शुरुआत शमां रोशन कर की। हाशिम फिरोजाबादी ने शायरा शहिस्ता परवीन ने जब बाग मे कोयल बोली साजन आ गएगीत पढ़ा तो लोग वाह-वाह करने लगे। शायरा आयशा खुशनसीब ने मैं खुशनसीब हूं मैं हिंदुस्तानी हूं गीत पढ़कर लोगों का दिल जीता। अजमल मकनपुरी ने सुनाया- मैं अपने चार दिन बचाऊं तो किस तरह, तूफान टहल रहा है मेरे घर के आस-पास। डा. आसिम मकनपुरी ने पढ़ा- ख़ामियां मेरी दिखाता था मुझे मैंने आईना पलटकर रख दिया। हास्य कवि दिलीप दुबे को सुन लोग हंस हंसकर लोटपोट हो गए। शाहबाज तालिब ने एक मुजाहिद मेरी बस्ती से नहीं निकलेगा, सौ मुनाफ़िक़ मेरे लश्कर से निकल आयेंगे शहर पढ़ा। पपलू लखनवी ने मैंने दाढ़ी बनाई तो कहने लगी अब कमीना ये हूरों के चक्कर में है शेर पढ़ा।

कवि विशाल विशेष ने एक कली पर बैठे है कितने भंवरे, कहते हो निगरानी है हैरानी है। इसके अलावा कई अन्य शायरों व कवियों ने समां बांधा। लोग रात में भी शायरों और कवियों को सुनने को बैठे रहे। मुख्य अतिथि अविनाश सिंह विक्की, सदारत श्रम विभाग नोडल अधिकारी, सदारत सैय्यद रिजवान अली ने और कनवीनर हाजी अहमद अंसारी ने की। आयोजक में फैसल रईस, आफाक खान, आरिफ खान, शरजील पाशा, दानिश मिर्जा, असगर हुसैन, फुरकान अहमद, पुष्पेंद्र भदौरिया, हाजी दिलशाद, रफी अहमद, खुर्शीद अहमद, हाजी बिलाल अहमद आदि रहे।

# सीएमओ को मिडडे मील के चावल में मिले घुन

**फर्रुखाबाद।** मुख्यचिकित्साधिकारी को परिषदीय विद्यालय के निरीक्षण के दौरान मिडडे मील के चावल में घुने मिले। इसके साथ ही आटा में जिंदा चूहा घूम रहा था। इस पर उन्होंने नाराजगी जताई।

सीएमओ डॉ.अवनींद्र कुमार ने शनिवार को ब्लॉक राजेपुर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय भरखा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चावल में घुन पाए। आटा रखा कनस्तर खोलकर देखा तो उसमें जिंदा चूहा घूम रहा था। इस पर उन्होंने नाराजगी जताई। शिक्षकों ने बताया कि अल्बेंडाजॉल टैबलेट बच्चों को बांट दी गई है। सीएमओ ने जब बच्चों की सूची मांगी तो वह मुंह ताकने लगे। स्कूल में आयरन की गोली रखी मिलीं। उसका भी कोई रिकार्ड नहीं मिला। सीएमओ ने मध्याह्न भोजन का राशन देखा, तो वह दंग रह गए।

# पुस्तक समाजः एक नया और जीवंत समाज


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> पुस्तक रचनाकार की अंतर्काया होती है। कागज का पुलिंदा नहीं और शब्दों का ढेर भी नही। ह्वाइट मैन ने 'लांग मैन' कविता में लिखा था "यह पुस्तक नहीं मेरी काया है, जो इसे छूते हैं, वे एक मनुष्य को छूते हैं। वह मैं हूं, जिसे आप छू रहे हैं। मैं इन पृष्ठों से प्रकट होकर तुम्हारे हृदय में समा जाऊंगा।"

शब्दों की भीड़। दशों दिशाओं से हमारी ओर आते गतिशील शब्द। पूरब से आते शब्द पश्चिम से आते शब्दों से टकराते हैं, मिलते हैं। इसी तरह उत्तर दक्षिण सहित सभी दिशाओं से भी। भारतीय चिंतन में आकाश का गुण शब्द कहा गया है। शब्द ध्वनि ऊर्जा हैं। शब्द पहले अरूप थे। लिपि नहीं थी। सिर्फ बोले सुने जाते थे। वे संवेदन प्रकट करने का माध्यम थे। फिर हर्ष, विषाद, क्रोध और बोध आदि भाव प्रकट करने का माध्यम बने। विश्व शब्द भंडार बढ़ता रहा। मुझे लगता है कि यह संसार शब्दों का ही मेला है। तत्सम्, तद्भव यहां मिलते हैं, छोटाई बड़ाई त्याग कर। हरेक रूप के लिए शब्द। जितने रूप उतने शब्द। फिर लिपि बनी उनका रूप बना। उनकी छपाई की तकनीकी विकसित हुई। शब्द संचय पुस्तक बने। पुस्तकें भाव संवेदन, विषाद, प्रसाद और हर्ष उल्लास की भी प्राणवान काया बनी। पुस्तकें ज्ञान संचय हैं। संप्रति भारत की राष्ट्रीय राजधानी में विश्व पुस्तक मेला है। विश्व के तमाम देशों से पुस्तकें आई हैं। पुस्तक मेला दुनिया के पुस्तक प्रेमियों का आकर्षण है। भारतवासी पुस्तकों को प्रणाम योग्य मानते हैं। शब्द ब्रह्म हैं। पुस्तकों की काया है शब्द। सो प्रणाम के योग्य हैं। भारत का 'वाणी प्रकाशन' सुप्रतिष्ठित है। इसके स्वत्वाधिकारी अरुण जी कहते हैं, ''पुस्तकें उपभोक्ता सामग्री नहीं हैं। इसका अर्थशास्त्र समाजशास्त्र से गहराई से जुड़ा है।"

मेला मिलन है और खरीदें बेंचे तो बाजार। मेला हरेक तीर्थ का संगमन रहा है। बाजार का लक्ष्य लाभ है और मेला का लक्ष्य आनंद। मेला प्रीतिभाव है, बाजार वस्तु भाव। 'पुस्तक मेला' की बात ही और है। पुस्तकें बुलाती हैं, आओ, हमको ले चलो अपने साथ। मन खिंचा चला जाता है पुस्तक मेले की ओर। एक नया और जीवंत समाज। पुस्तक समाज। मोटी पुस्तकें, पतली सुकुमार पुस्तकें। रंग रूप में सजी धजी रची पुस्तकें। खूब पढ़ी जाने वाली लोकप्रिय पुस्तकें। अतिरिक्त लोकप्रिय मगर अति अल्पकालिक प्रभाव डालने वाली पुस्तकें। विविध आयामी पुस्तकें रस आपूरित से हहराती, भीनी गंध बिखेरती हैं। मैं पुस्तकों को प्रणाम करता हूं। यह प्रणाम प्रत्यक्ष रूप में पुस्तक की काया के प्रति है अप्रत्यक्ष रूप में उसके जीवन्त संवाद, रस प्रवाह के प्रति है। मेरा मन तार्किक है। संशयी भी है। पुस्तकें संशय और तर्क को और स्वस्थ करती हैं। बहुधा तर्क के परे भी ले जाती हैं।

पुस्तकों में शब्द हैं। शब्दों के अर्थ हैं। हरेक शब्द का अपना गर्भ भी है। शब्द का गर्भ बड़ा न्यारा है। वह अपने भीतर अर्थ पालता है। शब्द का अर्थ जड़ नहीं होता। उसका मूल है भाव। इसलिए शब्द का भावार्थ भी होता है। शब्द अपने अन्तस् में भावार्थ लेकर चलता है। अर्थहीन शब्दों का कोई उपयोग नहीं। वे निरर्थक हैं। पुस्तकें शब्द से भी बड़ा काम करती हैं। वे अपनी काया में कागज (या सी.डी.) हैं। शब्द उनके मन प्राण है, भाव उनकी आत्मा है और ज्ञान उनकी बुद्धि। मनुष्य की तरह उनमें भी 4 घटक हैं। शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा। वे प्राणवान हैं। जीवमान हैं। वैशेषिक दर्शन व चरक ने आत्मा को भी द्रव्य बताया है।

पुस्तकें संरक्षक, मार्गदर्शक व पालक हैं। पुस्तकों में शब्द रस प्रवाह का नाद हैं। पुस्तक का पाठ पर्याप्त नहीं। रस प्रवाह में बहने और आनंदित होने के लिए पुनर्पाठ जरूरी है। ऐसा आनंद सतत् प्रवाही है। अन्तहीन है और अनंत भी। विश्व की सभी सभ्यताओं में पुस्तकों के आदर की परंपरा है। कुरान, बाइबिल, अवेस्ता आदि के आदर सर्वविदित हैं। वेद, उपनिषद्, रामायण और गीता आदि का आदर बहुत पुराना है। शब्द सबके हैं। वे सार्वजनिक संपदा हैं। शब्द की सामर्थ्य बड़ी है। प्रयोगकर्ता की सामर्थ्य शब्द का अर्थ खोलती है। लेखक, कवि या साहित्यकार शब्द प्रयोग की स्वतंत्रता से नया संसार गढ़ते हैं।

पुस्तक रचनाकार की अन्तर्काया होती है। कागज का पुलिंदा नहीं और शब्दों का ढेर भी नही। ह्वाइट मैन ने 'लांग मैन' कविता में लिखा था "यह पुस्तक नहीं मेरी काया है। जो इसे छूते हैं, वे एक मनुष्य को छूते हैं। वह मैं हूं, जिसे आप छू रहे हैं। मैं इन पृष्ठों से प्रकट होकर तुम्हारे हृदय में समाज जाऊंगा।" कालिदास, तुलसी, निराला, पी.बी. शेली आदि के शब्द ऐसे ही हैं। मैंने तमाम पुस्तकें लिखी हैं। हिन्दुत्व देश का सर्वाधिक चर्चित शब्द है। वाणी प्रकाशन ने कृपापूर्वक मेरी लिखी 'हिन्दुत्व का मधु' प्रकाशित किया है। पुस्तकें मेरी शब्द देह हैं। लेकिन मेरी वास्तविक देह बुद्धि से भिन्न। मैं गुस्सा होता हूं, वे नहीं गुस्सातीं। मैं यशलोभी हूं। वे प्रसिद्धि पाकर भी विनम्र बनी रहती हैं।

पुस्तकें रचनाकार की देह हैं। 'हिन्द स्वराज' गांधी की शब्द काया हैं। शब्द काया पुस्तक के कारण अमर है और शरीर नश्वर। गांधी की देह नहीं रही, अक्षर देह अक्षर-अविनाशी है। मनुष्य मत्र्य है, मनुष्य सृजित शब्द संसार अमत्र्य है। मनुष्य क्षरणशील है और मृत्युबंधु। मनुष्य का अनाशवान भाग अक्षर है। देह क्षरणशील और नाशवान। अमरत्व प्राचीन प्यास है मनुष्य की। मनुष्य जानता है कि उसे मरना है, मृत्यु अवश्यंभावी है तो भी अमर होना चाहता है। अमर होने की लालसा कहां से आई? मृत्यु की ध्रुव सत्यता के बावजूद ऐसी इच्छा का कारण एक ही जान पड़ता है कि मनुष्य के भीतर क्षर के साथ अक्षर तत्व भी है। क्षर जाता ही है और अक्षर-अविनाशी है ही। यही अक्षर प्यास उसे अक्षर-अमर बने रहने के लिए प्रेरित करती है। शब्द अक्षरों का ही प्रेमपूर्ण संयोजन हैं। ऐसी जानकारी भी पुस्तकों से ही मिलती है।

शब्द उगते हैं मनोभूमि पर। कोमल पुष्प जैसे आकर्षक। मधुगंध उड़ेलते हैं और हृदय में पैठ जाते हैं। जैसे शब्द कमनीय, सुकुमार और काम्य वैसी ही पुस्तकें। पुस्तकों ने विचार भी धारण किया है। शब्द ब्रह्म कहे गये हैं। पुस्तकें इस ब्रह्म को धारण करती हैं। ब्रह्म सदा रहता है, शब्द भी सदा रहते हैं। सृजन में मनुष्य का अमरत्व है। पुस्तकें हमारे स्वयं पुनर्सृजन और पुनर्नवा गतिशीलता का उपकरण है। पढ़ना, सुनना, जानना चित्त में रासायनिक परिवर्तन लाता है। यहां नवसृजन के अवसर हैं और इस अनुष्ठान का मंगल उपकरण हैं पुस्तकें। प्राइमरी की पहली कक्षा में ही पुस्तक प्रणाम सिखाया गया था। प्रतिदिन पढ़ाई शुरू करने के पहले पुस्तक को सिर माथे लगाना ज्ञान प्राप्ति की तैयारी है। अध्ययन में विनम्रता की भूमिका है। यह मस्तिष्क की ग्राह्यता बढ़ाती है।

पुस्तकें माता पिता और आचार्य एक साथ हैं-शब्द रूप में। शब्द संसार वास्तविक संसार की तरह विराट है। शब्द और वाक्य संसार का वर्णन करते हैं। शब्द संसार को धारण करती है वाणी। शतपथ के ऋषि ने ठीक ही वाणी को विराट बताया है। पुस्तकें हम सबको लोकमंगल के लिए प्रेरित करती हैं। हम उपभोक्ता वस्तुओं पर तमाम खर्च करते हैं। लेकिन पुस्तकों की कीमत का रोना रोते हैं। पुस्तकों के साथ होना सौभाग्यशाली होना है। मुझे नहीं पता कि स्वर्ग या नर्क होते हैं या नहीं होते। स्वर्ग के बारे में अनुमान करता हूं कि वहां पुस्तकालय जरूर होंगे। न हों तो काहे का स्वर्ग? नरक में तो पुस्तकालय होने ही चाहिए नहीं तो प्रसाद को विषाद समझने की गल्ती होती रहेगी। मुक्ति की बेचैनी में पुस्तकें ही मार्गदर्शन कर सकती हैं। पुस्तकों को सब जगह होना चाहिए। जहां जहां पुस्तकें वहां वहां ज्ञान ज्योति।

# पांचाल का हिस्सा था फर्रुखाबाद


शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

बीते दिनों फर्रुखाबाद जाना हुआ। फर्रुखाबाद अपने दामन में जितना इतिहास समेटे है,लगता है उसे अभी तक पूरी तरह से खोला नहीं जा सका है। अभी बहुत शोध की जरूरत है और इसके साथ ही साथ लगता है जिले को भी शायद उतनी महत्ता नहीं हासिल हो सकी जिसका वह हकदार है।

फर्रुखाबाद छठी शताब्दी ईसा पूर्व के पांचाल महाजनपद का हिस्सा था। पांचाल के ही राजा उपनिषदों के शीर्ष विचारक प्रवाहण जैवलि थे जिन्होंने श्वेतकेतु को ब्रह्म/आत्मा का ज्ञान दिया था। महाभारत काल में जहां के राजा द्रुपद थे और जहां की ही पांचाली थी। पांचाल राज्य की राजधानी काम्पिल्य अथवा कम्पिल थी। काम्पिल्य जैन धर्मावलंबियों के आस्था का प्रमुख केंद्र है। जैन धर्म के तेरहवें तीर्थंकर भगवान विमलनाथ की जन्मभूमि भी है। यहां संकिसा में गौतम बुद्ध भी आए थे और स्त्रियों के लिए भी यहां संघ के द्वार खोले। यहां अशोक स्तंभ था,यहां ह्वेनसांग आया था। कुछ वर्ष पूर्व तक फर्रुखाबाद का ही हिस्सा इत्र नगरी कन्नौज भी था। कन्नौज पांचाल देश का एक प्रमुख नगर था और जिसका प्राचीन नाम कान्यकुब्ज था। छठी शताब्दी में हर्षवर्धन जैसे शासक की राजधानी कन्नौज थी। मैं पड़ोस के कोसल महाजनपद के बैसवाड़ा (रायबरेली) का रहने वाला हूं और महान हर्षवर्धन मेरे पूर्वजों में थे।

मध्य युग में मुगल सम्राट के आदेश पर इस इलाके के सूबेदार के रूप में मोहम्मद खां बगंश (अफगानी पठान) यहां आए और उन्होंने वर्ष 1714 में आसपास के 52 गांवों को एकीकृत करके मुगल बादशाह फर्रुखसियर के नाम से मुख्यालय बनाकर उसका नाम फर्रुखाबाद रखा। मुगल बादशाह फर्रुखसियर कभी फर्रुखाबाद नहीं आए। कुछ दिन बाद वह इलाहाबाद सरकार के भी प्रमुख बनाए गए और उसी पद के दायित्वों को निभाते हुए एक दिन उन्होंने सेना के साथ मुगल साम्राज्य के विरोधी छत्रवाल को महोबा के जैतपुर किले में जा घेरा। किले पर घेरा कई महीनों चला। छत्रसाल ने मराठा सरदार बाजीराव से मदद मांगी। बाजीराव के आते ही बंगश घेरा छोड़कर भाग लिए। रात्रि में विजय उत्सव मनाया गया और छत्रसाल ने पारसी पत्नी की बेटी मस्तानी की शादी वाजीराव से कर उन्हें अपने इलाके का एक तिहाई हिस्सा भी दिया। 1857 की क्रांति के समय मस्तानी के ही बंशज अली बहादुर बांदा के नवाब और झांसी की रानी के साथी थे। मैं महोबा का कप्तान रहा और अक्सर जैतपुर के किले में जाकर शांति से बैठता था। किले के अंदर सुंदर झील भी थी। मेरे पसंदीदा शायर दाग देहलवी की तीन बेटियों वाली नानी (वज़ीर खानम उर्फ़ छोटी बेगम की मां) अकबाई बाई डेरेवाली फर्रुखाबाद की ही थी। रामपुर के नवाब सैयद यूसुफ़ अली ख़ान बहादुर मंझली को पसंद कर ले गए थे और बिल्कुल कश्मीरन लगने वाली छोटी वज़ीर खानम के तीसरे पति के रूप में प्यार करने/शादी करने वालों में नवाब लोहारू भी थे,जिन्होंने बाद में दिल्ली के अंग्रेज रेजीटेंट फ्रेजर की हत्या की थी। मिर्ज़ा ग़ालिब से भी पूछताछ हुई थी और नवाब लोहारू को फांसी हुई थी। इन्हीं नवाब लोहारू के बेटे नवाब दाग थे। वजीर खानम के चौथे पति दिल्ली सम्राट बहादुर शाह ज़फ़र के बेटे फ़खरू साहब थे। इस कहानी के लिए फ़ारूक़ी साहब के उपन्यास 'कई चांद थे सरे आसमां' ज़रूर पढ़े।

भवाली में नीम करोरी बाबा की ध्यान स्थली कैंची धाम (भवाली) आजकल दर्शनार्थियों की भीड़ से भरा रहता है,पर नीम करौली बाबा की कर्म स्थली नीम करोरी भी फर्रुखाबाद जिले में है। फर्रुखाबाद देश का सबसे ज्यादा आलू पैदा करने वाला जिला है। 100 के लगभग कोल्ड स्टोरेज है यहां। यही हाल कन्नौज का है। कुटीर उद्योग के रूप में यहां का वस्त्र छपाई और जरी वस्त्र उद्योग बहुत प्रसिद्ध है।

# चिकित्सकीय परिप्रेक्ष्य में 'उसने कहा था' के लहना सिंह का जमाना


डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

> इस कम उम्र में सिगरेट और गांजा पीने के कारण इतना तीव्र हृदयाघात पड़ा। इसमें थोड़ा बहुत योगदान अल्कोहल का भी रहा होगा।

हिंदी कहानी के सशक्त कहानीकार पं.चंद्रधर शर्मा गुलेरी की एक कहानी 'उसने कहा था' पचास के दशक में अत्यंत लोकप्रिय कहानियों में से एक थी। उसका मुख्य पात्र सिख सैनिक लहना सिंह है। वह विश्व युद्ध में ब्रिटेन की तरफ से जर्मनी की सेनाओं से लड़ाई लड़ रहा था। इसी दौरान एक जर्मन भेदिया उसके क्षेत्र में आ गया और मित्रता बढ़ाने के लिए उसे सिगरेट देते हुए बोला कि पूर्व में मैंने अपने अधीनस्थ सिखों के साथ खूब सिगरेट का आनंद लिया है। बुद्धिमान लहना सिंह तुरंत ताड़ गया कि यह ब्रिटिश पल्टन में आया कोई जासूस जर्मन सैनिक है जिसे भारत के सिखों के सिगरेट न पीने के विषय में कुछ अता-पता नहीं है। उसने आव न देखा ताव उस जर्मन जासूस की वहीं कपाल क्रिया कर दी। यह कहानी जब लिखी गई तब यह शत प्रतिशत सच था कि सिख युवक या युवती सिगरेट-धूम्रपान कतई नहीं करते। तम्बाकू हाथ नहीं लगाते। परंतु तेजी से बदलते आज के समाज में क्या हम ये बात दृढ़ता से कह सकते हैं कि सौ प्रतिशत सिख सिगरेट नहीं पीते। तम्बाकू नहीं खाते। शायद 99 प्रतिशत सिख विशेषतः सरदारनी महिलाएं धूम्रपान अभी भी नहीं करती हैं। इस तथ्य को ध्यान में रखकर हम अपने चिकित्सा विद्यार्थियों को हमेशा यह आगाह करते हैं कि सिख पंथ के लोगों से धूम्रपान या सिगरेट के विषय में पूछते समय बहुत सावधानी बरतें जिससे उनकी धार्मिक भावना आहत न पहुंचे। क्या आप धूम्रपान करते हैं या तम्बाकू खाते हैं? यह सीधे-सीधे पूछने की गलती कभी मत करें। आज जब हृदया घात (दिल का दौरा), ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की महामारी हमारे चारों तरफ विकराल रूप में फैली हुई है। इन सब बीमारियों का एक प्रमुख कारण तम्बाकू और धूम्रपान है। हमें कभी-कभी कुछ ऐसे उदाहरण सिख मरीजों के मिल जाते हैं,जो उस पक्की लकीर के अपवाद होते हैं कि सिख धूम्रपान नहीं करतें हैं। इसलिए हर चिकित्सक को इस अपवाद का ध्यान अपने मन-मस्तिष्क में विशेषतः उस समय जब उसे किसी अनसुलझी समस्या से सामना करना पड़े जरूर रखना चाहिए। यहां पर मानव मन के इसी पहलू को दर्शाती हुई एक घटना का उल्लेख करना चाहूंगा।

एक छत्तीस वर्षीय संभ्रांत सिख परिवार की महिला को घर पर रात में अचानक चक्कर आता है। छाती में दर्द की शिकायत होती है। घर वाले उसे निकट के अस्पताल में ले आते हैं। ईसीजी की जांच होती है। ईसीजी में दिल में गड़बड़ी के कुछ संदेहास्पद चिन्ह मिलते है। ईको टेस्ट किया जाता है,उसमें भी कुछ असामान्य बातें मिलती हैं। अलबत्ता खून के टेस्ट में हृदया घात का कोई प्रमाण नहीं मिलता। उसने इसके पूर्व किसी अन्य दिल की बीमारी, ब्लड प्रेशर या डायबिटीज होने से इंकार किया। किसी प्रकार की गर्भ निरोधक गोलियों के सेवन की बात पूछने पर उसने बताया कि वह ऐसी कोई गोली नहीं लेती वरन थायरॉयड के लिए विगत पांच वर्षों से नियमित औषधि लेती है। किसी अन्य प्रकार की औषधि या गोली से उसने पूर्णतः इंकार कर दिया। धूम्रपान के विषय में पूछने पर भी उसने प्रथम दृष्टया मना कर दिया। सीने में दर्द, ईसीजी व ईको में गड़बड़ी को ध्यान में रखते हुए उसे गहन चिकित्सा कक्ष में रखने का निर्णय लिया गया,परंतु वह मानी नहीं और अपनी मर्जी से घर चली गई।

घर पर उसे फिर सीने में अत्यंत तीव्र दर्द उठता है और वह अर्धरात्रि में अस्पताल लाई जाती है। पुनः ईसीजी किया गया। इस ईसीजी में तीव्र हृदयाघात के चिन्ह साफ साफ उभर आते हैं। विज्ञान सम्मत प्रोटोकॉल के अनुसार हृदय धमनी का एंजियोग्राफी करने निर्णय किया गया। एंजियोग्राफी के बाद पता चला कि उसकी बांयी हृदय धमनी की मुख्य शाखा में पूर्ण अवरोध था। कैथिटर द्वारा अवरोध हटाया गया। नस पूर्ण रूप से अवरोध मुक्त की गई। हृदय नलिका में पूर्ण रक्त प्रवाह पुनः लौट आया। उसके अंदर औषधियुक्त छल्ला भी लगाया लगा जिससे भविष्य में उस नलिका में फिर अवरोध न हो सकें। परंतु एक बात चिकित्सकों को परेशान कर रही थी कि आखिर इस इक हरे बदन की चुस्त-दुरुस्त महिला को हार्ट अटैक क्यों पड़ा? उसे न ब्लड प्रेशर है न ही डायबिटीज। वह गर्भ निरोधक गोलियों को लेने से भी इंकार कर रही है। फिर इसे इतना तेज दिल का दौरा क्यों पड़ा? कहीं न कहीं दाल में कुछ काला अवश्य है? हम लोग किसी महत्वपूर्ण जोखिम बिन्दु को पकड़ नहीं पा रहें हैं।

विशेषज्ञ चिकित्सक ने दूसरे दिन सबेरे फिर पूछा क्या आप किसी प्रकार की गोली या तम्बाकू आदि का सेवन करती हैं? सिख महिला सकपका गई। बोली आप इतना पूछ रहें हैं तो बता रही हूं। मैं क्लब में जाकर धूम्रपान करती हूं। सिगरेट के अलावा गांजा भी पीती हूं। शराब से भी परहेज नहीं करती,परंतु आप यें बातें मेरे परिवार को कतई न बताएं। अब तस्वीर साफ थी कि उस महिला को इस कम उम्र में सिगरेट और गांजा पीने के कारण इतना तीव्र हृदयाघात पड़ा। इसमें थोड़ा बहुत योगदान अल्कोहल का भी रहा होगा।

सिखों के धूम्रपान न करने की लक्ष्मण रेखा को लांघने वाले प्रकरण हमें यह सोचने के लिए बाध्य अवश्य करते हैं कि हम इस बात का ध्यान मरीज से बात करते समय और उनका परीक्षण करतें समय विशेषतः मुंह के अंदर धूम्रपान या तम्बाकू का निशान मिलने पर हम उनसे इस विषय में बड़ी संजीदगी से एक पूछ जरूर लें। अब 'उसने कहा था' के लहना सिंह का जमाना नहीं रहा।

## शिक्षा, मूढ़वर्ग और लोक संस्कृति


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

हिन्दी साहित्य सम्मेलन की आवाज आज भले ही सुनाई नहीं दे रही, किंतु एक जमाना था कि महामना मालवीय और राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन के नेतृत्व में वह साहित्य के जागरण का ज्योतिस्तंभ था। महात्मा गांधी इससे जुड़े थे और उन्होंने सन् 1917 में इंदौर सम्मेलन की अध्यक्षता की थी।

स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ने वाले साहित्य ने जनता के गहरे स्तरों में जाकर जागरण की ज्योति जगाई थी। हिन्दी साहित्य की वह धारा लोक की कसौटी पर खरी उतरी थी,लेकिन आजादी के बाद एक नए प्रकार का रीतिकाल आ गया। साहित्य दरबारों में हाजिरी लगाने लगा,पुरस्कार पाने लगा,अपनी जी हजूरी पर इतराने लगा। उस मनःस्थिति में संस्थाएं लड़खड़ाने लगीं,नागरी प्रचारिणी सभा हो या सम्मेलन हो, वह जमाना आया कि राहुलजी को काम नहीं मिल सका था,वे श्रीलंका गए। निरालाजी और नागार्जुन के जीवन की कहानी किसी से छिपी नहीं है,शास्त्रीजी के जमाने में जब गोपाल प्रसाद व्यास को पद्मश्री देने के लिए बात आई तो व्यासजी ने शास्त्रीजी के पास जाकर कहा कि स्वतंत्रता-आंदोलन में एक भारतीय आत्मा माखनलाल चतुर्वेदी को भुला दिया गया? तब उनको पद्मभूषण दिया गया था। किसी जमाने में सम्मेलन पत्रिका बहुत प्रतिष्ठित पत्रिका थी। सन् 1973 में सम्मेलन पत्रिका ने लोक संस्कृति अंक निकाला था और उसका संपादन श्री रामनाथ सुमन ने किया था। जब लोक संस्कृति अंक का संपादन कर रहे थे, तब उनकी मनः स्थिति क्या थी, इसे हम उनके संपादकीय में समझ सकते हैं। उन्होंने लिखा कि "ऐसा हुआ है कि शिक्षा-मूढ़वर्ग जब हमारी संस्कृति की उस धारा को छोड़कर पथ-भ्रष्ट हो गया है, जब वह धारा से कटकर दूर चला गया है और जीवन की गुलकारियां उसके आत्म-ओज पर छा गई हैं, तब भी अशिक्षित सामान्य जनता ने अपने युग-युग के संचित आदर्शों को अपने हृदय के रक्त से सींचकर जीवित रखा है। मस्तिष्क के अहंकार में जय संपन्न एवं सभ्य वर्गों के पांव डगमग हो गए हैं, तब शताब्दियों की अमृत ज्योति को देश के अगणित जनपदों में फैले अदृश्य हृदयों की स्नेह धारा प्राप्त हुई है। जाति के जीवन की वाणी इस अटपटे बैन में, उनकी अकृत्रिम वाणी में, उनकी व्यथा एवं अनुभूति में, उनके रोने और गाने में, उनके जीवन क्रम में सिमिट-सिमिट कर फिर-फिर जी उठी है।"

श्री रामनाथ सुमन ने लिखा था कि "जब साहित्य राजप्रसादों के विलास-कक्ष में बंद हो गया, तब प्रणय का पावनकारी मुक्तिनाद ग्राम वधूटियों एवं ग्राम-तरुणों के कंठों में अमराइयों के बीच फूटा, तब साहित्य की सरस्वती सहस्रधा होकर लोक-कंठ पर तरंगित हुई, तब संस्कृति अतर्क्य विश्वासों एवं प्रेरणाओं का आधार लेकर मीरा की भक्ति के चरणों में घुंघरू बन गई, तब यह लक्ष-लक्ष ग्राम निवासों की दीवारों पर शिल्प बनकर उभरी,तब उसने सहस्र शिलाओं को जीवित अहल्या का रूप दिया, संगीत और वाद्य उसकी झंकार से मुखरित हो गए। जीवन अगणित तरंगों में अगणित वाद्यों में बजा और अगणित गीतों में फूट उठा। यही सब समष्टिगत आत्म प्रकाश लोक संस्कृति है।

## दुनिया के महाकाव्य


राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

प्राचीन महाकाव्यों में बहुतेरे चमत्कारिक और अलौकिक प्रसंग मिलते हैं,जैसे कि हनुमान जी एक ही छलांग में समंदर पार कर गए, सीता जी धरती से पैदा हुईं, महर्षि अगस्त्य घड़े में पैदा हुए, आदि आदि। आज कई एक लोग इन चमत्कारों का मजाक उड़ाते हैं,मानो यह सिर्फ भारत के महाकाव्यों में होता हो। हमें जानना चाहिए कि दुनिया में जितने भी महाकाव्य हैं, वे सभी ऐसे ही चमत्कारों से भरे पड़े हैं। दरअसल महाकाव्य साहित्य की वह विधा है जिसकी कहानी पार्थिव जगत की घटनाओं और आकाशीय चमत्कारों के बल पर आगे बढ़ती है। इन चमत्कारों का मजाक उड़ाना साहित्य के बारे में अपनी घोर अज्ञानता का परिचय देना है।

युगबोध का अभाव साहित्यिक कृतियों के अर्थ का अनर्थ बना देता है। प्राचीन काल का साहित्य वर्तमान की आंखों से नहीं,बल्कि प्राचीन काल की आंखों से पढ़ना चाहिए। तभी आप अपने पुरखे लेखकों का सही आंकलन कर सकते हैं।

महाकाव्यों का युग मानव सभ्यता और संस्कृति का शैशव काल है। बच्चों को चमत्कार बहुत भाते हैं। अतः यह तनिक भी अस्वाभाविक नहीं कि दुनिया के सारे महाकाव्य समान रूप से अलौकिक प्रसंगों से भरे हुए हैं। महाकाव्य मानव सभ्यता और संस्कृति के शैशव काल की गाथाएं हैं,लेकिन आज अगर कोई इन प्रसंगों को सचमुच सही मानता हो तो उसकी मूर्खता का कोई जवाब नहीं।

# राम मंदिर के दौर में माता सीता की चर्चा


विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

> सीता जिनकी भारत पूजा करता है,पर एक किताब लिखने के लिए डेना मेरियम ने भारत में ऋ षिकेश, अयोध्या और वैष्णों देवी जैसे कई हिंदू तीर्थ स्थानों की यात्रा की है।

देश अभी भी पिछली 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उत्साह से निकला नहीं है। इस पृष्ठभूमि में माता सीता पर चर्चा करना समीचीन रहेगा। माता सीता के बिना श्रीराम अधूरे हैं। माता सीता पृथ्वी से जन्मी एक देवी हैं। वह हिंदू धर्म में समृद्धि, धन और सुंदरता की देवी लक्ष्मी का अवतार भी मानी जाती हैं। सीता को आदर्श पत्नी और महिला के रूप में चित्रित किया गया है, जबकि उनके पति राम, भगवान विष्णु के अवतार, रामायण के नायक और आदर्श पति और पुरुष हैं। खैर,ये सभी तथ्य बहुत मशहूर हैं। हालांकि सुखद आश्चर्य यह है कि एक अमेरिकी लेखिका डेना मेरियम ने सीता पर एक प्रामाणिक पुस्तक लिखी है। 'द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सीता' को प्रसिद्ध प्रकाशक 'मोतीलाल बनारसीदास पब्लिशिंग हाउस' ने प्रकाशित की है। डेना मरियम अपनी पुस्तक में सीता के जीवन की पारंपरिक कथा को प्रतिस्थापित करती है। माता सीता वास्तव में देवी नारायणी का अवतार हैं। सीता उस समय एक नई सभ्यता की नींव रखने में श्रीराम के साथ शामिल होने के लिए पृथ्वी पर आती हैं जब मनुष्य प्राकृतिक दुनिया से अलग होने लगा था। वह लोगों के दिल और दिमाग में जंगलों और नदियों, पौधों और जानवरों के जीवन के लिए एक महान प्रेम पैदा करना चाहती है। सीता की जीवन यात्रा एक महिला की बुद्धिमत्ता, साहस और निःस्वार्थ बलिदान की कहानी है।


अपनी किताब में लेखिका सीता के बचपन, परिवार और अन्य पहलुओं के बारे में विस्तार से लिखती हैं। लेखिका ने पहला अध्याय 'मिथिला में बचपन' लिखा है। इस अध्याय को इस भाव से लिखा गया है मानो वह (सीता) अपनी कहानी खुद लिख रही हों। "मेरा जन्म प्राचीन साम्राज्य विदेहनगरी,जिसे मिथिला भी कहा जाता है, में एक गरीब ब्राह्मण परिवार में हुआ था। मेरे पिता जनक महाराज के घर में सेवा करते थे"। वाल्मीकि रामायण के अनुसार माता सीता का जन्म जनकपुर में हुआ था। जनकपुर का प्राचीन नाम मिथिला तथा विदेहनगरी था। भगवान श्रीराम से विवाह के पहले सीता ने ज्यादातर समय यहीं व्यतीत किया था। महाभारत काल में जनकपुर एक जंगल के रूप में था।

378 पृष्ठों की इस पुस्तक में डेना मेरियम ने सीता के विवाह, मिथिला से प्रस्थान, अयोध्या में समायोजन, प्राचीन अयोध्या में पुनर्जन्म, मंदोदरी को सीता की शिक्षा, अयोध्या में वापसी, जंगल में वापसी आदि विषयों पर लिखा है। उन्होंने एक अध्याय सीता और उनके पुत्रों क्रमशः लव और कुश को भी समर्पित किया है। महत्वपूर्ण है कि कुछ लोगों के लिए राम द्वारा सीता को वन में निर्वासित करने की घटना, जब वह पांच महीने की गर्भवती थीं, रामायण की सबसे परेशान करने वाली और समझ से परे घटनाओं में से एक है। यह घटना भगवान के प्रति विश्वास की गंभीरता से परीक्षा लेता है और कुछ मामलों में वास्तव में इसे तोड़ देता है जिससे कुछ लोग भगवान राम के प्रति कठोर शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। वे भूल जाते हैं कि यह एक दिव्य लीला है और भगवान जो करते हैं उसे करने के उनके अपने कारण हैं और वे हमेशा हमारी छोटी समझ के दायरे में नहीं होते हैं।

सीता जिनकी भारत पूजा करता है,पर एक किताब लिखने के लिए डेना मेरियम ने भारत में ऋषिकेश, अयोध्या और वैष्णों देवी जैसे कई हिंदू तीर्थ स्थानों की यात्रा की है। उनके लिए भारत दूसरे घर की भांति है। वह मैक्स मूलर और फादर कामिल बुल्के की परंपरा की विदेशी हैं,जिन्होंने भारत और हिंदू धर्म के अहम प्रतीकों का गहराई से अध्ययन किया।

फादर कामिल बुल्के के लिए भारत अपनी मातृभूमि से भी कहीं ज्यादा प्यारा था। बेल्जियम में जन्मे फादर कामिल बुल्के की जग विख्यात विशेषता यह है,वे रामकथा के मर्मज्ञ और हिंदी के विद्वान थे। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से 'रामकथा उत्पत्ति और विकास' पर 1950 में पी.एच.डी. की। इस शोध में संस्कृत, पाली, प्राकृत, अपभ्रंश, हिंदी, बांग्ला, तमिल आदि समस्त प्राचीन और आधुनिक भारतीय भाषाओं में उपलब्ध राम विषयक विपुल साहित्य का ही नहीं, वरन तिब्बती, बर्मी, सिंघल, इंडोनेशियाई, मलय, थाई आदि एशियाई भाषाओं के समस्त राम साहित्य की सामग्री का भी अत्यंत वैज्ञानिक रीति से उपयोग हुआ है। तुलसीदास उन्हें उतने ही प्रिय थे जितने अपनी मातृभाषा फ्लेमिश के महाकवि गजैले या अंग्रेजी के महान ड्रेमेटिस्ट विलियम शेक्सपियर। 'रामकथा-वैश्विक संदर्भ में' का लोकार्पण करते प्रसिद्ध साहित्यकार केदारनाथ सिंह ने एक बार कहा था, फादर कामिल बुल्के के शोधग्रंथ 'राम कथा' की सर्वत्र चर्चा है। वास्तव में इस ग्रंथ से हिंदी के संग-संग विदेश में भी रामकथा के तुलनात्मक साहित्य अध्ययन की शुरुआत हुई। खैर डेना मरियम ने 1990 के दशक के अंत में अंतर-धार्मिक आंदोलन में काम करना शुरू किया जब उन्होंने वर्ष 2000 में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में आयोजित धार्मिक और आध्यात्मिक नेताओं के मिलेनियम विश्व शांति शिखर सम्मेलन के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया। 40 से अधिक वर्षों तक डेना मरियम परमहंस योगानंद की शिष्या और क्रिया योग ध्यान की अभ्यासी रही हैं। वह वैदिक परंपरा के महान ग्रंथों की भी लंबे समय से छात्रा रही हैं। यह समय है जब माता सीता का गहराई से अध्ययन करने वाले पाठक और विद्वान उनसे मिलकर यह समझें कि वह भारत और हिंदू धर्म से इतनी गहराई से क्यों जुड़ी हुई हैं। अंत में उन्होंने एक और महत्वपूर्ण पुस्तक 'रुक्मिणी एंड द टर्निंग ऑफ टाइम' भी लिखी है।

## जीवन का ऋण


सलिल पांडेय
मिर्जापुर

चार्वाक दर्शन अनुमानों के आधार पर जीवन जीने को सही नहीं मानकर प्रत्यक्ष अनुभूति को ही उचित मानता है। चार्वाक दर्शन के 'यदा जीवेत् सुखं जीवेत्, ऋणम् कृत्वा घृतम् पिवेत्' सूत्र को परिभाषित करते विद्वानों ने 'जब तक जीओ सुखपूर्ण जीवन जीओ, ऋण लेकर घी पीओ' का अर्थ निकाला कि जीवन में आनंद के लिए उधार रुपया-पैसा लेना पड़े तब भी पीछे नहीं हटना चाहिए। यह रुपया स्वरूप बनाने तथा पैसा आत्मा की प्यास बुझाने से है।

चार्वाक मत की इस परिभाषा पर चिंतन मनन करने से प्रतीत होता है कि इसकी गहराई में कुछ और भी भाव निहित है। इस सूत्र में 'घृत' शब्द पर मंथन करने की जरूरत है। घृत अपने आप में दूध के मथे जाने के बाद तैयार होने वाला पदार्थ है। यह तो सामान्यतया लोग जानते हैं दूध को गर्म करने के बाद नवनीत (मक्खन) से घृत निकलता है। मनुष्य का जीवन भी तो नौ माह गर्भ में 'मां' के अंश से पोषित होकर जन्म लेने और मातृ-दुग्धपान से होता है। इसी दुग्ध को आगे चलकर घृत बनाने के लिए मनुष्य को मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर, अनहत, विशुद्ध, आज्ञा तथा सहस्रार चक्रों से शक्ति उधार लेकर उसमें व्याप्त घृत-अंश का सदुपयोग करना है। इस स्थिति में कुंडलिनी जागृत होती है। लोकजीवन में एक मुहावरा 'घी के दीए जलाना' प्रयोग किया जाता है जिसका अर्थ ही है कि आनंद मनाना। जिस आनंद और सुख की बात चार्वाक के सूत्र में है,वह यही है कि कल्पना के आधार पर किसी सुख के पीछे नहीं भागना,बल्कि कुदरत द्वारा बहुमूल्य शरीर में जो धन छुपा है, उससे ऋण लेकर घृत पीआ जाए। वैसे भी मनुष्य पंचमहाभूतों पृथ्वी,जल,अग्नि, आकाश तथा वायु के ऋण से ही जीवन व्यतीत करता है। इस ऋण की अदायगी के लिए इन पंचमहाभूतों की रक्षा करनी चाहिए।

# पुलिस परीक्षा के लिए उमड़ी भीड़, हर ओर जाम का झाम

## शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई पहले दिन की परीक्षा, खाकी के रुतबे को देखकर बढ़ा पुलिस वर्दी का क्रेज

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** पुलिस भर्ती परीक्षा की शनिवार से शुरुआत हो गई। पहले दिन दो पालियों में परीक्षा कराई गई। इसे लेकर बड़ी संख्या में अभ्यर्थी शहर में पहुंचे और परीक्षा दी। शहर में काफी भीड़ रही। अधिक संख्या में लोगों के शहर में आने के कारण पूरे दिन शहर में जाम का झाम बना रहा और रोजमर्रा के काम से आने जाने वालों को कठिनाई का सामना करना पड़ा। 30 केन्द्रों पर शांति पूर्ण तरीके से कराई गई। दोनों पालियों में अधिकारियों ने लगातार परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया।

पुलिस भर्ती परीक्षा दो दिनों तक दो दो पालियों में कराई जानी है। इसके लिए जिले में 30 विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इन सभी परीक्षा केन्द्रों पर चौकस व्यवस्था की गई थी। सुबह से ही परीक्षार्थियो के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। परीक्षा केन्द्रों पर लाइन लगाकर चेकिंग की गई।

मोबाइल तथा अन्य सामग्री परीक्षा केन्द्रों के परिसर में बनाए गए क्लाक रूम में रखवा दी गई थी। परीक्षा के दौरान भी चेकिंग का सिलसिला चलता रहा।अधिकारियों ने लगातार परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। परीक्षा केन्द्रों के आसपास बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया।

परीक्षा के कारण शनिवार को पूरे दिन शहर में जाम का झाम बना रहा। दोपहर 12 बजे परीक्षा खत्म होने के बाद शहर की सभी प्रमुख सड़कों पर जाम लग गया। ईदगाह तिराहा से लेकर रोडवेज बस स्टैंड तिराहे तक तो लम्बा जाम लगा था और वाहन बड़ी मुश्किल से रेंग रेंग कर ही चल रहे थे। परीक्षा खत्म होने के बाद करीब डेढ घंटे तक इस मार्ग पर जाम लगा रहा। इसी तरह शहर के मुख्य बाजार, पुरविया टोला मार्ग तथा ओवर ब्रिज पर भी जाम रहा।


परीक्षा केंद्र के बाहर लाइन में खड़े अभ्यर्थी। अमृत विचार


रेलवे स्टेशन पर जायजा लेते डीएम अवनीश राय एवं एसएसपी संजय कुमार।

### हेल्प डेस्क से मिली मदद

इटावा। पुलिस भर्ती परीक्षा देने के लिए इटावा आने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र खोजने में कठिनाई ना हो इसके लिए कई स्थानों तथा प्रमुख चौराहों पर हेल्प डेस्क बनाए गए थे। खास बात यह रही कि इन हैल्प डेस्क से अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्रों के बारेमें जानकारी करने पर काफी मदद मिली। यदि किसी अभ्यर्थी को केन्द्र तक पहुंचने में परेशानी हुई या फिर रास्ता नही मालुम था तो हेल्प डेस्क पर तैनात पुलिस कर्मियों ने उनकी पूरी मदद की। बाहर से आए परीक्षार्थियों को असुविधा नहीं हुई।

### रैनबसेरा, रेलवे स्टेशन पर भी रुके रहे अभ्यर्थी

इटावा। परीक्षा देने के लिए अभ्यर्थी पहले से ही पहुंच गए थे। प्रशासन ने भी रैन बसेरा को तैयार रखा था। इसके साथ ही काफी संख्या में अभ्यर्थी रेलवे स्टेशन के प्रतीक्षालय और अलग अलग प्लेटफार्म तथा पुल पर भी बने रहे और रात गुजारने के बाद सुबह होते ही निर्धारित समय पर परीक्षा केन्द्र पहुंच गए। कुछ अभ्यर्थी जो सुबह जल्दी पहुंच गए थे वे सुबह से ही परीक्षा केन्द्रों के बाहर बैठे रहे। दूसरी पाली की परीक्षा वाले कुछ अभ्यर्थी भी सुबह 10 बजे ही परीक्षा केन्द्रों के बाहर पहुंच गए थे।

### 50 हजार अतिरिक्त लोगों के शहर में आने से उमड़ी भीड़

इटावा। पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर शनिवार को यह स्थिति रही कि सुबह से शाम तक दो पालियों की परीक्षा में शहरी क्षेत्र में अतिरिक्त 50 हजार अतिरिक्त् लोगों के आने से काफी भीड़ रही। करीब 32 हजार परीक्षार्थी शनिवार को जिले में परीक्षा देने के लिए आए। इनमें महिला अभ्यर्थी भी शामिल हैं और उनके अभिभावक भी उनके साथ आए इससे भी परीक्षा केन्द्रों के बाहर तथा सड़कों पर भीड़ रही।

### ओवर ब्रिज पर बनी जाम की स्थिति


इटावा। शहर में रामनगर फाटक ओवरब्रिज निर्माण के कारण बंद चल रहा है। ऐसे में गुरु तेगबहादुर पुल से ही आना जाना है। परीक्षा के दिनों में बाहर से हजारों लोग शहर में आए इसके चलते दोपहर को पहली पाली का प्रश्नपत्र समाप्त होने के बाद ओवर ब्रिज पर जाम की स्थिति बन गई। हालांकि पुलिस चौकन्नी थी जिससे लोगों ओवर ब्रिज पर ज्यादा परेशान नहीं होना पड़ा।

### जगह-जगह लगे थे बोर्ड

इटावा। पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए आने जाने वालों को कठिनाई ना हो इसके लिए कई स्थानों और मुख्य चौराहों तथा परीक्षा केन्द्रों के आसपास छोटे छोटे बोर्ड लगाए गए थे। इन बोर्डो पर परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचने के बारे में पूरी जानकारी दी गई थी कि किस रास्ते से परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचा जा सकता है। इससे परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र तक पहुंचने में कठिनाई नहीं हुई।

### आदेश के बाद भी खुले स्कूल

बकेवर, इटावा। जिला प्रशासन के छुट्टी के आदेश के बाद भी स्कूल संचालकों ने विद्यालय खोला। उन पर इस आदेश का कोई असर नहीं दिखा। कक्षा एक से लेकर आठ तक परिषदीय विद्यालय प्राथमिक विद्यालय उच्च प्राथमिक विद्यालय तथा सहायता प्राप्त एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों में जिला प्रशासन ने पुलिस सीधी भर्ती परीक्षा के चलते अवकाश घोषित किया है। स्कूल संचालक छात्र-छात्राओं की परीक्षा का बहाना बनाकर स्कूल को खोले रहे।


आचार्य भानु तिवारी का स्वागत करते राजीव चौधरी। अमृत विचार

# राम जन्म पर झूमे श्रद्धालु

संवाददाता महेवा, इटावा

- राम कथा के चौथे दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**अमृत विचार।** ब्लाक क्षेत्र महेवा के ग्राम रतनपुर में चल रही श्री रामक़था के चौथे दिन आचार्य भानु तिवारी ने श्री रामजन्म की कथा सुनाई। वहीं अवध में खुशी से बधाई गीत गाते हुए अबीर गुलाल उड़ाकर खुशियां मनाई।

आचार्य श्री तिवारी ने कथा में बताया कि जब राजा दशरथ के यहां चार चार पुत्र पैदा हुए तो खुशी का ठिकाना नहीं रहा। अयोध्यावासी खुशी से राजा के महल में पहुंचकर बधाई देने लगे। परीक्षित के रूप में निखिल पाल व अलका पाल ने आचार्य का आशीर्वाद लिया। कथा में पहुंचकर समाजसेवी व पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजीव चौधरी ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

क्षेत्र के ही ग्राम सुनवर्षा में कथा के अंतिम दिन भगवताचार्य ज्ञान प्रकाश तिवारी किंकर जी महाराज ने सुदामा चरित व परीक्षित मोक्ष की कथा श्रोताओं को श्रवण कराई। परीक्षित श्याम बाबू त्रिपाठी एवं उनकी धर्मपत्नी मीना देवी ने दक्षिणा देकर सम्मान किया। वहीं सुनवर्षा में भी सहकारी संघ महेवा के अध्यक्ष राजीव चौधरी, रक्तदाता समूह के सौरभ परिहार व पंकज मिश्रा ने आचार्य जी का स्वागत किया।



ताखा में किसानों को संबोधित करते किसान नेता। अमृत विचार

# किसानों के लिए बने फसलों की एमएसपी का कानून

संवाददाता ताखा, इटावा

- ताखा तहसील में किसानों ने दिया धरना

**अमृत विचार।** संयुक्त किसान मोर्चा ने ग्रामीण भारत बंद के आह्वान पर ताखा तहसील के पास धरना प्रदर्शन किया।

किसान सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष नाथूराम यादव ने सरकार से सभी फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के दायरे में लाकर स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुसार गारंटी का कानून बनाने, आत्महत्या करने को मजबूर किसानों के संपूर्ण कर्ज माफ करने, श्रम संहिताओं को वापस लेने, आशा, आंगनबाड़ी, रसोईया और सहायिकाओं को 26 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन और उन्हें विनियमित करने की मांग की। उन्होंने बिजली संशोधन बिल 2022 बिजली के निजी क्षेत्र में देने तथा प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर सरकार की कड़ी आलोचना की। योगी सरकार से सिंचाई के लिए मुफ्त तथा 300 यूनिट घरेलू बिजली निशुल्क देने की भी मांग की। सरकारी संपत्तियों को औने-पौने दामों में देशी विदेशी कॉरपोरेटों को बेचने की नीति बंद करने तथा किसानों से किए गए लिखित वादों को पूरा करने की बात भी कहीं। किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष डॉ विश्राम सिंह ने मोदी सरकार को 2014 में दी गई गारंटियों की याद दिलायी। उन्होंने प्रतिवर्ष 2 करोड़ युवाओं को नौकरियां देने, विदेश में जमा काला धन वापस लाकर हर एक के खाते में 15 -15 लाख रुपये डालने, फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी का कानून बनाने, 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने, भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करने और महंगाई को घटाने जैसे बादो की याद दिलाई। राम सिंह द्दू ने नई शिक्षा नीति की आलोचना करते हुए शिक्षा को निजी हाथों में सौंप कर गरीबों के बच्चों को शिक्षा से वंचित करने की कुटिल मनुवादी चाल करार दिया। प्रधानाचार्य विश्राम सिंह ने इलेक्टोरल बांड के संबंध में आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए इसे मोदी सरकार द्वारा किया गया बड़ा घोटाला और भ्रष्टाचार बताया। इस मौके पर योगेंद्र सिंह, श्रीकृष्ण, रामनरेश, रामवीर सिंह, राधेश्याम, यदुनाथ सिंह, राजा सिंह आदि रहे।

# किशोरी ने ट्रेन से लगाई छलांग

इटावा। डाउन कालका एक्सप्रेस में सफर कर रही एक किशोरी ने इटावा रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से छलांग लगा ली। छलांग लगाने से किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई।

फिरोजाबाद जिले के शिकोहाबाद की रहने वाली स्नेहा कालका में सवार होकर भरथना जा रही थी तभी इटावा स्टेशन पर ट्रेन के रुकने से पहले ही उसने ट्रेन से छलांग लगा ली। छलांग लगाने से वह गंभीर रूप से घयल हो गई। उसने जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरपीएफ के सिपाही प्रवीन कुमार ने बताया कि किशोर मानसिक रूप से बीमार चल रही थी उसका आगरा से इलाज चल रहा है। मानसिक रूप से बीमार होने के कारण उसने छलांग लगा ली। उसके परिवार के लोगों को सूचना दे दी गई।

# भाजपा ने ही दिया महिलाओं को सम्मान : गोपाल मोहन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** भरथना विधानसभा के अंतर्गत पीडब्लूडी के गेस्ट हाउस में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मान समारोह में महिलाओं को सम्मानित किया गया।

बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल मोहन शर्मा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार के सबल प्रयासों से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, सुकन्या योजना, ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

महिलाओं का लोकतंत्र में नेतृत्व हो इसके लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था दी गई है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरनाथ सिंह कुशवाह, आजीविका मिशन उपायुक्त सुधीर कुमार, खंड विकास अधिकारी गगन दीप, महिला मोर्चा क्षेत्रीय मंत्री मनीषा शुक्ला, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बिरला शाक्य, रविकांत दुबे, रिचा मिश्रा, महिला मोर्चा अध्यक्ष सीमा यादव के अलावा समारोह लगभग 1000 महिलाओं ने प्रतिभाग किया।

- नारी शक्ति वंदन सम्मान समारोह में महिलाओं को सम्मानित किया गया



महिला को सम्मानित करते पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा गोपाल मोहन शर्मा। अमृत विचार


कार्यक्रम को सम्बोधित करते क्षेत्रीय महामंत्री विकास भदौरिया।

### किसान हित में कार्य कर रही भाजपा सरकार: विकास

इटावा। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के ग्राम परिक्रमा कार्यक्रम लखना मंडल में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि किसान मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री विकास भदौरिया ने कहा कि केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार जब से आई है तब से किसानों को हित के लिए निरंतर कार्य कर रही है। केंद्र सरकार ने किसानों को सम्मान देने का काम किया है। सम्मान निधि के रूप में साल में 6000 दिए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार ने उन किसानों को सुरक्षित वातावरण देने का काम किया है। सरकार किसान को खुशहाल बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। चाहे फसल बीमा हो चाहे मुद्रा ऋण हो चाहे किसान क्रेडिट हो यह सभी किसानों के कल्याण के लिए हैं। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि 2024 में एक बार फिर कमल का बटन दबाकर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएं। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष हरनाथ सिंह जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा उपदेश चतुर्वेदी नरेंद्र सिंह रजत तिवारी रहे।

# सभी राहुल गांधी के हाथों को करें मजबूत

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** स्पोर्टस अथॉरिटी ऑफ इंडिया के हॉकी कोच ललित दुबे के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद शनिवार को जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचने पर कांग्रेस पदाधिकारियों ने स्वागत किया।

इस मौके पर ललित दुबे ने कहा कि उनका परिवारिक ग्राउंड कांग्रेस का रहा है। उनके पिता सत्यनारायण दुबे ने वर्ष 1989 में इटावा लोकसभा का चुनाव कांग्रेस पार्टी के बैनर तले लड़ा था। उनके भाई आदित्य दुबे युवा कांग्रेस के लगभग दस वर्ष तक जिला अध्यक्ष रहे। उन्होंने अपने पुराने घर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। उन्होंने कहा कि देश को कांग्रेस पार्टी की ज़रूरत है। देश के सभी वर्गों को न्याय दिलाने की लड़ाई देश के जननायक राहुल गांधी लड़ रहे हैं हम सभी को उनके हाथों को मज़बूत करना चाहिए। जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव, शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, मुहम्मद राशिद खान, संजय दोहरे आदि रहे।



ललित दुबे का स्वागत करते जिलाध्यक्ष मलखान सिंह, नगर अध्यक्ष पल्लव दुबे।

- हॉकी कोच ललित दुबे को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने पर दी शुभकामनाएं

# पांच बीईओ के होंगे तबादले

इटावा। लोकसभा चुनाव से पहले जिले में तीन साल का कार्यकाल पूरा करने वाले अधिकारियों का जिले से बाहर तबादला किए जाने का प्रावधान है।

इसके तहत जिले में तीन साल का कार्यकाल पूरा करने वाले बेसिक शिक्षा विभाग के पांच खंड शिक्षा अधिकारियों को चुनाव आयोग ने तत्काल प्रभाव से हटाने के निर्देश दिए हैं। जिले में खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र प्रसाद, प्रवीण कुमार, वीरेंद्र पटेल, उपेंद्र भारतीय व अलकेश सकेलचा को तीन साल हो गए हैं और अब आयोग के निर्देशों के तहत इनका तबादला किया जाना है।

## सार-संक्षेप

### शिवाजी जयंती समारोह आज

इटावा। अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा 18 फरवरी को केके इंटर कॉलेज के सभागार में शिवाजी जयंती समारोह मनाएगी। इस संबंध में डॉ. श्रीकांत वर्मा के क्लीनिक पर आवश्यक बैठक हुई। कार्यक्रम में अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महासचिव उमेश कुमार सिंह पटेल मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश चंद्र उमराव एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य जे एन कटियार कानपुर से पधार रहे हैं। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह, प्रो आर के अग्रवाल, डॉ. रमाकांत शर्मा कार्यक्रम की शोभा बढ़ायेंगे। प्रबंधक केके इंटर कालेज डीपी पटेल, चेयरमैन ज्योति गुप्ता विशिष्ट अतिथि होंगी। फूड स्टॉल के लिये समाज की महिलाएं डा ज्योति वर्मा, मीना वर्मा, गीतांजलि वर्मा से संपर्क करें।

### बाइकों की भिंड़त में युवक घायल

इटावा। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत कचौरा रोड पर राजा का बाग के पास बाइकों की भिड़ंत में एक युवक घायल हो गया। जसवंत नगर क्षेत्र के गांव सिरहौल निवासी पिंकू पुत्र रामू अपनी बाइक से जा रहा था तभी राजा का बाग के पास दूसरे बाइक सवार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से पिंकू सड़क पर गिरकर घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### जहरखुरानी का शिकार हुआ युवक

इटावा। दिल्ली के करतार नगर खजूरी निवासी राजा पुत्र अशोक कुमार बस में सवार होकर अपनी रिश्तेदारी में जा रहा था। तभी रास्ते में जहर खुरान गिरोह के सदस्यों ने उसे कोई नशीला पदार्थ खिला दिया जिससे वह बेहोश हो गया। जहर खुरान उसके पास से सामान व नकदी लूट ले गए। बस चालक ने उदी मोड़ के पास उसे उतार दिया। लोगों ने उसे पड़ा देखा तो इसकी जानकारी एबुलेंस को दी। बाद में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी मिलने के बाद रिश्तेदार जिला अस्पताल पहुंच गए।

सम्मान — प्रदेश में जनपद इटावा पांचवें स्थान पर रहा, जिले से 75 बच्चों का हुआ चयन

# इंस्पायर योजना में लगातार चौथे वर्ष इटावा मंडल में रहा अव्वल

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

**अमृत विचार।** इंस्पायर योजना में लखनऊ से 140 बच्चे तथा बाराबंकी से 88 बच्चे तथा मुजफ्फरनगर से 80 बच्चे तथा मुरादाबाद से 79 बच्चे और जनपद इटावा से 75 बच्चे चयनित हुए हैं। इटावा को लगातार चौथे वर्ष कानपुर मंडल में अव्वल घोषित किए जाने का गौरव प्राप्त हुआ है।

इंस्पायर योजना में जनपद इटावा में बेसिक शिक्षा के स्कूलों की 34, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के 15, राजकीय इंटर कॉलेज और हाई स्कूलों के 6, अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के 16 तथा वित्तविहीन इंटर कॉलेज से तीन और मदरसा से एक बच्चे का चयन हुआ है। इंस्पायर योजना में किसान मजदूर कारीगरों दुकानदारों इत्यादि की रोजमर्रा की समस्याओं को काम करने वाले वाले मौलिक विचारों को चयन में वरीयता दी जाती है। जिला समन्वयक प्रदीप कुमार यादव ने बताया कि इस वर्ष योजना में लगभग 1400 बच्चों ने पंजीकरण कराया था। भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा राष्ट्रीय नव प्रवर्तन प्रतिष्ठान गांधीनगर संयुक्त रूप से कक्षा 6 से कक्षा 10 तक पढ़ने वाले स्कूली बच्चों के लिए नवाचार आधारित इंस्पायर माणक योजना में इस वर्ष 75 बाल वैज्ञानिकों के विज्ञान आधारित मौलिक विचारों को चयनित किया गया है। भौतिक रूप में मॉडल बनाने के लिए प्रत्येक बच्चे को 10,000 की धनराशि खातों में पहुंचा दी गई है। लाभान्वित होने वाले सभी बच्चे अपने बैंक खातों को क्रियाशील रखें।

बच्चों के चयन पर जिलाधिकारी अवनीश राय, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राजेश कुमार, सीबीएसई सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ आनंद तथा जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक डॉ मुकेश यादव, पूर्व प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद यादव ने हर्ष व्यक्त किया है।


अरुण कुमार को सम्मानित करते प्रधानाचार्य डॉ. शिव कुमार। अमृत विचार

- इस वर्ष लगभग 1400 बच्चों ने पंजीकरण कराया था


प्रदीप कुमार यादव।

### इंस्पायर अवार्ड के लिए अरुण का हुआ चयन

सैफई, इटावा। इंस्पायर अवार्ड मानक योजना में समाचार पत्र विक्रेता दिलफूल दिवाकर के मेधावी पुत्र का चयन हुआ है। जिला पंचायत इंटर कॉलेज हैवरा के कक्षा 10 के छात्र अरुण कुमार दिवाकर का चयन होने पर शनिवार को जिला पंचायत इंटर कॉलेज हैवरा के प्रबंधक अभिषेक यादव के निर्देश पर प्रधानाचार्य डॉ. शिव कुमार ने सम्मानित किया। इस अवसर पर खेल अध्यापक राम आशीष यादव और विज्ञान शिक्षक अरविंद कुमार को भी सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ शिव कुमार यादव ने बताया योजना का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक नवाचार को बढ़ावा देना हैं। इंस्पायर अवार्ड योजना में पहली बार हमारे कॉलेज का कक्षा 10 के छात्र अरुण कुमार दिवाकर का चयन हुआ है। अरुण होनहार छात्र है इसके पिता दिलफूल दिवाकर समाचार पत्र विक्रेता है। इस उपलब्धि पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमलता यादव, ब्लॉक प्रमुख सैफई मृदुला यादव, पूर्व सांसद तेज प्रताप यादव, जिला सहकारी समिति इटावा के अध्यक्ष आदित्य यादव आदि ने शुभकामना दी।


शीर्ष प्रताप सिंह


आरजू।

### शीर्ष प्रताप और आरजू भी हुए चयनित

इटावा। इंस्पायर योजना अवार्ड में सेंट मेरी इंटर कालेज के कक्षा 6 ई के छात्र शीर्ष प्रताप सिंह जादौन के मॉडल का चयन किया गया है। पिता राजेश जादौन, ब्लाक व्यायाम शिक्षक एवं माता प्रियंका सिंह विज्ञान शिक्षिका ने उपलब्धि पर हर्ष जताया है। इसी प्रकार विकास खण्ड जसवंतनगर के उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रेमनगर की कक्षा 8 की छात्रा आरजू के विचार को चयनित किया गया है। छात्रा ने विकलांग बच्चों के लिये विचार भेजा था। विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार ने विद्यालय परिवार की ओर से छात्रा और परिवार को शुभकामनाएं देकर उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।


### कार्यालय ग्राम पंचायत मनगांव विकास खण्ड सैफई -इटावा

पत्रांक: मेमो / ग्राम पंचायत- मनगॉव /निविदा प्रकाशन /2023-24/ दिनांक 17.02.2024.

**नोटिस/विज्ञप्ति**

महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से ग्राम पंचायत मनगांव सैफई- इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 की कार्ययोजना के अनुसार अनरेगा / 15 वें वित्त/पंचम वित्त आयोग के टाइड एवं अनटाइड मद निम्नांकित विवरण के अनुसार कराये जाने वाले निर्माण कार्यों हेतु ग्राम पंचायत मनगांव विकास खण्ड सैफई में फर्मो/ठेकेदारों से निविदायें / टैण्डर 19-02-2024 से 25-02-2024 समय 02:30 तक आमन्त्रित एवं दिनांक 25.02.2024 को ग्राम निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 03.30 पर खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक: 19-02-2024 से 25-02-2024 तक ग्राम पंचायत मनगांव सचिवालय कार्यालय दिवस में प्रात: 10:30 से 01:00 बजे तक निर्धारित शुल्क अदा कर क्रय किये जा सकते है। **कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।**

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलन की लागत | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | प्राथमिक वि0 कूमपुर में बालक, बालिका शौचालय निर्माण | 15th tied | 150980 | 3019.6 | 500 |
| 2 | प्रा0वि0 वमुदी में शौचालय बालक, बालिका निर्माण | 15th tied | 147374 | 2947.48 | 500 |
| 3 | कूकपुर में ओमवीर के घर से पक्की सडक तक नाली निर्माण | 15th tied | 124259.74 | 2485.18 | 500 |
| 4 | ग्राम पंचायत मैने गांव में सोकपीट कार्य | S.B.M. | 466000 | 9320 | 500 |

निविदा की शर्ते ग्राम पंचायत मनगांव कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

01-अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन के पत्र सं0-730/33-3-2022-11/2022 दिनांक 26.04.2022 के अनुसार वित्त आयोग के अन्तर्गत सामग्री आपूर्ति हेतु पंचायती राज विभाग से जुड़े पदाधिकारी / कमी (क्षेत्र पंचायत प्रमुख खण्ड विकास अधिकारी सहायक निकास अधिकारी (पं0) ग्राम प्रधान पंचायत सचिव पंचायत सहायक पंचायती राज विभाग में सविदा पर कार्यरत कर्मी) के पारिवारिक सदस्यों व रिश्तदारों द्वारा स्थापित फर्म/ वेण्डर की निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। साक्ष्य प्राप्त होने पर निविदा स्वत: निरस्त की दी जायेगी।

**अनीता देवी, प्रधान** **ग्राम पंचायत अधिकारी**
ग्राम पंचायत मनगांव विकास खण्ड सैफई -इटावा

# पुलिस भर्ती परीक्षा : सुबह से ही लगा अभ्यर्थियों का रेला

## परीक्षा केंद्रों पर मेटल डिटेक्टर से हुई चेकिंग, जैमर लगाकर बंद किया गया मोबाइल नेटवर्क, सकुशल हुई परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** शनिवार और रविवार को होने वाली उत्तर प्रदेश पुलिस की आरक्षी सीधी भर्ती लिखित परीक्षा को नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां की। शनिवार सुबह से ही अभ्यर्थियों का रैला उमड़ पड़ा।

पुलिस भर्ती परीक्षा दो पालियों में हुई। पहली पाली 10 से 12 बजे तक और द्वितीय पाली दोपहर 3 से 5 बजे तक परीक्षा आयोजित हुई। सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई। जनपद में 9 सेक्टर मजिस्ट्रेट व 33 स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए। परीक्षा में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए प्रशासन की ओर से कई चरण के तकनीकी इंतजामात किए गए। परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल का प्रयोग रोकने के लिए जैमर का इस्तेमाल किया गया। इससे केंद्र और उसके आसपास मोबाइल में सिग्नल ही नहीं आ सकेंगे। मेटल डिटेक्टर के माध्यम से किसी भी अवांछनीय सामग्री को ले जाने पर प्रतिबंध लगाए जाने की तैयारी की गई है। चप्पे-चप्पे की निगरानी कैमरों के माध्यम से की गई।


तिलक इंटर कॉलेज में निरीक्षण करतीं एसपी चारु निगम। अमृत विचार


पुलिस भर्ती परीक्षा के चलते दिबियापुर में लगा लंबा जाम। अमृत विचार

# जाम से कराहा शहर, रेंग-रेंगकर बढ़े वाहन, लोग हुए परेशान

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** दिबियापुर नहर पुल एवं रेलवे फ्लाईओवर पर लगे हाइटगेजों की चौड़ाई कम होने के कारण पिछले 10 दिनों से नगर में पूरे पूरे दिन नहर बाजार में जाम की स्थिति बनी रहती है। वहीं शनिवार को पुलिस भर्ती की परीक्षा के चलते सुबह से ही जाम लगा हुआ है जिससे परीक्षार्थी कई घंटो फसे रहे ।कई छात्र तो निर्धारित समय से कुछ मिनट पहले पहुंच पाए। वहीं द्वितीय पाली की परीक्षा 3 बजे से शुरू होनी है लेकिन जाम खुलने का नाम नहीं ले रहा है।

इस समस्या को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अजय पैराडाइज ने सक्षम अधिकारियों को कई बार अवगत कराया कि आमजनमानस और व्यापारियों की समस्याओं को देखते हुए तीनों हाइटगेजों की चौड़ाई शीघ्र बढ़ाई जाए जिससे इस भीषण जाम से निजात मिल सके ।वहीं पुलिस प्रशासन की लापरवाही के चलते नो एंट्री होने के बावजूद भी नहर बाजार में ट्रक आ गया ।आखिर जिससे और भीषण जाम लग गया ।कई परीक्षार्थी फसे हुए है ।किसी को औरैया जाना तो किसी को अजीतमल और बिधूना आखिर कैसे पहुंचे परीक्षार्थी नियत समय पर सेंटर पर ।तो वही जाम खुलवाने के लिए औरैया शहर में एसपी चारू निगम और दिनियापुर में थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश बाबू चौहान को स्वयं कमान संभालनी पड़ी, और सड़क पर एक साइड यातायात को रोककर पुलिस परीक्षा के लिए आयें अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने के लिए पुलिस कर्मियों को लगाया गया, ताकि समय से अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पहुंचाया जा सके ।वहीं मरीज को ले जा रही एंबुलेंस भी जाम में फंसी रही और सायरन बजाती रही पर निकलने का कोई रास्ता नहीं मिला। एसपी चारू निगम, सदर कोतवाल पंकज मिश्रा ने किसी तरह उसे बाहर जाम से बाहर निकलवाया ।आपकों बताते चलें शहर स्थित दिबियापुर रोड पर नहर पुल सकरा होने के वजह से जाम की स्थिति बन गई, नहर पुल के निकट 200 मीटर पर ही दर्शन सिह महाविद्यालय है जहा द्वितीय पाली की 3 बजे से परीक्षा शुरू होनी थी।

- **जाम में फंसी एंबुलेंस, मरीजों की अटकी रहीं सांसें**

# कटखने बंदरों के आतंक से लोग हो रहे परेशान

संवाददाता, फफूंद, औरैया

- **स्कूल जाने वाले बच्चों को होती है सबसे ज्यादा परेशानी**

**अमृत विचार।** नगर पंचायत फफूंद क्षेत्र में बंदरों के आतंक से नगरवासी परेशान हैं। अब तब बच्चों के साथ ही बुजुर्गो को बंदरों के काटने की डेढ़ दर्जन से अधिक घटनाएं घटित हो चुकी हैं। पैदल रास्तों पर चलना भी खतरे से खाली नहीं है। नगर पंचायत फफूंद क्षेत्र के अन्तर्गत 13 वार्ड आते हैं। इन सभी वार्डों में बंदरों का आतंक छाया हुआ है। सबसे ज्यादा समस्या स्कूल जाने वाले बच्चों को होती है।

नगर पंचायत के वार्ड नंबर 3 मोहल्ला चमनगंज में राधारमण उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महाजनान राधा बल्लभ इंटर कॉलेज, गुलजारीलाल बालिका इंटर कॉलेज के पास हर समय बंदर डेरा जमाए रहते हैं। गली से निकलने वाले बच्चों और आवाजाही करने वाले लोगों के सामान पर यह झपट जाते हैं।

कई बार सामान छीनने के लिए यह लोगों को काटने से भी गुरेज नहीं करते। पैदल रास्तों पर बंदरों के झुंड देखकर लोग अकेले जाने से भी कतराने लगे हैं। नगर पंचायत फफूंद के जगह-जगह बने खुले कूड़ादान में बड़ी संख्या में बंदरों ने अपना आशियाना बना रखा है। बंदर खाद्य पदार्थों की तलाश में कूड़ा निकाल कर इधर-उधर बिखेर देते हैं जिससे रास्तों पर गंदगी फैल जाती है। यही नहीं खाने की तलाश में बंदर घरों के अंदर घुस कर लोगों के सामान को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। लेकिन नगर पंचायत फफूंद बंदरों की समस्या से निजात दिलाने के लिए ठोस रणनीति नहीं बना सका है। बंदरों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है जिससे नगर वासियों की दिक्कतें भी बढ़ गई हैं। नगर वासियों ने बंदरों से निजात दिलाने की मांग की है। उक्त के संबंध में उन्होंने बताया कि वन विभाग का सहयोग लेकर नगर पंचायत फफूंद क्षेत्र से बंदरों के आतंक को कम किया जाएगा।




पुण्यतिथि के अवसर पर पुष्प अर्पित करते लोग। अमृत विचार

# पुण्यतिथि पर याद किये गये पूर्व सीएम कर्पूरी ठाकुर

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** नेहरू युवा केंद्र एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में पूर्व सीएम कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि मनाई गई।

विकासखंड औरैया जनेतपुर में मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुनील राजपूत ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर ने समाज के लिए बहुत कुछ दिया। जिससे भारत सरकार ने उन्हें भारत रत्न से नवाजा उनके कृतित्व और व्यक्तित्व पर जितना कहा जाए। उतना कम है उनकी समाज सेवा निष्ठा और लगन से आज लोगों को हक मिला है। इस अवसर पर कार्यक्रम के जिला युवा अधिकारी अनवर वारसी ने कहा कि भारत सरकार ने भारत रत्न पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को सम्मान दिया। इस मौके पर आदर्श कुमार, टिल्लू राजपूत, रवि, गुड्डू, शिव कुमार, अविनाश, अनीता, लक्ष्मी रहीं।

# 20 से होगी पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरुआत

**औरैया।** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र अरविन्द कुमार भास्कर ने समस्त जनपदवासियों को बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 20 फरवरी से विकास भवन ककोर मुख्यालय के सभागार में पी.एम विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत ऑनलाइन आवेदन करने वाले आवेदकों का ग्राम पंचायत व नगर पंचायत के द्वारा सत्यापन किये गये आवेदकों का चयन करने हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी के द्वारा साक्षात्कार लिया जाना प्रस्तावित है। अतः उक्त योजना के समस्त ट्रेडों में आन लाइन आवेदन करने वाले समस्त अभ्यर्थी ऑन लाइन आवेदन पत्र एवं अपने मूल प्रमाण पत्रों सहित उक्त तिथि को ससमय से उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# कोयला लदी मालगाड़ी की एक बोगी में लगी आग

संवाददाता, अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** दिल्ली हावड़ा रूट पर कानपुर से इटावा की तरफ डीएफसी लाइन पर जा रही मालगाड़ी की एक बोगी में आग लग गयी। मालगाड़ी में कोयला लदा हुआ था।

शनिवार सुबह लगभग साढ़े 10 बजे मालगाड़ी में आग लगने की सूचना पुलिस कंट्रोल द्वारा थाना प्रभारी व फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के अधिकारी तेजवीर सिंह व थाना प्रभारी भूपेंद्र राठी ने डीएफसी लाइन के बने न्यू अछल्दा स्टेशन के पास मालगाड़ी को रुकवाया और तत्काल विद्युत आपूर्ति को बंद कराया इसके बाद आग बुझाने का प्रयास करने लगे। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने बोगी में लगी आग पर काबू पाया गया। इस दौरान डीएफसी लाइन करीब डेढ़ घंटे तक प्रभावित रही।


आग बुझाने का प्रयास करते फायर बिग्रेड के कर्मचारी। अमृत विचार

- **पुलिस व फायर ब्रिगेड कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू**

मौके पर उपनिरीक्षक सतीशचंद्र, वरिष्ठ उपनिरीक्षक शंभूनाथ व थाना स्टाफ व फायरब्रिगेड स्टाफ मौजूद रहा। सोचने की बात ये है कि इतनी बड़ी घटना होने के बावजूद भी आरपीएफ और जीआरपी मौके पर नहीं पहुंची।

### स्टेशन मास्टर ने बताया

अछल्दा न्यू रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर शशांक गुप्ता ने बताया कि डीएफसी लाइन पर मालगाड़ी में कोयला लदा था ।आग की सूचना मिली थी ।सूचना पर तत्काल फायरब्रिगेड को बुलाया गया और आग पर काबू पाया ।करीब एक घंटे के लिए विद्युत आपूर्ति को बंद रखा गया जिससे डीएफसी लाइन बाधित रही। आग की सूचना उच्चधिकारियों को दे दी गई है।


आउटर पर खड़ी महानंदा ट्रेन। अमृत विचार

### रेलवे क्रासिंग के दोनों तरफ लगा लंबा जाम

**अछल्दा, औरया।** कस्बा से निकली रेलवे लाइन की क्रासिंग संख्या 13 बी पर शनिवार दोपहर क्रासिंग के दोनों तरफ फफूंद बिधूना मार्ग पर लंबा जाम लग गया। करीब एक बजे रेलवे क्रासिंग खुलने के बाद वाहनों की दोनों तरफ ज्यादा भीड़ के चलते रेलवे क्रासिंग बन्द नहीं हो सकी। जिसके चलते महानन्दा एक्सप्रेस को रोक दिया गया। वहीं अप रेलवे लाइन के आउटर पर मालगाड़ी को रोक दिया गया। आरपीएफ एवं थाना पुलिस ने किसी तरह से रेलवे क्रासिंग के दोनों तरफ वाहनों को रोककर लगभग 40 मिनट बाद रेलवे क्रासिंग को बन्द कराया। इसके बाद महानन्दा एक्सप्रेस को रवाना किया गया। उसके बाद रेलवे क्रासिंग को दोबारा खोला गया। उसके बाद क्रासिंग से वाहनों को निकालने के बाद करीब आधा घंटा बाद रेलवे क्रासिंग को बंद किया गया। जाम के चलते पुलिस परीक्षा में सम्मलित होने जा रहे अभ्यर्थियों व राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# सहार ब्लाक के 77 युवा नौकरी के लिए चयनित

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- **छह कंपनियों के प्रतिनिधियों ने लिया साक्षात्कार**
- **रोजगार मेला में 182 छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग**

**अमृत विचार।** शनिवार को ब्लाक स्तरीय रोजगार मेला सहार ब्लाक परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें पहुंचे छात्र-छात्राओं का छह कंपनियों के कर्मचारियों ने साक्षात्कार लिया और 77 युवाओं को चयन कर उन्हें रोजगार दिया।

पं. दीन दयाल उपाध्याय-ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, सेवायोजन कार्यालय और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित रोजगार मेला (फेस-टू) का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख सहार आकाश सिंह और खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) आदित्य त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के जिला कौशल प्रबंधक अतुल सिंह ने बताया कि रोजगार मेला में कौशल विकास मिशन के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 182 युवाओं ने भाग लिया था। छह कंपनियों के प्रतिनिधियों ने सभी का साक्षात्कार लिया और 77 युवाओं को नौकरी के लिए चयनित किया। जिन्हें आगरा, औरैया, लखनऊ, कानपुर, नोएडा में नौकरी करने का अवसर दिया गया। कार्यक्रम को जिला समन्वयक संजीव कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रमोद कुमार आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अजय कुमार, रमेश कुमार आदि ने सहयोग प्रदान किया। जिला समन्वयक संजीव कुमार ने बताया कि सोमवार को बिधूना ब्लाक स्तरीय रोजगार मेला बिधूना स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) परिसर में आयोजित होगा। जिसमें आगरा, कानपुर, दिल्ली, लखनऊ, कन्नौज आदि स्थानों से आठ कंपनियों के प्रतिनिधी आएंगे।


रोजगार मेला में छात्रा को दिया जाता नियुक्ति पत्र। अमृत विचार

# डायलिसिस की सुविधा की हुई शुरुआत

**औरैया।** डीएम नेहा प्रकाश के प्रोत्साहन एवं निरंतर प्रयासों के फलस्वरुप शनिवार को 100 शैय्या युक्त जिला चिकित्सालय चिचौली में हेपेटाइटिस- बी से ग्रस्त मरीजों की डायलिसिस की सुविधा प्रारंभ हो गयी है।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि सर्वप्रथम रोहित निवासी दिबियापुर का डायलिसिस किया गया। उन्होंने कहा कि जनपद में इस सुविधा के प्रारंभ होने से जनपद के मरीजों को जनपद में ही अब डायलिसिस की सुविधा मिलेगी और मरीजों को दूसरे जनपदों में नहीं जाना पड़ेगा।

# बार चुनाव में भरे गये 46 पर्चे

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- **आज होगी नाम वापसी, वरिष्ठ सदस्य के छह पदों पर निर्विरोध की स्थिति**

**अमृत विचार।** जिला बार एसोसिएशन चुनाव को लिए शुक्रवार को हुए नामांकन के अंतिम दिन विभिन्न पदों पर वकीलों ने काफी सरगर्मी दिखाई। दोनों दिन 23 पदों के लिए कुल 46 पर्चे भरे गये। नामांकन वापसी 17 फरवरी को होगी।

जिला जजी में डीबीए चुनाव की गतिविधियां चरम पर हैं। एल्डर्स कमेटी के सदस्यगण हृदय नारायण पांडेय, सुरेश कुमार मिश्रा, अरूण कुमार चतुर्वेदी व अमर सिंह सेंगर ने शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया पूर्ण कराई गई। कार्यकारिणी के छह वरिष्ठ सदस्यों पर ही अभी निर्विरोध की स्थिति बनी है। शेष पदों पर कई दावेदारों ने पर्चे दाखिल किए। नामांकन वापसी के बाद 19 फरवरी को आपत्तियां व उनका निस्तारण करने के बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी हो सकेगी। कमेटी के सहयोगी अंकुर अवस्थी व शिवम शर्मा ने बताया कि प्रमुख अध्यक्ष के एक पद के लिए चार दावेदारों ने पर्चे भरे हैं। संजीव कुमर चतुर्वेदी छुन्ना, कुलदीप कुमार दुबे, देवेश दुबे एवं कमल प्रकाश यादव ने दावेदारी की है। जबकि महामंत्री पद पर शिवेन्द्र सिंह सेंगर, शैलेष चतुर्वेदी पप्पल, अतेन्द्र पांडेय व अजय कुमार ने पर्चे दाखिल किये हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर दो दावेदार संजय कुमार श्रीवास्तव एवं देवेन्द्र कुमार त्रिपाठी तथा कोषाध्यक्ष के पद पर अवनीश सिंह एवं उपेन्द्र कुमार शुक्ला ने पर्चा दाखिल किया। इसी तरह से उपपाध्यक्ष के दो व कनिष्ठ उपाध्यक्ष के दो दो पदों पर पांच पांच पर्चे भरे गये। तीन संयुक्त मंत्री पद पर पांच तथा कनिष्ठ सदस्य के छह पदों पर 13 वकीलों ने नामांकन कराया। केवल सदस्य के छह पदों पर श्याम बिहारी शुक्ला, शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, विनोद कुमार राजपूत, अभिषेक दुबे, जमुना नारायण बाजपेई, अश्वनी कुमार शुक्ला ने नामांकन किया। जिनका निर्विरोध चुना जाना तय है। चुनाव 23 फरवरी को होगा व उसी दिन शाम को परिणाम घोषित हो जाएगा।

**चंबल साहित्य महोत्सव** — दूसरे दिन चंबल अंचल से ही जुड़ी दुर्लभ फ़िल्में प्रोजेक्टर पर देख कई लोग रह गये आश्चर्यचकित

# दुर्लभ दस्तावेज, फोटो प्रदर्शनी और फिल्में दिखाई गईं

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** पंचनद के तट पर हो रहे चंबल साहित्य महोत्सव का दूसरा दिन महत्त्वपूर्ण रहा. इस दौरान अन्य राज्यों से आये बुद्धिजीवियों ने न सिर्फ चंबल को लेकर विचार प्रकट किये। बल्कि पंचनद के तट पर दुर्लभ दस्तावेज, फोटो प्रदर्शनी और दस्तावेजी फ़िल्में दिखाई गईं। चंबल अंचल से ही जुड़ी ये दुर्लभ फ़िल्में प्रोजेक्टर पर देख कई लोग आश्चर्यचकित रह गये। लोगों को अपना ही इतिहास और खासियत के बारे में पता चला।

इस मौके पर प्रो. धर्मेंद्र कुमार ने स्वाभाविक सौंदर्य का पर्याय चंबलश् पर चर्चा करते हुए कहा कि चंबल अंचल खूबसूरत है। ये पीले सोने का देश है। यहां चांदी के तरीके से चमकते रेतीले मैदान, पक्षियों का कलरव, डॉल्फिनों की अठखेलियाँ, बलखाती बीहड़ की वादियां सैलानियों को रोमांचित करती हैं।

**बेहतरी के प्रयासों की चर्चा:** चंबल का सामाजिक ताना-बाना चर्चा सत्रश् में वरिष्ठ पत्रकार हसरत अली ने चंबल अंचल की बेहतरी के लिए पहले के हुए प्रयासों की चर्चा की। इस सत्र में शैलेन्द्र परिहार, उम्मीद अली, डॉक्टर भूरे आदि ने अपनी बात रखी।


फिल्म देखते गांव के लोग। अमृत विचार


चर्चा करते वरिष्ठ पत्रकार हसरत अली।

### आज तीसरे दिन होंगे ये कार्यक्रम

हेरिटेज वॉक सुबह 8 से 2 बजे तक होगी. हेरिटेज वॉक– जगम्मनपुर किला, बीहड़ सफारी (चंबल संग्रहालय से चंबल आश्रम) तक होगी। इसके बाद स्वतंत्रता संग्राम एवं चंबल क्षेत्र से संबंधित पुस्तकें, दस्तावेज, पत्रिकाएं, प्राचीन सिक्के, पत्र एवं लोक संस्कृति से जुड़ी दुर्लभ सामग्रियों की चंबल संग्रहालय द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन होगा।

### ये कार्यक्रम भी हुए

इस अवसर पर चंबल अंचल के वरिष्ठ छायाकारो की फोटो प्रदर्शनी लगाई गयी। दुर्लभ दस्तावेज, किताबें, अखबार, छिट्ठी पत्र, टेलीग्राम, संसदीय दस्तावेज, सिक्के प्रदर्शित किये गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम सिद्दीक अली और सुनील पंडित ने पेश किये। चंबल घाटी में हुए आज़ादी आंदोलन से जुड़ी डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई।

# भरत चरित्र सुन श्रोता हुए भाव-विभोर

संवाददाता, अजीतमल, औरैया

**अमृत विचार।** कस्बा के अमावता में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में तीसरे दिन कथा वाचक आचार्य अंकुर शुक्ला ने भरत चरित्र की कथा सुनाई।

आचार्य ने कहा कि भरत का भाई के प्रति अगाध प्रेम आज के समाज के लिए अनुकरणीय है और समाज में सभी भाइयों को आपस में एक-दूसरे से प्रेम व सम्मान करते हुए भाईचारे की मिशाल कायम करनी चाहिए। माया तो यही पर पड़ी रह जाती है। केवल प्रेम ही लोगों को समाज से जोड़े रखता है। विद्वानों द्वारा कहा जाता है कि भाई हो तो भरत जैसा। अमावता गांव के श्रीराम जानकी मन्दिर पर 15 फरवरी से शुरू हुयी भागवत कथा में आज कहते में श्रोताओं की भीड़ कथा सुनने के लिए देर रात तक जमी रही। आज भरत चरित्र में उन्होंने कहा कि भाई के लिए एक भाई ने राज्य पाठ त्याग कर दिया। जबकि सकल पदार्थ के चक्कर में मनुष्य को नहीं पड़ना चाहिए। मानव को हमेशा मानव हित में काम करते हुए जीवन निर्वाह करना चाहिए।


कथा सुनाते आचार्य अंकुर शुक्ला।

# गैर इरादतन हत्या में पति को कारावास

**औरैया।** थाना फफूंद क्षेत्र के ग्राम उजीतीपुर में करीब पांच साल पूर्व एक नवविवाहिता निशा की ससुराल में आग से संदग्धि परिस्थितियों में मौत होने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम विकास गोस्वामी ने पति नीतू उर्फ ब्रम्हजीत उर्फ शिवम को गैर इरादतन हत्या का दोषी माना और उसे सात साल के कठोर कारावास व 51 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा से दंडित किया। वादिनी ने आरोप लगाया कि दिनांक 13 सितंबर 2018 को उसे सूचना मिली कि उसकी पुत्री निशा को उसके पति ने आग लगा दी है। उसने आरोप लगाया कि दहेज के कारण पति ने आग लगाकर पुत्री को मार डाला ।दोनो पक्षों की जिरह के बाद कोर्ट ने पति को अपर सत्र न्यायाधीष विकास गोस्वामी ने सात वर्ष कैद की सजा सुनाई है।

## एक नजर

### केजीएमयू में जल्द शुरू होगी रोबोटिक सर्जरी

**अमृत विचार,लखनऊ :** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय( केजीएमयू) में मरीजों को जल्द ही रोबोटिक सर्जरी की की सुविधा मिलने लगेगी। प्रदेश में रोबोटिक सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराने वाला दूसरा सरकारी संस्थान बन जायेगा। इसके लिए जल्द ही रोबोटिक सर्जरी के प्रशिक्षिण के लिए डॉक्टरों को भेजा जायेगा।केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ.सुधीर सिंह ने शनिवार को बताया कि रोबोटिक सर्जरी की मांग बढ़ी है, इसमें जटिल सर्जरी भी सटीक संपन्न होती है। अन्य तकनीक की अपेक्षा रोबोटिक सर्जरी सस्ती भी होती है। केजीएमयू में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप( पीपीपी) मॉडल पर रोबोट यूनिट संचालित होगी। इसमें लंबा चीरा न लगने की वजह से खून का श्राव कम होता है और मरीज कम दवाओं का सेवन कर जल्द ही घर पहुंच जाता है और अपैंक्षाकृत शीघ्र ही दैनिक दिनचर्या शुरू कर सकता है। उन्होंने बताया कि रोबोटिक यूनिट में गेस्ट्रो, एंडोक्राइन, यूरो व जनरल सर्जरी विभाग के मरीजों की सर्जरी संपन्न होंगी।

### चौधरी चरण सिंह को अर्पित किए श्रद्धासुमन

**अमृत विचार, लखनऊ।** रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत सिंह ने 'भारत रत्न' चौधरी चरण सिंह की जन्मस्थली हापुड के नूरपुर में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया, और स्थानीय लोगों से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया और 'भारत रत्न' से सम्मानित किये जाने की ख़ुशी मनाई। रालोद के प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि चौधरी साहब की जन्मस्थली में भारत रत्न मिलने के बाद से दिवाली जैसा माहौल है।

# परंपरागत खेती के साथ औद्यानिक फसलों को भी बढ़ाना आवश्यक

## राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने की 55वीं प्रादेशिक फल शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी-2024 की शुरुआत



प्रदर्शनी में फल को देखते राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी।



प्रदर्शित की गई सब्जियों को देखती महिला व बच्चा। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ राजभवन में आयोजित प्रदर्शनी में राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने स्मारिका का विमोचन भी किया

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश के पास भारत की कुल कृषि योग्य भूमि का मात्र 11 फीसदी है, लेकिन देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन का 20 फीसदी से अधिक शेयर अपने राज्य का है। उप्र. के अंदर किसान औद्यानिक फसलों के लिए मात्र 10 फीसदी कृषि योग्य भूमि का ही उपयोग करते हैं, जबकि 10 फीसदी भूमि में कृषि की कुल जीडीपी में 24 फीसदी शेयर औद्यानिक फसलों के माध्यम से किसानों व प्रदेश को प्राप्त होता है। यह दिखाता है कि किसानों की आमदनी को कई गुना बढ़ाना है तो परंपरागत खेती के साथ ही औद्यानिक फसलों को बढ़ाना होगा।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। शनिवार को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के साथ उन्होंने राजभवन में 55वीं प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी-2024 की शुरुआत की। इसके बाद राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी देखी। यह प्रदर्शनी तीन दिनों (17 से 19 फरवरी) तक चलेगी। योगी ने यहां विभागीय अधिकारियों व किसानों से फलों-सब्जियों के बारे में जानकारी ली और इसके आयात-निर्यात के बारे में भी पूछा। राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने स्मारिका का विमोचन भी किया।

इस मौके पर उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### किसानों का किया गया सम्मान

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रगतिशील कृषकों का सम्मान भी किया। सम्मान पाने वाले किसानों में रायबरेली के विष्णुदत्त पांडेय, पीलीभीत के आयुष अग्रवाल, कन्नौज के विजेंद्र सिंह, मीरजापुर के रामजी दुबे, सहारनपुर की उषा उपाध्याय, बुलंदशहर के अनंत पोद्दार, चंदौली के बलवंत प्रसाद, आजमगढ़ के श्रीप्रकाश सिंह, प्रयागराज के इंद्रजीत पटेल आदि प्रमुख रहे।

# 16विभागों ने साधा शत प्रतिशत लक्ष्य

## ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) में राज्य सरकार जो 10 लाख करोड़ से अधिक की निवेश परियोजनाओं को शुरु करने जा रही है, उसमें सरकार के 37 विभागों का योगदान है। इन 37 में 16 विभाग ऐसे हैं जिन्होंने निर्धारित लक्ष्य का शत प्रतिशत या उससे अधिक हासिल किया है। इसके तहत बेसिक शिक्षा विभाग निर्धारित लक्ष्य का 88 प्रतिशत निवेश जमीन पर उतरेगा तो वहीं राशि के मामले में यूपीसीडा के अंतर्गत सर्वाधिक 1.5 लाख करोड़ की निवेश परियोजनाएं अमली जामा पहनेंगी।

अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग की करीब 1.42 लाख करोड़ की निवेश परियोजनाओं की भी शुरुआत होगी। इस तरह कुल 10,23,537 करोड़ की 14,619 परियोजनाओं का आगाज 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया जाएगा।

**4.5 लाख करोड़ का निवेश:** जिन 16 विभागों ने शत प्रतिशत या इससे अधिक लक्ष्य हासिल किया है उनमें बेसिक शिक्षा के अलावा फूड एंड सिविल सप्लाई (226प्रतिशत), वन विभाग (182 प्रति.), आयुष (173 प्रति.), पशुपालन (167 प्रति.), ऊर्जा (165 प्रति.), माध्यमिक शिक्षा (139 प्रति.), तकनीकी शिक्षा (133 प्रति.), उद्यान (120 प्रति.), अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत (114 प्रति.), केन डेवलपमेंट एंड शुगर इंडस्ट्री (112 प्रति.), चिकित्सा शिक्षा (110 प्रति.), स्वास्थ्य (105 प्रति.), यीडा (103 प्रति.), नागरिक उड्डयन (100 प्रति.), और जीनीडा (100 प्रति.) शामिल हैं। इन 16 विभागों के माध्यम से प्रदेश में करीब 4.5 लाख करोड़ की लागत वाले कुल 4381 परियोजनाओं की शुरुआत होने जा रही है।

### जीबीसी के तहत प्रस्तावित निवेश व रोजगार सृजन

| रोजगार सृजन | प्रस्तावित निवेश |
|---|---|
| आवास-535 | 3409 करोड़ |
| पर्यटन-6396 | 3129 करोड़ |
| पशुपालन-93 | 14 करोड़ |
| आयुष-100 | 15 करोड़ |
| सहकारिता-100 | 57 .37 करोड़ |
| दुग्ध विकास-285 | 150 करोड़ |
| ऊर्जा के अ .स्रोत विभाग-50 | 107 करोड़ |
| चि .शिक्षा विभाग-327 | 48 .15 करोड़ |
| एमएसएमई-1775 | 189 करोड़ |
| वन विभाग-67 | 575 करोड़ |
| उच्च शिक्षा विभाग-630 | 505 करोड़ |
| उद्यान विभाग-6200 | 445 करोड़ |
| आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग-500 | 100 करोड़ |
| तकनीकी शिक्षा-598 | 113 करोड़ |
| यूपीसीडा-1320 | 1230 करोड़ |
| माध्यमिक शिक्षा-200 | 70 करोड़ |

### बुंदेलखंड में भी 60 हजार करोड़ की परियोजनाएं होंगी शुरू

**लखनऊ :** जीबीसी में बुंदेलखंड क्षेत्र में भी करीब 60 हजार करोड़ की परियोजनाएं शुरू होंगी। बुंदेलखंड के सभी सातों जिलों में 59,288 करोड़ से ज्यादा की परियोजनाओं की शुरुआत होने जा रही है। इसमें सर्वाधिक निवेश परियोजनाएं झांसी में हैं, जहां से 23,739 करोड़ से ज्यादा के उद्यमों की शुरुआत होगी। इसके अलावा ललितपुर में भी 15,707 करोड़ से ज्यादा, जालौन में 9290 करोड़ से ज्यादा, चित्रकूट में 7047 करोड़ रुपए से ज्यादा, महोबा में 1664 करोड़ से ज्यादा, बांदा में 596 करोड़ से ज्यादा और हमीरपुर में 1243 करोड़ से ज्यादा की निवेश परियोजनाएं मूर्त रूप लेंगी।

# देश 5वीं अर्थव्यवस्था के पायदान पर तो क्यों दे रहे हैं मुफ्त में राशन



राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व शिवपाल यादव को असमी गमछा पहनाते असम सपा प्रतिनिधि मंडल के सदस्य। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने उठाए सवाल

▸▸ पार्टी मुख्यालय में एकत्र कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने सवाल उठाया है कि अगर विश्व में भारत पांचवी अर्थव्यवस्था के पायदान पर है तो फिर 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन क्यों देना पड़ रहा है? किसान कर्ज से परेशान होकर आत्महत्या क्यों कर रहा है? भाजपा सरकार ने किसान की आय दुगनी करने का वादा किया था। आज तक उसने अपना संकल्प क्यों पूरा नहीं किया?

अखिलेश यादव शनिवार को पार्टी मुख्यालय, लखनऊ के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में एकत्र पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि, महंगाई और बेरोजगारी भाजपा सरकार की कुनीतियों का फल है। भ्रष्टाचार चरम पर है। भाजपा सिर्फ झूठे दावों और झूठे आंकड़ों के सहारे विकसित भारत का सपना दिखा रही है।

सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा को सन् 2024 में केन्द्र से बेदखल करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पीडीए को जिताना जरूरी है। इसमें कोई कोरकसर नहीं रहनी चाहिए क्योंकि यह लोकतंत्र और संविधान बचाने की अंतिम लड़ाई है।

### अखिलेश से मिला सपा असम का प्रतिनिधिमंडल

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव से शनिवार को सपा असम के प्रदेश अध्यक्ष अजहरउद्दीन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमडंल ने मुलाकात कर लोकसभा चुनाव को लेकर असम की राजनीतिक स्थिति के बारे में जानकारी दी। असम के प्रतिनिधिमंडल में सपा असम के प्रदेश महासचिव फखरुद्दीन अहमद, लोहिया वाहिनी के अध्यक्ष शोफीक अहमद, अल्पसंख्यक सभा के अध्यक्ष रहमान मंडल और कोषाध्यक्ष अब्दुस सुबन शामिल थे। प्रतिनिधिमण्डल ने अखिलेश यादव का असमी गमछा पहनाकर अभिनंदन किया। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल भी मौजूद रहे।

# नव स्थापित चार ट्रामा सेंटर में जल्द ही मिलेगा इलाज

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ विशेषज्ञ डॉक्टर समेत 200 कर्मियों के पद सृजित

▸▸ गाजीपुर, कौशाम्बी, औरैया और हापुड़ में हुआ है निर्माण

**अमृत विचार:** जल्द ही गाजीपुर, कौशाम्बी, औरैया और हापुड़ में नवनिर्मित ट्रामा सेंटर मरीजों को इमरजेंसी में बेहतर इलाज देने लगेंगे। इसके लिए शासन द्वारा प्रत्येक ट्रामा सेंटर में नौ डॉक्टर समेत 50 कर्मियों के पद सृजित कर दिये हैं। इनमें विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा इलाज मिलना शुरू हो जाएगा तो मरीजों को दूसरे बड़े अस्पताल में धक्के खाने से छुटकारा मिल जायेगा।

प्रदेश में चिकित्सकीय सेवाएं दुरुस्त करने के लिए हर जिले में जहां मेडिकल कॉलेज स्थापित किये जा रहें हैं, वहीं ट्रामा सेंटर भी खोले जा रहे हैं। उक्त क्रम में ही गाजीपुर के मोहम्मदाबाद, कौशाम्बी के नर्सिंगपुर अजुआ, औरैया में भगौतीपुर और हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर में नवस्थापित ट्रामा सेंटरों को तत्काल शुरू करने के निर्देश दिये गये हैं।

ट्रामा सेंटरों में गंभीर मरीजों को तत्काल बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए एक ट्रामा सेंटर में तीन इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर(ईएमओ) के अलावा आर्थोपैडिक सर्जन, जनरल सर्जन और एनेस्थेटिक के दो-दो पद सृजित किये गये हैं। इसके अलावा 15 स्टाफ नर्स, तीन ओटी टेक्नीशियन, तीन एक्स-रे टेक्नीशियन, दो लैब टेक्नीशियन और नौ नर्सिंग अटेंडेंट के पद रखे गये हैं। साथ ही नौ पद मल्टी टास्क वर्कर के हैं जो कि सेवा प्रदाता एजेंसी के माध्यम से रखे जाएंगे। इस प्रकार चार ट्रामा सेंटरों में कुल 200 पद सृजित किये गये हैं। पद सृजन के यह निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अनुसचिव पीयूष कुमार ने स्वास्थ्य महानिदेशक को दिये हैं।

स्वास्थ्य विभाग के निदेशक प्रशासन डॉ.राजा गणपति ने बताया कि इन चार ट्रामा सेंटर में केवल हापुड का ट्रामा सेंटर स्वास्थ्य विभाग के अधीन हैं, शेष तीन जिलों के जिला अस्पताल चिकित्सा शिक्षा विभाग में ट्रांसफर हो चुके हैं, इसलिए ये ट्रामा सेंटर भी चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा ही संचालित किये जाएंगे।

इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के संचालित 37 ट्रामा सेंटरों में पांच चिकित्सा शिक्षा विभाग में जाने के बाद 32 ट्रामा सेंटर चल रहे थे, अब हापुड़ शुरू होने के बाद संचालित ट्रामा सेंटरों की कुल संख्या 33 हो जायेगी। जल्द ही हापुड़ ट्रामा सेंटर में चिकित्सकों की तैनाती कर दी जायेगी।

# धान बिक्री करने वाले 7.82 लाख किसानों को 11170.55 करोड़ का भुगतान

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिये कि धान विक्रय में किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री शनिवार को लोकभवन में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान खरीद की समीक्षा कर रहें थे। बैठक में उन्हें अवगत कराया गया कि बीती 14 फरवरी तक राज्य सरकार को 52 .47 लाख मीट्रिक टन धान बिक्री करने वाले सात लाख 82 हजार किसानों में 11हजार171 करोड़ रूपयों का भुगतान किया गया है। जबकि निर्धारित लक्ष्य 70 लाख मीट्रिक टन धान का क्रय किया जाना है। इसके लिए 5206 क्रय केंद्र स्थापित किए गए। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2183 प्रति कुंतल और उच्च ग्रेड-ए धान का मूल्य 2203 प्रति कुंतल रुपये निर्धारित है। पश्चिमी प्रदेश के जिलों में पहली अक्टूबर 2023 से 31 जनवरी 2024 खरीद हो चुकी है वहीं पूर्वी उप्र में पहली नवंबर से 29 फरवरी तक धान खरीद जारी है। बैठक में बताया गया कि धान बिक्री के लिए 10,45,946 किसानों ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया था। धान ब्रिकी करने वाले किसानों के बैंक खाते में भुगतान कर दिया गया है। पहली बार 40 जिलों में क्रय केंद्रों से राइस मिलों तक धान जीपीएस युक्त वाहनों से पहुंचाया गया है, प्रक्रिया पूर्णतया पारदर्शी बनाने के लिए किया गया है।

### एक्स-रे रेडिएशन से गर्भस्थ शिशु को खतरा नहीं

**अमृत विचार,लखनऊ :** अक्सर देखा गया है कि रेडियो डायग्नोसिस के क्षेत्र में काम करने वाली महिला कर्मचारी यदि गर्भवती हैं तो वह एक्स-रे का कार्य नहीं करती, उन्हें डर लगता है कि इससे निकलने वाले रेडिएशन से गर्भस्थ शिशु पर दुष्प्रभाव पड़ेगा, लेकिन ऐसा नहीं है। यह कहना है अमेरिका स्थित जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एम महेश का। उन्होंने यह बात केजीएमयू के शताब्दी अस्पताल में शनिवार को एमआरआई और सीटी स्कैन में नई सीमाओं की खोज विषय पर आयोजित कार्यशाला को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बताया कि एक्स-रे करते समय रेडिएशन को लेकर घबराना नहीं चाहिए। इसको लेकर शोध हो चुके हैं।

# मोहनलालगंज से आरके चौधरी होंगे सपा प्रत्याशी



**अमृत विचार,लखनऊ :** समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मोहनलालगंज सीट (लखनऊ) से पूर्व कैबिनेट मंत्री आरके चौधरी को अपना प्रत्याशी बनाया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में शनिवार को आरके चौधरी के नाम सार्वजनिक किया है। सपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा परिवारिक हवाला देते हुए चुनाव लड़ने से मना कर देने के बाद आरके चौधरी को पार्टी प्रत्याशी बनाया गया है।दरअसल, राजधानी लखनऊ से सटी हुई मोहनलालगंज सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। वर्तमान इस सीट पर भाजपा के कौशल किशोर पिछले दो चुनावों से जीत दर्ज कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के फैजाबाद में जन्मे आरके चौधरी ने अपना राजनीतिक करियर बहुजन समाज पार्टी से शुरू किया था और वह बसपा के संस्थापक सदस्य भी थे।


## वर्ग पहेली-346

**बाएं से दाएं**

3. अलग-अलग करने की अवस्था या भाव।
4. 1. अतिसार रोग 2. जलोदर।
5. हंस या बत्तख की जाति का एक पक्षी।
6. दादा या बाबा के पिता, परदादा।

**ऊपर से नीचे**

1. हिमालय, पर्वतराज, नगाधिपति।
2. एक प्रकार की कांटेदार झाड़ी।
4. 1. एक प्राचीन बाजा 2. युद्ध क्षेत्र में बजाया जाने वाला एक प्रकार का ढोल।
5. 1. अरब के मक्का शहर की वह चौकोर इमारत जिसकी नींव इब्राहीम के द्वारा रखी हुई मानी जाती है और उक्त इमारत को मुसलमान ईश्वर का घर मानते हैं; पवित्र तीर्थस्थल 2. उक्त जगह जहाँ मुसलमान लोग हज करने जाते हैं 3. चौकोर चीज़ 4. पासा।



## वर्ग पहेली - 345 का हल



## सुडोकू-63

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 3 | | | 8 | | 5 | |
| | | 2 | | | | | | 6 |
| | | | | | 1 | | 4 | |
| | 2 | 6 | | | 4 | | 9 | |
| 7 | | | | | | | | 8 |
| | 3 | | 2 | | | 7 | 1 | |
| 6 | | | 1 | | | 8 | | |
| 2 | | | | | | 4 | | |
| | 5 | | 6 | | | | | 1 |

## सुडोकू - 62 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 2 | 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 5 |
| 7 | 6 | 5 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 | 2 |
| 3 | 8 | 4 | 2 | 5 | 1 | 6 | 7 | 9 |
| 2 | 9 | 6 | 8 | 3 | 7 | 5 | 4 | 1 |
| 1 | 4 | 3 | 5 | 6 | 2 | 7 | 9 | 8 |
| 5 | 7 | 8 | 1 | 9 | 4 | 2 | 6 | 3 |
| 6 | 5 | 1 | 7 | 2 | 8 | 9 | 3 | 4 |
| 8 | 2 | 7 | 3 | 4 | 9 | 1 | 5 | 6 |
| 4 | 3 | 9 | 6 | 1 | 5 | 8 | 2 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 फरवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 08 .15 तक तत्पश्चात दशमी।

**मेष:** आज आपको विपरीत लिंगी जातकों के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं, इसीलिए नाप-तौल कर बातें करें। आपको अनावश्यक बातों पर आपको ध्यान नहीं देना चाहिए।

**वृष:** आज नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आप अच्छा समय व्यतीत करेंगे। विदेश से जॉब के अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। अपने व्यक्तित्व को लेकर काफी आशावादी रहेंगे। समाज में आपकी छवि निखरेगी।

**मिथुन:** आज आप थोड़ा सुस्त सा महसूस करेंगे। सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। लंबी दूरी की यात्रा बिल्कुल न करें। पुराना कर्ज आपको बहुत ज्यादा परेशान करेगा। जीवनसाथी से अनबन हो सकती है। अपना चरित्र अच्छा रखें।

**कर्क:** आज नया काम शुरू करने के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। व्यापार में आपकी आय में वृद्धि होगी। प्रेम विवाह के लिए परिवार की सहमति मिल सकती है। अचल संपत्ति की खरीदारी कर सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आप भाग ले सकते हैं।

**सिंह:** आज रोग से पीड़ित लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। विरोधी आपसे क्षमा मांग सकते हैं। परिवार में आपका सम्मान बढ़ेगा। आप दूसरों की सहायता करने का काफी प्रयास करेंगे। सभी काम आराम से एवं धीमी गति से करेंगे।

**कन्या:** आज चंचलता पर नियंत्रण रखना आपके लिए बहुत जरूरी है। घरेलू वातावरण थोड़ा अशांत रहेगा। छोटी-छोटी बातों पर परिजनों के साथ उलझने से बचें। यदि आप झूठ बोलते हैं तो आपको समस्या होगी।

**तुला:** आज मुख में छाले आपको परेशान कर सकते हैं। कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। अनावश्यक बातों में समय बर्बाद न करें। घर पर भी आपका मन नहीं लगेगा। भागदौड़ वाले कार्यों के कारण थोड़ा हताश महसूस करेंगे।

**वृश्चिक:** आज कार्यक्षेत्र में काम का दबाव घटने से आप प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी को आज आप कहीं घुमाने ले जा सकते हैं। परिजनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। बड़ा व्यावसायिक अनुबंध हो सकता है। पिता का आशीर्वाद और मार्गदर्शन आपको प्राप्त होगा।


**धनु:** आज भोजन के प्रति अरुचि हो सकती है। उधार देने से आपको बचना चाहिए। अपनी छुपी हुई प्रतिभा को उभारने के लिये प्रयास करेंगे। कारोबार में प्रतिस्पर्धा के बावजूद अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

**मकर:** आज व्यापार में आपको नया प्रयोग करने से पहले ठीक तरह से जांच-पड़ताल कर लेना चाहिए। प्रेमी जन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कारोबार को लेकर बड़ा जोखिम न लें। संतान को लेकर आपको खर्च ज्यादा करना पड़ सकता है।

**कुंभ:** आज पुराने साथियों के साथ मुलाकात होगी। दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। मानसिक तनाव के कारण आप परेशान होंगे। महत्वपूर्ण उपकरण या वाहन खराब हो सकता है।

**मीन:** आज शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। दोपहर के बाद आपको आर्थिक परेशानियों से राहत मिलेगी। जीवनसाथी के साथ मतभेद समाप्त होंगे। कारोबार में बड़ा आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है। छोटी दूरी की यात्रा हो सकती है।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**-शिशिर। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-रोहिणी 09 .23 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies:** दरार - सुबह : 10 .00; अनाड़ी - रात : 07 .00


**Sony Max:** चक दे इंडिया - सुबह : 08 .37; तारा वर्सेज बिलाल - रात : 09 .40

**Sony Pix:** ए मैन कॉल्ड ओटो - सुबह : 10 .10; 2012 - रात : 09 .00

**Zee Cinema:** क्यों! हो गया न - सुबह : 10 .30; फ्लाइट - रात : 07 .30

**Colors Cineplex:** हम तुम्हारे हैं सनम - सुबह : 11 .36; यह जवानी है दीवानी - रात : 07 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-07 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

15 साल का चिंटू अपने पापा के साथ एक होटल में गया।
पापा (वेटर से) - एक बियर और एक आइसक्रीम लाओ।
चिंटू- आइसक्रीम क्यों पापा, आप भी बियर लीजिए न
उसके बाद होटल से घर तक चिंटू की सुताई चालू रही।
ये देखकर होटल का वेटर जोर जोर से हंसने लगा।

पत्नी (पति से)- पूरा दिन क्रिकेट, क्रिकेट..!!
मैं घर छोड़ कर जा रही हूं...
पति- (कमेंटरी के अंदाज में)
पहली बार कदमों का बेहतरीन इस्तेमाल।

# आयुष्मान कार्ड बनाने को चल रहा विशेष अभियान, मिलेगी राहत

## 25 फ़रवरी तक शहरी क्षेत्र के पात्र लाभार्थियों के बनाए जा रहे आयुष्मान कार्ड

**कार्यालय संवाददाता, औरैया**

**अमृत विचार।** शहरी क्षेत्र के जिन लोगों का नाम प्रधानमंत्री जन आरोग्य आयुष्मान भारत योजना या मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना की पात्रता सूची में शामिल है वह 25 फ़रवरी तक चलने वाले विशेष अभियान के दौरान आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। अभियान के दौरान इस कार्ड को बनवाने के लिए शुल्क नहीं देना होगा। पात्रता सूची में नाम है या नहीं इससे जुड़ी जानकारी के लिए टॉल फ्री नंबर 14555 या 18001800444 पर सम्पर्क किया जा सकता है । यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील कुमार वर्मा ने दी।

उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान पात्र गृहस्थी राशन कार्ड वाले ऐसे परिवार जिनके सदस्यों की संख्या छह या छह से अधिक है और ऐसे परिवार जिनके सभी सदस्य वरिष्ठ नागरिक हैं, उनका कार्ड बनाने पर विशेष जोर होगा । मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के लाभार्थियों और अंत्योदय कार्डधारकों के भी आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 05 फ़रवरी से 25 फ़रवरी के बीच शहर के प्रमुख स्थानों पर कैम्प लगा कर कार्ड बनाये जा रहें हैं। कैम्प स्थल की सूचना पार्षद या आशा कार्यकर्ता से प्राप्त कर सकते हैं । साथ ही बताया की लक्षित लाभार्थियों की वार्ड-वार सूची संबंधित चिकित्सा अधीक्षक वा अधिशाषी अधिकारियों को उपलब्ध करा दी गई एवम कैंप की कार्य योजना भी तैयार कर ली गई है जिससे आयुष्मान योजना के छूटे हुये लाभार्थियों को आसानी से सूचित किया जा सके। उन्होंने बताया कि सभी योजनान्तर्गत पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु राशन कार्ड के साथ-साथ आधार कार्ड ले जाना अनिवार्य है। आयुष्मान योजना के नोडल अधिकारी डॉ शिशिर पुरी ने बताया कि आयुष्मान विशेष अभियान के अन्तर्गत आयुष्मान कार्ड कैम्प समस्त सरकारी चिकित्सालियो में भी संचालित होंगे । योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये प्रत्येक पात्र लाभार्थी के पास आयुष्मान कार्ड होना अनिवार्य है। अतः हर लाभार्थी को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने के लिये सघन अभियान चलाया जा रहा है। नोडल अधिकारी ने बताया कि जनपद में यह विशेष अभियान शहरी क्षेत्रों में चलाया जायेगा जिनमे औरैया शहरी ,अछल्दा,बाबरपुर, अत्सु,बिधूना,दिबियापुर एवम फफूंद शहरी के कुल लक्षित 3985 परिवारों के 21411 सदस्यो में से 1804 परिवारों के अब तक 6058 आयुष्मान काड्र्निर्गत किए जा चुके है । अब विशेष अभियान में 15353 सदस्यों को लक्षित किया गया है जिनकी नाम अनुसार सूची संबंधित को दे दी गई है ।


कार्यालय में कार्य करते कर्मचारी। अमृत विचार

### टेली कालिंग के माध्यम से दी जा रही जानकारी

आयुष्मान भारत योजना के जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ ज्योतिंद्र ने बताया की जिलाधिकारी कार्यालय में स्थापित टेली कालिंग सेंटर के माध्यम से जनपदवासियों को सूचित किया जा रहा है। उन्होंने बताया की लिस्ट में जिनका नाम है उनको सभी दस्तावेजों के साथ निकट स्वास्थ्य केंद्र या कैंप की जानकारी देकर आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए भी कहा जा रहा है।

# घर में घुसकर युवक पर किया जानलेवा हमला

**संवाददाता बकेवर, इटावा**

- दो नामजद व दो अज्ञात लोगों ने एक राय होकर किया हमला

**अमृत विचार।** लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम चिंडौली में शुक्रवार की रात को एक युवक के घर में घुसकर दो नामजद व दो अज्ञात लोगों ने एक राय होकर युवक को जान से मारने की नियत से धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। चीख पुकार पर परिजन दौड़ पड़े तो आरोपी तमंचा लहराकर भाग गये। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां हालत गम्भीर होने पर उसे मिनी पीजीआई रेफर कर दिया गया। पिता ने पुलिस को लिखित तहरीर दी।

इस घटना के संबंध में ग्राम चिंडौली निवासी ओमपाल सिंह पुत्र वरजोर सिंह ने बताया कि उसका पुत्र छोटू भदौरिया 27 वर्ष घर में लेटा हुआ था कि तभी रात्रि करीब एक बजे नामजद राघवेन्द्र सिंह उर्फ छोटू पुत्र शंकर सिंह व प्रकाश उर्फ पिन्टू पुत्र सरनाम सिंह निवासीगण नवादाखुर्दकला व दो अज्ञात लोग तमंचा हाथों में लेकर घर में कूद आये और मेरे पुत्र छोटू को गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों व धारदार हथियार के सिर व शरीर में जान से मारने की नियत से जमकर प्रहार किये। चीख पुकार करने पर वह तमंचा लहराकर जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। सूचना पर लवेदी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया जहां से मिनी पीजीआई रेफर कर दिया गया।

# क्षेत्र पंचायत महेवा की बैठक 23 को

**महेवा, इटावा।** क्षेत्र पंचायत महेवा की बैठक 23 फरवरी को ब्लॉक सभागार महेवा में 12 बजे से ब्लॉक प्रमुख पवित्रा देवी की अध्यक्षता में होगी। जिसमें वित्त वर्ष 2024- 25 के लिए मनरेगा लेबर बजट मनरेगा कार्यों, राज्य वित्त एवं 15 वें वित्त के कार्यों को कराने की कार्ययोजना तैयार की जायेगी । सचिव क्षेत्र पंचायत /खंड विकास अधिकारी महेवा सूरज सिंह ने बताया कि बैठक का एजेंडा सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों ,पदेन सदस्यों सहित ब्लॉक व जिला स्तरीय अधिकारियों को भेजा गया है। उन्होंने सभी से समय पर उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

# बालिका ने जहरीला पदार्थ खा कर दी जान, मचा कोहराम

**अछल्दा, औरैया।** एक बालिका ने अज्ञात कारणों से किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर प्राइवेट चिकित्सक से उसका उपचार कराया गया लेकिन बाद में उसने अपने घर के अंदर दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अछल्दा थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुर निवासी लगभग 19 वर्षीय कंचन पुत्री जबर सिंह पाल ने गत दिवस अज्ञात कारणों से जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। बालिका के परिजनों द्वारा आनन-फानन उसे उपचार के लिए नेविलगंज अछल्दा के एक प्राइवेट अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया जहां से चिकित्सकों ने उपचार कर उसे वापस घर भेज दिया जहां बीती रात उसकी मौत हो गई।

बालिका की मौत की सूचना पर सीओ बिधूना अशोक कुमार सिंह थाना प्रभारी अछल्दा भूपेंद्र राठी चौकी प्रभारी अवधेश कुमार पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंच गए और बालिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में मृतक बालिका के पिता का कहना है कि उसकी पुत्री कंचन काफी दिनों से बीमार चल रही थी किस कारण से उसने जहरीले पदार्थ का सेवन किया है कोई जानकारी नहीं है।

# सपा-बसपा ने पिछड़ों, दलितों का छीना हक

**कार्यालय संवाददाता ,इटावा**

- सर्वजन सुखाय पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जसकरन कठेरिया ने सपा बसपा पर साधा निशाना

**अमृत विचार।** इटावा शहर के मुलायमनगर में सर्वजन सुखाय पार्टी की नुक्कड़ सभा में प्रदेश अध्यक्ष एवं लोकसभा प्रत्याशी जसकरन सिंह कठेरिया ने कहा कि वे एक लंबे समय से यहां के लोगों के सुख दुख में शामिल रहे हैं। अब मौका मिला है की अपने बीच के व्यक्ति को सांसद बनाकर जनता की समस्यों का समाधान हो। लोकसभा इटावा की जनता अब आजमाए हुए लोगों की बजाय पार्टी की तुलना में पार्टी नहीं अपना सांसद चुने ।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने सपा बसपा की चार चार बार सरकार बनवाई। फिर कारण क्या है कि जनता ने यह दोनों दलों को सत्ता से बाहर कर भाजपा सरकार बनवाई। यदि सपा बसपा ईवीएम का रोना रोती है तो सवाल यह है की भाजपा ने 5 अगस्त 2020 में हिमाचल कर्नाटक के चुनाव से पहले अपने पक्ष में माहौल बनाने के लिए श्री राम मंदिर का शिलान्यास पूजन किया। इन प्रदेशों की जनता ने नकार दिया और कांग्रेस की सरकार हिमाचल कर्नाटक में जनता ने बनाई। यूपी के घोसी उपचुनाव में डबल इंजन की भाजपा का प्रत्याशी चुनाव हार गया। केवल ईवीएम के रोना रोने से सच्चाई नहीं छुपेगी। सच यह है कि सपा बसपा हक वंचितों को हिस्सेदारी न देकर गोत्रवाद परिवारवाद के चक्कर में पिछड़ों और दलितों के साथ जातिगत पक्षपात करते हैं। भाजपा भी किसान विरोधी, बेरोजगार विरोधी, पेंशन विरोधी, शिक्षा विरोधी और छोटे छोटे व्यापार विरोधी है। पूजीपतियों के सारे के सारे काम कर रही है । नुक्कड़ सभा में कुलदीप कठेरिया, लकी कठेरिया, हरी बाबू प्रजापति ,राजेश कुमार शैलेंद्र कुमार ,राजेंद्र सिंह ने लोकसभा प्रत्याशी जसकरन सिंह का भव्य स्वागत किया।


जसकरन कठेरिया का स्वागत करते एसएसपी के कार्यकर्ता। अमृत विचार

# यूपी पुलिस की पहले दिन की परीक्षा सकुशल संपन्न

**संवाददाता, अजीतमल, औरैया**

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र में चारों परीक्षा केंद्रों पर होने वाली परीक्षा में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम रहे। एसडीएम अजीतमल रामअवतार ने बताया कि सेक्टर मजिस्ट्रेट के तौर पर तीन विद्यालय की जिम्मेदारी मिली। जिसमें जनता इंटर कॉलेज अजीतमल में दोनों पालियों में 600 विद्यार्थियों में पहली पारी में 14 अनुपस्थित रहे, जबकि 586 उपस्थित रहे। दूसरी पारी 600 में 29 अनुपस्थित 571 उपस्थित रहे। जनता महाविद्यालय अजीतमल की दोनों पारियों में 480 विद्यार्थियों में पहली पाली में 18 अनुपस्थित 462 उपस्थित रहे। दूसरी पाली में 27 अनुपस्थित 453 उपस्थित रहे और सिंह वाहनी महाविद्यालय आदमपुर में दोनों पारियों में 480 पहली पारी में 18 अनुपस्थित 462 उपस्थित और दूसरी पारी में 19 अनुपस्थित 461 उपस्थित रहे। जबकि मुरादगंज स्थित जिला पंचायत इंटर कॉलेज में 384 विद्यार्थी पहली पारी में 18 अनुपस्थित रहे 366 उपस्थित रहे। दूसरी पारी में 12 अनुपस्थित 372 उपस्थित रहे। अजीतमल में पुलिस परीक्षा के लिए चार सेंटर बनाए गए थे। चारों सेंटरों पर सकुशल परीक्षा संपन्न कराई गई। एसडीएम ने बताया कि अजीतमल तहसील में यूपी पुलिस कांस्टेबल की परीक्षा सकुशल संपन्न कराई गई। जहा मानक के अनुरूप तैयारियां पूर्ण की गई थी क्षेत्राधिकारी अजीतमल राम मोहन शर्मा ने बताया कि चारों केंद्रों की परीक्षा सफल हुई, संबंधित फोर्स चारों केंद्रों पर मौजूद थी। ला इन ऑर्डर की किसी तरह की कोई समस्या नहीं है।


परीक्षा केंद्र के अंदर आने से पहले चेकिंग करते शिक्षक। अमृत विचार

### परीक्षा देकर घर जा रहा युवक दुर्घटना में घायल

**फफूंद, औरैया।** थाना क्षेत्र के एक गांव के सामने स्कूटी सवार युवक औ़र कार में आमने सामने टक़्कर हो जाने से युवक घायल हो गया। युवक पुलिस भर्ती की परीक्षा देकर अपने घर जा रहा था। शनिवार को बाबरपुर निवासी युसूफ खान का 22 वर्षीय पुत्र अमन खान फफूंद से पहली पाली की परीक्षा देकर अपने घर बाबरपुर जा रहा था। गांव केशमपुर के सामने पहुंचते ही विपरीत दिशा से आ रही वैन कार से आमने सामने टक्कर हो गई, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना होते ही चालक कार छोड़कर घटना स्थल से भाग गया। ग्रामीणों ने पुलिस व एंबुलेंस को फोनकर सूचना दी। पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई, घायल युवक के परिजनों को सूचना दी गई है, घायल को एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा गया है।

# कालिका मंदिर में दर्शन को उमड़े श्रद्धालु, दिन भर लगा रहा जाम

**बकेवर, इटावा।** शनिवार को ऐतिहासिक कालिका देवी मंदिर पर सूदूर आंचल से आये देवी भक्तों ने पहुंचकर पूजा अर्चना की। भक्तों ने प्राचीन तालाब में स्नान किया। वहीं दिन भर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती रही। ऐसे में कस्बा में जाम से लोग खासे परेशान रहे। शनिवार सुबह से ही कानपुर, कानपुर देहात, औरैया, मैनपुरी, फिरोजाबाद सहित इटावा के ग्रामीण क्षेत्रों से पूजा करने को भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिसके कारण पूरे दिन लखना- बकेवर रोड पर जाम की स्थित बनी रही। इसके अलावा बकेवर- भरथना रोड पर भी जाम लगा रहा। जगह जगह जाम के चलते लोग परेशान रहे।

**सियासत** | सहकार भारती के प्रदेश महामंत्री डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने कहा

# इस बार भाजपा 400 पार, तीसरी बार मोदी सरकार

**कार्यालय संवाददाता, इटावा**

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर सी-ग्रेड के बूथ को बी व ए ग्रेड में करने की तैयारियों को लेकर सहकारिता महासम्मेलन की बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुसांगिक संगठन सहकार भारती के प्रदेश महामंत्री एवं उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ के निदेशक डॉ प्रवीण सिंह जादौन उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अबकी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार 400 पार के लक्ष्य को प्राप्त करेगी। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी सहकारी जनों से सहकारिता महासम्मेलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए आवाहन किया। साथ ही सी-ग्रेड के बूथ को बी व ए ग्रेड में परिवर्तित करने के कार्ययोजना पर चर्चा कर सी ग्रेड के पोलिंग बूथ पर सहकारी समितियां के पदाधिकारी को प्रभारी के रूप में नियुक्त किया। उन्होंने सभी सहकारी बंधुओ को नमो एप्लीकेशन के विषय में बताया। सभी सहकारी बंधुओ के फोन में एप्लीकेशन डाउनलोड भी कराई। जिला केंद्रीय उपभोक्ता सहकारी भंडार लि इटावा के सभापति अभिनव दीक्षित ने सहकारिता महासम्मेलन के लिए जनपद की रूपरेखा तैयार की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक गोविंद शर्मा ने की। बैठक में सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक धर्मेन्द्र दुबे व रविन्द्र गुप्ता, डायरेक्टर केंद्रीय उपभोक्ता नरेंद्र बरुआ, सहकार भारती पैक्स प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक आशुतोष अग्निहोत्री, सहकार प्रकोष्ठ के जिला महामंत्री दीप नारायण शुक्ला, पैक्स के जिला संयोजक डॉ योगेश मोदी, सहकार भारती के जिला उपाध्यक्ष संजीव पांडे, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा राधा उपस्थित रहे।



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते सहकार भारती के प्रदेश महामंत्री डॉ. प्रवीण सिंह जादौन। अमृत विचार

# बोर्ड परीक्षा : चार जोन 10 सेक्टर में बंटा जनपद

**कार्यालय संवाददाता, औरैया**

- हाईस्कूल व इंटर की बोर्ड परीक्षा 22 फरवरी से शुरू

**अमृत विचार।** जनपद में यूपी बोर्ड की परीक्षा को लेकर माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। केंद्र व्यवस्थापक के साथ-साथ सेक्टर मजिस्ट्रेट व कक्ष निरीक्षकों की भी ड्यूटी लगा दी गई है।

जिला विद्यालय निरीक्षक की ओर से निर्देशित किया गया है कि जो कमियां केंद्रों पर है। उसे हर हाल में 22 फरवरी से पहले पूर्ण कर लें। इसके लिए जनपद को चार जोन व दस सेक्टर में बांटा गया है, ताकि परीक्षा नकल विहीन व सुचिता के साथ संपन्न कराई जा सके। जिले में हाईस्कूल व इंटर बोर्ड परीक्षा 22 फरवरी से शुरू होगी। इसके लिए विभाग की ओर से सभी कार्रवाई लगभग पूर्ण हो चुकी है। जिले में 73 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा में 42617 परीक्षार्थी भाग लेंगे। इसमें हाईस्कूल के 22637 और इंटरमीडिएट में 19680 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। परीक्षा को सकुलशल संपन्न कराने के लिए विभाग की ओर से चार जोन व दस सेक्टरों में बांटा गया है। साथ ही सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट के साथ-साथ सचल दल और केंद्र व्यवस्थापकों के साथ कच्छ निरीक्षकों की तैनाती कर दी गई है। सभी केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया गया है कि परीक्षा के पहले केंद्र की सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर लें।

> जिले में बोर्ड की परीक्षा के लिए 73 केंद्र बनाए गए हैं। जिले में चार जोनल मजिस्ट्रेट और 11 मजिस्ट्रेट के साथ सचल दल का भी गठन किया गया है, ताकि परीक्षा सकुशल शांतपूर्ण तरीके से संपन्न कराई जा सके।
>
> – श्याम प्रकाश यादव, डीआईओएस

## सार-संक्षेप


शिव मंदिर पर पूजा के बाद मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

### जायंट्स ग्रुप ने गरीबों को बांटे अंगवस्त्र और मिठाई

**इटावा।** जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन यूनिट दो के जायंट्स ग्रुप दतावली डायमंड की अध्यक्ष रीना यादव के नेतृत्व में पक्का तालाब स्थित शिव मंदिर में स्थापित मां सरस्वती देवी की पूजा अर्चना की गई। इसके उपरांत गरीबों को अंग वस्त्र, मिठाई एवं फल वितरण का कार्यक्रम पूनम सहाय और निधि द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम में ग्रुप के सभी सम्मानित सदस्य रीता मेहरोत्रा, राखी मित्तल, संगीता तिवारी, पुष्पा भदौरिया, मनीष सहाय, बलराज गर्ग, राजेश यादव आदि लोगों ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया। अध्यक्ष रीना यादव ने सभी से गरीबो एवं रूरतमंद को समय समय पर ग्रुप के साथ रहकर सहयोग करने की अपील की।

### नेत्र परीक्षण शिविर कल

**महेवा, इटावा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर संयुक्त जिला चिकित्सालय मोतीझील इटावा में 19 फरवरी को नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला चिकित्सालय में वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ. आनंद उपाध्याय ने बताया कि सोमवार को कक्ष संख्या 109 में सुबह आठ बजे से लेकर दोपहर दो बजे तक नेत्र रोगियों का परीक्षण किया जाएगा। चयनित मोतियाबिंद के मरीजों का 20 फरवरी को चिकित्सालय के ओटी में अत्यधिक फेको व एसआईसीएस पद्धति से लैंस प्रत्यारोपण मोतियाबिंद ऑपरेशन डॉ. आनंद उपाध्याय ने नि :शुल्क किया जाएगा । उन्हें राज्य सरकार से सर्वाधिक मोतियाबिंद ऑपरेशन करने के लिए सम्मानित भी किया जा चुका है ।

### सड़क हादसों में पांच लोग घायल

**जसवंतनगर, इटावा।** थाना क्षेत्र के अलग अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पहली घटना थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर सागर होटल के पास हुई, जहां बाइक से अपनी रिश्तेदारी में जा रही एक महिला अचानक चक्कर आने पर बाइक से गिरकर घायल हो गई। इटावा के अड्डा टीला की रहने वाली गीता देवी पत्नी सतीश चंद्र उम्र करीब 35 वर्ष अपने भाई सुमित कुशवाहा के साथ बाइक से रिश्तेदारी नगला सूरज फिरोजाबाद जा रही थी तभी सागर ढाबा के पास चक्कर आने पर वह बाइक से गिर पड़ी जिससे उसको चोटें आई। दूसरी घटना जसवंत नगर से बलरई जाने वाले रोड पर हुई जहां दो बाइकों की भिड़ंत में चार लोग घायल हो गए। नगला खंगर के गांव परियर निवासी उदय वीर पुत्र पप्पू अपनी पत्नी रागिनी देवी के साथ जसवंतनगर की तरफ जा रहे थे तभी सामने से आ रहे दूसरी बाइक सवार अमित कुमार पुत्र मुन्नालाल निवासी अहलादपुर जिला मैनपुरी अपने साथी जय चन्द्र पुत्र राजेन्द्र निवासी आसफ़ाबाद जिला फिरोजाबाद जसवंत नगर से बलरई की ओर जा रहा था तभी दोनों बाइकें टकरा गई जिसमें सभी चारों लोग घायल हो गए। उन्हे भी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाला गिरफ्तार

**भरथना, इटावा।** थाना पुलिस ने गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक महिला को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के एक आरोपी को ओवरब्रिज के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवयक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया। एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि 17 फरवरी को गांव कंधेसी पचार निवासी कुलदीप कुमार पुत्र राधेश्याम ने थाना पर तहरीर दी कि 16 फरवरी को उसकी पुत्री सरिता ट्रेन से कट गयी थी । उसकी जेब से सुसाइड नोट मिला था जिसमें लिखा था कि आत्महत्या का जिम्मेदार असित यादव है । तहरीर के आधार पर असित यादव के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था । प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ गस्त पर थे तभी मुखबिर की सूचना पर उन्होंने ओवरब्रिज के पास से असित यादव निवासी महादेव नगर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया।

### गुमटी में अचानक लगी आग, समान जलकर खाक

**इकदिल, इटावा।** पक्का बाग रोड पर चाय पानी की गुमटी में शुक्रवार की देर रात को बिजली के तारों से उठी चिंगारी से आग लग गई। इसमें छप्पर समेत गुमटी जलकर राख हो गई। विकास कॉलोनी भाग 2 में रहने वाले योगेंद्र उर्फ मन्नू गुमटी में चाय गुटका व समोसा की दुकानकर चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे थे। शुक्रवार की शाम को वह दुकान बंद करके घर पर चले गए थे। रात को गुमटी के ऊपर से निकले बिजली के तारों के टकराने से उससे उठी चिंगारी गुमटी के ऊपर रखे छप्पर पर जा गिरी जिससे आग लग गई। पास में स्थित गाड़ियों का गैराज के गार्ड ने गुमटी के मालिक को फोन पर सूचना दी। मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया। बाद में जानकारी मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और उसने आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक छप्पर समेत गुमटी में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।

### जिला परियोजना प्रबंधक को विदाई दी

**इटावा।** पंचायतराज विभाग के जिला परियोजना प्रबंधक विजय यादव के इटावा से सहारनपुर स्थानांतरित होने पर जिला पंचायतराज अधिकारी कार्यालय में शनिवार को माल्यार्पण कर भावभीनी विदाई दी गई। जिला पंचायतराज अधिकारी बनवारी सिंह ने कहा कि इटावा में अपनी पहली पोस्टिंग के तहत करीब सात वर्ष तक विजय यादव ने जिला परियोजना प्रबंधक के रूप में शासन की योजनाओं का सराहनीय रूप से क्रियान्वयन सफलतापूर्वक किया। इस अवसर पर सहायक जिला पंचायतराज अधिकारी रोहित कुमार, प्रशांत पोरवाल, क्रशांक, अनुराग वाजपेई, राजेश कुमार, नितिन, अनुराग यादव, शीलू सिंह, धीरेंद्र, प्रमोद कुमार , श्याम सुन्दर, कौशलेंद्र, आशीष आदि ने परियोजना प्रबंधक का माल्यार्पण कर प्रतीक चिन्ह भेंट किया।

### नई मतदाता सूची में गड़बड़ी की आशंका, होगी शिकायत

**जसवंतनगर, इटावा।** कस्बा में स्थित सपा कार्यालय पर सेक्टर व बूथ प्रभारियों की बैठक नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने ली। उन्होंने कार्यकर्ताओं से नई मतदाता सूची का अवलोकन कर नाम न होने की सूरत में नाम दर्ज कराने की अपील कर सूची में बिना ठोस बजह से डिलीट वोटों की जमीनी तहकीकात करने की अपील की। नगर अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के मुखिया ने डिंपल यादव को मैनपुरी लोकसभा से प्रत्याशी पुन : घोषित किया है। इसलिये पहले से अधिक वोटों से जीत के लिए हम सबको अभी से जुट जाना चाहिए। उन्होंने सेक्टर प्रभारी से नई मतदाता सूची का अवलोकन कर अपना, अपने पड़ोसियों व परिजनों का नाम न होने पर नाम दर्ज करने की है। उन्होंने नवींन मतदाता सूची पर सवाल भी उठाएं है। उन्होंने बताया है कि मतदान का प्रतिशत कम करने के लिए मतदान केंद्रों पर पड़ोसी वार्डो को न जोड़कर दूर दूर के वार्डो के मतदाताओं को समायोजित किया गया है। इससे मतदाता भटक जाए और मतदान प्रतिशत कम हो जाये। इस बात की शिकायत वे पार्टी हाईकमान से करेंगे, जिससे सुधार किया जाए। इस दौरान नगर प्रमुख महासचिव राशिद सिद्दीकी, राजीव यादव, मो जहीर, ऋषिकांत चतुर्वेदी, मो .फारुख, माया देवी, अभिषेक गांगल्स, मो. इलियास मौजूद रहे।

### डीजे की दुकान का ताला तोड़ दो लाख का सामान चोरी

**ताखा, इटावा।** चोरों ने शटर का ताला तोड़कर अनिल डीजे साउंड एंड लाइट हाउस की दुकान से सामान चोरी कर लिया। ऊसराहार थाना क्षेत्र के पुरैला तिराहे पर राधाकृष्णा एकेडमी के पास अनिल डीजे सांउड एंड लाइट हाउस की दुकान में शुक्रवार रात को अज्ञात चोरों करीब दो लाख के सामान पर हाथ साफ कर दिया। शनिवार सुबह दुकानदार अनिल कुमार शाक्य निवासी ग्राम पृथ्वीपुर को गांव के लोगों ने चोरी होने व दुकान खुली होने की सूचना दी तो वह मौके पर पहुंचा। दुकान से चार एमप्लीफायर, दो स्टेबलाइजर, 24 स्पीकर, 38 लाइटें गायब मिली। पीडित की सूचना पर मौके पर पहुंची ऊसराहार पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया, पीड़ित ने गांव व पुरैला गांव के दो लोगों पर चोरी करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। सीओ भरथना विवेक जावला से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वह पूरे की जानकारी कर रहे हैं।

### दो पक्षों में मारपीट के बाद दर्ज हुआ मुकदमा

**अजीतमल औरैया।** अजीतमल कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत अटसु चौकी निवासी मंजू देवी पत्नी जसवन्त प्रकाश निवासी ग्राम बल्लापुर थाना अजीतमल ने कोतवाली में तहरीर दी कि उसके गांव निवासी जयप्रकाश पुत्र रामसनेही, विजय बहादुर पुत्र जयप्रकाश, राजावेटी पत्नी जयप्रकाश निवासीगण बल्लापुर ने मेरे खेत मे बीचों बीच विना कनेक्सन विजली के खुले तार डाले हुये हैं मेने तार हटाने को कहा तो ये लोग भद्दी भद्दी गाली गलौज मारपीट करने लगे है मुझे वचाने आये मेरे देवर कप्तान सिंह व पुत्र सनी के साथ इन लोगो ने मारपीट की जिसमे मेरे देवर व पुत्र को काफी चोटे आयी है। प्रार्थनी ने थाने में गुहार लगाई है।कोतवाली प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### पश्चिम बंगाल बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम ने संदेशखालि का दौरा करके कहा...

# हम उत्पीड़ित बच्चे की मां से करेंगे बात

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डब्ल्यूबीसीपीसीआर) की छह सदस्यीय टीम ने राजनीतिक रूप से अशांत क्षेत्र संदेशखालि में बच्चे के साथ दुर्व्यवहार की शिकायतों की पड़ताल के लिए शनिवार को वहां का दौरा किया। ग्रामीणों का आरोप है कि संदेशखालि में बदमाशों ने सात माह के बच्चे को उसकी मां की गोद से छीनकर फेंक दिया था। बच्चे का फिलहाल उपचार किया जा रहा है। आयोग की सलाहकार सुदेशना रॉय ने पत्रकारों से कहा कि हम स्थिति का आकलन करने के लिए घटनास्थल पर आए हैं। हमारा कर्तव्य राज्य के हर बच्चे को सुरक्षा देना है और यह भी देखना है कि



डब्ल्यूबीसीपीसीआर की छह सदस्यीय टीम ने संदेशखालि में बच्चे के साथ दुर्व्यवहार की शिकायतों की पड़ताल के लिए वहां का दौरा किया। ● एजेंसी

उनके अधिकार सुरक्षित हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि हम कथित तौर पर उत्पीड़ित बच्चे की मां से बात करेंगे।

आयोग की छह सदस्यीय टीम ने संदेशखालि का दौरा किया, जिसका नेतृत्व इसकी अध्यक्ष तूलिका दास ने किया। दास ने बताया कि शुक्रवार को उन्हें पता चला कि कोई व्यक्ति एक घर में घुस आया और बच्चे को मां की गोद से फेंक दिया। उन्होंने कहा, ''हमने खुद ही परिवार से मिलने का फैसला लिया। हम बच्चे की मां से मिले...वे भोजन, चिकित्सा सहायता और सुरक्षा चाहते हैं। हमने उन्हें वह सब प्रदान किया है।

बता दें कि एक महीने से अधिक समय पहले तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता शेख शाहजहां के परिसर की तलाशी के लिए ईडी के इलाके में जाने के बाद संदेशखालि में तनाव पैदा हो गया था।

### केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग को लेकर जनहित याचिका दायर

पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती जिले उत्तर 24 परगना के अशांत संदेशखाली में केंद्रीय सशस्त्र बलों की तैनाती के लिए न्यायिक हस्तक्षेप की मांग करते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

### बिलकीस बानो मामलाः दोषी ने पैरोल के लिए न्यायालय का किया रुख

**अहमदाबाद।** वर्ष 2002 के गोधरा दंगों के दौरान बिलकीस बानो के साथ सामूहिक बलात्कार और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या से संबंधित मामले के एक दोषी ने अपने परिवार में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए पैरोल पर रिहा किये जाने का अनुरोध करते हुए गुजरात उच्च न्यायालय का रुख किया है। रमेशभाई चंदना ने अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए पैरोल पर रिहा किये जाने के अनुरोध को लेकर शुक्रवार को उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की। चंदना और 10 अन्य को पिछले महीने तब वापस जेल भेज दिया गया था जब उच्चतम न्यायालय ने गुजरात सरकार द्वारा उन्हें दी गई छूट को रद कर दिया था। इससे पहले, मामले के एक अन्य दोषी प्रदीप मोधिया को उच्च न्यायालय द्वारा उनकी याचिका सात से 11 फरवरी तक पैरोल पर रिहा किया गया था।

# हर बूथ पर भाजपा के 370 वोट बढ़ाएं कार्यकर्ता

● भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन के शुभारंभ पर प्रधानमंत्री मोदी ने किया आह्वान

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं का शनिवार को आह्वान किया कि वे आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी को 370 से अधिक सीटें जिताने के लक्ष्य को एक आंकड़ा नहीं, बल्कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि समझ कर प्राप्त करें। नरेंद्र मोदी ने भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन के शुभारंभ के पहले पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए यह भी आह्वान किया कि हर बूथ पर भाजपा के 370 वोट बढ़ाएं। भाजपा के महासचिव विनोद तावड़े ने संवाददाताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन के बिन्दुओं की जानकारी दी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा को 370 और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 पार पहुंचाने का लक्ष्य मात्र एक आंकड़ा नहीं है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू -कश्मीर को भारत का अटूट एवं अविभाज्य अंग बनाने के लिए बलिदान दिया था। हर कार्यकर्ता उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए आगे आए और इसे एक आंकड़े के रूप में नहीं, बल्कि श्रद्धांजलि के रूप में लें। विनोद तावड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भाजपा और राजग जो सीटें लड़नी है, उनके उम्मीदवार की घोषणा कर दी और वह उम्मीदवार है - कमल का फूल। उन्होंने आह्वान किया कि सभी कार्यकर्ता कमल को जिताने के लिए कमर कस लें। जिन लोगों को केंद्र या राज्य की सरकारों की योजनाओं का लाभ मिला है, उनसे 100 दिनों में संपर्क करें।



नई दिल्ली में भाजपा राष्ट्रीय परिषद की बैठक के दौरान राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को माला पहनाई। इस दौरान अमित शाह और जेपी नड्डा भी रहे। ● एजेंसी

## एक नजर

### दिल्ली के पास मालगाड़ी पटरी से उतरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन के पास शनिवार को एक मालगाड़ी के दस डिब्बे पटरी से उतर गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पटरी पर किसी व्यक्ति के हताहत होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। यह घटना शनिवार को सुबह उस समय हुई जब ट्रेन जखीरा फ्लाईओवर के नीचे से गुजर रही थी। रेलवे पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि घटना में 10 डिब्बे पटरी से उतर गए हैं और बचाव अभियान जारी है।

### गुरुग्राम में 1.28 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी

**गुरुग्राम(हरियाणा)।** गुरुग्राम में साइबर अपराधियों ने पहले एक व्यक्ति को यह बताया कि उसके द्वारा भेजे गए पार्सल में मादक पदार्थ है और फिर उसे गिरफ्तारी की धमकी देकर उससे एक करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की। पुलिस ने शनिवार को बताया कि गुरुग्राम के सेक्टर 83 निवासी आशीष सरीन ने साइबर अपराध दक्षिण पुलिस थान में शिकायत दर्ज कराई है कि उन्हें एक व्यक्ति ने कूरियर कंपनी का कार्यकारी बताकर फोन किया और बताया कि उनके द्वारा भेजे गए पैकेट में मादक पदार्थ मिला है जिससे उसे जमानत करानी पड़ेगी। इसके बाद उसने जमानत के नाम पर उससे 1.28 करोड़ रुपये ऑनलाइन ठगी कर ली।

## तमिलनाडु में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट से 10 लोगों की मौत

विरुधुनगर (तमिलनाडु), एजेंसी

● मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने राहत गतिविधियों का समन्वय करने का निर्देश दिया

तमिलनाडु के विरुधुनगर में पटाखा फैक्टरी में शनिवार को विस्फोट में चार महिलाओं सहित 10 लोगों की मौत हो गई। राज्य के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने प्रदेश के दो मंत्रियों को बचाव और राहत गतिविधियों का समन्वय करने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वेम्बकोट्टई के कुंडयिरुप्पु गांव में एक पटाखा निर्माण इकाई में अचानक विस्फोट से दस लोगों की मौत हो गई जिनमें छह पुरुष और चार महिलाएं हैं। यहां जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक स्टालिन ने राज्य के राजस्व मंत्री केकेएसआर रामचंद्रन और श्रममंत्री सीवी गणेशन को तुरंत घटनास्थल पर पहुंचने और बचाव और राहत गतिविधियां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना और सहानुभूति व्यक्त की। उन्होंने मृतकों के परिजनों को तीन-तीन लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को एक-एक लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है।

जानकारी के मुताबिक यह दुर्घटना शनिवार अपराह्न 12



बजकर करीब 30 मिनट पर गांव में स्थित पटाखा निर्माण फैक्टरी के रसायनों को मिलाने वाले कमरे में हुई। विरुधुनगर के जिलाधिकारी वी.पी.जयासीलन ने कहा-शुरुआत में धमाके से नौ लोगों की मौत हुई थी और गंभीर रूप से तीन लोगों को इलाज के लिए शिवकाशी के राजकीय अस्पताल में ले जाया गया था। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि रसायन मिश्रण कक्ष में भीड़भाड़ थी और आशंका है कि इसकी वजह से रसायनों को मिलाने के दौरान धमाका हुआ होगा। जिलाधिकारी के मुताबिक फैक्टरी मालिक के पास लाइसेंस था। यह पूछे जाने पर कि विस्फोट कैसे हुआ जिलाधिकारी ने जवाब दिया कि यह मानवीय गलती से से हो सकता है। हमने एक अंतर-विभागीय टीम को जांच करने का आदेश दिया है।

## गुजरात में 5 पुलिसकर्मियों समेत 19 लोगों पर मामला दर्ज

भुज, एजेंसी

गुजरात के कच्छ जिले में एक कंपनी के एक कर्मचारी के अपहरण और जबरन वसूली के संबंध में दो पुलिस अधीक्षक (एसपी) और तीन अन्य वरिष्ठ पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उच्चतम न्यायालय ने

**अपहरण, जबरन वसूली का मामला**

इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा रखी थी। रोक हटने के लगभग एक महीने बाद अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने बृहस्पतिवार को दो पुलिस अधीक्षकों, तीन उपाधीक्षकों, एक उप-निरीक्षक और इलेक्ट्रोथर्म लिमिटेड के मालिकों समेत अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। सीआईडी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, कच्छ जिले के गांधीधाम के निवासी परमानद सीरवानी ने दिसंबर 2015 में अपहरण और जबरन वसूली के लिए कंपनी के दो मालिकों और 11 अन्य के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

## राजद के साथ सत्ता साझा करने के दौरान गड़बड़ियां हुईं, की जा रही जांच : नीतीश

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को कहा कि उन्हें ज्ञात हुआ है कि जब राज्य में राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल (यूनाइटेड) सत्ता में थे उस वक्त कई गड़बड़ियां हुईं और अब उनकी जांच की जा रही है। दरअसल बिहार सरकार ने उन विभागों द्वारा लिये गये सभी फैसलों की समीक्षा का आदेश दिया है जिनका प्रभार राज्य की पूर्व 'महागठबंधन' सरकार में उपमुख्यमंत्री रहे तेजस्वी यादव और राजद के दो मंत्रियों ललित यादव व रामानंद यादव पास था। कुमार ने इसी संबंध में मीडिया द्वारा पूछे गए प्रश्नों पर यह बात कही।

### दिल्ली विस में आप सरकार का विश्वास प्रस्ताव पारित

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा लाया गया विश्वास प्रस्ताव शनिवार को ध्वनिमत से पारित हो गया। विश्वास प्रस्ताव के दौरान सदन में आम आदमी पार्टी (आप) के 62 में से 54 विधायक मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने सदन में विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लिए आम आदमी पार्टी सबसे बड़ी चुनौती है और यही वजह है कि उस पर चौतरफा हमले हो रहे हैं। उन्होंने पूर्व में आरोप लगाया था कि भाजपा ने उनकी सरकार को गिराने के लिए आप विधायकों को तोड़ने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि भले ही भाजपा इस साल का लोकसभा चुनाव जीत जाए लेकिन आप 2029 के चुनावों में देश को उससे मुक्त कराएगी।

## सीधे ज्ञापन देने पर कर्मी को बर्खास्त नहीं किया जा सकता

नई दिल्ली, एजेंसी

● सुप्रीम कोर्ट ने कर्मचारी की बर्खास्तगी को रद करते हुए की टिप्पणी की

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि चतुर्थ श्रेणी के सरकारी कर्मचारी को केवल इसलिए बर्खास्त नहीं किया जा सकता क्योंकि उसने उचित माध्यम को दरकिनार कर सीधे वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष अपनी बात रखी थी। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति पी. के. मिश्रा की पीठ ने जिला न्यायपालिका के एक कर्मचारी की बर्खास्तगी को रद करते हुए यह टिप्पणी की।

छत्रपाल को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल और मुख्यमंत्री सहित उत्तर प्रदेश सरकार के अन्य अधिकारियों को सीधे अभ्यावेदन भेजने के कारण बर्खास्त कर दिया गया था। पीठ ने कहा कि एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, जब आर्थिक तंगी में होता है तो वह



सीधे वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष अपनी बात रख सकता है, लेकिन यह अपने आप में बड़े कदाचार की श्रेणी में नहीं आता है जिसके लिए उसे सेवा से बर्खास्त किये जाने की सजा दी जाये। अपीलकर्ता ने बरेली जिला अदालत के अन्य कर्मचारियों के उदाहरणों का हवाला दिया है जिन्होंने सीधे वरिष्ठ अधिकारियों को अभ्यावेदन भेजा था लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द करते हुए छत्रपाल को बहाल करने का आदेश दिया।

उच्च न्यायालय ने 2019 में बर्खास्तगी को चुनौती देने वाली उनकी रिट याचिका को खारिज कर दिया था। छत्रपाल को बरेली जिला न्यायालय में अर्दली, चतुर्थ श्रेणी के पद पर स्थायी तौर पर नियुक्त किया गया था। बाद में उनका तबादला कर दिया गया और उन्हें बरेली की एक बाहरी अदालत नजारत शाखा में 'प्रोसेस सर्वर' के रूप में तैनात कर दिया गया। हालांकि वह नजारत शाखा में काम करने लगे, लेकिन उन्हें एक अर्दली का पारिश्रमिक दिया जा रहा था। नजारत शाखा जिम्मेदार प्रक्रिया सेवा एजेंसी है। वरिष्ठ अधिकारियों को कई अभ्यावेदन देने के बाद, उन्हें जून 2003 में निलंबित कर दिया गया और उनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू की गई थी।

### सड़क दुर्घटना में आप विधायक समेत पांच घायल

**होशियारपुर।** पंजाब के होशियारपुर जिले के घोगरा गांव में शनिवार को एक सड़क दुर्घटना में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक करमबीर सिंह घुमन और चार अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। करमबीर सिंह घुमन होशियारपुर जिले के दसुया से विधायक हैं। यह हादसा उस वक्त हुआ जब घुमन कुछ कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए कार में तलवाड़ा शहर की ओर जा रहे थे। उनकी कार रास्ते में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। कार में उनके साथ चार अन्य लोग भी सवार थे। दुर्घटना में घुमन के अलावा, उनके निजी सहायक शुभम, सुरक्षाकर्मी अमृतदीप सिंह, कार चालक जस्सा सिंह और दलजीत सिंह नामक एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए। उन्हें सिविल अस्पताल ले जाया गया।



### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 855 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

### कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000 -2100 |
| ज्वार | 2600 -4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000 -2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5200 -5400 |
| अरहर | 7500 -8000 |
| मसूर | 5500 -5600 |
| मटर | 4400 -4500 |
| उड़दहरा | 10000 -10200 |
| उड़दकाला | 6000 -8000 |
| मूंग | 8500 -8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14500-14700 |
| अरहरस्पेशल1 | 12100-12300 |
| चनादाल | 7050-7150 |
| मटरदाल | 5250-5350 |
| मसूरमलका | 6950-7000 |
| मसूरदाल | 6950-7000 |
| उड़ददाल | 9000- 12000 |
| उड़द धोवा | 10500- 13000 |
| मूँगदाल | 8800 -10300 |
| मूँग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती नं.1 | 8500 - 10000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती नं.2 | 6500 - 7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1475-1520 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5000-5050 |
| अलसी | 4500 -4600 रुपये। |


# सरकार ने एफसीआई की अधिकृत पूंजी बढ़ाई

### 21,000 करोड़ रुपये की वृद्धि से ब्याज का बोझ होगा कम, सब्सिडी पर पड़ेगा सकारात्मक प्रभाव

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) की अधिकृत पूंजी 10,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 21,000 करोड़ रुपये कर दी है। खाद्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी।

एफसीआई केंद्र सरकार की नोडल एजेंसी है जो किसानों के हितों की रक्षा के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खाद्यान्न की खरीद करता है। यह रणनीतिक भंडारण भी बनाए रखता है और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत अनाज वितरित करता है। मंत्रालय ने बयान में कहा-अधिकृत पूंजी में वृद्धि अपने अधिदेश को प्रभावी ढंग से पूरा



करने में एफसीआई की परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसमें कहा गया कि एफसीआई कोष की जरूरत को पूरा करने के लिए नकद ऋण, अल्पकालिक ऋण, अर्थोपाय आदि का सहारा लेता है। अधिकृत पूंजी में वृद्धि से ब्याज का बोझ कम होगा, आर्थिक लागत कम होगी और अंततः सरकारी सब्सिडी पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। पूंजी के इस प्रवाह के साथ एफसीआई अपनी भंडारण इकाइयों के आधुनिकीकरण, परिवहन नेटवर्क में सुधार और उन्नत प्रौद्योगिकियों को अपनाने पर भी काम करेगा। मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि ये उपाय फसल के बाद के नुकसान को कम करने और उपभोक्ताओं को खाद्यान्न के कुशल वितरण के लिए जरूरी हैं।

### कृषि, प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात 12 प्रतिशत बढ़ा

कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) की देख-रेख में भारत से कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात साल दर साल 12 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। यह जानकारी एपीडा के 38वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की शनिवार को बयान जारी करके की गई है। जानकारी के अनुसार एपीडा की स्थापना 13 फरवरी 1986 को प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों के निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए की गई थी। वर्ष 1987-88 में इन उत्पादों का निर्यात मात्र 60 करोड़ डॉलर के बराबर था, जो 2022-23 में कृषि निर्यात 26.7 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। यह इस क्षेत्र के निर्यात में 12 प्रतिशत की चक्रवृद्धि दर से विस्तार दर्शाता है। विज्ञप्ति के अनुसार वर्ष 2022-23 में भारत का कुल कृषि निर्यात 53.1 अरब डॉलर रहा जिसमें एपीडा के अंतर्गत आने वाले उत्पादों का योगदान 51 प्रतिशत था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर, 2023 की अवधि में एपीडा वर्ग में 23 प्रमुख वस्तुओं में से 18 समूहों की वस्तुओं निर्यात सालाना आधार पर बढ़ा था। इस अवधि में ताजे फलों के निर्यात में 29 प्रतिशत तथा प्रसंस्कृत सब्जियों के निर्यात में 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बासमती चावल और ताजी सब्जियों के निर्यात का निर्यात भी अच्छा खासा बढ़ा है।

### एरिच ग्रुप (जर्मनी) ने पुणे में नए संयंत्र का किया उद्घाटन

**पुणे।** एरिच ग्रुप ने शनिवार को पुणे के चाकन औद्योगिक क्षेत्र में नए उत्कृष्ट विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन किया, यह संयंत्र कंपनी की वैश्विक विस्तार के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है। इस संयंत्र में कंपनी देश और विश्वभर के लिये गहन मिश्रक, संबंधित संयंत्र उपकरण और नियंत्रण प्रणालियों का उत्पादन करेगी। पुणे का संयंत्र तीन एकड़ ज़मीन पर फैला हुआ है और यह एरिच इंडिया के लिये एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। एरिच समूह को धातुकर्म, रेफ्रेक्ट्रीज, सिरेमिक, एग्रोकेमिकल्स, फाउंड्री, बैटरी, कार्बन उत्पाद और कई अन्य उद्योग क्षेत्रों में अपनी अनूठी मिश्रण और प्रसंस्करण तकनीक के लिये दुनिया भर में एक मजबूत बाजार स्थिति प्राप्त की है। चाकन संयंत्र के उत्पादन के साथ, एरिच इंडिया अपनी क्षमता बढ़ाने और इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिये तैयार है।


## हिमाचल बजटः सुक्खू ने दूध के लिए एमएसपी बढ़ाने की घोषणा की

शिमला, एजेंसी

● मुख्यमंत्री ने 58,444 करोड़ रुपये का बजट पेश किया

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शनिवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राज्य सरकार का 58,444 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। बजट में कृषि क्षेत्र पर खासतौर से जोर देते हुए गाय और भैंस के दूध के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने का ऐलान किया गया।

सुक्खू ने अपना दूसरा बजट पेश करते हुए कहा कि एमएसपी गाय के दूध पर 38 रुपये से बढ़ाकर 45 रुपये प्रति लीटर और भैंस के दूध पर 38 रुपये से बढ़ाकर 55 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। राज्य में वित्त विभाग मुख्यमंत्री के पास है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश दूध के लिए एमएसपी घोषित करने वाला पहला राज्य है। उन्होंने कहा कि सभी दुग्ध सहकारी



समितियों की देनदारियों को माफ कर दिया जाएगा और दूध खरीद तथा प्रसंस्करण अवसंरचना को मजबूत करने के लिए 150 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सरकार ने अगले वित्त वर्ष के लिए कोई नया कर प्रस्तावित नहीं किया है। राजस्व प्राप्तियां और राजस्व व्यय क्रमशः 42,153 करोड़ रुपये और 46,667 करोड़ अनुमानित हैं। इसका अर्थ है कि अनुमानित राजस्व घाटा 4,514 करोड़ है।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,800 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,550 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,350-47,550 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,950 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,800 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,700 |
| चांदी तैयार | 73,800 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,700 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,700 |
| चांदी पक्की | 727 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,900 |
| चांदी आभूषण | 73,500। |

## बंधन बैंक पश्चिम बंगाल सरकार के राजस्व संग्रह के लिए अधिकृत

कोलकाता, एजेंसी

● बंधन बैंक के लिए पश्चिम बंगाल शीर्ष तीन बाजारों में से एक

बंधन बैंक को पश्चिम बंगाल की कर और गैर-कर प्राप्तियों के संग्रह के लिए अधिकृत किया गया है। निजी ऋणदाता ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह अधिदेश बैंक को सरकारी रसीद पोर्टल तंत्र (ग्रिप्स) के माध्यम से राजस्व इकट्ठा करने में सक्षम बनाएगा।

बैंक ने कहा कि इस अधिदेश के आधार पर लोग इस पोर्टल का उपयोग करके संपत्ति कर, मोटर वाहन कर और व्यावसायिक कर जैसे विभिन्न करों का भुगतान कर सकेंगे। भुगतान संग्रह प्रक्रिया को संचालित करने के लिए बैंक जल्द ही पश्चिम बंगाल सरकार के साथ खुद को एकीकृत करेगा। बंधन बैंक के सरकारी मामलों के प्रमुख देबराज साहा ने कहा कि बंधन बैंक के लिए पश्चिम बंगाल शीर्ष तीन बाजारों में से एक है। राज्य में बैंक की 1,700 से अधिक लेनदेन शाखा हैं। 'ग्रिप्स' पश्चिम बंगाल सरकार को विभिन्न कर और गैर-कर भुगतान करने के लिए एक ऑनलाइन इंटरनेट-आधारित मंच है।

### पेरनोड रिकार्ड की भारत में बिक्री 4 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** स्पिरिट बनाने वाली फ्रांसीसी कंपनी पेरनोड रिकार्ड की भारतीय बाजार में बिक्री चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में चार प्रतिशत बढ़ गई है। कंपनी जुलाई से जून के वित्त वर्ष का अनुपालन करती है। पेरनोड रिकार्ड ने घोषणा करते हुए कहा कि भारतीय बाजार में उसकी मांग मजबूत रही है। इसके अलावा, भारत में दूसरी छमाही (जनवरी से 24 जून) में 'मजबूत वृद्धि' की उम्मीद है। भारत पेरनोड रिकार्ड के लिए वैश्विक स्तर पर अमेरिका के बाद दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। कहा कि उसके अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड जेम्सन, एब्सोल्यूट और द ग्लेनलिवेट ने मजबूत वृद्धि की।

## ईडी ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को दी क्लीन चिट

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी ) को पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के ट्रांजैक्शंस की जांच में फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट (फेमा) के तहत कोई उल्लंघन नहीं मिला है। द हिंदू की एक रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) नॉन-कंप्लायंस के कुछ अन्य मामलों के चलते कंपनी के खिलाफ कार्रवाई कर सकती है। ईडी ने इस हफ्ते की शुरुआत में पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ प्रारंभिक जांच शुरू की थी।

● लेनदेन की जांच में फेमा के तहत कोई उल्लंघन नहीं मिला

ईडी की यह कार्रवाई आरबीआई के पेटीएम की सब्सिडियरी कंपनी को 29 फरवरी से नए डिपॉजिट्स स्वीकार करने से रोक लगाने के कुछ दिनों बाद हुई है। हालांकि, अब आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट बैंक में डिपॉजिट और अन्य ट्रांजैक्शंस की डेडलाइन को 15 मार्च तक बढ़ा दिया है।

31 जनवरी को जारी सर्कुलर में आरबीआई ने कहा था कि 29 फरवरी के बाद पेटीएम पेमेंट बैंक के अकाउंट में पैसा जमा नहीं किया जा सकेगा। इस बैंक के जरिए वॉलेट, प्रीपेड सर्विसेज, फास्टैग और दूसरी सर्विसेज में पैसा नहीं डाला जा सकेगा।

### ईडी ने पेटीएम के सीनियर ऑफिसर्स से की थी पूछताछ

ईडी को कंपनी के फाइनेंशियल ट्रांजैक्शंस की जांच करने का काम सौंपा गया था। ईडी फेमा और प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत वॉयलेशन या क्राइम की जांच करता है। इससे पहले, ईडी ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ आबीआई की कार्रवाई के बाद पेटीएम के सीनियर ऑफिसर्स से पूछताछ की थी और उनसे डॉक्यूमेंट्स हासिल किए थे।

## एक नजर

### मुंबई में 31.6 लाख के मादक पदार्थों के साथ तीन गिरफ्तार

**ठाणे।** नवी मुंबई में 31.6 लाख रुपये मूल्य की मेथिलीन डाइऑक्सी-मेथामफेटामाइन (एमडीएमए) और ब्राउन शुगर रखने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार शाम कोपरखैरने इलाके से संदिग्ध रूप से घूम रहे आरोपियों को पकड़ा। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 63 ग्राम एमडीएमए और 253 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की, जिसकी कीमत 31.6 लाख रुपये है। आरोपी मोहम्मद शमीम इस्माइल अंसारी उर्फ सैम, खालिदा खातून मोहम्मद अजीम अंसारी और आफिया खातून हयात मोहम्मद अंसारी को गिरफ्तार किया गया जबकि उनकी साथी रुकसाना अंसारी फरार है।

### ईरान: सिरफिरे ने अपने ही 12 रिश्तेदारों को मारी गोली, मौत

**तेहरान।** ईरान के दूरदराज ग्रामीण इलाके में 30 वर्षीय एक सिरफिरे शख्स ने शनिवार को अपने 12 रिश्तेदारों की गोली मारकर हत्या कर दी। यह गोलीबारी दशकों में हुई सबसे घातक घटना है। करमान प्रांत के न्याय विभाग के प्रमुख इब्राहिम हामिदी ने बताया कि बंदूकधारी ने पारिवारिक विवादों के कारण एक गांव में सुबह-सुबह अपने पिता, भाई और अन्य रिश्तेदारों पर गोलियां चला दीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमलावर की अभी पहचान नहीं हुई है और उसने कलाश्निकोव असॉल्ट राइफल का इस्तेमाल किया। ईरान में किसी भी हिंसक घटना में मरने वालों की संख्या ये सबसे अधिक है।

### गुजरात में तटवर्ती गांव से पुलिस ने शेरनी का शव बरामद किया

**अमरेली।** गुजरात के अमरेली जिले के एक तटीय गांव में शेरनी का शव बरामद किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने जानकारी देते हुए कहा कि, शेरनी की मौत अरब सागर में डूबने से हुई है। उन्होंने कहा-शेर का समुद्र में डूबना कोई बहुत सामान्य घटना नहीं है। बता दें, पुलिस ने मामले में किसी भी तरह की साजिश की आशंका से इनकार कर दिया है। जूनागढ़ के प्रभारी मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) के.रमेश ने शनिवार को बताया कि वन क्षेत्र में धारा बंदर गांव के तट पर पांच से नौ साल की उम्र की शेरनी मृत मिली थी। पीएम रिपोर्ट में पता चला कि शेरनी की मौत पानी में डूबने से हुई।

### ब्रिटेन: हत्या के आरोप में भारतीय मूल के युवक को उम्रकैद की सजा

**लंदन।** लंदन की एक अदालत ने महिला की हत्या के 30 साल पुराने मामले में भारतीय मूल के एक युवक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। संदीप पटेल को 1994 में लंदन के वेस्टमिंस्टर इलाके में मरीना कोप्पेल नामक महिला के फ्लैट पर चाकू मारकर उनकी हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया था। दोषी मानते हुए कोर्ट ने शुक्रवार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। पुलिस ने कहा-मजबूत साक्ष्य के आधार पर सजा सुनाई गई है।

## तेलंगाना में बदमाशों ने 20 कुत्तों को मारी गोली, 5 जख्मी जांच में जुटी पुलिस टीम

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना के महबूबनगर जिले में गुरुवार रात कुछ अज्ञात बदमाशों ने 20 आवारा कुत्तों की बेरहमी से गोली मारकर हत्या कर दी। गोलीबारी में पांच कुत्ते बुरी तरह जख्मी भी हैं। पुलिस को घटना के बारे में शुक्रवार को पता चला। बताया जा रहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग से महज दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित इस गांव में गोलीबारी के बाद लोग काफी डरे हुए हैं।

स्ट्रे एनिमल फाउंडेशन ऑफ इंडिया के कार्यकर्ता अदुलापुरम गौतम ने कहा, 'स्थानीय लोगों ने बताया कि आधी रात के बाद कार में कुछ नकाबपोश आए और कुत्तों पर बंदूक से गोलियां चला दीं। इस घटना में लगभग 20-25 कुत्ते मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। हमने इस घटना को लेकर पुलिस अधिकारियों से शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि अज्ञात बदमाशों की पहचान की जा रही है। शुरुआती जांच में एक प्रत्यक्षदर्शी ने दावा किया है कि कार में आए एक व्यक्ति ने ही अपराध को अंजाम दिया है। पंचायत अधिकारी की शिकायत के आधार पर पुलिस ने शस्त्र अधिनियम और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत इस मामले में एफआईआर दर्ज की है।

## हैदराबाद में आकार ले रही गूगल की भव्य इमारत

*तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में एक भव्य इमारत आकार ले रही है। ये है, सर्च इंजन गूगल का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा ऑफिस। जो शहर के वित्तीय इलाके गच्छीबावली क्षेत्र में बन रहा है। करीब 1500 लोग दिन-रात इसे बनाने में जुटे हैं, फिर भी इसके 2026 तक पूरा होने की संभावना कम है। यहां काम कर रहे प्रोजेक्ट इंजीनियरों ने बताया कि ऑफिस 30 लाख वर्ग फीट में बन रहा है, जिसका अभी करीब 20% ही काम हुआ है। इसे पूरा बनने में अभी 7 साल और लगेंगे।*

**1000** करोड़ रु. की लागत से तैयार हो रहे ऑफिस में 18 हजार कर्मचारी कर सकेंगे काम


**30** लाख वर्ग फीट में हैदराबाद में बन रहा है गूगल का दूसरा सबसे बड़ा कार्यालय

### सबसे बड़ा ऑफिस माउंटेन व्यू

गूगल का ऑफिस 35 लाख वर्ग फीट में बना अभी हैदराबाद के कोंडापुर में गूगल का जो दफ्तर है, उसमें 7 हजार कर्मचारी है। जबकि गूगल का सबसे बड़ा ऑफिस अमेरिका के कैलिफोर्निया के माउंटेन व्यू में है, जो करीब 35 लाख वर्ग फीट में फैला हुआ है।





### अंडाकार में बनेगी इमारत

अभी नींव का बेस बन चुका है। उसके ऊपर चार बड़े त्रिकोणीय स्तंभ बन रहे हैं। इनके ऊपर 23 मंजिला ऑफिस की अंडाकार इमारत खड़ी होगी, जिसमें एक साथ 18 हजार कर्मचारी काम कर सकेंगे। प्रोजेक्ट की लागत 1000 करोड़ रुपये है।

### हर तीसरी मंजिल पर जिम और इंडोर गेम्स हॉल

ब्रिटिश फर्म ऑलफोर्ड हॉल मोनाघन मॉरिस ने इसे डिजाइन किया है। ये भारत में कंपनी का पहला निर्माण है। इस ऑफिस को हरेक मंजिल पर सूरज की रोशनी और ताजी हवा रहेगी। छत ऐसे डिजाइन की गई है कि उसे कभी भी खोला या बंद किया जा सके। इसमें 7 कैफेटेरिया होंगे। हर तीसरी मंजिल पर जिम और इंडोर गेम हॉल भी डिजाइन किए जाएंगे।

### भारत का सबसे बड़ा ऑफिस सूरत डायमंड बुर्स

भारत में सबसे बड़ा ऑफिस कॉम्प्लेक्स सुरत डायमंड बसं है, जो 71 लाख वर्ग फोट में बना है। यदि कैंपस की बात करें तो इंफोसिस का मैसूर कैंपस है, जो 350 एकड़ यानी डेढ़ करोड़ वर्ग फीट में है। सूरत डायमंड बोर्स को 3,500 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है। बिल्डिंग का कंस्ट्रक्शन फरवरी 2015 में शुरू हुआ था। अप्रैल 2022 में इसका काम पूरा हुआ। एसडीबी को सूरत की डायमंड इंडस्ट्री ने मैन्युफैक्चरिंग और ट्रेडिंग दोनों के लिए वन-स्टॉप हब के रूप में स्थापित किया है। सूरत दुनिया के 92 फीसदी नेचुरल डायमंड की मैन्युफैक्चरिंग करता है।



### पाकिस्तान: चुनाव में धांधली की जिम्मेदारी लेते हुए नौकरशाह ने दिया इस्तीफा, सीईसी पर लगाया आरोप

# मुख्य जज- ईसी चुनाव धांधली में शामिल

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान में आम चुनाव के परिणाम सामने आने के बाद एक हफ्ते का समय गुजर चुका है। लेकिन नई सरकार का गठन नहीं हो पाया है। इस बीच, एक वरिष्ठ नौकरशाह ने चुनाव में सभी धांधलियों की जिम्मेदारी लेते हुए शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और मुख्य न्यायाधीश (सीजे) हालिया चुनाव में हुईं गड़बड़ियों में शामिल थे।



रावलपिंडी के पूर्व आयुक्त लियाकत अली चट्ठा की ओर से यह बयान ऐसे समय में आया है, जब पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने आठ फरवरी को हुए चुनावों को लेकर देशव्यापी प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं। पीटीआई आम चुनाव में धांधली और जनादेश की चोरी का आरोप लगा रही है।

चट्ठा ने रावपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में पत्रकारों से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो उम्मीदवार चुनाव हा रहे थे, उन्हें जीत दिलाई गई थी। डॉन अखबार ने उनके हवाले से कहा, मैं इन सभी गलत कामों की जिम्मेदारी ले रहा हूं।

मैं आपको बता दूं कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) भी पूरी तरह से धांधली में शामिल थे। चट्ठा ने चुनाव परिणामों में हेराफेरी की जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दिया। उन्होंने यह भी कहा कि देश की पीठ में छुरा घोंपा गया है, जिस वजह से उन्हें नींद नहीं आती है। उन्होंने कहा, मैंने जो अन्याय किया है, उसके लिए मुझे सजा मिलनी चाहिए।



### चुनाव में धांधली के विरोध में सड़कों पर पाकिस्तानी अवाम

कराची पाकिस्तान में 8 फरवरी को हुए चुनावों में धांधली को लेकर विपक्ष खुलकर सड़कों पर आ गया है। सिंध प्रांत में भुट्टो-जरदारी परिवार की पार्टी पीपीपी के खिलाफ बने ग्रैंड डेमोक्रेटिक अलायंस (जीडीए) के हजारों प्रदर्शनकारियों ने जामशोरो में हाइवे को जाम कर दिया। जीडीए का आरोप है कि सिंध में पीपीपी को जीताने के लिए सेना और प्रशासन ने जमकर गड़बड़ियां की है। लोगों को संबोधित करते हुए जीडीए प्रमुख पीर पागरा ने कहा कि आम चुनाव में पीटीआई के निर्दलीय प्रत्याशियों को परेशान किया गया, लेकिन चुनाव आयोग सोता रहा।

### पीएमएलएन ने पीटीआई की मांग की आलोचना की

पाकिस्तान मुस्लिम-लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की आम चुनाव में कथित धांधली में अमेरिकी दखल की जांच की मांग की आलोचना की और कहा कि यह पाकिस्तान पाकिस्तान की संप्रभुता के खिलाफ होगा। पीएमएल-एन नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पार्टी है। इमरान खान ने गुरुवार को अमेरिका को संदेश दिया था कि उसे पाकिस्तान के आम चुनाव में धांधली पर चिंता जतानी चाहिए। इसके बाद पीएमएल-एन की नेता मरियम औरंगजेब ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, हम गुलाम नहीं हैं। यह पाकिस्तान की संप्रभुता के खिलाफ होगा। पीएमएल-एन ने चुनाव में कथित धांधली के खिलाफ अमेरिका से मदद मांगने को लेकर पीटीआई की आलोचना और उसे याद दिलाया कि आपके अनुसार अमेरिका ने आपकी सरकार गिराने के लिए साजिश रची थी।



## थोड़ा मतभेद न्यायपालिका कार्यपालिका में जरूरी: कौल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- संसद रत्न कार्यक्रम में उन्होंने कहा टकराव लोकतंत्र में संतुलन के लिए जरूरी

न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच थोड़ा बहुत टकराव लोकतंत्र में नियंत्रण और संतुलन बनाए रखने के लिए अच्छा है। यह बात सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय किशन कौल ने शनिवार को कही। वह सांसदों को 'संसद रत्न' पुरस्कार प्रदान करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा, संविधान में लोकतंत्र के नियंत्रण और संतुलन का जिक्र है, जो एक प्रशासन, एक विधायिका और अदालत का प्रावधान करता है। न्यायमूर्ति कौल ने कहा, हमारे यहां पहले 'पहले आओ-पहले पाओ' की आवधारणा पर आधारित लोकतंत्र है। इसलिए, सरकार के पास पचास फीसदी से कम मत होंगे, वहां कोर्ट व्यवस्था पर नियंत्रण और संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती है। कौल ने आगे एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश का हवाला दिया और कहा कि न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच थोड़ा बहुत तनाव अच्छा है। लेकिन अगर दोनों के बीच बहुत सी चीजें स्पष्ट नहीं हैं, तो समस्या है।

### इन सांसदों को मिला संसद रत्न पुरस्कार

यह सम्मान भाजपा के सांसद सुधीर गुप्ता, शिवसेना के श्रीकांत एकनाथ शिंदे, भाजपा के सुकांत मजूमदार, कांग्रेस के कुलदीप राय शर्मा और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अमोल कोल्हे को दिया गया। सत्रहवीं लोकसभा में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन, कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी, भाजपा के बिद्युत बरन महतो औ भाजपा की हीना गावित को संसद महारत्न' से सम्मानित किया गया। वहीं, राकांपा की सुप्रिया सुले, शिवसेना के श्रीरंग अप्पा बारने, बीजद के भर्तृहरि महताब को 'सांसद उत्कृष्ट महारत्न' से सम्मानित किया गया।

## चुनाव आयोग-विस अध्यक्ष का फैसला अन्यायपूर्ण: शरद

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संस्थापक रहे शरद पवार ने शनिवार को कहा कि चुनाव आयोग और महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष का एनसीपी मामले पर दिया गया फैसला पूरी तरह से अन्यायपूर्ण है। शरद पवार ने कहा कि मामला को लेकर सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। दरअसल चुनाव आयोग ने बीते दिनों अपने फैसले में अजित पवार गुट को असली राकांपा (एनसीपी) माना था और पार्टी का चुनाव चिह्न भी अजित पवार गुट को देने का फैसला दिया था। शरद पवार ने कहा कि हमें ऐसे ही फैसले की उम्मीद थी। स्पीकर अपने पद की शुचिता को बरकरार रखने में असफल रहे। चुनाव आयोग और स्पीकर का फैसला अन्यायपूर्ण है।



## भाजपा में जाने की अटकलों के बीच दिल्ली पहुंचे कमलनाथ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कमलनाथ ने कहा- ऐसी कोई बात होगी, तो खुद इसकी जानकारी देंगे तेजिंदर ने खबरों को बताया फर्जी

मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम और कांग्रेस के दिग्गज नेता कमलनाथ को लेकर अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। ऐसा बताया जा रहा है कि कमलनाथ कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले हैं। पूर्व सीएम भाजपा का दामन थामने की अटकलों के बीच शनिवार दोपहर ल्ली पहुंचे।

इससे पहले पूर्व सीएम ने छिंदवाड़ा में अपने समर्थक नेताओं से बातचीत की। उनसे रायशुमारी की और सीधे-सीधे पूछा कि 'क्या करना है?' इसके बाद छिंदवाड़ा के अन्य कार्यक्रम निरस्त किए और भोपाल से दिल्ली रवाना हो गए। अब कहा जा रहा है कि कमलनाथ छिंदवाड़ा से अपने सांसद बेटे नकुल नाथ के साथ भाजपा में शामिल हो सकते हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कहा, मैंने कल रात कमलनाथ से बात की, वह छिंदवाड़ा में हैं। उन्होंने कहा कमलनाथ ने अपनी राजनीतिक यात्रा कांग्रेस से शुरू की है, वह गांधी परिवार का साथ कभी नहीं छोड़ेंगे।

### कमलनाथ ने तोड़ी चुप्पी

पूर्व सीएम ने भी अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसी कोई बात होती है तो वह खुद इसकी जानकारी देंगे। कमलनाथ ने शनिवार को कहा कि वह आज दोपहर में दिल्ली पहुंचे। ऐसे में भाजपा नेता तेजिंदर बग्गा ने इन अटकलों को फेक न्यूज बता दिया है। भाजपा नेता तेजिंदर बग्गा ने एक्स पर लिखा, 'कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने की खबर फर्जी है।' बग्गा भाजयुमो के राष्ट्रीय सचिव हैं।

### हिमस्खलन की चेतावनी...





**श्रीनगर:** शनिवार को जम्मू-कश्मीर के आठ जिलों में भारी बर्फबारी के चलते हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है। जेकेडीएमए ने बताया कि कश्मीर के बांदीपोरा, बारामूला, कुपवाड़ा, गांदरबल और जम्मू क्षेत्र के डोडा, किश्तवाड़, पुंछ तथा रामबन जिलों में 2,200 मीटर से ऊपर कम खतरे के स्तर के साथ हिमस्खलन होने के आसार हैं। स्थानीय लोगों को हिमस्खलन संभावित क्षेत्रों में जाने से बचने की सलाह दी है। आपदा के समय हेल्पलाइन नंबर 112 जारी किया है। ● एजेंसी

## भाजपा विधायक नीलेश राणे के काफिले पर पथराव, तनाव बढ़ा

**मुंबई, एजेंसी**

- भाजपा-शिवसेना यूबीटी कार्यकर्ता भिड़े, पुलिस ने भीड़ पर काबू पाने के लिए किया बल प्रयोग



महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में शुक्रवार को भाजपा विधायक नीलेश राणे के काफिले पर कुछ अज्ञात लोगों ने पथराव कर दिया। भाजपा विधायक के काफिले पर पथराव से रत्नागिरी के चिपलून में तनाव बढ़ गया है। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। सरकार ने घटना के जांच आदेश दिए हैं और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात कही है।

शुक्रवार को रत्नागिनी के चिपलून में भाजपा कार्यकर्ताओं और शिवसेना उद्धव ठाकरे के कार्यकर्ताओं में झड़प हो गई। यह झड़प शिवसेना (यूबीटी) के विधायक भास्कर जाधव के कार्यालय के बाहर हुई। इस झड़प के दौरान स्थिति को बिगड़ती देख पुलिस ने बल प्रयोग किया और आंसू गैस के गोले छोड़कर भीड़ को तितर-बितर किया। इसी दौरान भाजपा विधायक और पूर्व सांसद नीलेश राणे का काफिला भी वहीं से गुजर रहा था। भाजपा कार्यकर्ताओं और शिवसेना (यूबीटी) कार्यकर्ताओं की झड़प के बाद कुछ अज्ञात लोगों ने नीलेश राणे के काफिले पर भी पथराव कर दिया। इस दौरान वहां जमकर हंगामा हुआ। फिलहाल पुलिस आरोपियों की पहचान करने में जुटी है और घटना की जांच कर रही है।

## भारत आ रहे तेल टैंकर पर हूती आतंकियों ने दागी मिसाइल

**काहिरा।** लाल सागर में हाउती आतंकियों के हमले नहीं रुक रहे हैं। हाउती आतंकियों ने भारत आ रहे ब्रिटिश तेल टैंकर को निशाना बनाकर मिसाइल दागी। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि मिसाइल ने तेल टैंकर एमटी पोलक्स को निशाना बनाया। यह यमन से दागी गई थी। हमले में तेल टैंकर को मामूली क्षति पहुंची है। इस पर मौजूद क्रू सदस्य सुरक्षित हैं।

पोलक्स रूस के काला सागर स्थित बंदरगाह शहर नोवोरोसिस्क से 24 जनवरी को रवाना हुआ था। यह भारत के पारादीप के पास 28 फरवरी को पहुंचने वाला है। पारादीप में इंडियन ऑयल कंपनी की तीन लाख बैरल प्रतिदिन क्षमता की रिफाइनरी है। ओसियनफ्रंट मेरीटाइम को एसए के स्वामित्व वाले जहाज का संचालन सी ट्रेड मेरीन एसएस की ओर से किया जाता है।

## धोखाधड़ी मामला: ट्रंप पर लगा 355 मिलियन डॉलर का जुर्माना

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

- न्यूयॉर्क कोर्ट ने पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर की कार्रवाई, कंपनी के निदेशक के रूप में काम पर भी लगाई रोक



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर नागरिक धोखाधड़ी मामले में न्यूयॉर्क के एक कोर्ट ने शुक्रवार को डोनाल्ड ट्रंप और ट्रंप ऑर्गनाइजेशन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 355 मिलियन डॉलर का जुर्माना भरने का आदेश दिया। कोर्ट ने ट्रंप को न्यूयॉर्क में कंपनी के निदेशक के रूप में काम करने से तीन साल के लिए रोक लगा दिया।

वहीं, अदालत ने उनके दोनों बेटों डोनाल्ड ट्रंप जूनियर और एरिक ट्रंप को भी 4-4 मिलियन अमेरिकी डॉलर का जुर्माना भरने का आदेश दिया है। कोर्ट ने दोनों को दो साल के लिए निदेशक के रूप में काम करने से रोक दिया है। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप और उनके बेटों पर बैंकों, बीमा कंपनियों व अन्य लोगों से धोखाधड़ी कर रियल एस्टेट का साम्राज्य खड़ा करने का आरोप है। सभी पर आरोप है कि उन्होंने लाभ लेने के लिए अपनी संपत्ति को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया। हालांकि, ट्रम्प और उनके बेटों ने किसी भी गलत काम से इनकार किया है। वहीं, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस मामले को अपने साथ धोखाधड़ी करार दिया है।

**विज्ञान** लंबे समय से वैज्ञानिक पृथ्वी के नजदीकी ग्रह में तलाश रहे थे जीवन की संभावना

## शनि के उपग्रह टाइटन में खत्म हुई जीवन की संभावना

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार:** किसी दूसरे ग्रह पर जीवन बसाने को लेकर शनि के उपग्रह टाइटन में लगी उम्मीद में पानी फिर गया है। अकूत जल खुद में समेटे टाइटन पर लंबे समय से जीवन की तलाश की जा रही थी। अत्यधिक ठंडा व जल के विशाल महासगरों से भरा होने के कारण टाइटन को बियाबान निर्जीव बना दिया है।

टाइटन शनि का महासागरीय चंद्रमा है। जिसके भीतर पृथ्वी से भी अधिक जल भरा हुआ है। जिसे लेकर इस उपग्रह पर जीवन की संभावना थी। इस पर अध्ययन इसलिए भी तेज हुए, क्योंकि यह पृथ्वी का नजदीकी ग्रह है। जिस पर पहुचना आसान था। वर्तमान में वैज्ञानिक हमारे सौर परिवार से बाहर दूर दराज के तारों के चक्कर काट रहे ग्रहों में जीवन की तलाश कर रहे हैं। मगर टाइटन में नजदीक होने के कारण यह हमारी आकांक्षा की पूर्ति कर सकता था। इसलिए नासा कई दशकों से इसकी जांच पड़ताल में जुटा हुआ था। जिसे लेकर अंतरीक्ष यान कैसिनी को विशेषतौर पर इस उपग्रह पर भेजा गया था। टाइटन ने इस उपग्रह पर हैरान करने वाली अनेक जानकारियां जुटाई थी। वैज्ञानिकों के अनुसार टाइटन के महासागर का आयतन पृथ्वी के सभी महासागरों से 12 गुना अधिक है। मगर इतना अधिक जल जीवन के लिए बंजर हो सकता है। नए अनुसंधान के अनुसार टाइटन के भूमिगत महासागर और बाहरी सौर मंडल में अन्य बर्फीले चंद्रमाओं के अंदर के समान महासागरों में जीवन के लिए आवश्यक कार्बनिक रसायन की कमी हो सकती है। टाइटन शनि का सबसे बड़ा चंद्रमा है , जो सौर मंडल में दूसरा सबसे बड़ा चंद्रमा है। यह पेट्रोकेमिकल के धुएं में घिरा होने और इसकी सतह पर कार्बनिक अणुओं के साथ कार्बन है । मगर यह अत्यधिक ठंडा है। इसकी सतह का तापमान -179 डिग्री सेल्सियस है। इतनी ठंडी स्थितियों में, जीवन के लिए रासायनिक प्रतिक्रियाएँ बहुत धीमी गति से आगे बढ़ती हैं।



शनि ग्रह के साथ उपग्रह टाइटन।

### कैथरीन नीश के नेतृत्व मे अंतर्राष्ट्रीय टीम ने किया शोध

कनाडा के ओंटारियो स्थित वेस्टर्न यूनिवर्सिटी की कैथरीन नीश कहती हैं कि जहां तरल पानी है, वहां जीवन हो सकता है। जिस कारण इस उपग्रह पर लंबे समय से अध्ययन किये जा रहे हैं और भविष्य में भी जारी रहेंगे। नीश के नेतृत्व मे अंतर्राष्ट्रीय टीम द्वारा शोध किया गया था।

## विपक्षी नेता नवलनी की मौत के जिम्मेदार पुतिन: बाइडन

**वाशिंगटन, एजेंसी**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के मुखर आलोचक कहे जाने वाले विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मौत हो गई। नवलनी उग्रवाद के आरोप में 19 साल की सजा काट रहे थे, इसी दौरान उनकी मौत हो गई। लेकिन नवलनी की मौत को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने राष्ट्रपति पुतिन को जिम्मेदार ठहराया है।

उन्होंने कहा कि नवलनी के साथ जो हुआ वह पुतिन की क्रूरता का सबूत है और अब किसी को मूर्ख ना बनाया जाए। राष्ट्रपति बाइडन ने कहा कि अगर उनकी मौत की खबरें सच हैं और मेरे पास यह विश्वास करने का कोई कारण नहीं है कि वे सच नहीं हैं, क्योंकि हम पुतिन की क्रूरता को जानते हैं और यूक्रेन इसका उदाहरण है।



### कौन थे एलेक्सी नवलनी

नवलनी को पुतिन का घोर विरोधी माना जाता है और उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई और लोकतंत्र को बढ़ावा देने के लिए अथक प्रयास किए थे। 1976 में जन्मे नवलनी ने कानून की पढ़ाई की और एक सफल वकील के रूप में अपनी पहचान स्थापित की, लेकिन साल 2008 में उन्होंने एक ब्लॉग लिखकर सरकारी कंपनियों के घोटालों को उजागर किया था। इसी एक ब्लॉग की बदौलत उनकी लोकप्रियता में दिन दूनी रात चौगुनी रफ्तार से इजाफा हुआ। साथ ही सरकार में शामिल कई नेताओं और वरिष्ठ अधिकारियों को इस्तीफा भी देना पड़ा था।